(लागत लेखांकन—

2 लागत का विश्लेषण एवं वर्गीकरण

(Analysis and classification of cost)

लागत के तत्व (Elements of Cost)

विक्रय के सम्बन्ध में कुल लागत की जानकारी होना ही प्रबन्धकों के लिए पर्याप्त नहीं होता। प्रबन्धकीय निर्णयों एवं उचित नियन्त्रण के लिए प्रबन्धकों को लागत का वर्गीकरण व विश्लेषण करने के लिए आवश्यक समंकों की जानकारी होना भी आवश्यक है ; इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कुल लागत का लागत के तत्वों में विश्लेषण किया जाता है। यह विश्लेषण व्ययों की मद एवं प्रकृति के रूप ही किया जाता है। कुल लागत को मूख्य रूप से तीन तत्वों में बाँटा जा सकता है—सामग्री, श्रम एवं व्यय। लागत के इन तत्वों में से प्रत्येक को विभिन्न तत्वों के अनुसार वगीकृत किया जा सकता है। इसे एक चार्ट द्वारा यहाँ स्पष्ट किया जा रहा है।

लागत के उपरोक्त तत्वों को हम निम्नलिखित विभागों में बाँट सकते हैं :

(1) मूल लागत = प्रत्यक्ष सामग्री + प्रत्यक्ष श्रम + प्रत्यक्ष व्यय

(Prime cost = Direct material + Direct labour + Direct expenses)

(2) कारखाना लागत = मूल लागत + कारखाना उपरिव्यय

(Works or Factory Cost = Prime Cost + Works or Factory Overheads)

(3) उत्पादन लागत = कारखाना लागत + प्रशासन उपरिव्यय

(Cost of Production = Works or Factory Cost + Administration Overheads)

(4) विक्रय लागत या कुल लागत = उत्पादन लागत + विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय

(Total Cost or Cost of Sales = Cost of Production + Selling and Distribution Overheads)

विक्रय लागत एवं विक्रय मूल्य का अन्तर लाभ या हानि को प्रकट करता है।

निम्नलिखित चार्ट द्वारा विक्रय मूल्य के विभिन्न भागों को दिखाया जा सकता है।

उपरोक्त परिभाषिक शब्दों (terms) की सविस्तार चर्चा निम्न प्रकार से की जा सकती है ।

(1) **प्रत्यक्ष सामग्री** (Direct Materials)—प्रत्यक्ष सामग्री वह सामग्री है जिसे किसी उत्पाद से सम्बन्धित अथवा आरोपित किया जा सकता है, जिसका आसानी से परिमाप (measurement) किया जा सकता है एवं जिसे उत्पाद के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रभारित किया जा सकता है । अतः यह सामग्री किसी निश्चित उत्पाद से सम्बन्धित की जा सकती है व उत्पादन का एक अंग बन जाती है । उदाहरण के लिए फर्नीचर बनाने के लिये लकड़ी, वस्त्र बनाने के लिए कपड़ा, मकान बनाने के लिए ईंटें प्रत्यक्ष सामग्री हैं । निम्नलिखित को सामान्यतः प्रत्यक्ष सामग्री कहा जाता है :—

(i) कच्चा माल (Raw material) जैसे बोरियाँ बनाने के लिए जूट, ढलाई कारखाने (Foundry) के लिए लोहा, आदि ।

(ii) किसी विशिष्ट वस्तु, क्रिया, प्रक्रिया या आदेश के निर्माण के लिए विशिष्ट रूप से क्रय की गई सभी सामग्रियाँ जैसे जिल्दसाजी के लिए गोंद, मेज बनाने के लिए कीलें आदि ।

(iii) निर्माण के लिए आवश्यक उपकरण तथा हिस्से जैसे ट्रांजिस्टर के लिए बैटरियाँ, साईकिलों के लिए टायर-ट्यूब आदि ।

(iv) प्राथमिक पैकिंग सामग्री (primary packing materials) जैसे डिब्बे. वापस, वांधने का कागज आदि ।

लेकिन कुछ परिस्थितियों में सामग्री उत्पादन का अंग होते हुए भी प्रत्यक्ष सामग्री नहीं मानी जाती जैसे सिलाई में प्रयुक्त धागा, जिल्दसाजी में प्रयुक्त गोंद, फर्नीचर मे प्रयुक्त कीलें आदि । ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि इन वस्तुओं को अपेक्षाकृत कम परिमाण में उपयोग किया जाता है तथा इन्हें प्रत्यक्ष प्रभार बनाने के लिए अनावश्यक विश्लेषण करना पड़ता है अतः इन सामग्रियों को अप्रत्यक्ष सामग्री मान लिया जाता है ।

(2) **प्रत्यक्ष श्रम** (Direct Labour)—वह सभी श्रम जो किसी वस्तु के निर्माण उत्पादन अथवा तैयार करने में प्रत्यक्ष व सक्रिय रूप से किया जाता है, प्रत्यक्ष श्रम कहलाता है । दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि प्रत्यक्ष श्रम वह है जिसे किसी वस्तु के उत्पादन में सुगमता से वितरित अथवा सम्बन्धित किया जा सकता है । ऐसे श्रम को दी गई मजदूरी प्रत्यक्ष मजदूरी कहलाती है । इसमें निम्न-लिखित प्रकार की मजदूरी सम्मिलित की जाती है :—

(i) किसी विशिष्ट उत्पाद, प्रक्रिया अथवा कार्य के लिए वास्तविक उत्पादन अथवा निष्पादन में रत श्रम ।

(ii) उत्पादन के निरीक्षण, विश्लेषण, देख-भाल, रखरखाव, तथा सामग्री के यातायात आदि में रत श्रम ।

(iii) उत्पादन के लिए विशेष रूप से आवश्यक निरीक्षकों, विश्लेषकों आदि का श्रम ।

निरीक्षकों, विश्लेषकों आदि को दी गई मजदूरी सामान्यत: प्रत्यक्ष श्रम के अन्तर्गत नहीं आती लेकिन यदि वह किसी विशिष्ट वस्तु अथवा प्रक्रिया के उत्पादन में रत है, तो उन्हें दी गई अनुपातिक मजदूरी (उस काम में लगाये गये घंटों के हिसाब से) प्रत्यक्ष मजदूरी में सम्मिलित की जा सकती है । लेकिन इसके लिए यह आवश्यक है कि उत्पादन से सम्बन्धित समय की गणना करने में विशेष कठिनाई नहीं होनी चाहिए । इसी प्रकार से यदि प्रशिक्षणार्थियों अथवा अप्रेंटिसों पर होने वाला मजदूरी व्यय अधिक नहीं है तो प्रत्यक्ष रूप से व्यय किए जाने पर भी अप्रत्यक्ष श्रम ही कहलायेगा ।

(3) **प्रत्यक्ष अथवा प्रभार योग्य व्यय** (Direct or Chargeable Expenses)—प्रत्यक्ष सामग्री एवं प्रत्यक्ष श्रम के अतिरिक्त वह सभी व्यय जो किसी विशिष्ट उत्पाद अथवा प्रक्रिया से सम्बम्घित है अथवा सम्बन्धित किए जा सकते हैं प्रत्यक्ष व्यय कहलाते हैं। ऐसे व्ययों को उस विशिष्ट लागत लेखे में मूल लागत के एक भाग के रूप में ही प्रभारित किया जाता है। प्रत्यक्ष व्ययों के उदाहरण निम्न-लिखित हैं :

(i) आबकारी अथवा चुंगी कर

(ii) अधिकार शुल्क (Royalty)

(iii) परिमापक अथवा सर्वेक्षक की फीस (Architect or surveyor's fees)

(iv) दोषयुक्त कार्य की मरम्मत पर व्यय (Cost of rectifying defective work)

(v) किसी उपक्रम से सम्बन्धित प्रयोगात्मक व्यय (Experimental expenses of a project)

(iv) विशिष प्रकार के डिजाईनों, नमूनों व औजारों के सम्बन्ध में किये गये व्यय

(vii) किराये पर लिए गये प्लांट का मरम्मत व्यय

(viii) किसी प्रसंविदा से सम्बन्धित उपकरणों की किराया राशि आदि ।

(4) **अप्रत्यक्ष सामग्री** (Indirect Materials)—अप्रत्यक्ष सामग्री वह सामग्री है जो सामान्यत: तैयार उत्पाद का भाग नहीं होती । इसकी परिभाषा इस प्रकार दी गई है ।

"वह सामग्री जिसे लागत केन्द्रों अथवा लागत इकाईयों को वितरित नहीं किया जा सकता लेकिन उनके द्वारा अवशोषित अथवा उन पर प्रभाजित किया जा सकता है ।"[1] ईसमें निम्नलिखित को सम्मिलित किया जा सकता है—

(i) मशीनों, इमारतों, आदि के रखरखाव व देखभाल पर लगाई गई सामग्री जैसे तेल, कपास, ईंटें, सीमेंट आदि ।

(ii) सेवा विभागों द्वारा प्रयोग की गई सामग्री । सेवा विभागों से तात्पर्य अनुपादक विभागों जैसे पावर हाउस, केन्टीन आदि से है ।

(iii) अत्यल्प लागत की सामग्री जिसे प्रत्यक्ष लागत में सम्मिलित करना उचित नहीं है आदि ।

(5) **अप्रत्यक्ष श्रम** (Indirect Labour)—वह मजदूरी लागत जो ऐसी श्रम के लिए दी गई है जिसे लागत केन्द्रों अथवा लागत इकाईयों में वितरित नही किया जा सकता है लेकिन उनके द्वारा अवशोषित अथवा उन पर प्रभाजित किया जा सकता है । दूसरे शब्दों मे यह कह सकते है कि उनके श्रमिकों को जो प्रत्यक्षत: उत्पादन कार्य में रत नहीं है, दी गई मजदूरी अप्रत्यक्ष मजदूरी अथवा अप्रत्यक्ष श्रम लागत कहलाती है । इस प्रकार के श्रम के उदाहरण इस प्रकार है : निरीक्षक व देखभाल करने वाले श्रमिक, विभागीय कुली, सेवा विभागों में रत व्यक्ति, आन्तरिक यतायात अथवा सामग्री लाने ले जाने वाले व्यक्ति, प्रशिक्षणार्थी, अप्रेंटिस, कारखाने का लिपिकीय स्टॉफ, सुरक्षा कार्यालय तथा समय विभाग मे लगे व्यक्ति आदि ।

(6) **अप्रत्यक्ष व्यय** (Indirect Expenses)—यह वह व्यय है जो लागत इकाईयों व लागत केन्द्रों मे प्रत्यक्ष रूप से वितरित अथवा सम्बन्धित नहीं किए जा सकते हैं लेकिन उन पर अवशोपित अथवा प्रभाजित किये जा सकते है जैसे किराया, बीमा, निगम कर, सामान्य प्रबन्धक का वेतन, केन्टीन तथा सुरक्षा स्टॉफ का वेतन, पॉवर व ईंधन, नये कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने पर व्यय, प्रकाश एवं ताप पर होने वाला व्यय, टेलीफोन व्यय आदि ।

(7) **उपरिव्यय** (Overheads)—उपरिव्यय वह व्यय है जिन्हें लागत केन्द्रों तथा लागत इकाईयो में प्रत्यक्षत: प्रभारित नहीं किया जा सकता है एवं जिसमें

---

1. "Material which cannot be allocated but which can be apportioned to or absorbed by cost centres or cost units." —*(I.C.M.A. England)*

अप्रत्यक्ष सामग्री, अप्रत्यक्ष श्रम एवं अप्रत्यक्ष व्यय सम्मिलित किए जाते हैं। इसमें वह सभी व्यय सम्मिलित किए जाते हैं जिन्हें सुगमता से विशिष्ट लागत इकाईयों पर प्रभारित नहीं किया जा सकता। अत: प्रत्यक्ष व्ययों के अतिरिक्त सभी व्यय उपरि-व्यय कहलाते है। साधारण शब्दों में उपरिव्यय में उन सभी वस्तुओं अथवा सेवाओं पर किए गए व्यय सम्मिलित होते हैं जो सामान्यत: किसी भी उत्पादन के लिए पूर्णत: व आंशिक रूप से संस्थान के संगठन के लिए आवश्यक होते है। उदाहरण के लिए, संस्थान के प्रचालन सम्बन्धी व्यय, पूंजीगत सम्पत्तियों के रखरखाव पर होने वाला व्यय आदि उपरिव्यय होते हैं। उपरिव्ययों को मुख्यत: निम्नलिखित उप-विभागों में बाँटा जा सकता है।

(i) **उत्पादन अथवा कारखाना उपरिव्यय** (Production or Works Overheads)—इसमें वह सभी व्यय सम्मिलित किए जाते हैं जो संस्थान द्वारा आदेश पत्र (order) प्राप्ति के समय से वस्तुओं को तैयार दशा में ग्राहक अथवा तैयार माल के भंडारगृह तक पहुँचाने के समय तक किये जाते है। इन व्ययों के उदाहरण इस प्रकार हैं : स्थायी सम्पत्तियों जैसे कारखाने की ईमारत बिजली के उपकरण आदि एवं भण्डार, तैयार माल आदि जैसे चल सम्पत्ति के ह्रास एवं बीमा सम्बन्धी खर्चे, कोयला एवं अन्य ईंधन व्यय, कारखाने का किराया, कर आदि, कार्यालय की स्टेशनरी व छपाई, डाक खर्च, टेलीफोन प्रभार, केन्टीन एवं सुरक्षा व्यय, अस्पताल एवं अन्य सेवा विभागों पर होने वाला व्यय आदि।

(ii) **प्रशासन उपरिव्यय** (Administration Overheads)—इसमें वह सभी व्यय सम्मिलित किये जाते हैं जो संस्थान निर्देशन (direction), नियन्त्रण (control) एवं प्रशासन (administation) पर व्यय किए जाते हैं। इस प्रकार के खर्चों के उदाहरण इस प्रकार हैं :—सामान्य कार्यालय चलाने के खर्चे जैसे कार्यालय किराया, प्रकाश, ताप, वेतन, मजदूरी (जिसमें लिपिकों, सचिवों व लेखापालों का वेतन सम्मिलित है), सामान्य प्रबन्धक, संचालकों के वेतन, कानूनी एवं अन्य सेवायें प्राप्त करने में व्यय, बैंक प्रभार, तथा अन्य विविध व्यय आदि।

(iii) **विक्रय उपरिव्यय** (Selling Overheads)—यह उत्पाद से सम्बन्धित वह व्यय होते हैं जो वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में अथवा ग्राहकों से वस्तुओं के क्रय आदेश प्राप्त करने के लिए किए जाते हैं। उदाहरणार्थ : विक्रय कार्यालय के खर्चे, विक्रेताओं के वेतन व कमीशन, विज्ञापन व्यय, पैकिंग व्यय, नमूना) sample) तथा मुफ्त उपहारों पर किया गया व्यय, विक्रय पश्चात् सेवायें (after sales services) तथा ग्राहकों को तकनीकी-सेवायें प्रदान करने में किये गये व्यय आदि।

(iv) **वितरण उपरिव्यय** (Distribution Overheads)—इसमें वह सभी व्यय सम्मिलित किये जाते हैं जो कारखाने में वस्तु का उत्पादन पूर्ण होने के समय

से इसके गंतव्य स्थान तक पहुँचाने में किये जाते हैं। इसमें गोदाम किराया, गोदाम स्टॉफ का वेतन, बीमा आदि, मार्ग अथवा मालगोदाम में क्षतिग्रस्त माल पर हानि तथा उनकी मरम्मत आदि पर होने वाले व्यय सम्मिलित किए जाते हैं।

लागत में सम्मिलित न किए जाने वाले व्यय (Expenses excluded from Costs)—किसी उत्पाद (product) की कुल लागत में वह सभी व्यय सम्मिलित किए जाने चाहिए जिन्हें लाभ के विरुद्ध प्रभारित किया जा सकता है। व्ययों की वह सभी मदें (items) जो पूंजीगत सम्पत्तियों, पूँजीगत हानियों, लाभ वितरण के लिए किए गए भुगतानों तथा विशुद्ध रूप से वित्तीय मामलों से सम्बन्धित हों, कुल लागत में सम्मिलित नहीं की जाती हैं - इस प्रकार के व्ययों के उदाहरण निम्न-लिखित हैं—

आयकर, लाभांश (dividends), सामग्री का असामान्य क्षय (abnormal loss of material), असामान्य व्यर्थ समय, पूंजी पर देय अथवा प्राप्त ब्याज, पूंजी प्राप्ति में किए गएव्यय, अंशों अथवा ऋणपत्रों के निर्गम पर कटौती, सम्पत्ति अथवा विनियोगों के विक्रय पर लाभ, अत्यधिक ह्रास, लाभों का नियोजन, अभिगोपन कमीशन, प्रारम्भिक खर्चे (preliminary expenses), नकद कटौती, ऋणपत्रों पर देय ब्याज, वह प्राप्तियाँ जो व्यापार से सम्बन्धित नहीं है जैसे हस्तांतरण फीस, किराया, ब्याज, पूँजीगत व्यय, प्राप्त लाभाँश आदि-आदि।

लागतों का वर्गीकरण (Classification of Costs)

लागतों के वर्गीकरण से तात्पर्य लागत को सामान्य विशेषताओं के आधार पर वर्गों में बाँटने से हैं। इसके अन्तर्गत सामान्य विशेषताओं के आधार पर समान मदों को एक ही वर्ग में एकत्रित किया जाता है।

लागत को लागत इकाईयों तथा लागत केन्द्रों से परिचित (identified) कराने के लिए लागत का उपयुक्त विधि से वर्गीकरण करना आवश्यक होता है। लागतों का उनकी प्रकृति के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है जैसे सामग्री, श्रम, अन्य व्यय अथवा अन्य विशेषताओं के आधार पर। यह वर्गीकरण कार्य (function), परिवर्तनशीलता (variability) नियन्त्रणता (controllability) अथवा सामान्यता (normality) के आधार पर किया जा सकता है। लागत सम्बन्धी आंकड़ों को उद्देश्य अथवा संस्थान की आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है। वर्गीकरण की मुख्य विधियाँ निम्नलिखित हैं।

(1) प्रकृति अथवा तत्वों के अनुसार (By nature or element)

(2) कार्य के अनुसार (By functions)

(3) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्ययों के अनुसार (By direct and indirect expenses)

(4) परिवर्तनशीलता के अनुसार (By variability)

(5) नियन्त्रणता के अनुसार (By controllability)

(6) सामान्यता के अनुसार (By normality)

इनका विस्तृत विवरण नीचे दिया जा रहा है—

(1) **प्रकृति अथवा तत्वों के अनुसार**—इस वर्गीकरण के अनुसार लागतों को तीन श्रेणियों में बांटा जाता है सामग्री, श्रम एवं व्यय। प्रत्येक तत्व को उप-वर्गों में विभाजित किया जा सकता है जैसे सामग्री को कच्चे माल, भागों, फालतू पुर्जों, उपभोग्य भंडार (consumable stores) पैंकिग सामग्री आदि उपवर्गों में बाँटा जा सकता है। कुल लागत के इस प्रकार वर्गीकरण से इन तत्वों का उत्पादन से सम्बन्ध ज्ञात होता है एवं निर्माणाधीन कार्य के मूल्यांकन में सहायता मिलती है।

(2) **कार्यों द्वारा**—इस वर्गीकरण के अन्तर्गत लागत को विभिन्न कार्यों या उद्देश्यों के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है। इसके अनुसार लागत को विभिन्न कार्यों जैसे उत्पादन, प्रशासन, विक्रय तथा वितरण के अनुसार विभाजित किया जाता है। इन पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या इसी अध्याय में पहले ही की जा चुकी है।

(3) **प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष व्ययों के अनुसार**—इस वर्गीकरण के अनुसार कुल लागत को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लागतों के वर्गों में बांटा जाता हैं। प्रत्यक्ष लागत वह लागत है, जिसे किसी विशिष्ट लागत इकाई अथवा लागत केन्द्र से आसानी से परिचित कराया जा सके। किसी वस्तु के उत्पादन में अथवा प्रक्रिया में प्रयुक्त सामग्री एवं श्रम प्रत्यक्ष लागतों के ही उदाहरण हैं। अप्रत्यक्ष लागतें वह हैं जो कई लागत इकाईयों अथबा लागत केन्द्रों के लाभ के लिए की जाती हैं तथा जिन्हें किसी विशिष्ट लागत इकाई अथवा लागत केन्द्र से परिचित नहीं कराया जा सकता। अप्रत्यक्ष लागतों में ईमारत का किराया, प्रबन्धकों के वेतन, मशीनों के ह्रास आदि सम्मिलित किये जाते हैं।

यहाँ यह ध्यान रखने योग्य बात है कि व्यापार की प्रकृति एवं लागत की इकाई से ही इस बात का निर्धारण हो सकता है कि लागत प्रत्यक्ष है अथवा अप्रत्यक्ष। उदाहरणत: किसी ठेकेदार द्वारा कार्य के स्थान पर (at site) क्रेन का उपयोग करने के लिए दिया गया किराया प्रत्यक्ष लागत होगी लेकिन यदि क्रेन का उपयोग कार-खाने में विविध सेवाओं के लिए किया जाता है तो इसका किराया अप्रत्यक्ष लागत

माना जायगा क्योंकि इस दूसरी स्थिति में क्रेन के उपयोग का लाभ कई लागत इकाईयों द्वारा प्राप्त किया जाएगा।

लागतों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष के आधार पर वर्गीकरण करने का महत्व इसलिए भी अधिक है। क्योंकि प्रत्यक्ष लागतों का निर्धारण आसानी से एवं सही रूप में किया जा सकता है जबकि अप्रत्यक्ष लागतों को अवशोषित एवं प्रभाजित ही किया जा सकता है।

(4) **परिवर्तनशीलता के अनुसार** (By Variability)—इसके अन्तर्गत लागतों को उत्पादन की मात्रा अथवा सक्रियता स्तर में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर वगीकृत किया जाता है। इस आधार पर लागतों को तीन वर्गों में बाँटा जाता है, स्थायी (fixed), परिवर्ती (variable) एवं अर्द्ध परिवर्ती (semi-variable) लागतें।

(क) **स्थायी लागत** (Fixed Costs)—यह लागतें उत्पादन की मात्रा अथवा स्तर में परिवर्तनों पर स्थिर तथा स्थायी रहती हैं तथा उत्पादन घटने या बढने का इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। लेकिन यह स्थायित्व एक निश्चित सीमा तक ही रहता है। उत्पादन बढ़ने के साथ ही प्रति इकाई लागत घट जाती है तथा उत्पादन घटने के साथ बढ़ जाती है। किराया, कारखाने की इमारत का बीमा, कारखाना प्रबन्धक का वेतन आदि स्थायी लागतें हैं। यह लागतें कुल परिणाम में स्थिर रहती हैं लेकिन उत्पादन में परिवर्तन के साथ-साथ प्रति इकाई परिवर्तित होती रहती है।

(ख) **परिवर्तित लागतें** (Variable Costs)—यह वह लागते है जो उत्पादन की मात्रा के साथ-साथ परिवर्तित होती है। इनमें प्रति इकाई लागतें उत्पादन में वृद्धि होने पर भी अपेक्षाकृत स्थिर ही रहती हैं। अत: परिवर्ती लागतें कुल परिमाण में घटती बढ़ती रहती हैं लेकिन प्रति इकाई लागत के रूप में उत्पादन में परिवर्तन पर स्थिर रहती है। प्रत्यक्ष सामग्री लागत, प्रत्यक्ष श्रम लागत, पॉवर, मरम्मत आदि इसके उदाहरण हैं।

(ग) **अर्द्ध-परिवर्ती लागतें** (Semi-Variable Costs)—यह वह लागतें हैं जो अंशिकत: स्थायी एवं आंशिकत: परिवर्ती होती हैं। उदाहरण के लिए टेलीफोन व्यय वार्षिक प्रभार (annual charge) की सीमा तक स्थायी होते हैं लेकिन उपयोग (calls) के आधार पर परिवर्ती। ईमारत, प्लॉट, मशीनों आदि पर ह्रास, मरम्मत व रख रखाव आदि का व्यय ऐसी ही लागतों के उदाहरण हैं।

(5) **नियन्त्रणता के आधार पर**—इसके अन्तर्गत लागत को नियन्त्रण के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है तथा यह ज्ञात किया जाता है कि उन्हें नियन्त्रित किया जा सकता है अथवा नहीं। इस आधार पर लागतों को दो भागों में बाँटा जाता है :

(क) **नियन्त्रण योग्य लागतें** (Controllable costs)—यह वह लागतें हैं जो कुछ सीमा तक प्रबन्धकों द्वारा नियन्त्रित की जा सकती है। संगठन को कई लागत केन्द्रों में विभाजित किया जाता है तथा किसी विशिष्ट लागत केन्द्र में की गई नियन्त्रण योग्य लागतों को उस लागत केन्द्र के प्रबन्धक के नियन्त्रण में छोड़ दिया जाता है। यह प्रबन्धक सामान्यतः सभी प्रत्यक्ष लागतों (प्रत्यक्ष सामग्री, श्रम व व्यय) पर नियन्त्रण रखता है जबकि कुछ उपरिव्ययों को प्रबन्ध के निचले स्तरों (lower levels of management) द्वारा नियन्त्रण किया जाता है।

(ख) **अनियन्त्रण-योग्य लागतें** (Uncontrollable costs)—यह वह लागतें है जो प्रबन्धकों द्वारा नियन्त्रित नहीं की जा सकती हैं। अधिकांश स्थायी लागतें अनियन्त्रण योग्य होती है। उदाहरणतः इमारत का किराया अनियन्त्रण योग्य है। इसी प्रकार प्रबन्धकीय वेतनों पर नियन्त्रण नहीं किया जा सकता। सेवा विभागों द्वारा किए गए उपरिव्ययों पर भी सामान्यतः नियन्त्रण नहीं किया जा सकता है।

कौन सी लागत नियन्त्रण योग्य है व कौन सी अनियन्त्रण योग्य, इस बात का निर्धारण परिस्थितियों एवं व्यक्तिगत निर्णय पर छोड़ दिया जाता है।

कोई लागत जो प्रबन्ध के किसी एक स्तर की दृष्टि में नियन्त्रण योग्य है, प्रबन्ध के दूसरे स्तर की दृष्टि में अनियन्त्रण योग्य भी हो सकती है। कई बार ऐसा होता है कि दीर्घावधि के लिए नियन्त्रण योग्य लागतें अल्पावधि के लिए अनियन्त्रण योग्य भी हो सकती हैं। स्थायी लागतों के सम्बन्ध में ऐसा हो सकता है।

(6) **सामान्यता के अनुसार**—इसके अन्तर्गत लागत का वर्गीकरण करते समय यह देखा जाता है कि क्या लागत उत्पादन के निश्चित स्तर पर इन्हीं परिस्थितियों में सामान्यतः की जाती है अथवा नहीं। इस आधार पर लागतों को दो भागों में बाँटा जाता है।

(क) **सामान्य लागत** (Normal cost)—यह वह लागत है जो उत्पादन के निश्चित स्तर पर इन्हीं परिस्थितियों में सामान्यतः की जाती है। यह उत्पादन लागत का ही एक भाग होती है।

(ख) **असामान्य लागत** (Abnormal ccst)—यह वह लागत है जो उत्पादन के निश्चित स्तर पर इन्हीं परिस्थितियों में सामान्यतः नही की जाती है यह उत्पादन लागत का भाग नहीं होती और लागत लाभ-हानि खाते में से प्रभारित (charge) की जाती है i

लागत विवरण (Cost Sheet or Statement of Cost)—यह एक ऐसा विवरण है जिसके द्वारा किसी एक अवधि में किये गये कुल उत्पादन का विस्तृत ब्यौरा

दिया जाता है। यह दोहरी लेखा प्रणाली (double entry system) का भाग नही होता है। इस विवरण में अतिरिक्त खानों (columns) द्वारा पिछले वर्षों की लागतों का इस वर्ष की लागतों तथा प्रमापित लागतों से तुलनात्मक अध्ययन करना भी सम्भव हो जाता है। इस विवरण से उत्पादित प्रत्येक अवस्था में प्रति इकाई लागत तथा कुल उत्पादन लागत भी ज्ञात की जा सकती है। लागत विवरण बनाने के निम्नलिखित लाभ हैं—

(1) इससे एक अवधि के दौरान व्यय की गई कुल तथा प्रति इकाई लागत ज्ञात हो जाती है।

(2) इसके द्वारा उत्पादक उत्पादन लागत पर कड़ी दृष्टि एवं नियन्त्रण रख सकता है।

(3) वर्तमान लागत के विभिन्न तत्वों का पिछली अवधि की लागतों तथा प्रमापित लागतों से तुलनात्मक अध्ययन करके लागत में परिवर्तन के कारणों को खोजा जा सकता है तथा उन कारणों तथा परिस्थितियों पर नियंत्रण किया जा सकता है जो लागत बढ़ाने में योगदान देते हैं।

(4) लागत विवरण द्वारा उत्पादक को एक निश्चित एवं उपयोगी उत्पादन नीति निर्धारित करने में सहायता मिलती है।

(5) इससे विक्रय मूल्य के ठीक निर्धारण में सहायता मिलती है।

(6) इससे व्यापारी को प्रतिस्पर्धा की स्थिति में उत्पादन लागत न्यूनतम स्तर पर रखने में भी सहायता पाप्ती है।

Specimen of Cost Sheet or Statement of Cost

units :—

	Total Cost	Cost per unit
	Rs.	Rs.
Direct Materials		
Direct Labour		
Direct Expenses		
Prime Cost		
Add Works Overheads		
Works Cost		
Add Administration Overheads		
Cost of Production		
Add Selling and Distribution Overheads		
Total Cost or Cost of Sales		

Illustration 2·1. Calculate the Prime Cost, Factory Cost, Cost of Production and Cost of Sales from the following particulars :

		Rs.	Rs.
Direct materials			40,000
Direct wages			10,000
Direct expenses			2,000
Oil & Waste			100
Wages of Foremen			1,000
Storekeeper's wages			500
Electric Power			200
Lighting :	Factory	500	
	Office	200	
		———	700
Rent :	Factory	2,000	
	Office	1,000	
		———	3,000
Repairs & Renewals :			
		Rs.	Rs.
	Factory Plant	500	
	Machinery	1,000	
	Office Premises	200	
		———	1,700
Depreciation :	Office Premises	500	
	Plant & Machinery	200	
		———	700
Consumable stores			1,000
Manager's salary			2,000
Director's fees			500
Office Printing & Stationery			200
Telephone charges			50
Postage & Telegrams			100
Salesmen's commission & salary			500
Travelling expenses			200
Advertising			500
Warehouse charges			200
Carriage outward			150

Solution

STATEMENT OF COST

		Rs.
Direct materials		40,000
Direct wages		10,000
Direct expenses		2,000
Prime Cost		52,000
	Rs.	
Add Factory overheads :		
Oil and waste	100	
Wages of foremen	1,000	
Storekeeper's Wages	500	
Electric power	200	
Factory Light	500	
Factory Rent	2,000	
Repair & Renewals—Plant	500	
Machinery	1,000	
Depreciation Plant & Machinery	200	
Consumable stores	1,000	
		7,000
Factoy Cost		59,000
Add Administration overheads :		
Office Printing and stationery	200	
Manager's salary	2,000	
Director's fees	500	
Office light	200	
Office rent	1,000	
Repairs & Renewals—Premises	200	
Depreciation of Premises	500	
Telephone charges	50	
Postage & telephone	100	
		4,750
Cost of Production		63,750
Add Selling & Distribution overheads :	Rs.	
Salesman's Commission & salary	500	
Travelling expenses	200	
Advertising	500	
Warehouse charges	200	
Carriage outward	150	
		1,550
Cost of Sales		65,300

स्टॉक का लेखा जोखा (Treatment of Stock)—लागत विवरण बनाते समय स्टॉक, प्रक्रियारत, निर्माणाधीन एवं निर्मित माल के सम्बन्ध में विशेष साव-धानी बरतनी चाहिए।

कच्ची सामग्री का स्टॉक (Stock of Raw Materials)—यदि कच्ची सामग्री का प्रारम्भिक स्टॉक कच्ची सामग्री के क्रय तथा अन्तिम स्टॉक सम्बन्धी आँकड़े उपलब्ध हैं तो उपभोगित कच्ची सामग्री की निम्न प्रकार से गणना की जा सकती है।

	Rs.
Opening Stock of Raw Materials	× × ×
Add Purchases of Raw Materials	× × ×
	× × ×
Less Closing Stock of Raw Materials	× × ×
Value of Raw Materials Consumed	× × ×

निर्माणाधीन स्टॉक (Stock of Work in Progress)—निर्माणाधीन कार्य से तात्पर्य उन इकाईयों से है जिन पर कुछ कार्य किया जा चुका है लेकिन जो पूर्णत: निर्मित नहीं हैं। निर्माणाधीन कार्य का मूल्यांकन मूल लागत या फैक्ट्री लागत आधार पर किया जाता है। इन दोनों में से फैक्ट्री लागत आधार श्रेष्ठ है अत: यदि निर्माणाधीन कार्य का मूल्य फैक्टरी लागत के आधार पर किया गया है तो प्रारम्भिक तथा अन्तिम स्टॉक का समायोजन निम्नलिखित प्रकार से किया जाएगा।

	Rs.
Prime Cost	× × ×
Add Factory Overheads	× × ×
Add Work in Progress (Beginning)	× × ×
	× × ×
Less Work in Progress (Closing)	× × ×
Works Cost	× × ×

निर्मित माल का स्टॉक (Stock of Finished Goods)—यदि निर्मित माल का प्रारम्भिक तथा अन्तिम स्टॉक दिया गया है तो इन्हें बिक्री हुई वस्तुओं की उत्पादन लागत (cost of goods sold) ज्ञात करने के लिए निम्न प्रकार से समायोजित किया जा सकता है—

	Rs.
Cost of Production	× × ×
Add Opening Stock of Finished Goods	× × ×
	× × ×
Less Closing Stock of Finished Goods	× × ×
Cost of Goods sold	× × ×

Illustration 2·2. Prepare a statement of cost and profit from the following Trading and Profit and Loss Account for the year ending 31st March, 1978 :

	Rs.		Rs.
To Opening Stock :	10,000	By Sales	4,44,000
Raw Materials	40,000	,, Closing Stock	
Finished goods		Raw Materials	12,000
,, Purchaser of Raw	1,50,000	Finished Goods	50,000
Materials	1,24,000		
,, Wages	36,000		
,, Power	1,46,000		
,, Gross Profit c/d			
	5,06,000		5,06,000

To Establishment :	15,000	By Gross Profit b/d	1,46,000
Office.	8,000	,, Dividend received	1,200
Factory	3,000	,, Rent received	800
To Rent : Office	2,000	,, Income from	
Factory		Investment	1,800
,, Advertisement &	6,000		
Samples	4,000		
,, Travellers' Commission			
,, Maintenance of delivery	5,000		
vans	2,500		
,, Rent of warehouse	500		
,, Telephone : Office	300		
Factory			
,, Electricity charges :	400		
Office	200		
Factory			
,, Depreciation of Pla	3,000		
& Machinery	600		
To Bad Debt nt			
,, Depreciation of	700		
ture : Office	1000		
Factory Furni-	13,000		
,, Interest on Lo			
,, Miscellaneous			
Office			
Factory			
,, Net Profit			
	1,50,800		1,50,800

The following additional information is supplied :

(*a*) Office establishment consists of 40% for Sales Section ; 10% for Distribution Section and 50% for Administration Section

(*b*) The sales room and adjuncts occupy 60% of the office area.

(*c*) 40% of the telephone changes are for the Sales Section, 10% for the Warehouse and the rest for the office.

(*d*) 70% of the electricity charges are for the Sales Section, 5% for the Warehouse and the balance for the office.

(*e*) 65% of the furniture is in the Sales Section, 15% in the Warehouse and 20% in the office.

Miscellaneous office expenses are allocated as follows—25% to Sales Section, 10% to Warehouse and 65% to office.

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT

		Rs.	Rs.
Raw Materials used :			
Opening Stock		10,000	
Purchase of Materials		1,50,000	
		1,60,000	
Less Closing Stock		12,000	1,48,000
Wages			1,24,000
Prime Cost			2,72,000
Factory Overheads :			
Power		36,000	
Establishment		8,000	
Rent		2,000	
Telephone		300	
Electricity Charges		200	
Depreciation of Furniture		100	
Depreciation of Plant & Machinery		3,000	
Miscellaneous Expenses		2,000	51,600
Factory Cost			3,23,600
Administration Overheads :			
Establishment		7,500	
Rent		1,200	
Telephone		250	
Electricity Charges		100	
Depreciation of Furniture		140	
Miscellaneous Expenses		5,840	15,040
Cost of Production			3,38,640
Add Opening Stock of Finished Goods			40,000
			3,78,640
Less Closing Stock of Finished Goods			50,000
Cost of Goods Sold			3,28,640
Add Selling overheads :			
Establishment	6,000		
Rent	1,800		
Advertisement and Samples	6,000		
Travellers' Commission	4,000		
Telephone	200		
Electricity Charges	280		
Bad Debts	600		
Depreciation of Furniture	455		
Miscellaneous Expenses	2,250	21,585	

Distribution Overheads :			
Establishment	1,500		
Maintenance of Delivery Vans	5,000		
Rent of warehouse	2,500		
Telephone	50		
Electricity charges	20		
Depreciation of Furniture	105		
Miscellaneous Expenses	900		
		10,075	
			41,660
Cost af Sales			3,60,300
Profit			83,700
Sales			4,44,000

Note: (1) Income from investment, rent received, dividend received are not related to the business and therefore, will be excluded.

(2) Interest on Loan Rs. 13,000 will be excluded from costs.

Illustration 2·3. The following information has been obtained from the records of Left-Centre Corporation for the period from June 1 to June 30, 1978 :

	on June 1, 1978 Rs.	on June 30, 1978 Rs.
Cost of raw materials	30,000	25,000
Cost of work in progress	12,000	15,000
Cost of stock of finished goods	60,000	55,000
Purchases of raw materials during the month		4,50,000
Wages paid		2,30,000
Factory overheads		92,000
Administration overheads		30,000
Selling and Distribution overheads		20,000
Sales		9,00,000

Prepare a statement giving the following information : (*a*) Materials consumed ; (*b*) Prime cost ; (*c*) Factory cost ; (*d*) Cost of goods sold and (*e*) Net profit.

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT

for the month ending 30th June, 1978

	Rs.
Opening Stock of Raw Materials	30,000
Add Purchase of Raw Materials	4,50,000
	4,80,000
Less Closing Stock of Raw Materials	25,000
(*a*) *Value of Materials consumed*	4,55,000
Direct Wages	2,30,000
(*b*) *Prime Cost*	6,85,000

Add Factory Overheads	92,000
Add Opening Work-in-progress	12,000
	7,89,000
Less Closing Work-in-progress	15,000
(*c*) *Factory Cost*	7,74,000
Add Administration Overheads	30,000
Cost of Production	8,04,000
Add Opening Stock of Finished Goods	60,000
	8,64,000
Less Closing Stock of Finished Goods	55,000
(*d*) *Cost of goods sold*	8,09,000
Add Selling & Distribution overheads	20.000
Cost of Sales	8,29,000
(*e*) *Net Profit*	71,000
Sales	9,00,000

कभी-कभी समस्त माल का विक्रय नही हो पाता ऐसी स्थिति में विक्रय की गई वस्तुओं की उत्पादन लागत ज्ञात कर ली जातीं है। ताकि विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों को जोड़कर लाभ अथवा हानि ज्ञात की जा सके।

Illustration 2·4. The following data related to the manufacture of a standard product during the month of April, 1978 :

Raw Materials	Rs. 80,000
Direct Wages	Rs. 48,000
Machine hours worked	8,000
Machine hour rate	Rs. 4·00
Administration overheads 10% of works cost	
Selling overheads Rs. 1·50 per unit	
Unit produced	4,000
Units sold	3,600 @ Rs. 50 each

You are required to prepare a cost sheet in respect of the above showing ·

(*i*) Cost per unit, (*ii*) Profit for the month.

Solution

(*i*) COST SHEET
for the month of April, 1978

Output 4,000 Units	Total cost	Cost per Unit
	Rs.	Rs.
Raw Materials	80,000	20.00
Direct Wages	48,000	12.00
Prime Cost	1,28,000	32.00
Factory Overheads (Machine worked 8,000 hours @ Rs 4 per hour)	32,000	8.00
Works Cost	1,60,000	40.00
Administration overheads (10% of works cost)	16,000	4.00
Cost of Production (4,000 units)	1,76,000	44.00

(*ii*) STATEMENT OF PROFIT
for the month of April, 1978

	Rs.
Cost of production of units sold *i.e.* 3,600 units @ Rs. 44 each	1,58,400
Selling overheads	5,400
Cost of Sales	1,63,800
Profit	16,200
Sales (3,600×Rs. 50)	1,80.000

Illustration 2·5. The following extract of costing information relates to commodity '*A*' for the half year ending 31st December, 1977 :

	Rs.		Rs.
Purchases of Raw Materials	1,20,000	Stock (31st Dec., 1977) :	
Works overheads	48,000	Raw Materials	22,240
Direct Wages	1,00,000	Finished Products (2,000 tons)	32,000
Carriage on Purchases	1,440	Work-in-progress (1st July, 1977)	4,800
Stock (1st July, 1977) :		Work-in-progress (31st Dec., 1977)	16,000
Raw Materials	20,000	Sales—Finished Products	3,00,000
Finished Products (1,000 tons)	16,000		

Selling and distribution overheads are Re. 1 per ton sold, 16,000 tons of commodity were produced during the period.

You are to ascertain (*i*) Value of raw materials used, (*ii*) Cost of output for the period, (*iii*) Cost of sales, (*iv*) Net profit for the period, and (*v*) Net profit per ton of the commodity :

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT

For the half year ending 31st December, 1977

	Units (Tons)	Rs.
Opening Stock of Raw Materials		20,000
Add Purchases of Raw Materials		1,20,000
,, Carriage on purchases		1,440
		1,41,440
Less Closing Stock of Raw Materials		22,240
(*i*) *Value of Raw Materials used*		1,19,200
Add Direct Wages		1,00,000
Prime Cost		2,19,200
Add Works overheads		48,000
,, Opening Stock of work in progress		4,800
		2,72,000
Less Closing Stock of work in progress		16,000
(*ii*) *Cost of output for the period*	16,000	2,56,000
Add Opening Stock of Finished Products	1,000	16,000
	17,000	2,72,000
Less Closing Stock of Finished Product	2,000	32,000
Cost of goods sold	15,000	2,40,000
Selling and distribution overheads on 15,000 units @ Re. 1 per ton		15,000
(*iii*) *Cost of Sales*		2,55,000
(*iv*) *Net Profit for the period*		45,000
Sales		3,00,000
(*v*) Net Profit per ton $= \frac{\text{Rs. } 45,000}{15,000} =$ Rs. 3		

Illustration 2·6. In a factory two types of radios are manufactured, *viz.* Murphy and Philips Models. From the following particulars, prepare a statement showing cost and profit per radio sold. There is no opening or closing stock.

	Murphy Rs.	Philips Rs.
Materials	90,000	1,50,000
Labour	2,15,000	4,75,000

Works overhead is charged at 80% on labour and administration overhead is taken at 10% on works cost. 500 Murphy radios and 750 Philips radios were sold at Rs. 1,200 and Rs. 1,500 per radio respectively.

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT PER RADIO SOLD

	Murphy (500)		Philips (750)	
	Total Cost Rs.	Cost per Radio Rs	Total Cost Rs.	Cost per Radio Rs.
Materials	90,000	180.00	1,50,000	200.00
Labour	2,15,000	430.00	4,75,000	533.33
Prime Cost	3,05,000	610.00	6,25,000	833.33
Work overheads (80% on labour)	1,72,000	344.00	3,80,000	506.67
Works Cost	4,77,000	954.00	10,05,000	1,340.00
Administration overheads (10% of Works Cost)	47,700	95.40	1,00,500	·134.00
Total Cost of Production	5,24,700	1049.40	11,05,500	1,474.00
Profit	75,300	150.60	19,500	26.00
Selling Price	6,00,000	1,200.00	11,25,000	1,500.00

कभी-कभी उत्पादन लागत के आधार पर विक्रय मूल्य तय किया जाता है लेकिन लाभ प्रतिशत विक्रय मूल्य से सम्बन्धित होता है । अतः लाभ की गणना के लिए निम्नलिखित सूत्र (Formula) का प्रयोग किया जाता है—

$$\text{लाभ} = \frac{\text{विक्रय की प्रतिशत दर} \times \text{कुल लागत}}{100 - \text{विक्रय की प्रतिशत दर}}$$

$$\text{Profit} = \frac{\text{Rate Percentage on Sales} \times \text{Total cost}}{100 - \text{Rate percentage on Sales}}$$

अतः यदि लाभ विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत है एवं कुल लागत 33,000 रु० है तो लाभ इस प्रकार ज्ञात किया जायेगा—

$$\text{लाभ} = \frac{25 \times 33{,}000 \text{ रु०}}{100 - 25} = 11{,}000 \text{ रु०}$$

Illustration 2·7. The cost of sale of product A is made up as follows :

	Rs.
Materials used in manufacturing	55,000
Materials used in primary packing	10,000
Materials used in selling the product	1,500
Materials used in the factory	750
Materials used in the office	1,250
Labour required in producing	10,000
Labour required for factory supervision	2,000

Direct Expenses	5,000
Indirect Expenses—Factory	1,000
Administration Expenses	1,250
Depreciation on Office Building and Equipment	750
Depreciation on Factory Building	1,750
Selling Expense	3,500
Freight on materials purchased	5,000
Advertising	1,250

Assuming that all the products manufactured are sold what should be the selling price to obtain a profit of 20% on selling price ?

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT

	Rs.	Rs.
Direct Materials :		
Materials used in manufacturing	55,000	
Materials used in primary packing	10.000	
Freight on materials puichased	5,000	70,000
Direc t Labour :		
Labour required in producing		10,000
Direct Expenses :		
Expenses direct—factory		5,000
Prime Cost		85.000
Factory overheads :		
Material used in factory	750	
Labour required for factory supervision	2,000	
Indirect Expenses (factory)	1,000	
Depreciation on Factory Building	1,750	5,500
Works Cost		90,500
Administration overheads :		
Materials used in office	1,250	
Administration Expenses	1,250	
Depreciation on office Building & Equipment	750	3,250
Cost of Production		93,750
Selling and Distribution Expenses :		
Materials used in selling the product	1,500	
Selling Expenses	3,500	
Advertising	1,250	6,250
Cost of Sales		1,00,000
Profit (20% on Selling price or 25% on Cost)		25,000
Selling Price		12,000

टेंडर अथवा मूल्य सूचियाँ (Tenders or Quotation)—कई बार उत्पादक को समाचार पत्रों मे छपे विज्ञापनों के संदर्भ में टैन्डर भरने पड़ते है अथवा स्वयं द्वारा उत्पादित वस्तुओं की सप्लाई के लिए मूल्य उद्धृत करने पड़ते हैं। टैन्डर भरते समय अत्यन्त सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि कार्य आदेशों का मिलना अथवा न मिलना टैन्डर मे दिए गए मूल्यों पर निर्भर करता है। टैन्डरभरने के लिए पिछली अवधि के मूल लागत, उत्पादन, प्रशासन तथा विक्रय उपरिव्ययों तथा लाभ सम्बन्धी आँकडों का प्राप्त होता अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त उत्पादक को सामग्री मूल्यों, मजदूरी दरो तथा अन्य लागतों में होने वाले सम्भावित परिवर्तनों का अनुमान भी लगाना होता है। पूर्व अनुभव के आधार पर उत्पादक को परिवर्ती अर्द्धपरिवर्ती तथा स्थायी उपरिव्ययों की राशि के सम्बन्ध में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उत्पादक को टैंडर मूल्य में अपना लाभ भी जोड़ लेना चाहिए। टैंडर तैयार करते समय ऊपरिव्यय सामान्यत: प्रतिशत के रूप में प्रभारित किए जाते है। उत्पादन या कारखाना उपरिव्ययों को मजदूरी पर तथा प्रशासन, विक्रय एवं वितरण व्ययों को कारखाना लागत के आधार पर लगाया जाता है।

Illustration 2·8. The accounts of Pleasent Company Ltd. show for 1977 :—

Materials Rs. 3,50,000 ; Labour Rs. 2,70,000 ; Factory overheads Rs. 81,000 and Administration overheads Rs. 56,080.

What price should the company quote for a refrigerator ? It is estimated that Rs. 1,000 in material and Rs. 700 in labour will be required for one refrigerator. Absorb Factory overheads on the basis of labour and Administration overheads on the basis of works cost. A profit of 12½% on selling price is required.

Solution

STATEMENT OF COST

	Rs.
Materials	3,50,000
Labour	2,70,000
Prime Cost	6,20,000
Factory overheads	81,000
Works Cost	7,01,000
Administration overheads	56,080
Total Cost of Production	7,57,080

Percentage of Factory overheads to Labour

$$= \frac{\text{Factory overheads}}{\text{Labour}} \times 100$$

$$= \frac{81,000}{2,70,000} \times 100 = 30\%$$

Percentage of Administration overheads to works cost

$$= \frac{\text{Administration overheads}}{\text{Works Cost}} \times 100$$

$$= \frac{56,080}{7,01,000} \times 100 = 8\%$$

STATEMENT OF THE SELLING PRICE OF A REFRIGERATOR

	Rs.
Materials	1,000.00
Labour	700.00
Prime Cost	1,700.00
Add Factory overheads (30% on Labour)	210.00
Works Cost	1,910.00
Add Administration overheads (8% of works cost)	152.80
Total Cost of Production	2,062.80
Add Profit (1/8 on sales or 1/7 of cost)	294.69
Selling Price	2,357.49

Illustration 2·9. From the following data prepare a cost and profit statement of Popular Stoves Manufacturing Co. for the year 1977 :

	Rs.
Stock of materials on 1-1-1977	35,000
Stock of materials on 31-12-1977	4,900
Purchase of materials	52,500
Direct wages	95,000
Factory expenses	17,500
Establishment expenses	10,000
Completed stock in hand on 1-1-1977	Nil
Completed stock in hand on 31-12-1977	35,000
Sales	1,89,000

The number of stoves manufactured during the year 1977 was 4,000.

The company wants to quote for a contract for the supply of 1,000 Electric Stoves during the year 1978. The stoves to be quoted are of uniform quality and make and similar to those manufactured in the previous year ; but cost of materials has increased by 15% and cost of factory labour by 10%.

Prepare a statement showing the price to be quoted to give the same percentage of net profit on turnover as was realised during the year 1977, assuming that the cost per unit of overhead charges will be the same as in the previous year.

Solution

COST AND PROFIT STATEMENT OF STOVES

for the year, 1977 Output 4,000 stoves

		Amount Total	Amount per unit
		Rs.	
Opening stock of materials	35,000		
Purchase of materials	52,500		
	87,500		
Less : Closing stock of materials	4,900		
Value of Materials consumed		82,600	20·65
Direct wages		95,000	23·75
Prime Cost		1,77,600	44.40
Factory expenses		17,500	4·37
Works Cost		1,95,100	48.77
Establishment Expenses		10,000	2.50
Cost of Production		2,05,100	51·27
Opening completed stock		Nil	
Cost of Production during the period		2,05,100	
		2,05,100	
Less : Closing completed stock		35,000	
Cost of Sales		1,70,100	
Profit		18,900	
Selling Price		1,89 000	

STATEMENT SHOWING QUOTATION PRICE FOR 1,000 STOVES

	Amount	Amount
	Rs.	Rs.
Materials consumed	20,650	
+15% increase	3,098	
		23,748
Factory wages	23,750	
+10% increase	2,375	
		26,125
Prime Cost		49.873
Factory expenses		4,375
Works Cost		54,248
Establishment expenses		2,500
Total cost		56,748
Profit (10% on selling price or 1/9 of cost)		6,305
Selling Price		63.053

Illustration 2·10. Following are the particulars for the production of 2,000 sewing machines of Nath Engineering Co. Ltd., for the year 1977 :

Cost of Materials Rs. 1,60.000 ; Wages Rs. 2,40,000 ; Manufacturing Expenses Rs. 1,00,000 ; Salaries Rs. 1,20,000 : Rent, Rates and Insurance Rs. 20,000 ; Selling Expenses Rs. 60,000 : General Expenses Rs. 40,000, and Sales Rs. 8,00,000.

The Company plans to manufacture 3,000 sewing machines during 1978. You are required to submit a statement showing the price at which machines would be sold so as to show a profit of 10% on selling price. The following additional information is supplied to you :

(*a*) Price of material is expected to rise by 20%. (*b*) Wages rates are expected to show an increase of 5%. (*c*) Manufacturing expenses will rise in proportion to the combined cost of material and wages. (*d*) Selling expenses per unit will remain the same. (*e*) Other expenses will remain unaffected by the rise in output.

Sotution

STATEMENT OF COST AND PROFIT FOR THE MANUFACTURE OF 2,000 SEWING MACHINES

For the year ended 31st December, 1977

	Total Cost	Cost per Machine
	Rs.	Rs.
Materials	1,60,000	80.00
Direct wages	2,40,000	120.00
Prime Cost	4 00,000	200.00
Manufacturing Expenses	1,00,000	50.00
Works Cost	5,00,000	250.00
Administration Expenses :		
Salaries	1,20,000	60.00
Rent, Rates & Insurance	20,000	10.00
General Expenses	40,000	20.00
Cost of Production	6,80,000	340.00
Selling Expenses	60,000	30.00
Cost of Sales	7,40,000	370 00
Profit	60,000	30.00
Selling Price	8,00,000	400·00

ESTIMATE FOR THE MANUFACTURE OF 3,000 SEWING MACHINES DURING 1978

		Cost per Machine	Total cost
	Rs.	Rs.	Rs.
Materials	80		
Add 20% increase $\left(\frac{20}{100} \times 80\right)$	16	96.00	2,88,000
Direct wages	120		
Add 5% increase $\left(\frac{5}{100} \times 120\right)$	6	126·00	3,78,000
Prime Cost		222.00	6,66,000
Manufacturing Expenses (25% on Prime cost)		55·50	1,66,500
Works Cost		277·50	8,32,500
Administration Expenses :			
Salaries		40 00	1,20,000
Rent, Rates & Insurance		6·67	20 000
General Expenses (unaffected by rise in output)		13.33	40,000
Cost of Production		337.50	10,12,500
Selling Expenses (per unit remain unchanged)		30.00	90,000
Cost of Sales		367 50	11,02,500
Profit (10% on Sales or 1/9 of cost)		40·83	1,22,500
Selling Price		408·33	12,25,000

Illustration 2·11. In respect of a factory the following figures have been obtained for the year 1977 :

Cost of material Rs. 6,00,000 ; Direct wages Rs. 5,00.000 ; Factory overheads Rs. 3,00,000 ; Administrative overheads Rs. 3,36,000 ; Selling overheads Rs. 2,24,000 ; Distribution overheads Rs. 1,40,000 and Profit Rs. 4,20,000.

A work order has been executed in 1978 and the following expenses have been incurred : Materials Rs. 8,000 and wages Rs. 5,000.

Assuming that in 1978 the rate of factory overheads has increased by 20%, distribution overheads have gone down by 10% and selling and administration overheads have each gone up by $12\frac{1}{2}$%, at what price should the product be sold so as to earn the same rate of profit on the selling price as in 1977 ?

Factory overhead is based on direct wages while all other overheads are based on factory cost.

Solution

STATEMENT OF COST AND PROFIT

for the year 1977

	Rs.
Materials	6,00,000
Direct Wages	5,00,000
Prime cost	11,00,000
Factory overheads	3,00,000
Works cost	14,00,000
Administrative overheads	3,36,000
Cost of Production	17,36,000
Selling overheads	2,24,000
Distribution overheads	1,40,000
Cost of Sales	21,00,000
Profit	4,20,000
Sales	25,20,000

(a) Percentage of Factory overheads on direct wages

$$=\frac{3,00,000}{5,00,000}\times 100=60\%$$

(b) Percentage of Administrative overheads on works cost

$$=\frac{3,36,000}{14,00,000}\times 100=24\%$$

(c) Percentage of Selling overheads to works cost

$$=\frac{2,24,000}{14,00,000}\times 100=16\%$$

(d) Percentage of Distribution overheads to works cost

$$=\frac{1,40,000}{14,00,000}\times 100=10\%$$

(e) Percentage of Profit on cost on sales

$$=\frac{4,20,000}{21,00,000}\times 100=20\%$$

ESTIMATE FOR THE WORK ORDER

	Rs.
Materials	8,000
Wages	5,000
Prime cost	13,000
Factory overheads (60% of wages+20% thereof) i.e. 72% of wages	3,600
Works cost	16,600
Administration overheads (24% of works cost+12½% thereof) i.e. 27% of works cost	4,482
Cost of Production	21,082
Selling overheads (16% of works cost+12½% thereof) i.e. 18% of works cost	2,988
Distribution overheads (10% of works cost—10% thereof) i.e. 9% of works cost	1,494
Cost of Sales	25,564
Profit (20% on cost)	5,113
Selling Price	30,677

Illustration 2·12. The Managing Director of a small manufacturing concern consults you as to the minimum price at which he can sell the output of one of the departments of the company which is intended for mass production in future. The company's records, show the following particulars for this department for the past year :

Production and Sales	100 Units
	Rs.
Materials	13,000
Direct Labour	7,000
Direct charges	1,000
Works overheads	7,000
Administration overheads	2,800
Selling overheads	3,200
Profit	6,000
	39,000

You ascertain that 40% of the works overheads fluctuate directly with production and 70% of the selling overheads fluctuate with sales. It is anticipated that the department would produce 500 units per annum and that direct labour charges per unit will be reduced by 20%, while fixed works overheads will increase by Rs. 3,000. Administration overheads and fixed selling overheads are expected to show an increase of 25% but otherwise no changes are anticipated.

Solution

STATEMENT SHOWING THE SELLING PRICE OF 500 UNITS

		Rs.	Rs.
Materials	(Rs. 13,000×5)		65,000
Direct Labour	(7,000×5−20%) or (35,000−7,000)		28,000
Direct Charges	(1,000×5)		5,000
Prime Cost			98,000
Add Works overhead :			
Variable (40% of Rs. 7,000)=2,800×5	=	14,000	
Fixed (60% of Rs. 7,000)=4,200+3,000	=	7,200	21,200
Works Cost			1,19,200
Add Administration overhead : (Rs. 2,800+25% of Rs. 2,800)			3,500
Cost of Production			1,22,700
Add Selling overhead :			
Variable (70% of Rs. 3,200=2,240×5)	=	11,200	
Fixed (30% of Rs 3,200 =960+25% of Rs. 960) =960+240	=	1,200	12,400

Cost of Sales	1,35,100
Add Profit (on the basis of last year's records Last year cost of sales was Rs. 33,000 and Profit was Rs. 6,000) $\left\{\frac{6,000}{33,000}\times 1,35,100\right\}$	24,564
Selling Price	1,59,664

Illustration 2·13. A factory's normal capacity is 1,20,000 units per annum. The estimated costs of production are as under :

Direct Material Rs. 3 per unit ; Direct Labour Rs. 2 per unit (subject to a minimum of Rs. 12 000 p.m.).

Overhead—Fixed Rs. 1,60,000 per annum ; variable Rs. 2 per unit ; semi-variable Rs. 60,000 upto 50% capacity and an additional Rs. 20,000 for every 20% increase in capacity or part thereof.

Each unit of raw material yields scrap which is sold at the rate of 20 paise.

In 1977, the factory worked at 50% capacity for the first three months but it was expected that it would work @ 80% capacity for the remaining 9 months.

During the first three months, the selling price per unit was Rs. 12. What should be the price in the remaining nine months to produce a total profit of Rs. 2,18,000 ?

Solution

COST SHEET
for the year 1977

Items	First three months Output=15,000 units		Remaining nine months Output=72,000 units	
	Per unit Rs.	Total Rs.	Per unit Rs.	Total Rs.
Direct Materials	3.00	45,000	3.00	2,16,000
Less sale of scrap	0.20	3,000	0.20	14,400
	2 80	42,000	2.80	2,01,600
Direct Labour (Minimum charge p.m. in cost of first three month)	2.40	36,000	2.00	1,44,000
Prime cost	5.20	78,000	4.80	3,45,600
Overhead :				
Variable	2.00	30,000	2.00	1,44,000
Semi-variable				
$\left\{60,000\times\frac{3}{12}\right\}=15,000$	1.00	15,000		
$\left\{1,00,000\times\frac{9}{12}\right\}=75,000$			1.04	75,000

Fixed Rs 1,60,000 to be apportioned on the basis of time (1 : 3)	2.67	40,000	1.67	1,20,000
Total Cost	10.87	1,63,000	9.51	6,84,000
Profit	1.13	17,000	2.79	2,01,000
Sales	12.00	1,80,000	12 30	8,85,600

Note: Profit for remaining 9 months shall be (Rs. 2,18,000−Rs. 17,000) =Rs. 2,01,000. Thus, sales could be Rs. 8,85,600 and the sale price per unit will be Rs. $\frac{8,85,600}{72\ 000}$ i.e. Rs. 12 30.

प्रश्न (Questions)

1. (क) लागत शब्द की परिभाषा कीजिए। निम्नलिखित का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(i) उत्पादविषयक लागत (Product Cost) और अवधिविषयक लागत (Period Costs)।

(ii) बजट लागत (Budget Costs) तथा मानक लागत (Standard Costs)।

(ख) नीति-निर्धारण के लिए अपेक्षित विभिन्न प्रकार के लागत का स्वरूप कीजिए।

(*a*) Define the term Cost'. Distinguish between—
(*i*) Product Costs and Period Costs.
(ii) Budget Costs and Standard Costs.

(*b*) Explain fully the nature of different types of costs involved in decision-making. (*B. Com. Hons. Delh 1976*)

2. 'लागत के तत्वों' को सारणीवद्ध करते हुए प्रत्येक तत्व की सामान्य मदों का वर्णन कीजिए।

Tabulate the Elements of cost showing the usual items of expenditure appertaining to each. (*B. Com. Panjab*)

3. लागत को निम्नलिखित वर्गों में विश्लेषित किया जा सकता है :

(i) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष (ii) परिवर्ती एवं स्थायी

(iii) नियंत्रणीय एवं अनियंत्रणीय

प्रत्येक वर्ग के पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या करते हुए महत्व स्पष्ट कीजिए।

Bring out clearly the significance of each of following cost classifications and explain the meaning of the terms used therein :—

(*i*) Direct and Indirect (*ii*) Variable and Fixed (*iii*) Controllable and Uncontrollable. (*B. Com. Hons. Delhi*)

4. (क) "लागतों का नियंत्रणीय एवं अनियंत्रणीय आधार पर वर्गीकरण केवल सांकेतिक आधार पर आधारित है।" व्याख्या कीजिए।

(ख) "यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्यक्ष लागतें एवं नियंत्रणीय लागतें एक ही है।" विवेचना कीजिए

(*a*) "The classification of costs as controllable and non-controllable depends upon a point of reference". Explain.

(*b*) "Direct costs and controllable costs are not necessarily the same". Comment. (*M. Com. Delhi*)

5. लागत विवरण पत्र किसे कहते हैं ? इसके क्या लाभ है ? लागत विवरण का नमूना दीजिए।

What is Cost Sheet ? What are its advantages ? Give a specimen of Cost Sheet.

6. 'निर्माणाधीन कार्य' तथा 'टैन्डर मूल्य' पर टिप्पणियां लिखिये।

Write Short notes on :

(*a*) Work in Progress (*b*) Tender Price.

7. 'लागत के तत्व' प्रवन्ध के लिए किस प्रकार से उपयोगी हैं। कौन-कौन से व्यय लागत लेखों में सम्मिलित नही किए जाते है ?

How are 'element of cost' useful for management ? What are the different types of expenditure that are not included in Cost Accounts. (*B. Com. Andhra 1977*)

8. मूल लागत एवं उपरिव्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिए। उपरिव्ययों को स्थायी परिवर्तनशील एवं अर्द्ध-परिवर्तनशील लागतों के संदर्भ में उदाहरण देकर समझाइये।

Distinguish between Prime Cost and Overhead Cost. Explain overhead cost with reference to fixed, variable and semi-variable costs giving examples in each case. (*B. Com. Andhra 1977*)

9. प्रभारयोग्य व्यय कौन से होते हैं ? क्या यह आश्यक है कि किसी उद्योग में मूल लागत, प्रभारयोग्य व्यय तथा अप्रत्यक्ष लागत एवं उपरिव्यय में अन्तर किया जाये ? अपने उत्तर के पक्ष में वाद प्रस्तुत कीजिए।

What are chargeable expenses ? In an industry is it necessary to distinguish between prime cost, chargeable expenses and indirect expenses or overheads ? Justify your answer with arguments.

10. प्रत्यक्ष सामग्री से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by direct material ?

PROBLEMS

2·1 From the following particulars prepare a Cost Sheet showing the total cost per tonne for the period ended 31st Dec. 1977.

	Rs.		Rs.
Raw Materials	33,000	Rent and taxes (office)	500
Productive wages	35,000	Water supply	1,200
Direct expenses	3,000	Factory Insurance	1,100
Unproductive wages	10,500	Office Insurance	500
Factory rent and taxes	7,500	Legal expenses	400
Factory lighting	2,200	Rent of warehouse	300
Factory heating	1,500	Depreciation of	
Motive power	4,400	—Plant and machinery	2,000
Haulage	3,000	—Office Building	1,000
Director's fees (works)	1,000	—Delivery vans	200
Director's fees (office)	2,000	Bad Debts	100
Factory cleaning	500	Advertising	300
Sundry office exper	200	Sales Department salaries	1,500
Estimating	800	Unkeeping of delivery vans	700
Factory stationery	750	Bank charges	50
Office stationery	900	Commission on Sales	1,500
Loose tools written off	600		

The total output for the period has been 14,775 tonnes.

Ans. [Cost per tonne Rs. 8]

2·2 The following figures are extracted from the books of Fashions Ltd. for the year ended 30-9-77. Prepare a cost sheet showing clearly the cost per unit under the various elements, direct and indirect cost and also the profit/loss per unit :

		Rs.
Direct materials		24,00,000
Direct labour		5,00,000
Depreciation of factory building		15,000
Branch office expenses		40,000
Depreciation of office building		8,000
Depreciation of staff cars		12,000
Insurance : Staff cars		1,500
,, Office Buildings		1,200
,, Factory building		1,500
		Rs.
Delivery van maintenance and running expenses		10,000
Salaries including		3,00,000
	Rs.	
Sales Manager	25,000	
Factory Chief Engineer	25,000	
Finished goods warehouse expenses		20,000
Electricity (including Rs. 4,000 for Administrative Office)		40,000
Advertisement		20,000

Sundry factory expenses		3,40,000
Sales promotion		5,000
Office administration expenses		50,000
Expenses for participating in industrial exhibition		10,000
Sales		42,00,000
Units produced	10,000	

Ans. [Prime Cost Rs. 29,00,000 ; Factory Cost Rs. 33,17,500 ; Total Cost 37,74,200 , Profit Rs. 4,25,800]

2·3. The accounts of Z Manufacturing Company for the year ended December, 1977 show the following :—

	Rs.
Drawing Office Salaries	6,500
Counting-house Salaries	12,600
Carriage and Cartage Outwards	4,300
Carriage and Cartage on Purchases	7,150
Bad Debts written off	6,500
Repairs of Plant, Machinery & Tools	4,450
Rent, Rates, Taxes & Insurance—Factory	8,500
—Office	2,000
Sales	4,61,100
Stock of Materials—31st Dec. 1976	62,800
—31st Dec. 1977	48,000
Materials Purchased	1,85,000
Travelling Expenses	2,100
Traveller's Salaries & Commission	7,700
Productive Wages	1,26,000
Depreciation—Plant, Machinery & Tools	6,500
—Furniture	300
Directors' Fees	6,000
Gas and Water—Factory	1,200
—Office	400
Managers' Salary (3/4 Factory and 1/4 Office)	10,000
General Expenses	3,400
Income Tax	500
Dividend	1,000

Prepare statement giving the following information—

(*a*) Materials consumed ; (*b*) Prime cost ; (*c*) Factory overhead and the percentage on wages ; (*d*) Factory cost ; (*e*) General overhead and the percentage on factory cost ; (*f*) Total cost ; (*g*) Net profit.

Ans. [(*a*) Rs. 2,06,950 ; (*b*) Rs. 3,32,950 ; (*c*) Rs 34,650, 27·5% ; (*d*) Rs. 3,67,600 ; (*e*) Rs. 47,800, 13% ; (*f*) Rs. 4,15,400 ; (*g*) Rs. 45,700].

2·4 From the following figures ascertain the :—

(*a*) Cost of materials used.

(*b*) Value of output of manufactured goods, and

(*c*) Percentage of gross profits on sales.

TRADING ACCOUNT

	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
To Stock :			By Sales		8,40,000
Finished goods	80,000		,, Closing stock :		
Raw materials	24,000		Finished goods	70,000	
		1,04,000	Raw materials	28,000	98,000
,, Purchases		2,40,000			
,, Wages		4,00,000			
,, Carriage		20,000			
,, Gross profit		1,74,000			
		9,38,000			9,38,000

Ans. [(*a*) Rs. 2,36,000 ; (*b*) 6,56,000 ; (*c*) 20·7%].

2·5. ABC Ltd., is manufacturing refrigerators and the following details are furnished in respect of its factory operations for the year ending 31st Dec. 1977.

	Rs.	Rs.
Work-in-progress, 1st January, 1977		
At Prime Cost	51,000	
Manufacturing Expenses	15,000	66,000
Work-in-progress 31st December, 1977		
At Prime Cost	45,000	
Manufacturing Expenses	9,000	54,000
Stock of Raw Materials, 1st January, 1977		2,25,000
Purchase of Raw Materials		4,77,000
Direct Labour		1,71,000
Manufacturing Expenses		84,000
Stock of Raw Materials on 31st December, 1977		2,04,000

On the basis of the above data, prepare a statement showing the cost of production. Also indicate separately the amount of manufacturing expenses which enter into the cost of production

Ans. [Cost of production Rs. 7,65,000].

2·6. The cost accounts of a manufacturing company give the following information :

	Rs.
Closing stock of raw materials	25,150
Closing stock of finished goods	8,400
Purchase of raw materials	20,800
Work in progress 1st Jan. 1978	8,220
Work in progress on 31st Jan. 1978	8,000
Opening stock of raw materials	24,000
Opening stock of finished goods	16,200
Sales of finished goods	62,800
Office Expenses	2,150
Selling and distribution expenses	4,000
Direct wages	16,000
Works expenses	9,000
Debenture interest	5,000

Prepare Statement of cost and profit showing the various divisions of costs and net profit for the month.

Ans. [Value of Materials consumed Rs. 19,650 ; Prime Cost Rs. 35,650 ; Works Cost Rs. 44,870 ; Total Cost Rs. 47,020 ; Cost of goods sold Rs. 54,820 ; Cost of Sales Rs. 58,820 ; Net profit Rs. 3,980].

2·7. From the foltowing particulars of a manufacturing firm, prepare a statement showing :—

(*a*) Cost of materials used ;

(*b*) Works cost ;

(*c*) Cost of production ;

(*d*) Percentage of works overhead to productive wages ;

(*e*) Percentage of general overhead to works cost.

	Rs.
Stock of materials on 1st January, 1975	40,000
Purchase of raw-materials in January, 1975	11,00,000
Stock of finished goods on 1st January, 1975	50,000
Productive wages	5,00,000
Finished goods sold	24,00,000
Works overhead charges	1,50,000
Office and general expenses	1,00,000
Stock of materials on 31st January, 1975	1,40,000
Stock of finished goods on 31st January, 1975	60,000

(*B. Com. Panjab*, 1976)

Ans. [(*a*) Rs. 10,00,000 ; (*b*) Rs. 16,50,000 ; (*c*) Rs. 17,50,000 ; (*d*) 32·26% and (*e*) 6·45%]

2·8. From the following figures, you are required to prepare a production account for the quarter ended 31st March, 1978, assuming stock of finished goods at end of period to be valued at cost, showing :

(*a*) Value of materials consumed ;

(*b*) Cost of production ; (*c*) Cost of goods sold ;

(*d*) Profit on goods sold ; and (*e*) Net profit for the period.

	on 1st Jan., 78		on 31st March, 78
	Rs.	Rs.	Rs.
Stack			
Raw material	1,00,000		1,23,500
Finished goods	71,500		42,000
Work in progress	31,000		34,500
Purchase of raw materials		88,000	
Wages-Direct		70,000	
Indirect		2,500	
Work charges		37,000	
Administration Expenses		13,000	
Selling Expenses		15,000	
Sales		2,84,000	

Ans. [(*a*) Rs. 64,500 ; (*b*) Rs. 1,83,500 ; (*c*) Rs. 2,13,000 ; (*d*) Rs. 71,000 ; (*e*) Rs. 56,000].

2·9. The following data relate to the manufaeture of a standard product during the four weeks of October, 1977.

Raw materials consumed	Rs. 20,000
Direct wages	Rs. 12,000
Machine hours worked	950
Machine hour rate	Rs. 2
Administration overhead	15% on works cost
Selling overhead	37 P. per unit
Units produced	20,000
Uuits sold	18,000 @ Rs. 2·50 each

You are required to prepare a cost sheet in respect of the above showing :

(*a*) the cost per unit and (*b*) the profit for the period.

Ans. [(a) Rs. 1·949 ; (*b*) Rs. 3,253·50].

2·10. The following extract of costing information relate to commodity Y for the half-year ended 30th June, 1978 :

	Rs.
Purchase of Raw Materials	1,32,000
Direct wages	1,10,000
Rent, Rates, Insurance and Work overheads	44,000
Carriage Inward	1,584
Stock— 1st January, 1978	
Raw Materials	22,000
Finished Product—1,600 tons	17,600
Stock—30th June 1978 :	
Raw Materials	24,464
Finished Product—3,200 tons	35,200
Work-in progress, 1st January, 1978	5,280
Work-in-progress, 30th June, 1978	17,600
Cost of Factory Supervision	8,800
Sales – Finished Product	3,30,000

Advertising, Discounts allowed and Selling Costs amounted to 75 paisa per ton sold, 25,600 tons of commodity were produced during the period.

You are required to ascertain (*a*) the value of raw materials used : (*b*) the cost of the output for the period : (*c*) the cost of goods sold ; (*d*) the net profit for the period ; and (*e*) the net Profit per ton of the commodity sold.

Ans. (*a*) Rs. 1,31,120; (*b*) Rs. 2,81,600 ; (*c*) Rs. 2,64,000 ; (*d*) Rs. 48,000; (*e*) Rs. 2.

2·11. Mr. Gopal furnishes the following data relating to the manufacture of a standard product during the month of April, 1978 :—

Raw materials consumed	Rs. 15,000
Direct labour charges	Rs. 9,000
Machine hours worked	900
Machine hour rate	Rs. 5
Administrative overheads	20% on works cost
Selling overheads	Rs. 0·50 per unit
Units produced	17,100
Units sold	16,000 at Rs. 4 per unit

You are required to prepare a Cost Sheet from the above, showing :—

(*a*) the cost per unit

(*b*) Profit per unit sold and profit for the period.

Ans. [(*a*) Rs. 2 (*b*) Rs. 1·50 and Rs. 24,000]

2·12. Calculate :—

(*a*) Value of Raw Material Consumed.

(*b*) Total Cost of Production,

(*c*) Cost of goods sold and the amount of profit from the following :—

		Rs.
Opening Stocks :	Raw Materials	5,000
	Finished Goods	4,000
Closing Stocks :	Raw Materials	4,000
	Finished Goods	5,000
Raw Materials Purchased		50,000
Wages paid to labourers		20,000
Chargeable Expenses		2,000
Rent and Taxes		5,000
Power		2,000
Factory Light		2,000
Factory Insurance		1,000
Misc. Expenses		500
Wastage of Materials		200

	Rs.
Salaries	4,000
Stationery	200
Salaries of Salesmen	2,000
Commission of Travelling Agents	1,000
Sales	1,00,000

(*B. Com. Panjab*, 1977)

Ans. [(*a*) Rs. 51,000 ; (*b*) Rs. 87,900 (*c*) Rs. 86,900 and Rs. 10,100].

2·13. Prepare the Cost Sheet to show the total cost of production and cost per unit of goods manufactured by a company for the month of July, 1978. Also find the cost of sales.

	Rs.
Stock of Raw Materials, 1-7-78	3,000
Raw Materials purchased	28,000
Stock of Raw Materials, 31-7-1978	4,500
Manufacturing Wages	7,000
Depreciation on Plant	1,500
Loss on sale of a part of Plant	300
Factory Rent and Rates	3,000
Office Rent	500
General Expenses	400
Discount on sales	300
Advertisement Expenses to be charged fully	600
Income Tax paid	2,000

The number of units produced during July, 1978 was 3,000.

The stock of finished goods was 200 and 400 units on 1-7-1978 and 31-7-1978 respectively. The total cost of the units on hand on 1-7-1978 was Rs. 2,800. All these had been sold during the month. (*B. Com. Pass Delhi*)

Ans. [Cost of Production Rs. 38,900 ; Cost of goods manufactured 12·97; Cost of sales Rs. 37,113].

2·14. In a factory two types of radios are manufactured, *viz.*, Orient and Sujon Models. From the following particulars prepare a statement showing cost and profit per radio sold. There is no opening or closing stock.

	Orient Rs.	*Sujon* Rs.
Labour	15,600	62,920
Materials	27,300	1,08,680

Works overhead is charged at 80% on labour and office overhead is taken at 15% on works cost. The selling price of both radios is Rs. 1,000. 78 Orient radios and 286 Sujon radios were sold.

(*B. Com., Pass Delhi*)

Ans.

	Orient	Sujon
Total cost	816·50	892·40
Profits	183 50	107·60

2·15. The following costing information relates to a commodity being produced by Fairdeal Company for the year ended 31st December, 1977. You are required to prepare a Production Statement to show the cost of production and a statement showing the cost of sales and the profit.

	Rs.
Stock, 1-1-1977	
Raw Materials	40,000
Finished Goods	30,000
Purchase of Raw Materials	2,40,000
Direct wages	1,36,000
Works Expenses	70,400
Dividends paid	40,000

	Rs.
Office expenses	24.000
Transfer to Sinking Fund for replacement of machinery	10,000
Selling & Distribution expenses	32,000
Work-in-Progress, 1-1-1977	64,000
Work-in-Progress, 31-12-1977	72,000
Goodwill written off	10,000
Stock 31-12-1977—	
Raw Materials	42,000
Finished Goods	52,000
Sale of Finish-d Goods	5,50,000
Payment of Sales Tax	16,000

(*B. Com. Pass, Delhi*)

Ans. [Cost of Production Rs. 4,60,400, Cost of Sales Rs. 4,90,400; Profit 59,600].

2·16. The following extract of information relates to commodity A for the year ending 31-12-77 :

	Rs.
Purchases of Raw materials	60,000
Direct wages	50,000
Rent, Rates, insurance and works expenses	20,000
Carriage inwards	1.000
Stocks—1st January, 1977	
Raw materials	10,000
Finished products—2,000 tonnes	8,000
Stocks—31st December, 1977	
Raw materials	11,000
Finished products—4.000 tonnes	?
Work in progress—1st January, 1977	2,400
Work in progress—31st December, 1977	8.000
Cost of factory supervision	4,000
Sales—Finished products	1,50.000

Advertising, discount allowed and selling costs Re. 0.40 per tonne sold 32.000 tonnes of the commodity were produced during the period.

Ascertain :—

(*a*) the cost of the output for the period and the cost per tonne of production.

(*b*) the net profit per tonne of the commodity.

(*B. Com., Guru Nanak Dev & B. Com. Pass, Delhi*)

Ans. [(*a*) Rs. 1,28,400, (4·01 per tonne), (*b*) Rs. 17,650].

2.17. You are the Head of the Costing Department of Explosives (1978) Ltd. The Government of a friendly country has invited quotations for explosives for which your Government has granted the necessary permission. Your firm wants to submit the quotation and the Managing Director has instructed you to estimate the cost per tonne by preparing a proper cost analysis sheet and suggest a suitable price quotation :

Total production in 1977	5,000 tonnes
	Rs.
Cost of Raw Materials	20,00,000
Carriage Inwards	2,00,000
Direct Wages	20,00.000
Indirect Wages (in factory)	1,00,000
Office Expenses	10.00,000
Public Relations Expenses	50,000
Expenses on Testing Lab.	60,000
Selling Overheads	10,00,000
Salary of Managing Director	50,000
Payment of Income-tax	3,00,000

Note: (*i*) A profit margin of 50% on cost is provided.

(*ii*) The Government grants a special export subsidy of Rs. 1,000 per tonne. (*B. Com. Pass, Delhi*)

Ans. [Total cost per tonne Rs. 1292, Quotation Price Rs. 938]

2.18. Your company is exporting 'Madras Checks' to the U.S.A. It has received an inquiry from M/S Philby Incorporation, Boston. The Export Manager seeks the advice of the Cost Accounting Department (of which you are the Head) to send a suitable quotation. From the following figures, relating to the last 3 months, you are to suggest a suitable price after preparing a Cost Sheet:

Total Production (in metres)	2,00,000
	Rs.
Cost of Raw Materials	2,00,000
Direct Labour (in factory)	2,50,000
Indirect Labour (in factory)	50,000
Expenses on Storage	10,000
Office Expenses (Direct)	50,000
Selling Expenses	30,000
Misc. Expenses, like packing, forwarding, etc.	20,000
Fees of the Directors	10,000
Salary of the Managing Director for three months	15,000

It is to be noted that the depreciation on Plant and Machines amounts to Rs. 1,20,000 per year and a profit margin of 20% is kept on Sales.

(*B. Com. Pass, Delhi*)

Ans. [Selling Price per meter Rs. 4,156].

2.19. Your company is an export-oriented organisation manufacturing internal-communication equipment of a standard size. The company is to send quotations to foreign buyers of your product. As the Cost Accounts Chief, you are required to help the management in the matter of submission of the quotation by the preparation of a cost estimate based on the following figures relating to the year 1977.

Total Output (in units)	20,000
Expenses Incurred	Rs.
Local Raw Materials Consumed	10,00,000
Imports of Raw Materials (actual consumption)	1,00,000
Direct Labour in Works	10,00,000
Indirect Labour in Works	2,00,000
Storage of Raw Materials and Spare	50,000
Fuel	1,50,000
Tools Consumed	20,000
Depreciation on Plant	1,00,000
Salaries of Works Personnel	1,00,000
Excise Duty	2,00,000
Administrative Office Expenses	2,00,000
Salary of the Managing Director	60,000
Salary of the Joint Managing Direct.	40,000
Fees of Directors	20,000
Expenses on Advertising	1,60,000
Selling Expenses	1,80,000
Sales Depots	1,20,000
Packaging and Distribution	1,20,000

Note :—(*i*) Local Raw Materials now cost 10% more. (*ii*) A profit margin of 20% on Sales is kept. (*iii*) The Government grants subsidy of Rs 100 per unit of export.

Prepare the Cost Statement in columnar form.

(*B. Com. Pass, Delhi*)

Ans. [Prime Cost Rs. 22,00,000; Works Cost Rs. 30,20,000; Total Cost Rs 39,20,000; Selling Price before subsidy Rs. 245; Quotation Rs. 145].

2.20. From the understated particulars you are required to prepare a monthly cost sheet of Plastic Toy Manufacturers Ltd. showing cost and profit per 1,000 toys. Show also in the form of a summary, the Cost of Sales, Net Profit and Sales for the month. The company manufacturers only one type of toy. The opening stock was valued at the same price per 1,000 toys as the production for the month concerned :

Materials :	Basic Raw Materials	1,400 tonnes @ Rs. 5 per tonne
	Stores	Rs. 5,000
Labour :	Direct	Rs. 16,000
	Indirect	3,000
Overhead :	Works	25% of direct labour
	Administration	10% of works cost

Production for the month	(June 1977)	10,00,000 toys.
Sales for the month	9,00 000 toys at Rs. 50 per 1,000.	
Stock, 1st June, 1977	2,00,000	
Stock, 30th June, 1977	3,00,000	

Ans. [Cost of Sales 1,000 toys Rs. 38·50 ;

Profit per 1,000 toys Rs. 11·50].

2.21. A manufacturer makes two kinds of electric pumps *XA* and *XB*. The following particulars relate to these pumps :

	XA	*XB*
Pumps manufactured	25,000	12,000
Direct Cost :		
	Rs.	Rs.
Materials	3,140	2,650
Wages	9,400	5,700
Power etc.	2,100	1,410
Total	14,640	9,760

Other Costs :

	Rs.
Factory Supervision etc.	3,600
Packing Wages and Expenses	400
Management and Selling Expenses	4,440

You are required to prepare a statement showing the cost of each kind of pump when ready for despatch, taking the following into consideration :—

(*i*) Factory supervision to be charged in proportion to direct costs.

(*ii*) Packing expenses to be apportioned in the ratio that direct cost plus factory supervision costs of *XA* bear to similar costs *XB*.

(*iii*) Management and selling expenses to be charged in proportion to the pumps manufactured.

Ans. [Total costs of pumps Rs. 20,040 ; Rs. 12,800].

2.22. The following figures relate to the costings of a manufacture of electric fans (of uniform quality) for the period of three months :

Completed Stock on 1st October, 1977	Nil
Completed Stock on 31st December, 1977	20,250
Stock of Raw material 1st October, 1977	5,000
Stock of Raw material 31st December, 1977	3,500
Factory Wages	75,000
Indirect Charges	12,500
Material Purchased	32,500
Sales	1,12,500

The number of fans manufactured during the three months was 3,000.

Prepare a statement showing the cost per fan and the price to be quoted for 750 fans to realise the same percentage of profit as was realised during the three months referred to above assuming identical costs.

Ans. [Cost of production per fan Rs. 40.50. Selling price to be quoted Rs. 33,750 ; Percentage of profit on Sales 10%.

2.23. The accounts of a machine manufacturing company disclose the following information for the six months ending 31st December, 1977 :

Materials used Rs 1,50,000 ; Direct Wages Rs. 1,20,000 ; Factory Overheads Rs. 30,000 and Administrative Expenses Rs. 15,000.

Prepare the Cost Sheet of the machines and calculate the price which the company should quote for the manufacture of a machine requiring materials valued Rs. 1,250 and expenditure in productive wages Rs. 750 so that the price might yield a profit of 20% on the selling price.

Ans. [Price to be quoted Rs. 2,871.10].

Hint. Absorb Factory overheads on the basis of Direct Wages and Administration Expenses on works cost basis.

2.24. The estimated material cost of a job is Rs. 5,000 and direct labour cost is likely to be Rs. 1,000. In Machine Shop it will require 29 hours of machining costing Rs. 10 per hour. The direct wages in all other shops last year amounted to Rs. 80,000 as against Factory Overheads of Rs. 48,000. Last year Factory Cost of all jobs amounted to Rs. 2,50,000 as against Office Expenses of Rs. 37,500.

Make out a quotation which gives 20 per cent profit on selling price.

Ans. [Rs. 9,904·38].

2.25. The following information is given by a Factory for the year 1977 :

	Rs.
Direct Material used	2,00,000
Direct Wages	1,50 000
Factory Expenses	90,000
Office & Administration Exp.	88,000

On the basis of the above particulars ascertain the cost of a job where Materials required will be Rs. 1,000 and wages amounting to Rs. 2,000 will be spent. What will be the quotation of profit of 20% on selling price is desired ?

Ans. [Rs. 6,300].

2.26. Form the following particulars you are required to prepare a statement showing (a) the cost of materials consumed, (b) Prime Cost, (c) Works cost, (d) Total cost, (c) the percentage of work overheads to productive wages and (f) the percentage of general overhead to works costs :

	Rs.
Stock of Finished Goods on 1-1-1977	72,800
Stock of Raw Materials on 1-1-1977	33,280
Purchases of Raw Materials	7,59,200
Productive Wages	5,16,880
Sales of Finished Goods	15,39,200
Stock of Finished Goods on 31-12-1977	78,000
Stock of Raw Materials on 31-12-1977	35,360
Work Overhead Charges	1,29,220
Office and General Expenses	70,161

The Company is about to send a tender for a large plant. The Costing Department estimated that the materials required would cost Rs. 52,000 and the wages to workmen for making the plant would cost Rs. 31,200. The tender is to be made at a net profit of 20% on the selling price. Show what the amount of tender would be if based on the above percentages.

Ans. [(a) Rs. 7,57,120 ; (b) Rs. 12,74,000 ; (c) Rs. 14,03,220 ; (d) Rs. 14,73,381 ; (e) 25% ; (f) 5%. Tender Price Rs. 1,19,438.]

2.27. On 15th August 1978, the New India Cycle Manufacturing Co. was required to quote for a contract for the supply of 500 bicycles. From the following details, prepare a statement showing the price to be quoted to give the

same percentage of net profit on turnover as was realised during the six months to 30th June, 1978.

	Rs.
Stock of materials on 1st Jan., 1978	50,000
Stock of materials on 30th June, 1978	7,000
Purchase of materials during 6 months to 30th June, 1978	75,000
Direct wages for six months to 30th June, 1978	1,50,000
Indirect charges during 6 months to 30th June, 1978	25,000
Completed stock-in-hand on 1st Jan. 1978	Nil
Completed stock-in-hand on 30th June, 1978	50,000

The number of bicycles manufactured during the six months was 2,000 including those sold and those in stock at the end of the period. The bicycles to be quoted for are to be of uniform size and quality and similar to those manufactured during the six months to 30th June, 1978. As from 1st August, the cost of factory labour has increased by 10% and that of materials by 15%. Sales during six months to 30th June, 1978, were Rs. 2,70,000.

Ans. [Total cost Rs 2,93,000 ; Amount of Tender Rs. 91,167 ; Percentage of Profit on selling price 10%.]

Hint. Calculate percentage of indirect charges on direct wages, i.e., 16·67%.

2.28. Electronics Ltd. furnish the following information for 10,000 T.V. Valves manufactured during the year 1977 :

Materials Rs. 90,000 ; Direct Wages Rs. 60,000 ; Power and Consumable Stores Rs. 12,000 ; Factory Indirect Wages Rs. 15,000 ; Lighting of Factory Rs. 5,500 ; Defective Work (Cost of Rectification) Rs. 3,000 ; Clerical salaries and Management Expenses Rs. 33,500 ; Selling expenses Rs. 5,500 ; Sale proceeds of Scrap Rs. 2,000 ; and Plant Repairs & Maintenance and Depreciation Rs. 11,500.

The net selling price was Rs. 31·60 per unit sold and all units were sold.

As from 1st January, 1978 the selling price was reduced to Rs. 31 per unit. It was estimated that production could be increased in 1978 by 50% due to spare capacity. Rates for Materials and Direct Wages will increase by 10%.

You are required to prepare :—

(a) cost sheet for the year 1977 showing various elements of cost per unit ; and (b) estimated cost and profit for 1978.

Assuming that 15,000 units will be produced and sold during the year and factory overheads will be recovered as a percentage of Direct Wages and Office and Selling expenses as a percentage of works cost.

Ans. [(a) Prime cost Rs. 1,50,000 ; Works cost 1,95,000; Cost of Production Rs. 2,28,500 ; Cost of sales Rs. 2,34,000 ; Profit 82,000, (b) Factory overheads 75% of Direct wages (Rs. 74,250) ; Office and Selling Expenses 20% of works cost i.e Rs 64,350 and estimated profit for 1978 is Rs. 78,900.]

2.29 A factory uses job costing. The following cost data is obtained from its books for the year ended 31st December, 1977—

Direct Materials Rs. 90,000 ; Direct Wages Rs. 75,000 ; Profit Rs. 60,900 ; Selling and distribution overheads Rs. 52,500 ; Administrative Overheads 42,000 and Factory Overheads Rs. 45,000.

(a) Prepare a Job Cost Sheet indicating Prime Cost, Works Cost, Production cost, cost of sale and the sales value.

(b) In 1978, the factory receives an order for a number of jobs. It is estimated that direct materials required will be Rs. 1,20,000 and direct labour will cost Rs. 75,000. What should be the price for these jobs if the factory intends to earn the same rate of profit on sales assuming that selling and distribution overheads has gone up by 15% ? The factory recovers factory overheads as a percentage of direct wages and administration and selling and distribution overheads as a percentage of works cost, based on cost rates prevailing on the previous year.

Ans. [(a) Prime Cost Rs 1,65,000 ; Works Cost Rs. 2,10,000 ; Production Cost Rs 2,52,000 ; Cost of Sales Rs, 3,04,500 and Sales Value Rs. 3.65,400. (b) Price Rs 4,28,400].

2.30. Following are the particulars for the production of 850 waterproofs of K waterproofs Manufacturers Ltd., for the year ending 31st March, 1977 :—

Cost of Materials Rs. 32,000 ; Direct wages Rs. 48,000 ; Manufacturing charges Rs 20.000 ; Office Salaries Rs. 24,000 ; Rent and Taxes Rs. 4,000 ; Selling Expenses Rs 8,000 , General Expenses Rs. 12,000 ; and Sales Rs 1,60,000.

Following estimates were made by the costing department of the company for the year ending 31st March, 1978 :

(a) The output and sales will be of 1,000 waterproofs. (b) The price of materials will rise by 25% on the previous year's level. (c) Wages during the year will rise by $12\frac{1}{2}$%. (d) Manufacturing cost will rise in proportion to the combined cost of materials and wages. (e) Selling cost per unit will remain unchanged. (f) Other expenses will remain unaffected by the rise in output.

From the above information prepare cost statement showing the price at which the waterproofs would be marketed so as to show a profit of 12% on the selling price.

Ans. [Selling price Rs. 213.24.]

2.31. A manufacturer commenced production on 1st January, 1977 of a standardised article in two grades ; A and B. Both are produced from the same raw material and are sold to wholesalers at a uniform price—Grade A at Rs. 150 per dozen and Grade B at Rs. 240 per dozen.

Sale price are based on the following estimated figures :—

	Cost per article	
	Grade A	Grade B
	Rs.	Rs.
Direct Material cost	1.50	3.00
Direct wages	5.00	7.00
Production overhead	2 50	3.50
Works Cost	9.00	13.50
Selling and Distribution Overhead	0.90	1.35
	9.90	14.85

On making up accounts for the year ended 31st December, 1977, the following facts were ascertained :

	Grade A	Grade B
	Rs.	Rs
Cost of Materials used	15,000	20,000
Direct wages	38,250	76,500
Production overhead (Total)	Rs. 68,250	
Selling and Distribution overheads (Total)	Rs. 32,700	

During the year sales amounted to Rs. 1,05,000 in respect of grade A articles and Rs. 1,80,000 in respect of grade B articles, and stocks, on hand on 31st December, 1977, valued at works cost as per his costing, were : Rs. 5,400 of Grade A and Rs. 13,500 of Grade B.

From the information given above, you are required to prepare a statement of revised costings showing the cost per article sold during 1977.

Ans. [Cost per article sold ; A—Rs, 9.71 ; B—Rs. 16.33.]

Hint.—Absorb production overheads in proportion to direct wages (1 : 2) and selling and distribution overhead in proportion to work cost (76 : 142). Number of units produced are units sold+closing stock i.e. for A 9,000 units and for B 10,000 units. Total cost of production Rs 87,400 (A) and Rs. 1,63,300 (B).

3 फैक्ट्री विन्यास एवं सामग्री नियन्त्रण

(Factory Layout and Material Control)

प्लांट विन्यास की परिभाषा (Definition of Plant Layout)—प्लॉट विन्यास से तात्पर्य मशीनों, प्रक्रियाओं एवं प्लांट सेवाओं के फैक्ट्री में ऐसे सुव्यवस्थित ढँग से विन्यास से है जिससे न्यूनतम सम्भव लागत पर अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सके। प्लांट विन्यास से तात्पर्य फैक्ट्री में जगह के वितरण तथा मशीनों, प्रक्रियाओं तथा प्लांट सेवाओं के लिए ऐसी व्यवस्था प्रदान करने से है जिससे कुल परिचालन लागत में कमी की जा सके। प्लांट विन्यास के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, वह सभी प्रक्रियाएँ जिनसे सामग्री हो कर गुजरती है, उनके कार्य का क्रम, एवं विभिन्न विभागों जो सामग्री के क्रय, प्राप्ति, प्रेषण, एवं निरीक्षण से सम्बन्धित हैं, की स्थिति एवं विन्यास आदि सभी बातें अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

प्लांट विन्यास का महत्व (Importance of Plant Layout)—विन्यास घटिया होने की स्थिति में सामग्री रखरखाव लागतों (Material handling costs) में वृद्धि, व्यर्थ मशीनें, अत्यधिक प्रक्रियारत सामग्री, अत्यधिक स्थान की आवश्यकता तथा कई अन्य हानियां होती है। श्रेष्ठ विन्यास से निम्नलिखित लाभ प्राप्त होते हैं :—

1. सामग्री रखरखाव लागतों में कमी आती है।
2. उत्पाद रखरखाव लागतों मे कमी होती है।
3. स्थान का श्रेष्ठतर उपयोग सम्भव हो जाता है।
4. उत्पादन विलम्ब (Production delays) न्यूनतम हो जाते है।
5. प्लांट व्यवस्था देखने में अधिक अच्छी लगती है।
6. श्रेष्ठ प्लांट विन्यास द्वारा कार्य के लिए सुरक्षित स्थान का प्रावधान किया जाता है जिसके फलस्वरूप दुर्घटनाओं में कमी आती है।

विन्यास के सिद्धान्त (Principles of Layout)—वी० एस० पांडीकर, उत्पादन अभियंता के अनुसार विन्यास का निर्धारण करते समय कुछ आधारभूत सिद्धान्तों का पालन करना आवश्यक होता है। श्रेष्ठ एवं योजनाबद्ध विन्यास के निम्नलिखित गुण होने चाहिएँ :

1. सामग्री को एक प्रक्रिया से दूसरी प्रक्रिया के लिए आगे की तरफ चलाना चाहिए अर्थात् सामग्री को वापिस भेजना या पीछे की तरफ लाने की आवश्यकता नही होनी चाहिए। दो क्रियाओं के मध्य सामग्री का आदान-प्रदान व रखरखाव न्यूनतम होना चाहिए।

2. समस्त उपलब्ध स्थान का अधिकतम सम्भव उपयोग किया जाना चाहिए।

3. व्यवस्था में कुछ सीमा तक लोच (flexibility) का समावेश किया जाना चाहिए ताकि पुनर्व्यवस्था में कम से कम लागत आये।

4. निर्माणाधीन कार्य (Work-in-Progress) के लिए स्थान का चयन एवं निर्धारण सावधानी से किया जाना चाहिए। यह स्थान आवश्यकतानुसार न्यूनतम ही रखा जाना चाहिए।

5. आवश्यक सुविधाओं व सेवाओं जैसे हवा, गैस, पानी, बिजली आदि के लिए भी स्थान का प्रबन्ध किया जाना चाहिए।

6. कर्मचारियों, आगन्तुकों एवं सामग्री के अबाध एवं निर्विरोध आवागमन के लिए आने-जाने का स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए।

7. कार्य की दशाओं—जैसे प्रकाश, रोशनदान एवं सुरक्षा आदि की भी सावधानीपूर्वक व्यवस्था की जानी चाहिए।

विन्यास सम्बन्धी योजना बनाते समय विभिन्न विभागों के लिए पारस्परिक स्थान का निर्धारण भी सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। सभी साधारण एवं बार-बार किये जाने वाले कार्यों के लिए ऐसे भवन का प्रयोग किया जाना चाहिए जो सभी विभागों की निकटतम पहुँच में हो।

यद्यपि प्लांट विन्यास के लिए सिद्धान्त सभी उद्योगों में समान रूप से ही प्रयोग होते हैं, फिर भी, वास्तव में इसके परिणाम उद्योग की प्रकृति, उत्पाद के प्रकार, उत्पादन की मात्रा तथा भवन के स्वरूप पर निर्भर करते हैं। उपरोक्त तत्वों की विभिन्नता के कारण विभिन्न उद्योगों में प्लांट विन्यास संबन्धी विभिन्न परिणाम प्राप्त होते है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि प्लांट विन्यास की योजना बनाते समय उपरोक्त सिद्धान्तों के अतिरिक्त उद्योग की प्रकृति, उत्पादन की प्रक्रिया, प्लांट का आकार, उत्पाद का प्रकार एवं भवन का आकार एवं स्वरूप आदि बातों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

सामग्री नियन्त्रण
(Material Control)

सामग्री लागत का सर्वप्रथम एवं सर्वाधिक महत्वपूर्ण भाग है। जैसा कि पिछले अध्याय में कहा जा चुका है, प्रत्यक्ष सामग्री वह सामग्री है जो उत्पादन का ही एक भाग बन जाती है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि प्रत्यक्ष सामग्री को आसानी से एवं सही रूप में लागत की किसी विशिष्ट इकाई में वितरित अथवा उससे सम्बन्धित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए एक जोड़ी जूते बनाने के लिए प्रयोग किये गये चमड़े की मात्रा अथवा एक मीटर कपड़े के लिए आवश्यक धागे की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है। यह प्रत्यक्ष सामग्री के ही

उदाहरण हैं। लेकिन अप्रत्यक्ष सामग्री को उत्पाद का ही भाग नहीं माना जा सकता क्योंकि इसे आसानी से तथा सही रूप में लागत की विशिष्ट इकाई में वितरित नहीं किया जा सकता है। अतः ऐसी सामग्री को प्रत्यक्ष सामग्री के रूप में लिया जाता है तथा इस लागत की गणना उपरिव्ययों में की जाती है। जूते बनाने में कीलें, सूट बनाने में बटन तथा धागा, मशीनों के रखरखाव में तेल आदि अप्रत्यक्ष सामग्री के उदाहरण हैं। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों सामग्रियों को भण्डार सामग्री मदों (store inventory items) के रूप में जाना जाता है लेकिन तैयार माल के स्टॉक को भण्डार मद (stores item) नही माना जाता है। प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सामग्री जिसे संग्रह करने के उद्देश्य से खरीदा जाता है, ताकि उन्हें विभिन्न कार्यो कार्य आदेशों अथवा विभागों को उनकी आवश्यकतानुसार निर्गमित किया जा सके, भण्डार (stores) कहा जाता है। लेकिन तैयार माल को स्टॉक (sock) कहा जाता है। इस अध्याय में हम केवल भण्डार (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सामग्री) का ही वर्णन करेंगे, तैयार माल का नहीं।

लगभग सभी उत्पादक इकाईयों में, कच्चे माल की लागत कुल उत्पादन लागत का एक महत्वपूर्ण एवं बड़ा भाग होती है, अतः सामग्री पर उचित नियन्त्रण रखना अनिवार्य हो जाता है। यह नियन्त्रण सामग्री के सम्बन्ध में आदेश जारी करने के समय से उनके उपभोग तक करना पड़ता है। सामग्री नियन्त्रण द्वारा सामग्री के क्षय को न्यूनतम करने में सहायता मिलती है जिससे उत्पादन लागत में महत्वपूर्ण कमी आ जाती है। कोई भी लागत पद्धति सामग्री पर उचित नियन्त्रण के बिना पूर्ण नहीं कही जा सकती।

लागत नियंत्रण का उद्देश्य सामग्री लागत को सभी प्रकार से नियंत्रित करने से है ताकि सामग्री पर होने वाला व्यय कम किया जा सके। अतः सामग्री नियंत्रण से अभिप्राय क्रय, भण्डार व सामग्री के उपयोग पर किये गये व्यवस्थित नियन्त्रण में है ताकि सामग्री की आवश्यकतानुसार एवं नियमित पूर्ति की जा सके तथा भण्डार में अत्यधिक विनियोग (excessive investment in stores) को रोका जा सके। इस प्रकार सामग्री नियन्त्रण के तीन पहलू (aspects) है।

(1) सामग्री का क्रय (Purchasing of Materials)

(2) सामग्री का संग्रहण (Storing of Materials)

(3) सामग्री का निर्गम (Issue of Materials)

सामग्री पर नियन्त्रण की आवश्यकता (Need for Control of Materials)

सामग्री नियन्त्रण के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :—

(1) **सामग्री की सुलभता** (Availability of Materials)—कारखाने में सभी प्रकार की सामग्री निरन्तर सुलभ होनी चाहिए ताकि उत्पादन अबाध गति से

जारी रहे व सामग्री की कमी के कारण रोकना न पड़े। इसलिए प्रत्येक सामग्री की न्यूनतम मात्रा निर्धारित कर दी जाती है ताकि उत्पादन में कोई रुकावट न आने पाए।

(2) **सामग्री में अत्यधिक विनियोग न हो** (No excessive Investment in materials)—सामग्री मे अत्यधिक विनियोग नहीं होना चाहिए। सामग्री में विनियोग के कारण अन्य कार्यो मे कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। अधिसग्रहण (overstocking) को प्रत्येक अवस्था मे रोका जाना चाहिए। इस प्रयोजन से सामग्री की प्रत्येक मद की अधिकतम मात्रा निर्धारित कर दी जानी चाहिए तथा सामग्री का स्टॉक उस मात्रा से अधिक नहीं होने देना चाहिए।

(3) **उचित मूल्य** (Reasonable Price)—सामग्री क्रय करते समय यह देखा जाना चाहिए कि उसका मूल्य उचित ही है। लेकिन कम कीमत प्राप्त करने के लिए घटिया किस्म की वस्तुयें क्रय नहीं की जानी चाहियें। सामग्री केवल आवश्यकता अनुसार एवं उचित किस्म की ही खरीदी जानी जाहिए।

(4) **न्यूनतम क्षय** (Minimum Wastage)—सामग्री का यथासम्भव न्यूनतम क्षय होने देना चाहिए। न केवल गोदामों में ही अपितु श्रमिक के पास उपयोग के लिए पड़ी सामग्री पर भी क्षय रोकने सम्बन्धी नियन्त्रण किया जाना चाहिए। क्षय (wastage) की एक निश्चित स्तर तक ही अनुमति प्रदान की जानी चाहिए। इस स्तर को सामान्य क्षय स्तर (normal level of wastage) कहते हैं। सामग्री की वरबादी तथा चोरी को भी रोका जाना चाहिए ताकि उत्पादन लागत पर नियन्त्रण रखा जा सके - स्टोरकीपर व श्रमिकों को सामग्री के वैज्ञानिक ढंग से उपयोग करने की जानकारी व प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि क्षयों को रोका जा सके।

(5) **सामग्री की बरबादी व अप्रचलन** (Spoilage and obsolescence of materials)—सामग्री को बरबादी एवं अप्रचलन से रोका जाना चाहिए। इस उद्देश्य से प्रत्येक सामग्री के लिए एक अधिकतम मात्रा निर्धारित कर दी जाती है तथा सामग्री निर्गमों के लिए उपयुक्त विधि अपनायी जाती है। पहले प्राप्त की गई सामग्री को पहले ही निर्गमित किया जाना चाहिए।

(6) समय-समय पर प्रबन्धकों को सामग्री की सुलभता क सम्बन्ध में जानकारी दी जानी चाहिए ताकि उत्पादन सम्बन्धी योजनायें बनाई जा सकें। यदि सामग्री नियन्त्रण की उपयुक्त विधि का प्रयोग किया गया है तो इस प्रकार की सूचना स्टोर कीपर (संग्रहालय अध्यक्ष) द्वारा दी जा सकती है।

सामग्री नियन्त्रण के आवश्यक तत्व
(Essentials of Material Control)

सामग्री नियन्त्रण के मुख्य आवश्यक तत्व निम्नलिखित हैं :—

1. सामग्री क्रय, प्राप्ति, निरीक्षण, भण्डारण एवं लेखाकर्म आदि विभागों में परस्पर उचित सम्बन्ध होना चाहिए ।

2. सामग्री क्रय का केन्द्रीयकरण कर दिया जाना चाहिए, अर्थात् सामग्री सम्बन्धी सभी प्रकार के क्रय एक क्रय विभाग द्वारा किये जाने चाहिएँ ताकि सभी विभागों द्वारा किये जाने वाले अनियमित सामग्री क्रयों को रोका जा सके तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी क्रय उचित कीमत पर किये जाएँ ।

3. सभी सामग्रियों की उचित अनुक्रमणिका (schedule of materials) बनाई जानी चाहिए ।

4. सामग्रियों के वर्गीकरण एवं कोड निर्धारण (codification) के लिए किसी श्रेष्ठ विधि का उपयोग किया जाना चाहिए ।

5. सामग्रियों को प्राप्ति विभाग द्वारा प्राप्त किए जाने पर उचित निरीक्षण किया जाना चाहिए ।

6. मांग पत्रों (Requisitions), आदेश पत्रों, निर्गम, एक उपकार्य से दूसरे उपकार्य के लिए हस्तांतरण तथा उपकार्य से भण्डारगृह को वापसी के लिए निर्धारित फार्मों को प्रयोग किया जाना चाहिए ।

7. सामग्री का भण्डारण सुव्यस्थित एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए ताकि चोरी, लापरवाही, क्षति, टूट फूट, कमी, भाप बनना (evaporation) आदि से होने वाली हानि को रोका जा सके ।

8. सामग्री के निर्गम की किसी श्रेष्ठ प्रणाली का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि विभिन्न उपकार्यों, कार्य आदेशों तथा प्रक्रियाओं को आवश्यकतानुसार उचित प्रकार की सामग्री उचित परिमाण एवं मात्रा में उचित समय पर निर्गमित की जाए ।

9. सामग्री के सम्बन्ध में निरन्तर गणना प्रणाली का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि सामग्री की नियमित गणना एवं निरीक्षण होता रहे एवं वर्ष के अन्त में स्टॉक लेते समय फैक्ट्री को बन्द न करना पड़े । इस पद्धति के अन्तर्गत स्टॉक की मात्रा एवं मूल्य की किसी भी समय गणना करना आसान हो जाता है ।

10. आन्तरिक जांच की पद्धति के उपयोग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सामग्री से सम्बन्धित सभी व्यवहारों को नियमित रूप से अधिकृत एवं निष्पक्ष व्यक्तियों द्वारा जांच की जा सके ।

12. प्रत्येक सामग्री के सम्बन्ध में न्यूनतम, अधिकतम एवं पुनः आदेश स्तरों का निर्धारण किया जाना चाहिए ताकि सामग्री की अधिकता अथवा कमी के खतरों से बचा जा सके।

12. प्रत्येक सामग्री के सम्बन्ध में आदेश मात्रा (ordering quantity) भी निर्धारित की जानी चाहिए ताकि आदेश देने सम्बन्धी लागतों तथा सामग्री संग्रहण लागतों को कम किया जा सके।

13. सामग्रीं निर्गम मूल्य निर्धारण सम्बन्धी किसी श्रेष्ठ पद्धति का चुनाव किया जाना चाहिए क्योंकि इसका उपकार्यों या प्रक्रियाओं की लागतों तथा सामग्री के अन्तिम स्टॉक के मूल्य पर प्रभाव पड़ता है।

14. उत्पादन के दौरान सामग्री नियन्त्रण सम्बन्धी समुचित प्रलेख (Records) रखे जाने चाहिए ताकि न्यूनतम सम्भव क्षय को सुनिश्चित किया जा सके।

15. प्रबन्धकों को सामग्री की उपलब्धि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि उत्पादन संबंधी योजनाएं बनाते समय प्रबंधकों को समय-समय पर पुरानी एवं क्षतिग्रस्त (Defective) सामग्री की मात्रा की भी जानकारी दी जानी चाहिए ताकि ऐसे स्टॉक को तुरंत बेचने का प्रबंध किया जा सके।

प्रश्न (Questions)

1. प्लांट विन्यास से आप क्या समझते हैं ? प्लांट विन्यास के मूल सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

What do you mean by plant layout ? Describe the basic principles of plant layout.

2. 'सामग्री नियन्त्रण' से आप का क्या तात्पर्य है ? सामग्री नियन्त्रण की श्रेष्ठ प्रणाली से क्या लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं ?

What do you understand by the term "Material Control" ? What advantages may be obtained from a good system of material control ?

3. 'सामग्री नियन्त्रण' का अर्थ एवं महत्व स्पष्ट कीजिए एवं सामग्री नियंत्रण की किसी उचित पद्धति की मुख्य आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।

Explain the meaning and importance of material control and mention the main requisites of an adequate system of material control.

4. सामग्री नियंत्रण की कार्यपद्धति की मुख्य आवश्यकताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

Enumerate the important requirements of a system of material control.

5. सामान्यत: यह कहा जाता है कि सामग्री नियंत्रण की उचित प्रणाली के विकास से व्यापार की कार्यकुशलता पर अत्यधिक अनुकूल प्रभाव पड़ता है। इस तथ्य की विवेचना करते हुए नियन्त्रण सम्बन्धी उपायों के बारे में सुझाव दीजिए।

It is often suggested that the proper control of inventories can make a substential contribution to the efficiency of a business. Discuss this and suggest control measures which might be applied.

6. सामग्री नियंत्रण के क्या मुख्य उद्देश्य हैं ? नियंत्रण सम्बन्धी उन उपायों का वर्णन कीजिए जो अपनाये जाते हैं।

What are the primary objects of material control? Explain briefly the different techniques of control that are in use. *(B. Com., Andhra, 1977)*

7. सामग्री नियन्त्रण सम्बन्धी प्रत्येक पद्धति के लिए मुख्य आवश्यकताएँ क्या है ?

What are the important requirements of every system of material control.

8. आपके विचार में सामग्री नियन्त्रण सम्बन्धी प्रधान आवश्यकताएँ क्या हैं ?

What in your opinion are the major requirements of a system of material control ?

9. सामग्री नियन्त्रण से क्या अभिप्राय है इसे लागत लेखांकन पद्धति का महत्वपूर्ण भाग क्यों समझा जाता है ? संक्षेप में सामग्री नियन्त्रण पद्धति की मुख्य आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।

What is meant by Material Control ? Why is it considered an important part of Cost Accounting system ? State briefly the main requirements of material control scheme. *(B. Com. Guru Nanak Dev)*

4

सामग्री का क्रय

(Purchasing of Materials)

यदि व्यापारिक संस्थान का आकार बड़ा है अथवा जहाँ ऐसा किया जाना सम्भव है; सामग्री क्रय करने के लिए एक पृथक् क्रय विभाग होना चाहिए। सभी प्रकार की सामग्री को उचित परिमाण में मूल्य पर क्रय करने का दायित्व इस विभाग का ही होना चाहिए। इस विभाग के प्रधान को सामान्यत: 'क्रय प्रबन्धक' (purchasing manager) अथवा 'प्राप्ति प्रबन्धक' अथवा 'मुख्य क्रेता' (chief Buyer) कहा जाता है।

क्रय केन्द्रीयकरण (Centralised Purchasing)—क्रय प्रणाली का केन्द्रीयकरण किया जाना चाहिए अर्थात् सभी सामग्रियों का क्रय 'क्रय विभाग' द्वारा ही किया जाना चाहिए। क्रय केन्द्रीयकरण (Purchasing Centralisation) के निम्नलिखित **लाभ** होते हैं।

(1) अधिक परिमाण में क्रय करने के कारण विक्रेताओं से अनुकूल शर्तें (favourable terms) प्राप्त की जा सकती हैं!

(2) उपरोक्त कारणों से ही व्यापारिक कटौती तथा यातायात व्यय में बचत भी प्राप्त की जा सकती हैं।

(3) क्रय विभाग में सामग्री का क्रय करने के लिए निपुण व्यक्तियों को लगाया जा सकता है एवं इन व्यक्तियों की विशेषज्ञता, जानकारी एवं कुशलता का पूरा लाभ उठाया जा सकता है।

(4) क्रय कन्द्रीयकरण से क्रय पर श्रेष्ठ नियन्त्रण सम्भव हो पाता है। विकेन्द्रित क्रय (Decentralised purchases) की दशा में कई कर्मचारियों द्वारा सामग्री के अनावश्यक क्रय की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

(5) क्रयों से सम्बन्धित सभी अभिलेखों का एक ही स्थान पर रखा जाना आवश्यक हैं ताकि क्रय अधिकारी उन पर प्रत्यक्ष नियंत्रण रख सके। इससे समय तथा श्रम की भी बचत होती है।

(6) केन्द्रित क्रय विभाग से विक्रेता को भी सुविधा रहती है क्योंकि उसे एक ही विभाग तथा सामान्यत: एक ही अधिकारी से सम्पर्क करना पड़ता है जबकि विकेन्द्रित क्रयों में कई अधिकारियों से सम्पर्क करने की आवश्यकता होती है।

केन्द्रित क्रय प्रणाली के निम्नलिखित **दोष** भी हैं :—

(1) केन्द्रित क्रय प्रणाली से विभिन्न विभागों को सामग्री प्राप्त करने में देरी व कठिनाई हो सकती है क्योंकि इस पद्धति के अन्तर्गत सभी विभागों को अपनी आवश्यकतायें क्रय विभाग के पास भेजनी पड़ती हैं जिसके पश्चात् क्रय विभाग उन

सामग्रियों के क्रय हेतु आदेश जारी करता है, उन्हें प्राप्त करता है व फिर उन्हें विभिन्न विभागों को प्रेषित करता है।

(2) यदि विभिन्न शाखायें (Branches) या विभाग काफी दूरी पर स्थित हैं तो वह स्थानीय क्रय का लाभ नहीं उठा सकते हैं।

(3) शाखा एवं क्रय विभाग में वस्तु की किस्म के सम्बन्ध में गलतफहमी पैदा हो सकती है जिसके परिणामस्वरूप गलत सामग्री क्रय की जा सकती है।

(4) सामग्री के क्रय के लिए एक विशेष क्रय विभाग की स्थापना पर होने वाला व्यय प्रारम्भिक लागत में वृद्धि कर सकता है।

(5) क्रय एवं सामग्री सम्बन्धी अभिलेख एवं खाते रखने पर व्यर्थ का व्यय करना पड़ता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि किसी ऐसे संस्थान, जिसकी अनेक शाखाए है व वह परस्पर दूरी पर स्थित हैं, जो विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन करता है तथा जिन उत्पादनों के लिए कई प्रकार की सामग्री की आवश्यकता होती है, के लिए विकेंद्रित क्रय पद्धति ही अधिक उपयुक्त होगी ताकि स्थानीय बाजारों से समय पर एवं आवश्यकतानुसार सामग्री का क्रय किया जा सके तथा आवश्यक रूप से केंद्रित क्रय विभाग पर किए गए खर्चों को बचाया जा सके। लेकिन यदि विभिन्न शाखाओं को एक ही प्रकार की सामग्री की आवश्यकता पड़ती है तो केंद्रित क्रय पद्धति अधिक उपयुक्त होगी।

क्रय विभाग के कार्य (Functions of a Purchasing Department) क्रय विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं :—

(1) उचित परिमाण में वस्तुओं का क्रय।
(2) ,, किस्म व गुण की वस्तुओं का क्रय।
(3) ,, समय पर वस्तुओं का क्रय।
(4) ,, कीमत पर वस्तुओं का क्रय।
(5) ,, स्थान पर वस्तुओं का क्रय।
(6) ,, स्रोत से वस्तुओं का क्रय।[1]

क्रय प्रक्रिया (Purchase Procedurc)—इन सभी कार्यों के प्रभावशाली निष्पादन हेतु क्रय विभाग द्वारा क्रय सम्बन्धी निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायी जाती है।

(i) क्रय मांग पत्र प्राप्त करना (Receiving purchase requisitions)

---

1. Functions of Purchase Department include purchasing goods (1) in right quantity (2) of right quality (3) at right time (4) at right price (5) at right place and (6) from right source.

(ii) पूर्ति के स्रोतों को खोजना तथा विक्रेता का चुनाव (Exploring the sources of supply and choosing the supplier)

(iii) क्रय आदेश पत्रों को तैयार करना व उनका निष्पादन (Preparation and execution of purchase orders)

(ix) सामग्री प्राप्त करना (Receiving materials)

(v) सामग्री का निरीक्षण व जांच (Inspecting and testing materials)

(vi) बिलों की जांच व भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान करना (Checking and passing bills for payment)

क्रय मांग पत्र या सामग्री का बीजक (Purchase Requisition or Indent for Materials)—संस्थान में किन वस्तुओं अथवा सामग्रियों की आवश्यकता है, इसकी क्रय अधिकारी को क्रय मांग पत्र से ही जानकारी मिलती है। क्रय माँग पत्र सामग्री क्रय सम्बन्धी एक ऐसा प्रार्थना प्रपत्र है जो क्रय विभाग को भेजा जाता है यह प्रपत्र संग्रहालय अध्यक्ष (स्टोरकीपर) अथवा विभाग अध्यक्ष द्वारा तैयार किया जाता है। इस मांग पत्र को किसी अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। यह अधिकारी कारखाने का प्रबन्धक (works manager) या प्लांट सुपरिन्टेन्डेन्ट (plant suprintendent) हो सकता है। इसके अतिरिक्त इस पर इसके तैयार करने वाले के भी हस्ताक्षर होते हैं।

क्रय मांग पत्र की साधारणतः तीन प्रतियाँ बनाई जाती हैं। यह तीनों प्रतियाँ अलग ढंग के कागजों पर छपे प्रपत्रों के रूप में होती हैं। इसकी मूल प्रति क्रय विभाग को भेज दी जाती है, दूसरी प्रति संग्रहालय अध्यक्ष (स्टोरकीपर) द्वारा अथवा विभाग द्वारा अपने पास रख ली जाती है तथा तीसरी प्रति अधिकृत अधिकारी को भेज दी जाती है।

नियमित रूप से मंगाई जाने वाली सामग्री के लिए स्टोरकीपर द्वारा तैयार किये गये मांग पत्र को 'नियमित क्रय माँग पत्र' कहते हैं जबकि विशेष सामग्री के लिए तैयार किये गये माँग पत्र का 'विशेष' अथवा प्रासंगिक क्रय माँग पत्र' (occasional purchase requisition) कहते हैं। नियमित क्रय माँग पत्र तब तैयार किए जाते हैं जब सामग्री की मात्रा आदेश स्तर (Ordering level) तक अर्थात् उस स्तर तक पहुँच जाती है जहाँ उसके क्रय सम्बन्धी आदेश पत्र प्रेषित कर दिये जाने चाहियें। ऐसा करने का उद्देश्य सामग्री का उचित परिमाण में स्टॉक बनाये रखने व उसकी विभागों तथा कार्यों के लिए निरन्तर अबाध व बिना रोकटोक सप्लाई बनाये रखना होता है। क्रय माँग पत्र का नमूना पृष्ठ 96 पर दिया गया है।

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

क्रय मांग पत्र (Purchase Requisition)

संख्या........................सामान्य..................तिथि............

विशेष   सामग्री माँग पत्र की तिथि......

क्रमाँक	सामग्री का विवरण	सामग्री सहिता संख्या	मात्रा	अन्य विवरण

माँग पत्र प्रेषक............   स्वीकर्ता के हस्ताक्षर............

क्रय विभाग में प्रयोग के लिए

उद्धरण मूल्य सूचना तिथि............
विक्रेताओं के नाम 1. ....
2. ....
3. ....

अन्य कार्यवाही............   क्रय प्रबन्धक............

पूर्ति के स्रोतों की खोज व चुनाव :—क्रय माँग पत्र की प्राप्ति के पश्चात् क्रय विभाग को उन स्रोतों का पता लगाना चाहिए जहां से सामग्री क्रय की जा सकती है। इसके लिए सामान्यत: क्रय विभाग द्वारा पूर्तिकारों (Suppliers) के नाम व पतों की एक सूची तैयार की जाती है। इस उद्देश्य से पूर्तिकारों को निविदा जारी करके उनसे कीमतों के उद्धरण (Quotations) मंगाये जाते हैं। उद्धरणों की प्राप्ति पर इनकी एक तुलनात्मक सूची बनाई जाती है जिससे किसी एक पूर्तिकार का चुनाव करना आसान हो जाता है। पूर्तिकार का चुनाव करते हुए क्रय विभाग को निम्नलिखित बातों का ध्यान देना चाहिए (i) कीमत (ii) मात्रा, (iii) किस्म (iv)

सुपुर्दगी का समय (v) सुपुर्दगी का ढंग (vi) भुगतान की शर्ते (vii) पूर्तिकार की विश्वसनीयता एवं (viii) पूर्तिकार की वित्तीय सुदृढ़ता।

अन्य सभी बातों के समान होने पर क्रय आदेश उसी पूर्तिकार को दिया जाना चाहिए जो न्यूनतम कीमत पर सामग्री को नियत समय पर पहुँचाने के लिए

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

क्रय माँग पत्र संख्या············ टेन्डर सामग्री संख्या············

तिथि············

सेवा में

हिमालय कम्पनी लिमिटेड

श्रीमान् जी,

निम्नलिखित सामग्री के विक्रय सम्बन्धी अत्युत्तम शर्ते भेजने की कृपा करे। सामग्री की सुपुर्दगी ··· स्थान पर होनी चाहिए। टेण्डर सामग्री पत्रक 18 जुलाई 1978 को एक बजे दोपर तक प्राप्त किए जाएँगे और उसी दिन 3 बजे दोपहर खोले जायेगे। टेण्डर पत्रक की प्रथम प्रति इस कार्यालय को भर कर भेजी जानी चाहिए।

भवदीय

क्रय अधिकारी

(हस्ताक्षर)

क्रमाँक	सामग्री का विवरण	सामग्री की मात्रा	दर	सुपुर्दगी की शर्ते	अन्य शर्ते

सहमत हो। इस सम्बन्ध मे सारी आवश्यक सूचना व जानकारी उद्धरणो की सूची पुराने अभिलेखों, सूची पत्रों व अन्य पुस्तकों से प्राप्त की जा सकती है। संक्षेप में यह कहना आवश्यक है कि क्रय विभाग द्वारा सभी आवश्यक अभिलेखों को अपने

पास रखना चाहिए ताकि क्रय विभाग के सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य (सही परिणाम में तथा न्यूनतम दर पर उचित किस्म की सामग्री को सही समय एवं स्थान पर क्रय करना) को पूरा किया जा सके।

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

उद्दरत मूल्यों का तुलनात्मक विवरण

(Comparative Statement of Quotations)

टेण्डरपत्रक संख्या············ तिथि············

सामग्री का नाम··············

क्रमांक	विक्रेता का नाम	मात्रा	दर	सुपुर्दगी की शर्तें	अन्य शर्तें	अन्य विवरण

क्रय आदेश (Purchase Order)—पूर्तिकार के चुनाव के पश्चात्, क्रय विभाग द्वारा सामग्री की पूर्ति हेतु एक क्रय आदेश पत्र तैयार किया जाता है। आदेश पत्र द्वारा पूर्तिकार को सामग्री की पूर्ति करने का अधिकार दिया जाता है। यह क्रेता एवं पूर्तिकार के मध्य हुआ एक ऐसा अनुबन्ध है जो दोनों को ही आदेश पत्र की शर्तों के अन्तर्गत आबद्ध करता है। इसके अन्तर्गत पूर्तिकार क्रेता को सामग्री की पूर्ति के लिए बाध्य हो जाता है तथा क्रेता आदेश पत्र की शर्तों के अनुसार सामग्री की सुपुर्दगी लेने व भुगतान करने के लिए बाध्य हो जाता है। इसके अतिरिक्त आदेश पत्र एक ऐसा दस्तावेज भी है जो प्राप्ति विभाग (receiving department) को सामग्री प्राप्त करने का प्राधिकार प्रदान करता है तथा लेखा विभाग (accounts department) को पूर्तिकार को भुगतान करने के लिए विपत्र (Bill) स्वीकार करने का प्राधिकार प्रदान करता है।

क्रय आदेश पत्र की प्रतियों की संख्या संगठन के स्वरूप पर निर्भर करती है। सामान्यत: क्रय आदेश पत्रों की तीन से पाँच तक प्रतियाँ बनाई जाती हैं। यदि पाँच प्रतियां बनाई गई हैं तो उनका उपयोग निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

(क) मूल प्रति पूर्तिकार को भेजी जाती है।

(ख) दूसरी प्रति प्राप्ति विभाग को भेजी जाती है।

(ग) तीसरी प्रति उस व्यक्ति को भेजी जाती है जिसने क्रय माँग पत्र जारी किया था।

(घ) चोथी प्रति लेखा विभाग को भेजी जाती हैं।

(ङ) अन्तिम प्रति क्रय विभाग द्वारा भविष्य में उपयोग अथवा सूचना प्राप्ति के लिए रख ली जाती है।

क्रय आदेश पत्र का लमूना अगले पृष्ठ पर दिया गया है :—

सामग्री की प्राप्ति एवं निरीक्षण (Receiving and Inspecting Materials)—बड़े संस्थानों में एक पृथक् प्राप्ति विभाग द्वारा वस्तुयें प्राप्त की जाती हैं। लेकिन छोटे संस्थानों में सामग्री की प्राप्ति का कार्य भी संग्रहालय अध्यक्ष द्वारा निष्पादित किया जाता है। प्राप्ति विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते है :—

(1) पूर्तिकार द्वारा सुपुर्द अथवा प्रेषित की गई वस्तुओं को सुपुर्दगी चालान (delivery challans) के अन्तर्गत प्राप्त करना, उतारना व खोलना आदि। सुपुर्दगी चालानों पर प्राप्ति विभाग के लिपिक द्वारा हस्ताक्षर किये जाते हैं तथा चालान को वापस पूर्तिकार को सौप दिया जाता है ताकि पृतिकार उसे माल की सुपुर्दगी प्राप्त करने के साक्ष्य के रूप मे प्रयोग कर सके।

(2) प्राप्त सामग्री की मात्रा तथा भौतिक परिस्थितियों (physical conditions) की जाँच करना। इसके लिए क्रय आदेश-पत्र का सुपुर्दगी चालान से मिलान किया जाता है। सामग्री की मात्रा में कमी अथवा टूट-फूट के सम्बन्ध में पूर्तिकार को सूचित कर दिया जाता है।

(3) प्राप्त सामग्री की किस्म की जाँच। सामान्यत: यह कार्य विशेषज्ञों अथवा इन्जीनियरों द्वारा किया जाता है। इस जाँच का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि माल की किस्म क्रय आदेश-पत्र के अनुरूप ही है अथवा नहीं। कभी-कभी प्राप्त सामग्री की किस्म की जाँच एक पृथक् निरीक्षण विभाग (inspection deparimtnt) द्वारा की जाती है। सामग्री की किस्म (quality) की जाँच के पश्चात् निरीक्षण विभाग

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

क्रय आदेश-पत्र (Purchase Order)

संख्या............ तिथि............

क्रय मांग पत्र संख्या............

सेवा में,

(विक्रेता का नाम व पता)

आपका उद्धरण संख्या......... दिनांक.........स्वीकार कर लिया गया है। कृपया निम्नलिखित वस्तुयें इस पत्र मे लिखित शर्तों के अनुसार भेजने का कष्ट करें :—

क्रमांक	विवरण	मात्रा	दर	कुल राशि	सुपुर्दगी की तिथि	अन्य विवरण

बैंकिग निर्देश............

सुपुर्दगी का स्थान............

सुपुर्दगी का साधन............

भुगतान की शर्तें............

क्रय अधिकारी
(हस्ताक्षर)

कार्यालय के प्रयोग के लिए

सुपुर्दगी की तिथि............

चालान नं०............ बीजक संख्या............

तिथि............ तिथि............

द्वारा एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है जिसमें माल की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति एवं कारणों की चर्चा की जाती है। इसका नमूना नीचे दिया गया है।

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

सामग्री निरीक्षण प्रतिवेदन

(Materials Inspection Report)

संख्या............ सामग्री प्राप्ति पत्रक संख्या............

तिथि............ तिथि............

क्रय आदेश संख्या............ विक्रेता का नाम............

तिथि............

क्रमाँक	सामग्री का विवरण	संहिता संख्या	मात्रा			अस्वीकृति के कारण
			प्राप्त	स्वीकृत	अस्वीकृत	

विशेष विवरण...... .... निरीक्षक............

सामग्री का निरीक्षण हो जाने के पश्चात् माल प्राप्ति लिपिक (goods receiving clerk) द्वारा प्राप्त सामग्री का विस्तृत भण्डार अथवा माल प्राप्ति पत्रक (stores goods received note) में लिखा जाता है। इस पत्रक कीं चार प्रतियां बनाई जाती है तथा चारों प्रतियों को ही सामग्री के साथ स्टोरकीपर के पास भेजा जाता है। वह सामग्री की मात्रा की पुन: जाँच करता है तथा इसकी पत्रक में वर्णित मात्रा से तुलना करता है। स्टोरकीपर चारों प्रतियों पर हताक्षर करता है

तथा एक प्रति अपने अभिलेखों के लिए अपने पास रख लेता है तथा शेष तीन प्रतियाँ (i) क्रय विभाग (ii) लेखा विभाग तथा (iii) मांग-पत्र प्रेषक विभाग को भेज देता है ।

भण्डार अथवा माल प्राप्ति पत्रक का नमूना नीचे दिया जा रहा है ।

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड

सामग्री प्राप्ति पत्रक

(Goods Received Note)

विक्रेता का नाम············ संख्या············

क्रय आदेश संख्या············ तिथि············

क्रमांक	सामग्री का विवरण	कोड नं०	मात्रा	दर	रकम	अन्य विवरण

प्राप्तकर्ता············

भण्डारगृह अध्यक्ष············ निरीक्षक············

भण्डार खाता बही लिपिक········· लागत लेखा लिपिक·········

यहाँ यह बात ध्यान देने योग्य है कि दर (rate) एवं रकम (amount) के स्तम्भ (columns) लागत निर्धारण विभाग द्वारा भरे जाएँगे ।

विपत्रों की जांच व भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान करना (Checking & passing of bills for payment)—पूर्तिकार से बीजक प्राप्त करने के पश्चात् उसे भण्डार लेखांकन अनुभाग (stores accounting section) में भेजा जाता है जहाँ उसके सही होने की जाँच की जाती है बीजक में वर्णित सामग्री की मात्रा एवं दर का भण्डार प्राप्ति पत्रक (stores received note) एवं क्रय आदेश पत्र से मिलान किया जाता है। बीजक की गणित्तीय शुद्धता एवं सही होने की भी जांच की जाती है। सभी प्रकार से सत्यापित (Verified) बीजक को भण्डार लेखांकन अनुभाग द्वारा प्रमाणित किया जाता हे तथा बीजक को भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है।

प्रश्न Questions

1 सामग्री सम्बन्धी आदेश पत्र जारी करने से उसे विभिन्न कार्यो अथवा विभागों के लिए निर्गमित करने तक किन किन दस्तावेजों अथवा पत्रकों की आवश्यकता पड़ती है उनका वर्णन कीजिए जिनसे सामग्री की लागत पर प्रभावशाली नियन्त्रण किया जा सके।

From ordering of material to its issue to different shops, enumerate and explain the important documents and forms you will like to introduce as to ensure effective control of material costs. (*B. Com. Hons. Delhi 1971*)

2. सामग्री की प्राप्ति एवं निर्गम सम्बन्धी कार्य-विधि का वर्णन करते हुए आवश्यक पत्रकों की चर्चा कीजिए।

Outline an efficient routine system for the purchase and receipt of stores noting the important documents involved.

3. भण्डारगृह से सम्बन्धित निम्नलिखित दस्तावेजों का पूर्ण विवरण दीजिए (i) क्रय माग पत्र (ii) क्रय आदेश (iii) सामग्री प्राप्ति पत्रक (iv) सामग्री निरीक्षण प्रतिवेदन (v) सामग्री नाम पत्रक

Describe fully the following documents relating to stores. (*i*) Indent or Purchase Requisition; (*ii*) Purchase Order; (*iii*) Goods Received Note; (*iv*) Comparatative Statement of Quotations and (*v*) Material Inspection Report.

4. स्टोर कीपर एवं फोरमैन द्वारा माँगपत्र भेजे जाने संबंधी कार्य विधि का वर्णन कीजिए। जहाँ आवश्यक हो प्रपत्र बनाइये।

Describe the method of requisitioning stores both by a storekeeper as well as by the foreman. Give rulings where necessary.

5. क्रय आदेश पत्र किसे कहते है? क्रय आदेश पत्र की प्रतियाँ किस किस को भेजी जानी चाहिए आर क्यों? क्रय आदेश पत्र का नमूना बना कर उनमें रिक्त स्थान भरिये।

What is a purchase order? To whom should the copies of a purchase order be sent and why? Give a specimen form of purchase order, assuming the particulars to be filled in.

5 भण्डारगृह कार्यपद्धति

(Stores Routine)

भण्डार विभाग की दिनचर्या (Stores Routine)

क्रयों पर नियन्त्रण समान रूप से प्रभावशाली भण्डार नियंत्रण के अनुरूप ही होना चाहिए ताकि चोरी, लापरवाही, क्षति, टूट फूट आदि से होने वाली हानि को रोका जा सके। कुल पूँजी का एक महत्वपूर्ण भाग सामग्री में विनियोजित होता है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि भण्डार नियन्त्रण के लिए एक पृथक भण्डार विभाग हो। सामग्री नकदी के समान ही होती है एवं धन का प्रतिनिधित्व करती है। अतः एक कुशल पूर्णतया सुसज्जित भण्डार विभाग (Stores Department) का होना आवश्यक हो जाता है। कई बार ऐसा देखने में आता है कि बड़े संस्थानों मे भी जहां नकदी पर कठोर नियन्त्रण किया जाता है, सामग्री पर बिल्कुल ही या अधिक ध्यान नहीं दिया जाता।

भण्डार गृह का स्थान निर्धारण व विन्यास (Stores location and layout)—भण्डार विभाग का स्थान निर्धारण अत्यन्त सोच विचार के बाद एवं योजनानुसार करना चाहिए तथा यह किसी ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जो प्राप्ति विभाग के अत्यन्त निकट हो ताकि यातायात पर होने वाले व्ययों को बचाया जा सके। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि इस स्थान तक कारखाने के सभी विभागों की पहुंच आसान होनी चाहिए तथा यह स्थान सड़क, रेलवे स्टेशन आदि के समीप होना चाहिए ताकि माल लादने व उतारने में कम से कम व्यय करना पड़े। यह अत्यन्त आवश्यक है कि अधिक स्थान घेरने वाले अथवा भारी सामग्री को प्राप्ति विभाग के पास ही संग्रह किया जाना चाहिए ताकि श्रम तथा यातायात प्रभारों में बचत की जा सके। इस प्रकार भण्डारगृह योजना के अनुसार निर्धारित किए गए स्थान से सामग्री को विभिन्न विभागों में लाने ले जाने में समय की बचत होती है तथा अनावश्क देवी नही होती है।

सामग्री विभाग का विन्यास करते समय अत्यन्त सावधानी रखनी चाहिए। भण्डारगृह को रैकों तथा रैकों को पुनः छोटे-2 स्थानों मे विभाजित कर देना चाहिए। इन स्थानों को बिन कहा जाता है। एक प्रकार की सामग्री के लिए सामान्यतः एक (Bin) निर्धारित कर दिया जाता है। यह आवश्यक नहीं है कि बिन रैंक पर ही कोई स्थान हो लेकिन इससे तात्पर्य किसी ऐसे स्थान मे होता है जहाँ सामग्री रखी जाती है। सभी बिन पर क्रमाँक लगाए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए भारी तथा अधिक स्थान घेरने वाली सामग्री के लिए एक बड़ा हाल या कमरा ही बिन माना जा सकता है।

टूट-फूट, छीजन अथवा प्राकृतिक कारणों से कम हो जाने वाले भण्डार के संग्रहण के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। भण्डार विभाग की इमारत का निर्माण उचित रूप से किया जाना चाहिए ताकि टूट फूट अथवा क्षय से होने वाली हानि को न्यूनतम किया जा सके। इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि एक विभाग में काम आने वाली सभी सामग्रियों को एक ही स्थान पर संग्रहित किया जाए।

वर्गीकरण एवं संहिताकरण (Classification & Codification) संग्रहण की श्रेष्ठ पद्धति के लिए भण्डार की गई सामग्रियों का वर्गीकरण एवं संहिताकरण आवश्यक है। संग्रहीत सामग्री का उसकी प्रकृति अथवा उपयोग के आधार पर वर्गीकरण किया जाता है। प्रकृति के आधार पर सामग्री का वर्गीकरण अधिक प्रचलित है। उदहारणतया सामग्री का वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता है; निर्माण सामग्री, उपभोग्य सामग्री, फालतू पुर्जे, मशीन का तेल आदि। सामग्री को विभिन्न वर्गों में विभाजित करने के पश्चात् उनका वर्णानुसार (alphabatically) अथवा क्रमानुसार (numerically) संहिताकरण कर दिया जाता है। संहिताकरण करते हुए सामग्री की सभी मदों के लिए पृथक पृथक अंक (Number) निश्चित किए जाते है : इन अंकों को संहिता अंक (code numbers) भी कहते हैं। संहिताकरण की दशमलव पद्धति का भी उपयोग किया जाता है। संहिताकरण की इस पद्धति के अनुसार पूर्ण अंक (whole numbers) सामग्री के समूह (group) को प्रकट करते हैं, जबकि दशमलव अंक इस समूह की विभिन्न मदों को प्रकट करते हैं।

उदाहरण के लिए यदि किसी भण्डार गृह में सामग्री की 1500 मदों को 20 समूहों में विभाजित किया गया हैं तो प्रत्येक समूह में दो अंक होंगे। इसके उपरान्त, व्यक्तिगत मदों के लिए पृथक अंक निर्धारित किए जाएंगे जो किस्म अथवा गुण के आधार पर भी पृथक पृथक होंगे। अत: यदि उपभोग्य सामग्री के समूह का संहिता अंक 12 है, रूई का 23 एवं लोगढ (waste cotton) का अंक पाँच है तो संहिता अंक 12·35·5 होगा। इस संहिता अंक मे दशमलव के बाई ओर के अंक सामग्री के समूह को प्रकट करेंगे तथा दाई ओर के अंक सामग्री की किस्म को प्रकट करेंगे। वीच के अंक सामग्री को प्रकट करेंगे।

वर्गीकरण व संहिताकरण के निम्नलिखित लाभ हैं—

(1) इससे सामग्री नियंत्रण में सहायता मिलती हैं।

(2) इससे प्रत्येक प्रकार की सामग्री को एक संहिता अंक दे दिया जाता है जिससे सामग्री को उसके विवरण की अपेक्षा संक्षिप्त रूप में लिखा जा सकता है।

3. संहिता पद्धति द्वारा मशीनी लेखाँकन (mechenised accounting) में भी सहायता मिलती है।

(4) विवरण की गुप्तता बनी रहती है क्योंकि भण्डार की मदों को संक्षिप्त रूप में लिखा जाता है उनका पूर्ण विवरण नही दिया जाता है।

भण्डारगृहों के प्रकार (Type of stores)—
भण्डारगृह मुख्यत: तीन प्रकार के होते है :—

1. केन्द्रीय भण्डार गृह (Centralised Stores)
2. विकेन्द्रित भण्डार गृह (Decentralised Stores)
3, उपभण्डारगृहों सहित केन्द्रीय भण्डारगृह (Central Stores with Sub-Store)

केन्द्रीय भण्डारगृह—केन्द्रीय भण्डारगृहों की स्थिति में, सामग्री संग्रहण विभाग द्वारा ही प्राप्त एवं निर्गमित की जाती है। सारी सामग्री एक ही केन्द्रीय भण्डारगृह में रखी जाती है। संग्रहण की इस पद्धति के निम्नलिखित लाभ तथा हानियां हैं —

लाभ (Advantages) :

(1) सारी सामग्रियों को एक ही विभाग मे संग्रह किया जाता है, इसलिए उन पर श्रेष्ठ नियन्त्रण किया जा सकता है।

(2) भण्डारगृह का श्रेष्ठ विन्यास संभव हो सकता है।

(3) संग्रहण के लिए अपेक्षाकृत कम स्थान की आवश्यकता पड़ती है।

(4) स्टांक में विनियोग को न्यूनतम स्तर पर रखा जा सकता है।

(5) प्रशासन, अभिलेख व स्टेशनरी आदि पर होने वाले व्ययों में बचत हो सकती है।

(6) कर्मचारियों पर होने वाले व्ययों में कमी हो जाती है तथा केन्द्रित होने के कारण तकनीकी कुशलता का विकास किया जा सकता है।

(7) सामग्री एवं उस पर किये गये विनियोग की गणना आसानी से की जा सकती है।

हानियाँ (Disadvantages) :

(1) सभी विभागों को सामग्री की पूर्ति एक ही केन्द्रीय भण्डारगृह द्वारा की जाती है जिससे यातायात व्ययों में वृद्धि हो जाती है।

(2) केन्द्रीय भण्डारगृह से दूरी पर स्थित भागों के लिए अपनी आवश्यकता की सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई एवं देरी हो सकती है।

(3) आग आदि के कारण अधिक हानि होने का जोखिम रहता है।

(4) यदि यातायात ठप्प हो जाये तो सभी विभागों में उत्पादन बन्द हो सकता है।

विकेन्द्रित भण्डार (Decentralised Stores)— इस पद्धति के अनुसार विभिन्न विभागों में पृथक पृथक भण्डारगृह बनाए जाते है। प्रत्येक विभाग अपनी आवश्यकता की सामग्री अपने ही विभाग के भण्डारगृह से प्राप्त करता है। इससे समय, श्रम तथा यातायात व्यय में बचत हो जाती है। केन्द्रीय भण्डारगृह की हानियों को इस पद्धति द्वारा समाप्त किया जा सकता है।

उपभण्डारगृहों सहित केन्द्रीय भण्डारगृह (Central Stores with sub-stores)—बड़े उद्योगों अथवा संस्थानों में विभिन्न विभाग एक दूसरे से तथा केन्द्रीय भण्डारगृह से दूरी पर स्थित होते है। ऐसी अवस्था में यातायात तथा सामग्री के लाने लेजाने में होने वाले व्यय को कम करने के उद्देश्य से उत्पादन विभाग के समीप ही उपभण्डारगृह भी बनाये जाते है। उपभण्डारगृह केन्द्रीय भण्डारगृहों के अतिरिक्त बनाये जाते है। उपभण्डारगृह में उत्पादन विभाग की आवश्यकता की सामग्री की कुछ निश्चित मात्रा रखी जाती है जिसके समाप्त होने पर उसे केन्द्रीय भण्डारगृह से मंगवा लिया जाता है। लेकिन इस पद्धति से व्यय बढ़ जाता है क्योंकि एक ही सामग्री को कई स्थानों पर संग्रहित किया जाता है।

स्टोरकीपर (Storekeeper)—सभी उत्पादन संस्थाओं द्वारा भण्डारगृह पर सुचारु रूप से नियन्त्रण करने के लिए एक ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति की जाती है जिसे स्टोरकीपर, मुख्यस्टोरकीपर अथवा स्टोर सुपरिन्टेन्डेण्ट कहते है। स्टोरकीपर को भण्डारगृह की दिनचर्या की तकनीकी जानकारी होनी चाहिए ताकि वह भण्डार-गृह का कार्य सही ढंग से चला सके। स्टोरकीपर विश्वास योग्य एवं कुशल व्यक्ति होना चाहिए। उसके कर्त्तव्य एवं दायित्व निम्नलिखित होते है :—

(1) सामग्री को सही रूप प्राप्त करना अर्थात् यह सुनिश्चित करना कि प्राप्त सामग्री किसी आदेश-पत्र, क्रय माँग पत्र, निरीक्षण पत्र (Inspection Note) आदि के अन्तर्गत ही प्राप्त हुई है।

(2) सभी प्राप्तियों को नियमित रूप से बिन कार्ड में प्रविष्टि करना।

(3) सामग्री की प्रत्येक मद को अपने लिए निश्चित किये गये बिन में रखना। श्रेष्ठ संग्रहण कला का यह सिद्धान्त है कि—"प्रत्येक वस्तु के लिए एक जगह तथा प्रत्येक वस्तु अपनी जगह पर होनी चाहिए।[1]

(4) सामग्री को नियमित एवं सही ढंग से रखना ताकि उसे लाने ले जाने तथा व्यक्तिगत रूप से भौतिक निरीक्षण करने में तथा संग्रह के दौरान होने वाले हानि को कम करने में सहायता मिल सके।

(5) सामग्री के निर्गमों के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित करना कि उनके लिए

1. A place for everything and everything in its place.

अधिकृत मांग पत्र प्रस्तुत किये गये है तथा यह देखना कि निर्गमित मात्रा के लिए बिन कार्ड में प्रविष्टि कर दी गई है।

(6) सामग्री के स्टाक के पुन: आदेश स्तर पर पहुँचने पर क्रय विभाग को माँग पत्र आदि भेजना।

(7) यह सुनिश्चित करना कि स्टाक अधिकतम स्तर से अधिक तथा न्यूनतम स्तर से कम न होने पाए।

(8) बिन कार्ड में वर्णित मात्रा की बिन में पड़ी सामग्री की वास्तविक मात्रा से तुलना करना।

(9) अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यो एवं दायित्वों के सम्बन्ध में निर्णय लेना।

(10) अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा भण्डारगृह में प्रवेश पर रोक लगाना।

सामग्री के लिए मांग पत्र जारी करना (Requisitioning for Stores)—जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, स्टोरकीपर का दायित्व है कि वह सामग्री के समाप्त होने से पहले ही उसकी पूर्ति का प्रबन्ध कर ले ताकि उत्पादन में किसी भी तरह की रुकावट न आने पाए। इस कार्य के लिए प्राय: स्टोरकीपर सामग्री के स्टॉक की अधिकतम व न्यूनतम मात्रा निर्धारित कर लेते हैं तथा उसी के अनुसार ही आवश्यकता पड़ने पर क्रय मांग पत्र आदि क्रय विभाग को भेजते रहते है।

अधिकतम स्तर (Maximum level)—यह वह अधिकतम मात्रा है जिससे अधिक मात्रा स्टॉक में रखने की अनुमति नहीं दी जाती है। यह मात्रा निर्धारित करते समय अधिक स्टॉक से होने वाली हानियों को ध्यान में रखा जाता है।

अधिक स्टॉक से होने वाली हानियाँ निम्नलिखित है :—

1. भण्डार मे पूँजी अनावश्यक रूप से लगी रहने पर ब्याज की हानि होती है।

2. अधिक स्टॉक के लिए अधिक बड़े गोदाम की आवश्यकता होती है जिस पर अधिक किराया देना पड़ता है।

3. टूट-फूट, पुराना पड़ने या छीजन आदि के कारण अधिक हानि होने का भय बना रहता है।

4. बाजार मूल्यों में गिरावट आने से भी हानि उठानी पड़ सकती है।

स्टॉक की अधिकतम मात्रा निर्धारित करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाता है।

1. भण्डारगृह में लगाने के लिए प्राप्त पूँजी की मात्रा।

2. गोदाम अथवा भण्डारगृह में स्थान की उपलब्धि।

3. सामग्री के उपभोग की दर ।

4. वस्तुओं के क्रय के लिए आदेश-पत्र जारी करने से वस्तुयें प्राप्त करने तक की समयावधि ।

6. भण्डारगृह की व्यवस्था में होने वाला व्यय ।

7. मूल्यों मे सम्भावित परिर्वतन । उदाहरण के लिए यदि निकट भविष्य में मूल्यों मे अत्यधिक वृद्धि होने की सम्भावना हो तो अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में सामग्री क्रय की जा सकती है। इसी प्रकार यदि मूल्यों में गिरावट आने की सम्भावना हो तो स्टॉक न्यूनतम स्तर पर रखना लाभप्रद होगा ।

8. सामग्री की पूर्ति सम्बन्धी व्यवस्था : कुछ प्रकार की सामग्री वर्ष की कुछ विशेप अवधियों के दौरान ही उपलब्ध होती है । ऐसी सामग्री का अधिक मात्रा में संग्रह करना आवश्यक हो जाता है ।

9. सामग्री आदि के स्टॉक पर सरकारी या स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगाये गये प्रतिबन्ध ।

10. फैशन अथवा आदतों पर निर्भर उत्पादों की सामग्री की मात्रा निर्धारित करते समय विशेष सावधानी रखनी चाहिए ।

न्यूनतम स्तर (सुरक्षात्मक अथवा बफर स्टॉक) (Minimum Level, Safety or Buffer Stock Level)—यह स्टॉक की वह मात्रा है जिससे कम स्टॉक रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए । इस स्तर निर्धारण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्टॉक न होने के कारण उत्पादन बन्द न करना पड़े । न्यूनतम स्तर सामान्यत: सभी सामग्रियों के लिए निर्धारित किया जाता है तथा इसे निर्धारित करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखा जाता हैं ।

1. नई सामग्री प्राप्त करने में लगने वाला समय ।

2. उपरोक्त समय में सामग्री की उपभोग दर ।

उदाहरण के लिए यदि सामग्री की किसी एक मद की उपभोग दर 200 इकाईयाँ प्रति सप्ताह (units per week) है तथा सामग्री के क्रय आदेश जारी करने से सामग्री प्राप्त करने में 4 सप्ताह का समय लगता है तो न्यूनतम स्तर 800 इकाईयाँ होगा । स्टॉक के इस स्तर पर पहुँचने से पूर्व ही आदेश-पत्र जारी कर दिया जाना चाहिए, अन्यथा 4 सप्ताहों में सामग्री समाप्त हो जाने से उत्पादन रोकना पड़ सकता है ।

पुनः आदेश स्तर (Re-order Lcvel)—यह वह स्तर हैं जहाँ स्टाक को पुन; क्रय करने के लिए स्टोरकीपर द्वारा क्रय विभाग को आदेश-पत्र जारी कर देना

चाहिए। यह अधिकतम तथा न्यूनतम स्तर के बीच की कोई मात्रा होती है। यह वह स्तर है जहाँ आदेश-पत्र जारी करने से सामग्री को प्राप्त करने तक के लिए उत्पादन के लिए पर्याप्त सामग्री रहती है ताकि उत्पादन मे किसी प्रकार की रुकावट न आने पाए।

जोखिम स्तर (Danger Level)—यह वह स्तर है जिस पर सामग्री की सामान्य निर्गमों को रोक दिया जाता है तथा केवल विशिष्ट निर्देशों पर ही सामग्री निर्गमित की जाती है। सामग्री के इस स्तर पर पहुँचने पर क्रय अधिकारी द्वारा सामग्री क्रय के लिए विशेष प्रबन्ध किये जाते है ताकि सामग्री की कमी के कारण उत्पादन न रोकना पड़े।

आदेश मात्रा (Ordering Quantity)—सामग्री की वह मात्रा जिसे खरीदने के लिए किसी एक समय पर आदेश दिया जाता है, आदेश मात्रा कहलाती है। इस मात्रा को सावधानी पूर्वक निश्चित किया जाना चाहिए। इसे निश्चित करते समय संग्रह करने की लागत में निम्नलिखित लागतों को सम्मिलित किया जाता है।

1. यातायात लागतें (Tranportation Costs)
2. बीमा लागत (Insurance Cost)
3. लिपिकीय लागत (Clerical Cost)
4. संग्रहण लागत (Storage Cost)
5. स्टॉक में विनियोग पर ब्याज की दर (Rate of Return on Investment in stock)
6. अप्रचलन का भय (Risk of obsolescence)
7. आदेश-पत्र जारी करने की लागत (Cost of placing an order)

आदेशित मात्रा ऐसी होनी चाहिए जो उपरोक्त लागतो को न्यूनतम रखने के लिए श्रेष्ठ हो। क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा व्यपारिक कटौती (trade discount) प्राप्त करने के लिए भी पर्याप्त होनी चाहिए। लेकिन यह ध्यान रखने योग्य बात है कि अधिक मात्रा में क्रय करने पर विनियोग पर ब्याज एवं बीमा लागत आदि व्यपारिक कटौती की मात्रा से अधिक नही होने चाहिए। यदि सामग्री का मूल्य स्थिर रहता है तो आदेशित मात्रा का निर्धारण निम्न विधि से किया जा सकता है—

$$Q = \sqrt{\frac{2\,C\,O}{I}}$$

जहाँ Q =आदेशित मात्रा ((Quantity to be ordered)

C =सामग्री के वार्षिक उपभोग की मात्रा (इकाईयों में)

(Consuption of the material Concerned in units during a year)

O=आदेश-पत्र जारी करने व सामग्री प्राप्त करने की लागत

(Cost of placing one order including the cost of receiving the goods)

I=ब्याज का भुगतान जिसमें एक इकाई पर वर्ष भर में होने वाली परिवर्ती लागत भी सम्मिलित है।

(Interest payment including variable cost of storing per unit per year.)

उदाहरण के लिए 'X' सामग्री की लागत 50 रु० है तथा वार्षिक उपभोग 20,000 इकाईयां हैं, एक आदेश पत्र जारी करने तथा वस्तुएँ प्राप्त करने की लागत 20 रु० है तथा ब्याज का भुगतान (संग्रहण की परिवर्ती लागत सहित) 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से किया जाता है तो आदेश के अनुकूलतम मात्रा (Optimum quantity) इस प्रकार होगी—

$$Q=\sqrt{\frac{2\ C\ O}{I}}=\sqrt{\frac{2\times20{,}000\times20}{5}}$$

400 इकाईयाँ।

अत: यह स्पष्ट है कि आदेशित मात्रा का निर्धारण आदेश पत्र भेजने संबंधी लागतों (ordering costs) एवं भंडार लागतों (Carrying costs) को ध्यान में रखकर निर्धारित की जाती है। इन दोनों प्रकार की लागतों के मेलजोल (Interaction) से आदेशित मात्रा को उस स्तर पर निर्धारित किया जाता है जहां आदेश पत्र भेजने संबंधी लागतें भंडारण लागतों के बराबर होती है। यह नीचे दिये गए उदाहरण से स्पष्ट किया गया है।

Illustration 5·1. Find out the economic ordering quantity (*E.O.Q.*) from the following particulars and also show a graph identifying economic ordering quantity.

Annual usage : 6,000 units.
Cost of materials per unit : Rs. 20
Cost of placing and receiving one order : Rs. 60
Annual carrying cost of one unit : 10% of inventory value.

Solution

The formula for the calculation of the economic ordering quantity is :

$$E.O.Q.=\sqrt{\frac{2CO}{I}}$$

Where C=Annual usage of material *i e.* 6,000 units.

O=Cost of placingg one order *i,e.* Rs. 60

I=Annual carrying cost of one unit *i.e.* Rs. $\frac{20\times 10}{100}$ =Rs. 2

$$E.O.Q.=\sqrt{\frac{2\times 6,000\times 60}{2}}=\sqrt{3,60,000}=600 \text{ units.}$$

मितव्ययी आदेशित मात्रा निम्नलिखित तालिका द्वारा दिखाई गई है :

Annual Average (1)	Orders/per year (2)	Units per order (1)÷(2) (3)	Value per order @ Rs. 20 per unit (3)×Rs. 20 (4)	Average Inventory value (4)÷2 (5)	Carrying Cost 10% of (5) (6)	Order placing Cost @ Rs. 60 per order (7)	Total Amount Cost (6)+(7) (8)
			Rs.	Rs	Rs.	Rs.	Rs.
6,000 units	1	6,000	1,20,000	60,000	6,000	60	6,060
	2	3,000	60,000	30,000	3 000	120	3,120
	3	2,000	40 000	20,400	2,000	180	2 180
	4	1,500	30,000	15,000	1,500	240	1,740
	5	1,200	24,000	12,000	1,200	300	1,500
	6	1,000	20,000	10,000	1,000	360	1,S60
	7	857	17,140	8,570	857	420	1,277
	8	750	15,000	7,500	750	480	1,230
	9	667	13,340	6,650	667	540	1,207
	10	600	12,000	6,000	600	600	1,200
	11	545	10,000	5,450	545	660	1,205
	12	500	10,000	5,000	500	720	1,220
	13	462	9,240	4,620	462	780	1,252
	14	429	8,580	4,290	429	840	1,269
	15	400	8,000	4,000	400	900	1,300

उपरोक्त तालिका द्वारा स्पष्ट है कि आदेश पत्र भेजने एवं प्राप्ति संबंधी लागतें तथा भंडारण लागतें 600 इकाईयों के आदेश पर बराबर है। जब आदेशित मात्रा 600 इकाईयाँ है तो कुल लागत 1200 रु० न्यूनतम है। अतः यह मात्रा ही मितव्ययी आदेशित मात्रा हैं।

उपरोक्त चित्र द्वारा भी यह स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष 10 आदेश भेजना ही सर्वाधिक मितव्ययी है। क्योंकि वर्ष भर की कुल आवश्यकता 6000 इकाईयों की है

अतः $\frac{6000}{10} = 600$ इकाईयां ही मितव्ययी आदेशित मात्रा (Economic ordering quantity) है।

मितव्ययी आदेशित मात्रा को निम्नलिखित रेखाचित्र (Graph) द्वारा भी समझाया जा सकता है।

मितव्ययी आदेशित मात्रा सम्बन्धी $\sqrt{\frac{2CO}{I}}$ फार्मूला तभी प्रयोग में लाया जा सकता है जब वार्षिक उपभोग की मात्रा इकाईयों में दी गई हो ।

लेकिन यदि सामग्री के उपभोग की मात्रा का मूल्य दिया गया है तो उपरोक्त फारमूला तो वही रहेगा लेकिन विभिन्न अक्षरों के अर्थ कुछ बदल जायेंगे जो इस प्रकार होंगे ;

C= सामग्री के वार्षिक उपभोग की मात्रा (रुपयों में)

(Annual consumption of materials in Rupees)

O= एक आदेश पत्र जारी करने की लागत

(Cost of placing an order)

I= प्रतिशत भंडारण लागत

(Percentage carrying cost)

Illustration 5·2. Find out the economic ordering quantity (*E.O.Q.*) from the following particulars :

Annual usage : Rs. 1,20,000

Cost of placing and receiving one order Rs. 60.

Annual Carrying Cost : 10% of inventory value.

Solution

The formula for the calculation of the economic ordering quantity is :

$$E.O.Q = \sqrt{\frac{2CO}{I}}$$

Where C=Annual requirement of material in Rs. *i.e.* Rs. 1,20,000

O=Cost of placing one order *i.e.* Rs. 60.

Y=% Carrying Cost *i.e.* 10%.

$$E.O.Q. = \sqrt{\frac{2 \times 1\,20{,}000 \times 60}{\frac{10}{100}}}$$

$$= \sqrt{\frac{2 \times 1{,}20{,}000 \times 60 \times 100}{10}}$$

$$= \sqrt{14{,}40{,}00{,}000} = \text{Rs. } 12{,}000.$$

Illustration 5·3. Calculate the ordering level of material A from the following particulars :—

(i) Minimum limit 500 units

(ii) Maximum limit 2,500 units

(iii) Daily requirements of material 100 units

(iv) Time required for fresh delivery 10 days.

Solution

Ordering level=Minimum limit +consumption during the time required for fresh delivery

=500 units + 100 × 10 units = 1,500 units

Order for the purchase of material should be placed when the material in stock reaches 1,500 units.

For the calculation of Minimum stock level, Maximum stock level and Re-ordering level, Wheldon has given the following formula in his book 'Cost Accounting and Costing Methods'.

Re-ordering level = Maximum consumption × Maximum R [illegible] eriod

Minimum Stock level = Re-ordering level − (Normal consum [illegible] × Normal Re-order Period)

Maximum Stock level = Re-ordering level + Re-ordering Quantity − (Minimum Consumption × Minimum Re-order Period)

Illustration 5·4. Calculate the Minimum stock level, Maximum stock level and Re-ordering level from the following information :—

(i) Normal Consumption = 100 units per day

(ii) Maximum Consumption = 140 units per day

(iii) Minimum Consumption = 80 units per day

(iv) Re-order Quantity 1,200 units

(v) Re-order Period = 10.15 days

(vi) Normal Re-order Period = 12 days.

Solution

Re-ordering Level = Maximum Consumption × Maximum Re-order Period
= 140 × 15 = 2,100 units

Minimum Stock Level = Re-ordering Level − (Normal Consumption × Normal Re-order Period)
= 2,100 − (100 × 12) = 900 units

Maximum Stock Level = Re-ordering Level + Re-order Quantity − (Minimum Consumption + Minimum Re-order Period)
= 2,100 + 1,200 − (80 × 10) = 2,500 units.

सामग्री अभिलेख

(Stores or Materials Records)

बिन कार्ड एवं भण्डारखाता बही दो महत्वपूर्ण सामग्री अभिलेख है जो सामान्यत: भण्डारगृह में रखे जाते हैं।

बिन कार्ड (Bin Card) —भण्डार गृह में प्रत्येक सामग्री के लिए एक पृथक बिन कार्ड रखा जाता है। बिन कार्ड के नाम (डैबिट) पक्ष में सामग्री की प्राप्त मात्रा की प्रविष्टि की जाती है। प्रत्येक प्राप्ति अथवा निर्गम के पश्चात सामग्री का शेष निकाल लिया जाता है ताकि उसका सुगमता से सामग्री की शेष मात्रा से मिलान किया जा सके। यह कार्ड स्टोरकीपर (संग्रहालय अध्यक्ष) द्वारा रखे जाते हैं तथा वास्तविक मात्रा एवं बिन कार्ड में प्रदर्शित मात्रा में किसी अन्तर के लिए भी स्टोरकीपर ही उत्तरदायी होता है। यह कार्ड न केवल सामग्री की प्राप्ति व निर्गमों के अभिलेख के लिए ही प्रयोग किए जाते हैं अपितु स्टोरकीपर को स्टॉक पर

बिन कार्ड

Bin Card

बिन संख्या......... न्यूनतम सामग्री.........

विवरण......... अधिकतम सामग्री.........

सामग्री संहिता संख्या......... पुन: आदेश स्तर.........

भण्डार खाता बही पृष्ठ संख्या.........

प्राप्त सामग्री			निर्गमित सामग्री			शेष सामग्री		
दिनाँक	क्रय माँग पत्र संख्या	मात्रा	दिनाँक	सामग्री माँग पत्र संख्या	मात्रा	मात्रा	स्टोर कीपर के हस्ताक्षर	विशेष विवरण

नियन्त्रण रखने के लिए भी सहायक होते हैं। सामग्री की प्रत्येक मद के लिए अधिकतम, न्यूनतम तथा पुन: आदेश मात्रा का वर्णन भी बिनकार्ड पर दिया जाता है ताकि इसे देखकर ही स्टोरकीपर सामग्री सम्बन्धी माँग पत्र भेज सके जिससे सामग्री समय पर क्रय की जा सके।

भण्डार खाता बही (Stores ledger)—यह खाता बही लागत निर्धारण विभाग (Costing Department) द्वारा रखी जाती है। यह बिनकार्ड की भाँति होती है लेकिन इसमें सामग्री की प्राप्तियों, निर्गमों तथा शेषों के अतिरिक्त उनका मूल्य भी दर्शाया जाता है। इस खाताबही में भण्डार की प्रत्येक मद का एक खाता होता है जिनमें उस मद से सम्बन्धित सभी प्राप्तियों, निर्गमों व शेषों को मात्रा व मूल्य दोनों में ही दिखाया जाता है। इस प्रकार इस खाता बही से निर्गमत सामग्री

सामग्री के मूल्य तथा शेष सामग्री मात्रा एवं मूल्य की जानकारी किसी भी समय प्राप्त की जा सकती है।

भण्डार खाता बही तथा बिन कार्ड, दोनों में ही सामग्री प्राप्ति, निर्गम एवं शेष सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध होती है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि दोनों द्वारा प्रदर्शित शेष सामग्री मात्रा में कोई अन्तर न हो।

बिन कार्ड एवं भण्डार खाता बही नमूना क्रमशः पृष्ठ 117 व 119 पर दिया गया है :

बिन कार्ड एवं भण्डार खाताबही में अन्तर

बिन कार्ड	भण्डार खाता बही
1. यह अभिलेख केवल मात्राओं से ही सम्बन्धित हैं।	1. यह अभिलेख मात्राओं व मूल्यों (Quantities and Values) दोनों से ही सम्बन्धित है :
2. यह स्टोरकीपर द्वारा रखा जाता है।	2. यह बही लागत निर्धारण विभाग द्वारा रखी जाती है।
3. इसमें प्राप्ति अथवा निर्गम से पूर्व प्रविष्टि की जाती है।	3. इसमें प्रविष्टि प्राप्ति अथवा निर्गम हो चुकने के बाद की जाती है।
4. इसमें प्रत्येक व्यवहार की पृथक प्रविष्टि की जाती है।	4. इसमें कई व्यवहारों की एक साथ संक्षिप्त रूप में प्रविष्टि की जा सकती है।
5. यह भण्डारगृह के भीतर ही रखे जाते है।	5. यह भण्डारगृह के बाहर लागत निर्धारण विभाग में रख जाती हैं।

क्या बिन कार्ड रखना आवश्यक है ? (Are Bin Cards necessary at all) कई बार यह कहा जाता है कि जहां भण्डार खाता बही रखी जाती है वहां बिन कार्ड रखना दोहरे अभिलेख (Duplicate Records) रखने की भांति व्यर्थ है तथा इन्हें रखना अनावश्यक है। लेकिन यह धारणा गलत है। निम्नलिखित कारणों से यह धारणा भण्डार लेखांकन (Stores accounting) की सुदृढ़ पद्धति के सिद्धान्तों के विपरीत है—

1. स्टोरकीपर भण्डार के रखरखाव के प्रति उत्तरदायी है अतः उसे स्टॉक सम्बन्धी अभिलेखों की जानकारी होनी चाहिए।

2. स्टोरकीपर सामग्री की वास्तविक मात्रा एवं अभिलेख में प्रदर्शित मात्रा में अन्तर के लिए उत्तरदायी है। यदि स्टोरकीपर स्टॉक सम्बन्धी अभिलेख नहीं रखता तो उसके लिए स्टॉक पर नियन्त्रण करना कठिन हो जाता है।

3. सामान्यत: भण्डार खाता बही में आवधिक (Periodic) प्रविष्टियाँ की जाती है। इस कारण बिन कार्ड का होना आवश्यक हो जाता है ताकि स्टॉक की शेष मात्रा सम्बन्धी जानकारी हर समय उपलब्ध हो सके। बिन कार्ड में प्रविष्टियाँ व्यवहार होने से पूर्व ही कर दी जाती हैं अत: स्टॉक सम्बन्धी जानकारी हमेशा उपलब्ध रहती है।

भण्डार खाता बही

(Stores Ledger Book)

सामग्री का नाम.........   न्यूनतम स्टॉक की मात्रा.........

संहिता संख्या.........   अधिकतम स्टॉक की मात्रा.........

पृष्ठ संख्या........   पुन: आदेश स्तर.........

तिथि	विवरण	सामग्री मात्रा			दर	सामग्री मूल्य			अन्य विवरण
		प्राप्ति	निर्गम	शेष		प्राप्ति	निर्गम	शेष	

4. कई बार यह कहा जाता है कि भण्डार खाता बही स्टोरकीपर द्वारा रखी जानी चाहिए। लेकिन ऐसा करना सम्भव नहीं होता क्योंकि भण्डार खाता बही में मूल्यों सम्बन्धी प्रविष्टियाँ लागत निर्धारण विभाग द्वारा लागत निर्धारण करने के पश्चात् ही की जा सकती है। यह भी उचित नहीं होगा कि मूल्य निर्धारण का कार्य भी स्टोरकीपर ही करे। अत: यह आवश्यक सा ही हो जाता है कि दोनों प्रकार के स्टाक अभिलेखों को रखा जाए।

Illustration 5·5. The following information regarding receipts and issues of pigments has been obtained from the stores record of a paint manufacturing factory :

April 1978.

1.	Opening stock of pigments (There were no issues or receipts during the last week of March)	...	25,000 Kg.
2.	Issued on Requisition No. 1	...	13,000 Kg.
3.	Issued on Requisition No. 2	...	2,000 Kg.
4.	Received from a Supplier by Challan No. 13 of 3-4-78 (as per stipulated date of delivery)	...	30,000 Kg.
5.	Issued on Requisition No. 3	...	10,000 Kg.
6.	Issued on Requisition No. 0	...	5,000 Kg.
7.	Received from Supplier by Challan No. 48	...	10,000 Kg.
8.	Issued on Requisition No. 5	...	4,500 Kg.

Examination by the stock verifier on 6th morning revealed a shortage of 500 Kg.

Maximum limit was	...	50,000 Kg.
Minimum limit was	...	8,000 Kg.
Ordering level was	...	25,000 Kg.

You are required to prepare Bin Card No. 36 for the item pigment for which the Symbol allotted is X—40.

Solution. (See next page).

Bin Card

No. 36
Code : X-40
Unit : Kg.

Max. Stock : 50,000 Kg.
Min. Stock : 8,000 Kg.
Ordering Level : 25,000 Kg.

Reservation			On Order		
Job No.	Qty.	Date Issued	Order No. & Date	Qty.	Date Received

Date	Receipts		Issues		Balance	Stock Verification		
	Challan	Qty.	Requisition	Qty.		Date	Remarks	Initials
April '78								
1					25,000	April 6, 78	Shortage 500 Kg	
2			1	13,000	12,000			
3			2	2,000	10,000			
4	13	30,000			40,000			
5			3	10,000	30,000			
6			4	5,000	25,000			
6	48	10,000			35,000			
6			Shortage	500	34,500			
7			5	4,500	30,000			

5. दोहरे अभिलेखों द्वारा दोनों अभिलेखों की शुद्धता की जाँच हो जाती है तथा खाता बही में हुई अशुद्धियों का पता लग जाता है।

निरन्तर गणना (Perpetual Inventory)—स्टॉक अभिलेख जैसे बिन कार्ड तथा भण्डार खाता बही प्रबन्धकों को निरन्तर गणना पद्धति अपनाने में सहायता प्रदान करते है। निरन्तर गणना पद्धति 'अभिलेखों की एक ऐसी पद्धति है जो नियन्त्रण विभाग द्वारा प्रयोग में लाई जाती है तथा जिससे स्टॉक के आवागमन तभा वर्तमान शेष के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है।'[1] इस प्रकार इस विधि द्वारा सामग्री की प्रत्येक प्राप्ति व निर्गम के पश्चात शेष सामग्री का सामग्री अभिलेखों द्वारा निर्धारण कर लिया जाता है ताकि उसकी नियमित जाँच की जा सके एवं वर्ष के अन्त में स्टॉक लेने (stock taking) की आवश्यकता न रहे। इस पद्धति की सफलता के लिए यह आवश्यक है कि सामग्री की भी निरन्तर जाँच पड़ताल होती रहे तथा सामग्री अभिलेखों व वास्तविक स्टॉक के शेष में किसी भी अन्तर के बारे में शीघ्र पता चल जाए तथा उस गलती अथवा अशुद्धि को दूर करने के लिए कदम उठाये जा सके।

निरन्तर स्टॉक लेना (Continuous Stock Taking)—यह निरन्तर गणना पद्धति का ही एक आवश्यक अंग है। लेकिन दोनों में अन्तर को समझना भी आवश्यक है। निरन्तर गणना पद्धति अभिलेखों से सम्बन्धित पद्धति है जबकि निरन्तर स्टॉक लेने (continuous stock taking) का तात्पर्य स्टॉक अभिलेखों का वास्तविक स्टॉक से मिलान करने से है।

निरन्तर स्टॉक लेने की पद्धति का फैलाव पूरे वर्ष के लिए कर दिया जाता है। इसके अनुसार प्रतिदिन सामग्री की विभिन्न 10 या 15 मदों की जाँच पड़ताल की जाती हैं। इस प्रकार जाँच करने से सभी मदों की वर्ष में चार से पाँच बार तक जाँच हो जाती है। इसके विपरीत सावधिक जाँच पड़ताल (periodical checking) सामान्यत: वर्ष के अन्त में एक ही बार की जाती है तथा उसी समय सारी मदों की जाँच कर ली जाती है।

निरन्तर गणना पद्धति से सामग्री नियन्त्रण में भी सहायता मिलती है क्योंकि भौतिक जाँच में सामग्री की शेष मात्रा बिन कार्ड तथा भण्डार खाता बही के शेष के अनुरुप ही होनी चाहिए। यदि भौतिक जांच (physical verification) से यह प्रकट हो कि सामग्री की शेष मात्रा बिन कार्ड अथवा भण्डार खाता वही के शेष से

---

1. Perpetual Inventory System is a system of records maintained by the controlling department, which reflects the physical movements of stocks and their current balance.' —*I.C.M.A. (England)*

अधिक है तो एक नाम पत्रक (Debit Note) तैयार किया जाता हैं तथा स्टॉक सम्बन्धी अभिलेखों को उसके अनुसार ठीक कर दिया जाता है। इसी प्रकार यदि स्टॉक की मात्रा अभिलेखों में वर्णित शेष मात्रा से कम है तो एक जमा पत्रक (credit note) बनाया जाता है तथा स्टॉक अभिलेखों को उसके अनुसार ठीक कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त एक स्टॉक समायोजन खाता (stock adjustment account) बनाया जाता है जिसमें स्टॉक की कमी सम्बन्धी प्रविष्टि नाम (डेबिट) पक्ष में तथा अधिकता सम्बन्धी प्रविष्टि जमा (क्रेडिट) पक्ष में कर दी जाती है। वर्ष के अन्त में समायोजन खाते का शेष लागत निर्धारण लाभ हानि खाते (Costing Profit & Loss A/c) को अन्तरित (transfer) कर दिया जाता है।

बिन कार्ड अथवा भण्डार खाता बही में प्रदर्शित स्टॉक की शेष मात्रा, स्टॉक के वास्तविक शेष से निम्न कारणों से भिन्न हो सकती है :

परिहार्य कारण (Avoidable Causes)—

1. लिपिकीय त्रुटियाँ (Clerical Mistakes) जैसे गलत प्रविष्टियाँ, प्रविष्टि न करना, बिन कार्ड में गलत प्रविष्टियाँ करना आदि। इस प्रकार की अशुद्धियों को ठीक करने के लिए बिन कार्ड अथवा भण्डार खाता बही में सुधार करने पड़ते हैं।

2. सामग्री का कम या अधिक मात्रा में निर्गम।

3. सामग्री की टूट फूट अथवा चोरी।

4. सामग्री के रखरखाव में असावधानी।

अपरिहार्य कारण (Unavoidable Causes)

1. सामग्री का सूखकर अथवा भाप बनकर उड़ जाना।
2. नमी सोख लेना।
3. भारी सामग्री के टुकड़े करते समय उसमें होने वाली हानि।
4. आग, दंगे आदि में होने वाली हानि।

लाभ (Advantages) निरन्तर गणना पद्धति के निम्नलिखित लाभ है—

1. इससे वर्ष के अन्त में सभी सामग्रियों की जाँच पड़ताल करने की आवश्यकता नहीं रहती जिससे उत्पादन में कोई बाधा नहीं पड़ती।

2. इससे आवधिक अथवा अन्तरिम लाभ व हानि खाते बनाने के लिए स्टॉक गिनने की आवश्यकता नहीं पड़ती। प्रत्येक मद का अन्तिम शेष बिन कार्ड अथवा भण्डार खाता बही से लिया जा सकता है।

3. भण्डार गृह पर अधिक प्रभावशाली एवं विश्वसनीय नियन्त्रण सम्भव हो जाता है।

4. इस पद्धति से प्राप्त सूचनायें अधिक विश्वसनीय होती है क्योंकि अभिलेखों में प्रदर्शित अन्तिम शेष का सामग्री के शेष से मिलान कर दिया जाता है।

5. इसके अभिलेखों व सामग्री के शेष में अन्तर का सुगमता से एवं शीघ्र ही पता चल जाता है, जिससे उस अन्तर के कारणों की समय पर खोज की जा सकती है।

6. प्रवन्धक को प्रत्येक समय स्टॉक स्थिति की सूचना प्राप्त रहती है जिससे उत्पादन सम्बन्धी योजनायें बनाई जा सकती है।

7. बिन कार्ड व भण्डार खाता बही द्वारा आपसी मिलान किये जाने से आन्तरिक जॉच पद्धति स्वयमेव जारी रहती है।

8. अशुद्धियां व स्टॉक की कमी आदि का आसानी से पता चल जाता है जिससे भविष्य के लिए कदम उठाये जा सकते हैं।

9. स्टॉक की अधिकतम व न्यूनतम स्तर से तुलना की जा सकती है जिससे भन्डार गृह में पूँजी के विनियोग पर नियन्त्रण किया जा सकता है।

ए० बी० सी० विश्लेषण द्वारा स्टॉक नियन्त्रण (Stock Control through ABC Analysis) कई कम्पनियाँ स्टाक नियन्त्रण हेतु सामग्रियों को तीन श्रेणियों में बांट देने की पद्धति को उपयोग में लाती है। सामग्री लागतों के विश्लेषण से यह प्रकट हो जाता है कि सामग्री की कुछ मदों पर कुल सामग्री लागत का अधिकाँश भाग व्यय होता है। इसी प्रकार अन्य मदों पर कुल सामग्री लागत का अत्यल्प भाग ही व्यय होता है। इन दो प्रकार की सामग्री मदों के बीच कुछ अन्य प्रकार की सामग्री मदें भी होती हैं जिन का उपभोग एवं लागत प्रतिशत समान ही होते हैं। प्रथम श्रेणी में आने वाली सामग्री को 'ए' मदें (A items), द्वितीय श्रेणी में आने वाली मदों को 'बी' मदें (B items) एवं तृतीय श्रेणी में आने वाली वाली मदों को 'सी' मदे (C items) कहते है। इस प्रकार किये गये विश्लेषण को ए वी सी विश्लेषण (A B C Analysis) कहते है। इस प्रकार की स्टॉक नियन्त्रण तकनीक को सदैव श्रेष्ठ नियन्त्रण विधि (Always Better Control Method) या अनुपातिक अंश मूल्य विश्लेषण विधि (Proportional Parts Value Analysis Method) भी कहते हैं।

उत्पादकता सम्बन्धी भारतीय टीम द्वारा 'अमरीका' जापान तथा पश्चिमी जर्मनी में माल नियँत्रण (Inventory Control) सम्बन्धी प्रतिवेदन में ए० बी० सी० नियन्त्रण सम्बन्धी निम्न उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

वर्ग Group	मदों का प्रतिशत Percentage of items	लागतों का प्रतिशत Percentage of costs
ए० A	8%	75%
बी० B	25%	20%
सी० C	67%	5%

उदाहरण के लिए यदि किसी भण्डार में उपभोग सम्बन्धी 2000 मदें है तथा मासिक उपभोग की मात्रा 10 लाख रु० है तो उपरोक्त प्रतिवेदन के अनुसार 160 मदों (ए वर्ग) के सम्बन्ध में कुल उपभोग व्यय 7 लाख 50 हजार रु० होगा, 500 मदों (बी वर्ग) पर कुल उपभोग व्यय 2 लाख रु० तथा शेष 1340 मदों (सी वर्ग) पर उपभोग व्यय केवल 50,000 रु० ही होगा।

सामग्री की मदों, लागतों व नियन्त्रण के आधार पर ए०बी०सी० पद्धति को निम्न चार्ट द्वारा दर्शाया जा सकता है—

वर्ग (Cate gory)	मदों का प्रतिशत (Pecentage of items)	लागतों का प्रतिशत (Percetage of cost	आवश्यक नियन्त्रण (Control Re-quired)
ए (A)	5—10	70—75	कठोर नियन्त्रण
बी (B)	20—25	15—20	सामान्य नियन्त्रण
सी (C)	70—75	5—10	खुला नियन्त्रण

उपोरक्त वर्गीकरण के अनुसार 'ए' श्रेणी की मदों पर सर्वाधिक नियन्त्रण की आवश्यकता होती है क्योंकि सामग्री की इन मदों पर कुल लागत का अधिकांश भाग व्यय होता है। 'सी' श्रेणी की मदों के लिए अधिक नियन्त्रण की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि सामग्री की कुल लागत का बहुत कम भाग ही इन पर व्यय होता है। 'ए' श्रेणी की सामग्री पर क्रय, संग्रहण व निर्गम सम्बन्धी कठोर नियन्त्रण रखा जाता है। 'सी' श्रेणी की मदों के लिए अधिक विस्तृत प्रकार के सामग्री नियन्त्रण की आवश्यकता नहीं होती। सामान्यत: 'सी' श्रेणी की मदों को वर्ष भर के लिए एक ही बार क्रय कर लिया जाता हैं तथा इन मदों के लिए अधिकतम, न्यूनतम व पुन: आदेश स्तरों का उपयोग करने की भी आवश्यक्ता नहीं होती। 'सी' वर्ग की मदों पर बचाया गया समय, श्रम और लागत 'ए' तथा 'बी' वर्ग की मदों पर लगाया जा सकता है।

लाभ (Advantages)—

(1) इससे मंहगी मदों पर, जिनमें अधिक पूँजी का विनियोग हुआ है, कठोर नियन्त्रण सम्भव हो जाता है।

(2) इससे सामग्री के स्टॉक में विनियोग को न्यूनतम सम्भव स्तर तक कम किया जा सकता है क्योंकि विभिन्न वर्गों की मदों को क्रय करने के लिए मात्रा निश्चित करने की वैज्ञानिक रीति का उपयोग किया जाता है।

(3) इससे संग्रहण लागत में कमी आती है।

सामग्री आवर्त अथवा काल आवर्त अनुपात (Turnover of Stores Materials or Inventory Turnover Ratio)— माल आवर्त अनुपात सामग्री नियन्त्रण की ही एक विधि है। स्टॉक आवर्त अनुपात की गणना इस प्रकार की जाती है—

$$\text{सामग्री आवर्त} = \frac{\text{अवधि में उपभोगित सामग्री की लागत}}{\text{अवधि में सामग्री का औसत स्टॉक}}$$

औसत स्टॉक प्रारम्भिक स्टॉक (opening stock) तथा अन्तिम स्टॉक (closing stock) की औसत से ज्ञात किया जाता है। दिनों के हिसाब से स्टॉक आवर्त अनुपात इस प्रकार निर्धारित किया जा सकता है :

$$\text{दिनों में सामग्री आवर्त} = \frac{\text{अवधि में कुल दिन}}{\text{सामग्री आवर्त अनुपात}}$$

विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की आवर्त ज्ञात करना आवश्यक है ताकि कम प्रचलित सामग्री (slow moving stock) मदों का पता चल सके जिससे प्रबन्धक उन मदों में अधिक पूंजी का विनियोग न कर दें। लघु अनुपात (low ratio) कम प्रचलित मदों का सूचक है अथवा इस बात का सूचक है कि सामग्री अप्रचलित (obsolete) है अथवा उसका स्टॉक अति अधिक है। यदि आवर्त अनुपात शून्य (zero) है तो इसका तात्पर्य है कि उस सामग्री का बिल्कुल ही उपयोग नहीं किया गया है। ऐसी सामग्रीं को तुरन्त ही बेच दिया जाना चाहिए ताकि उसमें अधिक हानि को रोका जा सके। लेकिन मशीनों के फालतू पुर्जे इसके अपवाद है क्योंकि उनकी आवश्यकता किसी भी समय पड़ सकती है। इसलिए फालतू पुर्जो को उस समय तक स्टॉक में रखना चाहिए जब तक मशीन कार्यरत है।

Illustration 5·6. Calculate the material turnover ratio for the year 1977 from the following information and determine which of the two materials is most fast moving.

	Material X	Material Y
	Rs.	Rs.
Material in hand on 1-1-77	25,000	87,500
Material in hand on 31-12-77	15,000	62,500
Material purchased during the year	1,90,000	1,25,000

Solution

	Material X	Material Y
	Rs.	Rs.
Cost of Material Consumed :		
Opening stock	25,000	87,500
Add : Purchases	1,90,000	1,25,000
	2,15,000	2,12,500
Less: Closing stock	15,000	62,500
	2,00 000	1,50,000
Average Stocks :		
Opening stock	25,000	87,500
Closing Stock	15,000	62,500
	40,000	1,50,000
Average stock	$\frac{40,000}{2}$	$\frac{1,50,000}{2}$
	=20,000	=75,000

Material Turnover Ratio $= \frac{\text{Cost of Material consumed}}{\text{Cost of Average stock}}$

Material Turnover ratio of $X = \frac{2,00,000}{20,000} = 10$

Material Turnover ratio of $Y = \frac{1.50,000}{75,000} = 2$

Material Turnover in days $= \frac{\text{Days during the year}}{\text{Material Turnover Ratio}}$

Material Turnover of X in days $= \frac{365}{10} = 36{\cdot}5$ days

Material Turnover of Y in days $= \frac{365}{2} = 182{\cdot}5$ days

A turnover ratio of 36·5 days shows that an average stock is being held for 36·5 days. On the other hand, a turnover of 182·5 days shows that an average stock is being held for 182·5 days. Therefore, material *Y* is very slow moving while material *X* is fast moving material.

Miscellaneous Illustrations

Illustration 5·7. After inviting tenders, two quotations are received as follows :—

(*a*) Rs. 1.20 per unit.

(*b*) Rs. 1.10 per unit plus Rs. 3,000 fixed charges to be added irrespective of units ordered.

Advise with your arguments with whom orders should be placed and what quantity is to be ordered.

The following additional information may be of interest :—

	Units
Present Stock	35,000
Average Monthly Requirement	10,000
Maximum Level	80,000
Minimum Level	30,000

Sales tax problem may be ignored.

Solution

It is evident that tender (a) is more economical for lesser quantity of purchase. Tender (b) becomes economical only when sufficient quantity is ordered to justify the fixed charges of Rs. 3,000.

Tender (b) is cheaper by :—

Rs 1·20
Rs. 1·10

Rs. 0·10 per unit

∴ To justify the fixed charge of Rs. 3,000 the minimum order quantity should be $= \frac{3,000}{0 \cdot 10} = 30,000$ units.

Hence, an ordered quantity above 30,000 units becomes economical for tender (b).

Ascertainment of quantity to be ordered or the Economic Order size is given below :—

Economic Order Size=Maximum Level−Ordering Level+Minimum rate of consumption during the time to get fresh suppiies.

Present Stock	=35,000 Units
Minimum Level	=30,000 ,,
Excess	5,000 ,,

These 5,000 units will be consumed within 15 days because average consumption per month is 10,000 units. *So 15 days should be considered the time to get fresh supplies.*

Ordering Level=Minimum Stock+Average rate of Consumption × Time to get fresh supplies.

$$=30,000+\frac{10,000}{30}\times 15 \text{ days}=35,000.$$

The minimum rate of consumption, considering the rate of consumption to be uniform, is the same as the average rate of consumption. So the mini mum rate of consumption during the time to get supplies *i.e.*, 5,000 Units.

Now applying the formula :

Economic Order Size =80,000−35,000+5,000

=50,000 Units.

Quantity to be ordered=50,000 Units.

Tender (b) will be more econemical because the quantity to be ordered is more than 30,000 units.

Illustration 5·8. In manufacturing its products, a company uses three raw materials A, B and C in respect of which the following apply :

Raw Materials	Usage per unit of product (lb.)	Re-order quantity (lb).	Price per lb (Paise)	Delivery Period Week)	Order level (lb.)	Minimum level (lb.)
A	10	10,000	10	1 to 3	8,000	
B	4	5,000	30	3 to 5	4,750	
C	6	10,000	15	2 to 4		2,000

Weekly production varies from 175 to 225 units, averaging 200. What would you expect the quantities of the following to be ?

(a) Minimum stock of A,

(b) Maximum stock of B,

(c) Re-order level of C, and

(d) Average stock of A ?

Solution

(a) *Minimum Stock of A*

Re-order level−(Normal consumption × Normal Re-order Period)

8,000−(2,000×2)=4,000 lbs.

(Normal Production per week $\frac{175+225}{2}$ =200 units

Normal usage of material per unit=10 lbs.

∴ Normal consumption of material per week=200×10=2,000 lbs.

Normal Re-order period

$= \frac{\text{Minimum Delivery period} + \text{Maximum Delivery period}}{2}$

$\frac{1 \text{ week}+3 \text{ weeks}}{2} = \frac{4 \text{ weeks}}{2} = 2 \text{ weeks}$)

(b) *Maximum stock of B*

Re-order level+Re-order Quantity−(Minimum consnmption × Minimum Re-order period)

4,750+5,000−(700×3)=7,650 lbs.

Minimum product per week =175 units.
Usage per unit of product =4 lbs.

∴ Minimum consumption of material per week=175×4=700 lbs.

(c) *Re-order level of C*

Maximum consumption × Maximum Re-order Period

1,350×4=5,400 lbs.

Maximum production per week=225 units

Usage per unit =6 lbs.

∴ Maximum consumption of C material 225×6=1,350 lbs.

Average stock level of A

Minimum stock level of A + ½ of Re-order quantity of A
4,000 + ½(10,000) = 9,000 lbs.

Illustration 5.9. You have been asked to calculate the following levels for part No. 809013 from the information given thereunder :—

(a) Re-ordering level, (b) Maximum level, (c) Minimum level, (d) Danger level, (e) Average stock level.

The re-ordering quantity is to be calculated from the following data :

(i) Total cost of purchasing relating to the order Rs. 20.

(ii) Number of units to be purchased during the year 5,000.

(iii) Purchase price per unit including transportation costs Rs. 50.

(iv) Annual cost of storage of one unit Rs. 5.

Lead Times :	Average	10 days
	Maximum	15 days
	Minimum	6 days
	Maxm. for emergency purchases	4 days
Rate of Consumption :	Average	15 units per day
	Maximum	20 units per day

Solution

(*a*) Re-ordering level = Max. usage × Maximum lead time
= 20 × 15 = 300 units

(*b*) Maximum level = Re-ordering level + Re-order Quantity − Min. Usage (1) × Min. lead ttme
= 300 + 200 − 10 × 6 = 440 units

(*c*) Minimum level = Re-ordering level − average consumption × average lead time
= 300 − 15 × 10 = 150 units

(*d*) Danger level = Average consumption × Max. for emergency purchases = 15 × 4 = 60 units

(*e*) Average stock level = Min. level + ½ Re-order Quantity
= 150 + ½ × 200 = 250 units

$$\text{Re-order Qty.} = \sqrt{\frac{2QR}{CP}} = \sqrt{\frac{2 \times 5{,}000 \times 20}{10\% \text{ of } 50}} = 200 \text{ units}$$

Where, Q = annual purchases = 5,000 ; R = Ordering cost = Rs. 20
C = Storage cost % of P = 10% ; P = price per unit = Rs. 50.

Working Notes (1) :

Minimum Usage has been calculated as follows :—

$$\text{Average Usage} = \frac{\text{Minimum Usage} + \text{Maximum Usage}}{2}$$

2 Average Usage=Minimum Usage+Maximum Usage
2×15 units=Minimum Usage+20 units

∴ Minimum Usage=30 units—20 units=10 units

Illustration 5.10. A firm is able to obtain quantity discounts on its orders of material as follows :

Price per tonne	Tonnes
Rs.	
6.0	less than 250
5.9	250 and less than 800
5.8	800 and less than 2,000
5.7	2,000 and less than 4,000
5.6	4,000 and over.

The annnal demand for the material is 4,000 tonnes. Stock-holding costs are 20% of material cost per annum. The delivery cost per order is Rs. 6.00. You are required to calculate the best quantity order.

Solution

Statement showing Total Cost per annum for different values of the ordering quantity.

Ordering quantity (Q)	Price per tonne (C) Rs.	Cost of Purchase U×C Rs.	Cost of order $\frac{U}{Q}\times P$ Rs.	Cost of Stock-holding Q×i×C Rs.	Total Cost Rs.
200	6·00	4,000×6 =24,000	$\frac{4,000}{200}\times 6=$ 120	$\frac{200\times 2\times 6}{2}$ =120	24,240·00
250	5·9	4,000×5·9 =23,600	$\frac{4,000}{250}\times 6=$ 96	$\frac{250\times 2\times 5·9}{2}$ =147·50	23,843·50
800	5·8	4,000×5·8 =23·200	$\frac{4,000}{800}\times 6=$ 30	$\frac{800\times 2\times 5·8}{2}$ =464	23,694·00
2,000	5·7	4,000×5·7 =22,800	$\frac{4,000}{2,000}\times 6=$ 12	$\frac{2,000\times ·2\times 5·7}{2}$ =1,140	23,952·00

The minimum cost is Rs. 23,694 when the ordering quantity is 800 tonnse. Therefore, it is the optimum ordering quantity.

Illustration 5·11. The physical inventory Department found the following differences between Book Balance and Physical Quantities on 31st December, 1977. You are required : (a) to make

6·3. Kay Engineers charges out stores to jobs on the principle of FIFO. Among the stores stocked are K-type screws on which a provision for spoilage by rust is made at the rate of 1% on the Stores Account balance at the beginning of each month.

Stock is taken physically at three monthly intervals and the balance of Stores Account is appropriately adjusted. On 1st October, 1977, the stock of 'K-type' screw was 10,000, the cost of which was Rs. 9·50 per 100. During the next three months the transactions were as follows :

	Purchase		Issued
	Quantity	Price per 100	Quantity
October, 1977	4,000	Rs. 10	36,00 0
November, 1977	80,000	Rs. 11	81,367
December, 1977	1,00,000	Rs. 12	72,282

At the end of December' 1977, stock taking revealed a shortage of 400 screws.

You are required :

(a) to write up the 'K-type' Screw Stores Account for the three months ending 31-12-1977 and

(b) to state how you would deal company's account with screws spoiled by rust and the shortage revealed by stock taking.

6·4. Set up a "Stores Ledger" form and enter the following transactions adopting the "weighted average" method of pricing of issues ;

1977

August, 1 Opening balance—50 units @ Rs. 3 per unit
- 5 Issued out to production : 2 units
- 7 Purchased 48 units @ Rs. 4 per unit
- 9 Issued out 20 units to production
- 19 Purchased 76 units @ Rs. 3 per unit
- 24 Received bank into stores 19 units out of 20 units issued on 9th August, 1977.
- 27 Issued to production 10 units.

Ans. [Issued price : August 5=Rs. 6·00 ; August 9=Rs. 70·00 and August 27=Rs. 32·78 ; Balance of stock=Rs. 527·72].

6 5. Following is the record of Receipt and Issue of a certain material in a factory during a week :

1978

April, 1 Opening balance 50 tons @ Rs. 10/- a ton
- 3 Issued 30 tons
- 4 Received 60 tons @ Rs. 10·125 a ton
- 5 Issued 25 tons (stock varification reveals loss of one ton)
- 6 Received back from complete work order 10 tons (Previously Issued @ Rs. 10·00 a ton)
- 7 Issued 40 tons

Assuming that the issue of materials priced on the 'Weighted' Average method. Calculate the prices of issues on 3rd, 5th and 7th April, 1978.

Ans. [Issued Price : April 3=Rs. 300 @ Rs. 10 per ton,
April 5=Rs. 255·50 @ Rs. 10·22 per ton,
April 7=Rs. 407·60 @ Rs. 10·19 per ton.]

6·6. Discuss briefly FIFO, LIFO and Average Price methods of pricing material issues and show the year-end value of inventory under FIFO and LIFO methods for the following data :

Opening balance : 12,000 units @ Rs. 2·00 per unit.

	Received (units)	Issued (units)
1st quarter	20,000 @ Rs. 2·20	16,000
2nd quarter	30,000 @ Rs. 2·40	26,000
3rd quarter	25,000 @ Rs. 2·30	32,000
4th quarter	10,000 @ Rs. 2·25	8,000

Assume that purchases were made on the first day of the quarter.

(*B. Com. Andhra, 1976*)

6·7. The stock in hand of a material as on 1st September 1972 was 500 units at Re. 1 per unit. The following purchases and issues were subsequently made. Prepare the Stores Ledger Account showing how the value of the issues would be recorded under (a) FIFO and (b) LIFO Methods.

		Purchased	Issued		
September	6	100 units at Rs. 1·10	September	9	500 units
,,	20	700 ,, ,, ,, 1·20	,,	22	500 ,,
,,	27	400 ,, ,, ,, 1·30	,,	30	500 ,,
October	13	1,000 ,, ,, ,, 1.40	October	15	500 ,,
,,	20	500 ,, ,, ,, 1·50	,,	22	500 ,,
November	17	400 ,, ,, ,, 1·60	November	11	500 ,,

(B. Com. Andhra, 1977)

6·8. The standard price of a material is fixed at Rs. 12 per unit. The following purchases and issues were made during March, 1975. Prepare the Stores Ledger Account showing how the cost of materials issued and value of balance in stock wlil be recorded under the standard price method.

Dated		Particulars	Quantity	Rate Rs.
March	3	Received	1,800 units	12
,,	8	Received	500 units	14
,,	15	Issued	1.000 units	—
,,	2I	Received	600 units	11
,,	24	Issued	700 units	—
,,	28	Received	900 units	13
,,	30	Issued	850 units	—

Also ascertain the efficiency of purchasing materials and state the advantages and disadvantages of standard price method.

(B. Com. Andhra, 1977 Suppl.)

6·9. Adarsh Company purchased and issued the materials in the following order :

	Unit	Unit Cost Rs.
1st January Purchase	300	3·00
4th January Purchase	600	4·00
6th January Issue	500	—
10th January Purchase	700	4 00
15th January Issue	800	—
20th January Purchase	300	5·00
23rd January Issue	100	—

Ascertain the quantity of closing stock as on 31st January and state its value under each of the following methods of pricing the issues : (*a*) Weighted average cost (*b*) FIFO (*c*) LIFO.

(B. Com. Andhra)

6·10. (*i*) What are the merits and demerits of the LIFO method of pricing materials issued from stores ?

(*ii*) Bharat Manufacturing Company uses copper wire which is purchased from the market as and when necessary. The following purchases and issues were made during the month of January 1975 :

Jan. 1 Opening balance 300 kg. at Rs. 25 per kg.
3 Purchased 500 kg. at Rs. 26·60 per kg. (Purchase Order No. 101).
4 Issued 220 kg (Material Requisition No. 201).
10 Issued 440 kg (,, ,, No. 202).
20 Purchased 490 kg at Rs. 23 per kg. (Purchased Order No. 102).
25 Issued 300 kg Material Requisition No. 203).
26 Surplus 20 kg returned to Store out of quantity issued on 4 January (Mat. Ret. Note No. 50).

6·11. Prepare Stores Ledger account for the following transactions according to 'Lifo' method of pricing issue of materials :

Jan.	1 Received	1,000 kg at Rs. 20 per kg	
,,	10 Received	260 ,, ,, ,, 21 ,,	
,,	20 Isrued	700 ,,	
,,	4 Received	400 ,, ,, ,, 25 ,,	
,,	21 Received	300 ,, ,, ,, 23 ,,	
Mar.	16 Issued	620 ,,	
April	12 Issued	240 ,,	
May	10 Received	500 ,, ,, ,, 22 ,,	
,,	25 Issued	380 ,,	

(*B. Com. Pass Delhi*)

6·12. X Ltd. has purchased and issued the material in the following order ;

Jan.	1 Purchased	300	units	@ 3/-	per unit
,,	4 ,,	600	,,	@ 4/-	,,
,,	6 Issue	500	,,	—	
,,	10 Purchass	700	,,	@ 4/-	,,
,,	15 Issue	800	,,	—	
,,	20 Furchases	300	,,	@ 5/-	,,
,,	23 Issue	100	,,	—	

Ascertain the quantity of closing stock as on 31st January and state what will be its value (in each case) if issues are made under the following methods :

(*a*) Average cost,

(*b*) First in first out, and

(*c*) Last in first out.

(*B. Com. Pass Delhi*)

Ans. [Closing stock 500 units, Valuation of stock (*a*) Rs. 2,220 ; (*b*) Rs. 2,300 ; (*c*) Rs. 1,900]

6·13. The following transactions occurred in purchases and issue of material in an organisation during October, 1976 —

Receipts dated	Quantity	Rate
4.10.1976	200 units	Rs. 24·00 per unit
10.10.1976	150 units	Rs. 23·00 per unit
18.10.1976	100 units	Rs. 24·00 per unit
22.10.1976	100 units	Rs. 23·50 per unit
Issues dated	**Quantity**	
5.10.1976	250 units	
12.10.1976	200 units	
25.10.1976	250 units	

The stock on 1.10.1976 was 200 units @ Rs. 25·00 per unit.

Prepare the Stores Ledger Account first by adopting FIFO method of charging material issued and secondly by LIFO method.

(*B. Com. Pass Delhi 1977*)

6·14. The following transactions are recorded in respect of materials used in a factory :

Date	Quantity Received units	Rate per units Rs.	Quantity Issued units
3-12-74	400	2·10	—
15-12-74	500	2·20	—
20-12-74	—	—	500
26-12-74	600	2·50	—
28-12-74	—	—	900

Prepare a priced ledger sheet pricing the issues at weighted average method.

6·15. A manufacturer who has newly set up the factory used cost price as the basis for charging out materials to jobs. The receipts side of the store ledger accobnt shows the following particulars:

500 articles bought at Rs. 3·00 each
700 articles bought at Rs. 3·10 each
400 articles bought at Rs. 3·20 each
800 articles bought at Rs 3·10 each

Successive issues were made of 300, 1,000 and 200 articles.

At what price per article should each of these issues be charged under FIFO method?

Ans. (Issue Price: 1st Issue=300 units @ Rs. 3·C0
2nd Issue=200 units @ Rs. 3·00, 700 units @ Rs. 3·10 and 100 units @ Rs. 3·20
3rd Issue=200 units @ Rs. 3·20)

6·16. The following is a history of the receipts and issues of materials in a factory, during Feb., 1978:

Feb.	1 Opening Balance	500	Quintals	@ Rs. 25
,,	3 Issue	70	,,	
,,	4 Issue	100	,,	
,,	8 Issue	80	,,	
,,	13 Reeeived from vendor	20C	,,	@ Rs. 24·50
,,	14 Refund of surplus from a work order	15	,,	@ Rs. 24/-
,,	16 Issue	180	,,	
,,	20 Received from vendor	240	,,	@ Rs. 24·375
,,	24 Issue	304	,,	
,,	25 Received from vendor	320	,,	@ Rs. 24·315
,,	26 Issue	112	,,	
,,	27 Refund of surplus from a work order	12	,,	@ Rs. 24·50
,,	28 Received from vendor	100	,,	@ Rs. 25/-

Issues are to be priced on the principle of "First-in-First out". The stock verifier of the factory noted that on 15th he had found a shortage of 5 quintals and on 27th another snortage of 8 quintals.

Write on the complete Stores Ledger Account in respect of the above materials.

[Hint. Shortage on Feb. 15 and Feb. 27 is to be valued @ Rs. 25 and Rs. 24·375 respectively. The value of the earliest consignment has been taken because materials are to be issued on the principle of "First-in-First out".

6·17. After beginning of October, 1977, Quality Brush Company had in stock 10,000 brushes valued at Rs. 10 each. Further purchases were made during the month as follows:—

7th October	4,000	Brushes	@ Rs. 12·50
14th ,,	6,000	,,	,, ,, 15·00
24th ,,	8,000	,,	,, ,, 16·50

Issues to shop floor were as follows:—

16th October 16,000 Brushes
28th October 10,000 Brushes

You are required:

(*a*) to prepare a stores ledger card for the month of October on the assumption that materials were issued on the First-in-First-out principle, and

(*b*) to state the value of closing stock at the end of October if issues are priced by the weighted average method.

Ans. [(*a*) Value of Stock Rs. 33,000; (*b*) Value of stock Rs. 30,000]

6·18. The Stores Ledger Account of material C in the books of Chemical Processers Ltd. revealed the following transactions for the month of November, 1975 :

November 1975,

1 Opening stock 200 kgs @ Rs. 7·50 per kg.

5 Received from Supptier S_1 400 kgs @ Rs. 7·75 per kg. (GRN No. 448)

8 Issued to Production Department 240 kgs (S.R. No. 883)

10 Issued to Production Department 160 kgs (S. R. No. 897)

12 Received from Supplier S_2 500 kgs @ Rs. 7·90 per kg (GRN No. 455)

15 Issued to production Department 400 kgs (S.R. No. 912)

16 Received from Supplier S_3 250 kgs @ Rs. 8·00 per kg. (GRN No. 461)

19 Received from Supplier S_1 600 kgs. @ Rs. 8 25 per kg. (GRN No. 469)

21 Issued to production Department 350 kgs. (S. R. No. 946)

24 Issued to Production Department 260 kgs. (S. R. Note 959)

27 Issued to Production Department 340 kgs. (S. R. No. 974)
(GRN Denotes Goods Recevied Notes S.R. denotes Stores Requisition)

You are required to price the issues and draw out the closing balances in the form of Stores Ledger Account under the pricing method suitable for any one of the following two alternatives :

(a) The closing balances should be closely related to the current prices.

(b) The Material Costs charged to Production should be closely related to the current prices.

Ans. [(a) FIFO 200 @ 8·25=Rs. 1,650 (b) LIFO stock valued at Rs. 7·50].

7 सामग्री में विभिन्न मदें
(MISCELLANEOUS ITEMS IN MATERIALS)

सामग्री रखरखाव (Material Handling)

सामग्री रखरखाव से आशय सामग्री के वैज्ञानिक रीति से रखरखाव, लाने ले जाने व संग्रहण से है। वास्तव मे इसका सम्बन्ध कच्ची सामग्री को स्रोत से उत्पादन स्थल से लाने ले जाने से है। सामग्री के रखरखाव, लाने ले जाने तथा संग्रहण में होने वाले व्यय सामग्री के मुल्य में वृद्धि किए बिना ही उत्पादन लागत को बढा देते हैं। कुछ स्थितियों में सामग्री रखरखाव का व्यय कुल लागत का 50 से 70 प्रतिशत तक होता हैं अतः यह आवश्यक हो जाता है कि सामग्री रखरखाव को वैज्ञानिक ढंग से नियन्त्रित किया जाए ताकि उत्पादन लागत नियन्त्रण में रहे। वैज्ञानिक रीति से सामग्री रखरखाव के निम्न लिखित सिद्धान्त हैं—

(1) सामग्री के अनावश्यक यातायात को रोकना ताकि उत्पादन बढ सके व उत्पादन लागत कम हो सके।

(2) सामग्री रखरखाव के वैज्ञानिक उपकरणों व विधियों का उपयोग किया जाए।

(3) सामग्री रखरखाव के उपकरणों में अधिकतम लोचशीलता (flexibility) होनी चाहिए।

(4) सामग्री को बार-बार लादने-उतारने से रोका जाए।

(5) सामग्री रखरखाव सम्बन्धी गतिविधियों का विस्तृत विश्लेषण किया जाए ताकि इन क्रियाओं को इकट्ठा, सरल एवं वैज्ञानिक रीति के अनुरूप बनाया जा सके।

सामग्री रखरखाव की वैज्ञानिक विधि के लाभ (Advantages of Scientific Materials Handling)—(1) इससे सामग्री प्राप्ति, संग्रहण एवं प्रेक्षण में श्रम लागत को कम करने में सहायता मिलती है।

(2) सामग्री रखरखाव के वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोग से यातायात पर होने वाले व्यय में कमी होती है।

(3) सामग्री के वैज्ञानिक ढंग से रखरखाव के कारण औद्योगिक सुरक्षा में भी वृद्धि होती है।

(4) इससे उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने एवं लाभ वृद्धि में सहयोग मिलता है।

सामग्री रखरखाव पर होने वाले व्ययों का लेखा करना (Treatment of Materials Handling Charges)—इन व्ययों को साधारणतः फैक्टरी उपरिव्ययों (factory overheads) की ही एक मद के रूप में जाना जाता है। इन व्ययों को सामग्री के मूल्य के प्रतिशत के रूप में भी वसूल किया जा सकता है। उदाहरणतः यदि किसी एक मास की अवधि में सामग्री रखरखाव पर 5,000 रु० व्यय हुए हैं

तथा कुल निर्गमित सामग्री का मूल्य 50,000 रु० है तो विभिन्न उपकार्यों के लिए सामग्री रखरखाव सम्बन्धी प्रभार 10 प्रतिशत $\left(\frac{5,000}{50,000} \times 100\right)$ की दर से लिया जाएगा।

सामग्री का बिल
(Bill of Malerials)

सामग्री के बिल में किसी विशेष उपकार्य से सम्बन्धित आवश्यकता की सभी सामग्रियों एवं उनकी आवश्यक मात्रा का विवरण दिया होता है। इस प्रकार उत्पादन विभाग एक ही पत्रक पर किसी विशेष उपकार्य से सम्बन्धित समस्त आवश्यक सामग्री की सूची बना देता है। यह बिल सामग्री मांग पत्र (Material Requistion) के बदले प्रयोग किया जाता है तथा इसमे लिखी हुई सारी सामग्री उत्पादन विभाग को भेजी जाती है। सामान्यत. सामग्री का बिल अप्रमापित उपकार्यों (Non-Standard jobs) के लिए तैयार किया जाता है। इस बिल का एक नमूना नीचे दिया जा रहा है।

स्वदेशी कम्पनी लिमिटेड
सामग्री बिल (Bill of Materials)

उपकार्य संख्या·········

संख्या·········

तिथि·········

क्रमांक	सामग्री विवरण	भण्डार संहिता संख्या	आदेशित मात्रा	लागत कार्यालय के प्रयोग के लिए		
				दर	राशि	अन्य विवरण

विभाग अधिकारी·········

लेखापाल·········

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर·········

भण्डार खाताबही पृष्ठ संख्या······

स्टोरकीपर के हस्ताक्षर··· ·····

सामग्री बिल के लाभ (Advantages of Bill of Materials)—

(1) इसका उपयोग किसी विशिष्ट उपकार्य के लिए क्रय अधिकारी को क्रय मांग पत्र भेजने के लिए भी किया जा सकता है।

(2) यह स्टोरकीपर को सामग्री निर्गम के लिए भेजे जाने वाले सामग्री मांग-पत्र के स्थान पर भी प्रयोग किया जा सकता है।

(3) एक उपकार्य के लिए उनसे सम्बन्धित सामग्री के बिल की लागत ज्ञात कर ली जाती है जिससे उपकार्य की लागत निर्धारण मे आसानी होती है।

(4) सामग्री का बिल किसी उपकार्य को वैज्ञानिक रूप से निर्धारित एवं प्रमापित आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। इससे सामग्री के क्षय को रोकने मे भी सहायता मिलती है।

सामग्री का क्षय' टूट-फूट, दोषपूर्ण होना एवं बरबादी
(Wastage, Scrap, Defectives and Spoilage of Mateaials)

प्राय: सभी उत्पादन संस्थानों में सामग्री के क्षय, टूट-फूट- दोषपूर्ण होने या बरबाद होने की समस्याये उत्पन्न होती रहती है जिस कारण किसी विशिष्ट प्रक्रिया अथवा उपकार्य के लिए निर्गमित सामग्री एवं उसके अनुपात में उत्पादन में अन्तर पाया जाता है। इस अन्तर को कम करने के लिये उपाय किये जाने चाहिए ताकि उत्पादन लागत को कम किया जा सके।

क्षय (Wastage)—यह सामग्री का वह भाग है जो रखरखाव, लाने ले जाने, संग्रहण अथवा उत्पादन करते समय नष्ट हो जाता है। इस नष्ट हुई सामग्री का कोई भी मूल्य नहीं होता। सामग्री का क्षय भाप बन कर उड़ने, ढेर को काटने या तोड़ने, लादने या उतारने, छीजन, गलत रखरखाव, आग आदि से हो सकता है। क्षय दो प्रकार की हो सकती है—(1) सामान्य क्षय (Normal wastage) (2) असामान्य क्षय (Abnormal wastage)

सामान्य क्षय—यह क्षय अपरिहार्य (Unavoidable) होता है तथा सामग्री की प्रकृति के कारण होता है। कुछ इस प्रकार की सामग्री जो तरल अथवा द्रव रूप में होती है भाप बनकर उड़ने के कारण वजन में कम रह जाती है। कोयला जैसी सामग्री लादने, उतारने आदि में कुछ सीमा तक नष्ट हो जाती है। जैसा कि पहले कहा जा चुका है, यह क्षात अपरिहार्य है तथा इसलिए इसे पूर्णत: नही रोका जा सकता। लेकिन सामग्री नियन्त्रण की श्रेष्ठ विधियों के उपयोग मे इस क्षति को कम किया जा सकता है।

सामान्य क्षय के उपचार (Treatment of normal wastage)—सामग्री के सामान्य क्षय की लागत वास्तविक उत्पादन से वसूल की जानी चाहिए क्योंकि

लागत निर्धारण के सिद्धान्त के अनुसार, सभी सामान्य व्यय जो सामान्य रूप से करने आवश्यक होते है, उत्पादन लागत में सम्मिलिति किए जाने चाहिए।

असामान्य क्षय—सामग्री में असामान्य क्षय असामान्य कारणों से ही होता है जैसे चोरी, आग, लापरवाहीपूर्ण रखरखाव आदि। इस प्रकार की क्षति को रोका जा सकता है लेकिन इसे रोकने के लिए कठोर सामग्री नियन्त्रण की आवश्यकता होती है।

सामान्य क्षय से होने वाली क्षति को वास्तविक उत्पादन से वसूल किया जाना चाहिए क्योंकि लागत लेखांकन का यह एक सामान्य सिद्धान्त है कि सामान्य क्षय को लागत मूल्य में सम्मिलित किया जाना चाहिए लेकिन असामान्य क्षय मूल्य लागत लाभ हानि खाते में डाल दिया जाता है।

टूट फूट (Scrap)—यह सामग्री का वह भाग है जो छोटे-छोटे टुकड़ों अथवा बची खुची मात्रा में होने के कारण अनुपयोगी हो जाता है। इस बची खुची सामग्री का कुछ न कुछ मूल्य भले ही कितना कम क्यों न हो, अवश्य होता है। सामग्री की टूट फूट कुछ विशेप प्रकार की उत्पादन प्रक्रियाओं के कारण ही होती है। इस टूट फूट को वेचा जा सकता है अथवा भट्टी में डाल कर पिघलाया जा सकता है एवं अन्य प्रकार से उपभोग में लाया जा सकता है।

टूट फूट सम्बन्धी उपचार (Treatment of Scrap)—टूट फूट के उपचार संबंधी सामान्य विधियाँ निम्नलिखित हैं :—

(1) टूटी फूटी सामग्री को वेचने से प्राप्त रकम को लाभ हानि के जमा में (Credit) डाल दिया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा तभी किया जाना चाहिए जब विक्रय की राशि अत्यन्त कम हो।

(2) इस विधि को उपेक्षा द्वारा उपचार (treatment by neglect) कहते हैं। इस विधि द्वारा टूट फूट पर प्रभावशाली नियन्त्रण नहीं किया जा सकता है क्योंकि टूट फूठ सम्बन्धी विस्तृत अभिलेख (Records) नही रखे जाते हैं तथा टूट फूट को लागत चार्ट में लागत के तत्व के रूप में नहीं दिखाया जाता है। इसके लेखाँकन की एक अन्य विधि यह है कि टूट फूट से प्राप्त राशि को उपयोगिता (Consmued) सामग्री की लागत अथवा फैक्टरी उपरिव्ययों में से कम कर दिया जाना चाहिए। यह दूसरी विधि उस स्थिति के लिए अधिक उपयुक्त है जहाँ एक ही समय पर अनेक उपकार्यों को प्रारम्भ किया जाता है तथा प्रत्येक कार्य की टूट फूट का पता लगाना सम्भव न हो।

दोषपूर्ण सामग्री (Defectives)—यह उत्पादन का वह भाग है जिसे कुछ अतिरिक्त व्यय करके ठीक किया जा सकता है। यह अ-प्रमापित सामग्री, घटिया

कारीगरी, अकुशल नियन्त्रण अथवा निरीक्षण के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती हैं। ऐसे त्रुटियुक्त अथवा दोष पूर्ण उत्पादन को ठीक करने की लागत को कुल लागत में जोड़ दिया जाना चाहिए। इस प्रकार ठीक की गई सामग्री कीं मात्रा को उत्पादन में जोड़ दिया जाना चाहिए क्योंकि इसका विक्रय किया जा सकता है। ऐसे दोषपूर्ण उत्पादन को ठीक करने के लिए किया जाने वाला व्यय उसके विक्रय से प्राप्त होने वाली राशि से कम होना चाहिए अन्यथा इसे टूटी फूटी सामग्री के रूप में वेच देना ही अधिक लाभदायक होगा।

दोषयुक्त सामग्री को ठीक करने की लागत का उपचार (Treatment of the Cost of Rectification of Defectives) (1) यदि दोष युक्त सामग्री की किसी विशेष कार्य अथवा उपकार्य से पहचान की जा सकती है तो इसे ठीक करने की लागत को उस विशिष्ट कार्य अथवा विभाग से प्रभारित किया जाना चाहिए।

(2) यदि दोष युक्त सामग्री की किसी विशेष कार्य अथवा उपकार्य से पहचान नहीं की जा सकती तो इसे ठीक करवाने पर होने वाले व्ययों को सामान्य फैक्टरी उपरिव्ययों में जोड़ देना चाहिए।

(3) यदि दोषयुक्त उत्पादन असामान्य कारणों से है तो इसे ठीक कराने की लागत को लाभ-हानि खाते में अन्तरित कर दिया जाना चाहिए।

बरबाद सामग्री (Spoilage)—यदि उत्पादन प्रक्रिया के समय वस्तुयें इस प्रकार क्षतिग्रस्त हो जाएं कि उन्हें अतिरिक्त लागत पर भी ठीक न किया जा सके तो उसे सामग्री की बरबादी कहते हैं। इस प्रकार के उत्पादन में प्रयोग की गई सामग्री को किसी अन्य उत्पाद अथवा प्रक्रिया में उपयोग लाया जा सकता है।

बरबादी की लागत का उपचार (Treatment of Cost of Spoiliage)

यदि इस प्रकार की क्षति सामान्य कारणों से हुई है तो उसे उत्पादन मूल्य में जोड़ दिया जाना चाहिए लेकिन यदि यह असामान्य कारणों से हुई है तो इसे लागत लाभ हानि खाते में अन्तरित कर दिया जाना चाहिए।

सामग्री के क्षय, टूट फूट, दोषयुक्तता एवं बरबादी पर नियन्त्रण (Control of Wastage, Scrap, Defectives and Spoilage)—उत्पादन लागत को कम करने के लिए आवश्यक है कि सामग्री के क्षय, टूट फूट, दोषयुक्तता अथवा बरबादी को रोकने के लिए सभी सम्भव उपाय किए जाएँ। इस दिशा में निम्न कदम उठाये जा सकते है—

(1) क्षय, टूट फूट, वरबादी **सम्बन्धी विवरण** के प्रतिवेदन (Reports) तैयार किए जाने चाहिएं ताकि **क्षय आदि के कारणों** का पता लगाया जा सके।

हानि के लिए उतरदायी कारणों का पता लगाने, उन्हें रोकने का यथाविधि प्रयास किया जाना चाहिए।

(2) क्षय, टूट फूट, दोषयुक्तता, बरबादी के लिए प्रमाप (Standards) निश्चित किये जाने चाहिएं। इसके लिए प्रमापित लागत निर्धारण विधि का उपयोग किया जाना चाहिए।

(3) अच्छी क्वालिटी की सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए। सामग्री की क्वालिटी जितनी श्रेष्ठ होगी, उतना ही क्षय, टूट फूट आदि कम होगी।

Illustration 7·1. 4,000 lbs. of wool costing Rs. 72,000 was issued for the manufacture of 38″ size pullover. On the completion of manufacture of pullovers, the following information is furnished :—

(1) 1,600 good pullovers 38″ size of 2 lb. each were manufactured.

(2) 100 lb. of wool is scrapped and realises Rs. 700.

(3) 200 lbs. of off cuts were used for the manufacture of another variety of hosiery. The market value of this is Rs. 1,800.

(4) 200 pullovers were found defective and were rectified at an additional material cost of Rs. 500.

You are required to find out the cost of material of one pullover.

Solution

	Quantity Lbs.	Amount Rs.
Material issued	4,000	72,000
Less : Sales of scrap	100	700
	3,900	71,300
Less : Off cuts used for the manufacture of another variety (spoilage)	200	1,800
	3,700	69,500
Add : Cost of rectification of 200 defective pullovers	—	500
	3,700	70,000
Less : Wastage in process	100	—
Cost of 1,800 (good 1,600+200 defective) pullovers	3,600	70,000
Cost of material per pullover	$= \frac{70,000}{1,800}$	=Rs 38·89

प्रश्न (Questions)

1. सामग्री के उत्पादन सम्बन्धी प्रक्रिया के दोरान होने वाले सामान्य एवं असामान्य क्षय से आप क्या समझते है ? लागत लेखों में इन के उपचार सम्बन्धी नियमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

What do you understand by normal and abnormal waste of materials during process of manufacture ? State briefiy how each should be treated in cost accounts.

2. क्षय, टूट फूट, वरबादी एवं दोषयुक्त सामग्री से आप क्या समझते है ? इन हानियों के नियन्त्रण एवं लेखांकन सम्बन्धी सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

What do you mean by wastes, scraps, spoilage or defectives ? Indicate the principles to be followed in control and accounting of such losses.

3. 'बरबाद सामग्री' की व्याख्या कीजिए। एक 'बरबाद सामग्री प्रतिवेदन बनाइये यह परिकल्पना कीजिए कि बरबादी सामान्य है तथा इसका मूल्य उत्पा आदेश में जमा कर दिया गया है। कल्पित आंकड़ों का उपयोग कीजिए।

Define 'spoiled material'. Draft a spoiled material report giving disposition of charges, assuming spoilage is normal and value of spoilage is credited to production order. Give assumed figures.

4. 'सामग्री बिल' से आप क्या समझते हैं ? किन परिस्थितियों में सामग्री मांग पत्र की अपेक्षा आप सामग्री बिल का उपयोग अधिक उचित समझेंगे ?

What is meant by Bill of Materials ? When will you recommend drawal of stores under Bill of Material as opposed to individual requisition ?

5. (क) उत्पादक संस्थानों में होने वाले क्षयों के कारणों, जिन से आप परिचित हैं, का वर्णन कीजिए।

(ख) लागत लेखों में हानियों का उपचार जिन सिद्धान्तों के आधार पर किया जाता हैं, उन का वर्णन कीजिए।

(*a*) Enumerate the sources of wastage in a manufacturing underaking with which you are familiar.

(*b*) Indicate the principles upon which losses should be treated in the cost accounts.

6. बड़े पैमाने पर बिजली के पखों का उत्पादन करने वाली फैक्ट्री में कच्चे माल, कटपीस तथा टूट फूट से होने वाले क्षयों के बारे में विशेष प्रावधान किया गया है। आप क्षय के नियन्त्रण एवं सामग्री उपभोग में बचत करने के लिए किस विधि की सिफारिश करेंगे ?

In a mass production factory manufacturing electric fans, there is a specific provision for wastage of raw material, cut-pieces and scrap. What method would you suggest for control of wastage and economy of material utilisation ?

8 श्रम लागत-निर्धारण एवं नियन्त्रण (LABOUR COST-COMPUTATION AND CONTROL)

श्रम उत्पादन लागत का दूसरा एवं महत्वपूर्ण स्रोत है। इसलिए श्रम लागतों पर उचित नियंत्रण एवं इसका लेखांकन व्यापारिक संस्थान की जटिलतम समस्याओं में से है। सामग्री की ही भाँति श्रम भी दो प्रकार का होता है—(1) प्रत्यक्ष श्रम (Direct Labour) एवं (2) अप्रत्यक्ष श्रम (Indirect Labour).

प्रत्यक्ष श्रम(Direct Labour)—प्रत्यक्ष श्रम वह श्रम है जो वस्तुओं अथवा सेवाओं के उत्पादन में प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत है तथा जिसे सुगमता से कार्यों, उपकार्यों एवं प्रक्रियाओं में वितरित (allocate) किया जा सकता है। उदाहरणत: ईंटों के भट्टे में ईंटे बनाने में लगा श्रम प्रत्यक्ष श्रम कहा जा सकता है क्योंकि प्रति 1,000 ईंटें बनाने के लिए दिया गया श्रम उन 1,000 ईंटों की लागत में जोड़ा जा सकता है।

अप्रत्यक्ष श्रम (Indirect Labour)—अप्रत्यक्ष श्रम वह श्रम है जो वस्तुओं अथवा सेवाओं के उत्पादन में प्रत्यक्षत: कार्यरत नहीं है लेकिन अप्रत्यक्ष उत्पादक श्रम की सहायता में लगा हुआ है। उदाहरणत: मैकेनिक, नियंत्रक, चौकीदार, फोरमैन, निरीक्षक (Supervisor) आदि का पारिश्रमिक। अप्रत्यक्ष श्रम की लागत को आसानी से किसी विशिष्ट कार्य, उपकार्य अथवा प्रक्रिया में वितरित नहीं किया जा सकता है।

प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष श्रम में अन्तर स्पष्ट करना आवश्यक है प्रत्यक्ष श्रम के लिए किया गया भुगतान प्रत्यक्ष व्यय है तथा मूल लागत (Prime Cost) का ही एक भाग होता है। लेकिन अप्रत्यक्ष श्रम पर किया गया व्यय अप्रत्यक्ष व्यय है तथा इसे फैक्टरी, कार्यालय अथवा विक्रय एवं वितरण व्ययों में से ही किसी में वितरित किया जाता है।

श्रम लागतें (Labour Costs)—श्रम लागतों में श्रमिकों को दिये गये पारिश्रमिक की अनेक मदें सम्मिलित की जाती हैं जो निम्नलिखित हैं।

(क) आर्थिक लाभ (Monetary Benefits) —(i) जैसे मूल वेतन (ii) मंहगाई भत्ता (iii) नियोक्ता द्वारा भविष्य निधि में योगदान (iv) नियोक्ता द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ESI Scheme) में योगदान (v) उत्पादन बोनस (vi) लाभ बोनस (vii) पेन्शन (viii) अवकाश ग्रहण करने पर दी जाने वाली ग्रैच्युटी आदि।

(ख) अन्य लाभ (Fringe Benefits)—जैसे (i) रियायती दर पर भोजन (ii) रियायती आवास (iii) श्रमिकों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा (iv) चिकि
धाएँ (v) छुट्टियों का वेतन (vi)मनोरंजन सुविधाएँ।

श्रम का उत्पादन में विशेष महत्त्व होने तथा कुल उत्पादन लागत का सबसे बड़ा भाग श्रम पर व्यय होने के कारण यह आवश्यक हो जाता है कि श्रम के सम्बन्ध में उचित व्यवस्था एवं नियंत्रण किया जाए ताकि इसके कारण कोई अपव्यय न हो।

श्रम लागतों पर नियंत्रण (Control over labour costs)—किसी उत्पाद की कुल लागत में से श्रम लागतों का काफी बड़ा हिस्सा होता है। श्रम लागतें कई कारणों से अधिक हो सकती है जैसे श्रमिकों की अकुशलता, उचित निरीक्षण के अभाव में सामग्री का अधिक क्षय, श्रम परिवर्तन की ऊंची दर, व्यर्थ समय एवं अनुचित अधिसमय (overtime), मजदूरी सूची (wage sheet) में बोगस श्रमिकों को सम्मिलित किया जाना तथा इनसे सम्बन्धित अन्य अनेक कारण आज के युग में, उद्योग की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता, श्रम का समुचित एवं मितव्ययी उपयोग किया जाना है ताकि उत्पादित एवं निर्मित वस्तुओं एवं सेवाओं की उत्पादन लागत में कमी की जा सके। प्रबन्ध द्वारा श्रम लागतों का निम्नलिखित प्रकार से प्रयोग किया जाता है:—

(1) प्रत्यक्ष श्रम लागत को श्रम कुशलता में वृद्धि करने के लिए मापदण्ड के रूप में प्रयोग करने के लिए।

(2) प्रत्यक्ष श्रम लागत को उत्पाद, कार्यआदेशों उपकार्यो अथवा प्रक्रियाओं से सम्बन्धित करने हेतु ताकि प्रत्येक उत्पाद, कार्य आदेश, उपकार्य एवं प्रक्रिया की लागत निर्धारित की जा सके।

(3) प्रत्यक्ष श्रम लागतों को उपरिव्ययों के संविलयन हेतु भी प्रयोग किया जा सकता है।

(उपरिव्ययों का प्रत्यक्ष श्रम लागतों के प्रतिशत आधार पर भी संविलयन किया जा सकता है।)

(4) अप्रत्यश्र श्रम लागत को उपरिव्यय की भाँति निर्धारित करने के लिए आदि।

अत: श्रम लागतों पर नियंत्रण किया जाना अत्याधिक आवश्यक है। सामान्यत: बड़े औद्योगिक संस्थानों में श्रम लागतों पर नियंत्रण करने के लिए 6 विभाग होते हैं—

(1) कर्मचारी विभाग (Personnel Department)

(2) इंजीनियरिंग विभाग (Engineering Department)

(3) समय एवं गति अध्ययन विभाग (Time and Motion study Department)

(4) समय लेखन विभाग (Time keeping Department)

(5) लागत लेखांकन विभाग (Cost Accounting Department)

(6) वेतन विभाग (Payroll Department)

कर्मचारी विभाग (Personnel Department)—कर्मचारियों अथवा कार्मिक विभाग का कार्य अन्य विभागों के निरीक्षकों (Supervisors) व नियंत्रकों की सहायता से श्रमिकों का चुनाव करना, उन्हें प्रशिक्षित करना, उनके पारिश्रमिक का निर्धारण करना, उनके कल्याण की योजना बनाना एवं उन्हें कार्य सम्बन्धी सुरक्षा प्रदान करना है ताकि श्रेष्ठ औद्योगिक सम्बन्धों की स्थापना में सहायता मिले। इस विभाग का मुख्य कार्य कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण के पश्चात् उन्हें उनकी कुशलता के अनुसार कार्य देना है। जब भी किसी नये कर्मचारी की नियुक्ति की जाती है, उसके नियुक्ति पत्र की एक प्रतिलिपि समय विभाग (time office) में उपस्थिति रिकॉर्ड करने के लिए तथा (ii) एक प्रतिलिपि वेतन विभाग में वेतन सूची में कर्मचारी का नाम सम्मिलित करने के लिए भेजी जाती है। नियुक्ति पत्र की एक प्रतिलिपि कर्मचारी विभाग द्वारा अपने अभिलेखों के लिए भी रखी जाती है।

कर्मचारियों की नियुक्ति तथा कार्य-स्थान निर्धारण (recruitment and placement) के सम्बन्ध में कर्मचारी विभाग द्वारा दो महत्वपूर्ण अभिलेख रखे जाते हैं :—

कर्मचारी नियुक्ति सम्बन्धी मांग पत्र (Employee Placement Requisition)—जब भी किसी विभाग में अतिरिक्त कर्मचारी की आवश्यकता होती है तो उस विभाग द्वारा एक कर्मचारी नियुक्ति सम्बन्धी मांगपत्र कर्मचारी विभाग को भेजा जाता है। इस मांग पत्र की प्राप्ति के बाद ही कर्मचारी विभाग का कार्य आरम्भ होता है। इस माँग पत्र की प्राप्ति के पश्चात् कर्मचारी विभाग किसी पूर्व नियुक्त कर्मचारी को वह कार्य सौंप देता हैं अथवा नए कर्मचारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में कदम उठाए जाते हैं।

कर्मचारी नियुक्ति सम्बन्धी मांगपत्र का नमूना नीचे दिया जा रहा है :—

कर्मचारी नियुक्ति मांगपत्र

(Employee Placement Requisition)

विभाग.........   मांगपत्र संख्या.........

                                                                         तिथि.........

कृपया ———तिथि से निम्नलिखित कर्मचारियों की नियुक्ति का प्रबन्ध कीजिए :

कर्मचारियों की संख्या	श्रेणी	उपकार्य विवरण	अन्य विवरण	विशेष विवरण

प्रेषक विभाग.........   स्वीकर्ता के हस्ताक्षर.........

नये कर्मचारी की नियुक्ति के सम्बन्ध में समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर अथवा नियोजन कार्यालय (Employment Exchange) के माध्यम से औपचारिक प्रार्थना पत्र मगवाए जाते हैं तथा साक्षात्कार आदि के बाद नियुक्त कर्मचारियों को मांग पत्र भेजने वाले विभाग में कार्य हेतु भेज दिया जाता है।

श्रमिक इतिहास पत्रक (Employee's History Card)—कर्मचारी विभाग द्वारा प्रत्येक श्रमिक के सम्बन्ध में पूरा विवरण रखना आवश्यक होता है यह विवरण एक पत्रक पर लिखा जाता है जिसे श्रमिक इतिहास पत्रक कहते है। इस पत्रक में श्रमिक की नियुक्ति सम्बन्धी निम्नलिखित तथ्यों का ब्यौरा लिखा जाता है :—(1) नाम एवं पता (2) विभाग (3) पूर्व नियोक्ता का नाम तथा नौकरी छोड़ने के कारण (4) नियुक्ति की तिथि (5) श्रेणी (6) वेतनमान (7) उन्नतियाँ। साधारणत: इस

कार्ड की दूसरी तरफ कर्मचारी द्वारा ली गई छुट्टियों का विवरण लिखने के लिए खाने बनाए जाते हैं। श्रमिक कार्ड का नमूना नीचे दिया गया है :—

कर्मचारी इतिहास पत्रक

(Employee's History Card)

नाम········· संख्या········· श्रेणी·········

विभाग········· नियुक्ति पत्रक·········

पता········· पद·········

जन्मतिथि·········

शिक्षा········· वेतन दर·········

वैवाहिक स्थिति·········

पूर्व नियोक्ता········· प्रारम्भिक वेतन·········

कार्य छोड़ने का कारण········· पुनर्नियुक्ति·········

भुगतान व सेवा परिर्वतन संबंधी विवरण

तिथि	कार्य	वेतन दर	भुगतान	परिर्वतन के कारण (पदोन्नति, वेतन, वृद्धि अवनति आदि	अन्य विवरण

श्रमिकों के चुनाव एवं नियुक्ति पर उचित नियंत्रण रखने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाने चाहिए :—

(1) सभी नियुक्तियाँ कर्मचारी विभाग के माध्यम से होनी चाहिएं।

(2) कर्मचारी विभाग के प्रबन्धक द्वारा कर्मचारी नियुक्ति मांग पत्र का समुचित निरीक्षण किया जाना चाहिए तथा यह देखना चाहिए कि क्या किसी अन्य विभाग के लिए अतिरिक्त श्रमिक का स्थानांतरण किया जा सकता है ।

(3) यदि अतिरिक्त श्रमिक की स्थायी रूप से आवश्यकता नहीं है तो आकस्मिक (Casual) अथवा अस्थायी श्रमिकों को ही नियुक्त किया जाना चाहिए ।

(4) श्रमिकों की अनुपस्थिति तथा अकुशलता की स्थिति असामान्य होने पर अनुपस्थिति कम करने तथा अतिरिक्त श्रमिकों की अकुशलता हेतु आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए ।

(5) श्रम लागतों को कम करने लिए मशीनीकरण किया जा सकता है तो इस सम्बन्ध में निर्णय लेना चाहिए ।

(6) प्रत्येक विभाग को श्रम उपयोग सम्बन्धी प्रतिवेदन बनाने के लिए कहा जाना चाहिए । इन प्रतिवेदनों द्वारा श्रमिकों के उपयोग एवं कुशलता की जानकारी मिलती है ।

श्रमिक परिवर्तन दर
(Labour Turnover Rate)

किसी संस्था के श्रमिकों में हुए परिवर्तन के प्रतिशत को श्रमिक परिवर्तन दर कहते हैं । यदि यह प्रतिशत दर अधिक ऊंची है तो इसका अर्थ यह है कि संस्था में श्रमिकों के स्थायित्व का अभाव होता है क्योंकि कुछ श्रमिकों ने संस्था को छोड़ दिया है तथा अन्यों को उनके स्थान पर नियुक्त किया गया है । श्रमिक परिवर्तन की ऊँची दर वांछनीय नहीं होती तथा ऐसी स्थिति में इसे कम करने के लिए कुछ प्रयास किये जाने चाहिए । श्रम परिवर्तन की दर मापने की निम्नलिखित विधियाँ हैं—

(1) पृथकता विधि द्वारा श्रमिक परिवर्तन दर

$$= \frac{\text{किसी अवधि में संस्था छोड़ने वाले श्रमिक}}{\text{उस अवधि में संस्था में कार्यरत श्रमिकों का औसत}} \times 100$$

[Labour Turnover according to Separation Method]

$$= \frac{\text{Number of employees left during a period}}{\text{Average number of employees during a period}} \times 100$$

इस विधि के अन्तर्गत अतिरिक्त श्रमिकों की समस्या पर विचार नहीं किया जाता है । अत: यदि अतिरिक्त श्रमिकों (surplus labour) को नौकरी से हटा दिया गया है तो इस विधि द्वारा श्रमिक परिवर्तन की ऊँची दर सूचित की जाएगी ।

(2) सम्मिलित श्रमिक विधि द्वारा परिवर्तन दर

$$= \frac{\text{किसी अवधि में नये भर्ती किए गये श्रमिकों की संख्या + उसी अवधि में संस्था छोड़ने वाले श्रमिकों की संख्या}}{\text{उस अवधि में संस्था में कार्यरत श्रमिकों की औसत}} \times 100$$

[Labour turnover according to Flux Method

$$= \frac{\text{Number of additions + Separations during a period}}{\text{Average number of employees during a Period}} \times 100]$$

यदि किसी संस्था का विस्तार एवं विकास हो रहा है तो कई नये श्रमिकों को नियुक्त किया जाएगा। अतः संस्था छोड़ने वाले श्रमिकों की संख्या शून्य होने पर भी परिवतन दर अत्याधिक होगी। अतः इन संस्थाओं के लिए यह विधि अनुपयुक्त होगी।

(3) प्रतिस्थापन विधि द्वारा परिवर्तन दर

$$= \frac{\text{किसी अवधि में प्रतिस्थापित श्रमिकों की संख्या}}{\text{उस अवधि में संस्था में कार्यरत श्रमिकों का औसत}} \times 100$$

Labour Turnover according to Replacement method

$$= \frac{\text{Number of workers replaced during a Period}}{\text{Average number or workers during the Period}} \times 100]$$

इस विधि द्वारा अतिरिक्त श्रमिकों को ध्यान में रखा जाता है। संस्था के विस्तार के दौरान भी यह विधि श्रमिक परिवर्तन की ठीक दर सूचित करेगी क्योंकि सभी नये श्रमिकों की गणना नहीं की जाती है तथा केवल प्रतिस्थापित (Replaced) श्रमिकों की ही गणना की जाती है। अतः यह विधि सर्वाधिक उपयुक्त है।

(4) श्रमिक परिवर्तन दर

$$= \frac{\dfrac{\text{एक अवधि में नये श्रमिकों की संख्या + संस्था छोड़ने वाले श्रमिकों की संख्या}}{2}}{\text{उसी अवधि में संस्था में कार्यरत श्रमिकों का औसत}} \times 100$$

$$\text{Labour Turnover Rate} = \frac{\dfrac{\text{Number of addition + Separations during a period}}{2}}{\text{Average number of employees during the period}} \times 100$$

यदि किसी संस्था का विकास एवं विस्तार रुक चुका है तो इस विधि द्वारा वास्तविक परिवर्तन दर की प्रतिशत का आधा ही सूचित किया जाएगा।

अतः यह स्पष्ट है कि प्रतिस्थापन विधि द्वारा ज्ञात की जाने वाली परिवर्तन दर ही सर्वाधिक एवं सभी परिस्थितियों में उपयुक्त है।

Illustration 8·1. From the following information, calculate the labour turnover rate and labour flux rate :

Number of workers at the beginning of the year	3,800
Number of workers at the end of the year	4,200

During the year 40 workers leave while 160 workers are discharged. 600 workers are recruited during the year, of these 150 workers are recruited because of leavers and the rest are engaged in accordance with an expansion scheme.

Solution

Average Number of workers during the year $\frac{3,800+4,200}{2}=4,000$

Labour Turnover Rate :

$$\frac{\text{Number of workers replaced during the year}}{\text{Average number of workers during the year}}\times 100$$

$$=\frac{150}{4,000}\times 100=3\ 75\%$$

Labour Flux Rate :

$$\frac{\text{Number of additions+separations during the year}}{\text{Average number of workers during the year}}\times 100$$

$$=\frac{600+200}{4,000}\times 100=20\%$$

Labour flux rate denotes total change in the composition of labour force due to additions and separations of workers.

श्रमिक परिवर्तन के कारण (Causes of Labour Turnover)—श्रमिक परिवर्तन के कारणों को मुख्य दो भागों में बाँटा जा सकता है:

1. परिहार्य कारण (Avoidable Causes) एवं
2. अपरिहार्य कारण (Unavoidable Causes)

परिहार्य कारणों में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जा सकता है

(i) यदि श्रमिकों को कम मजदूरी दी जाती है तो वह अधिक मजदूरी प्राप्त करने के लिए किसी अन्य स्थान पर जाने को प्रोत्साहित होते है ।

(ii) श्रमिकों को यदि कार्य सम्बन्धी पर्याप्त आवश्यक सुविधाएँ नहीं दी जाती हैं तो भी वह दूसरी जगह काम ढूंढ सकते हैं ।

(iii) यदि उन्हें उन्नति के पर्याप्त साधन उपलब्ध न किए गए हों अथवा तरक्की देने की विधि न्यायपूर्ण नहीं है ।

(iv) कार्य के अधिक घंटे ।

(v) प्रबन्धकों का सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार न होना ।

(vi) श्रमिकों को अरुचिकर कार्यो (जिनमें उनकी रुचि या योग्यता न हो) पर लगाने पर भी उनमें कार्य के प्रति असन्तोष की भावना पैदा होती है ।

(vii) निवास अथवा चिकित्सा की पर्याप्त सुविधाओं का अभाव ।

उपरोक्त सभी कारणों से श्रमिक फैक्टरी छोड़कर अन्यत्र जाना चाहेंगे ।

अपरिहार्य कारणों में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जा सकता है—

(i) अनुशासनहीनता अथवा अकुशलता के कारण श्रमिक को कार्य से पृथक किया जा सकता है।

(ii) अवकाश ग्रहण करने अथवा मृत्यु से।

(iii) दुर्घटना के कारण अस्थायी रूप से अयोग्य हो जाने पर।

(iv) महिला श्रमिकों द्वारा विवाहोपरांत कार्य छोड़ देने पर।

(v) कुछ श्रमिक अपनी आदत के कारण ही एक स्थान पर अधिक देर टिक कर कार्य नहीं कर सकते।

उपरोक्त सभी कारणों से भी श्रमिक परिवर्तन दर में वृद्धि होगी।

श्रमिक परिवर्तन के प्रभाव (Effects of Labour Turnover)—

अपरिहार्य कारणों के अतिरिक्त अन्य कारणों से यदि श्रमिक परिवर्तन दर अधिक है तो यह संस्था की प्रगति में बाधक होती है। श्रमिकों में अधिक परिवर्तन से उत्पादन लागत बढ जाती है। ऐसा निम्न कारणों से होता है—

(1) उत्पादन में बार-बार रुकावट आती है जिससे उत्पादन कम होता है।

(2) नये श्रमिकों की भर्ती एवं उनके प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय उत्पादन लागत के उपरिव्ययों में सम्मिलित किया जाता है।

(3) नये श्रमिकों की अकुशलता के कारण टूट-फूट तथा घटिया काम अधिक होता है।

(4) नये श्रमिकों को कुशल होने में कुछ समय लगता है जिस दौरान उत्पादन कम होता हैं।

श्रमिक परिवर्तन की लागत (Cost of Labour Turnover) श्रमिक परिवर्तन की लागत को दो भागों में बांटा जा सकता है—

(i) निषेधात्मक लागतें (Preventive Costs)

(ii) प्रतिस्थापन लागतें (Replacement Costs)

निषेधात्मक लागतें—यह वह लागतें है जिन्हें अत्याधिक श्रमिक परिवर्तन रोकने के लिए व्यय किया जाता है इन लागतों का उद्देश्य श्रमिकों को सन्तुष्ट रखना है ताकि वह फैक्टरी छोड़ कर अन्यत्र न जाएँ इनमें निम्नलिखित लागतों को सम्मिलित किया जाता है :

(i) कार्य सम्बन्धी श्रेष्ठ सुविधाओं को प्रदान करने की लागत;

(ii) श्रमिकों को निवास, चिकित्सा तथा मनोरंजन की सुविधाएँ प्राप्त कराने की लागत;

(iii) श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा सुविधाएँ प्रदान करने की लागत ;

(iv) उन्हें सस्ता भोजन प्राप्त कराने की लागत ;

(v) अन्य कल्याण सुविधाएं (welfare faciliities) प्रदान कराने की लागत ।

इन लागतों को विभिन्न विभागों में उनमें कार्य करने वाले श्रमिकों के औसत के अनुपात अविभाजित (apportionment) कर दिया जाता है ।

प्रतिस्थापन लागतें—यह लागतें श्रमिकों के प्रतिस्थापन से सम्बन्धित होती है तथा इनमें निम्नलिखित लागतों को सम्मिलित किया जाता है—

(i) नये श्रमिकों के प्रशिक्षण का व्यय;

(ii) नये श्रमिकों की भर्ती की लागत;

(iii) उत्पादन की हानि—नये श्रमिकों व .ा अथवा उत्पादन में रुकावट के कारण ;

(iv) उत्पादन में होने वाली हानि से लाभ की हानि ;

इन लागतों को विभिन्न विभागों में वास्तविक रूप से प्रतिस्थापित श्रमिकों की संख्या के अनुपात में वितरित किया जाना चाहिए ।

इंजीनियरिंग विभाग (Engineering Department)—इस विभाग द्वारा प्रत्येक उपकार्य तथा विभाग की उत्पादन प्रणालियों व कार्य करने की अवस्थाओं पर नियंत्रण किया जाता है । इस हेतु इस विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते है :—

(1) उत्पादन से सम्बन्धित प्रत्येक उपकार्य के लिए योजनाएं व विस्तृत ब्यौरा तैयार करना ।

(2) उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं में उपकार्यों का निरीक्षण एवं उत्पादित माल की जांच ।

(3) सुरक्षा एवं कुशल कार्य दशाओं (working condition) को बनाये रखना ।

(4) अनुसंधान एवं प्रयोगिक कार्य करना ।

समय व गति अध्ययन विभाग (Time and Motion Study Department) यह विभाग कर्मचारी, इंजीनियरिंग एवं लागत विभागों की सहायता से कार्य करता है इस विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं :—

(1) श्रमिकों व प्लॉन्ट की गतिविधियों के सम्बन्ध में समय व गति सम्बन्धी अध्ययन करना ।

(2) उपकार्य विश्लेपण (Job Analysis) करना ।

(3) मूल्य दरें (Price rates) निर्धारित करना ।

गति अध्ययन (Motion Study) कुछ गतिविधियों को एक से अधिक तरीकों से किया जा सकता है। इन विभिन्न तरीकों अथवा विधियों में से सर्वश्रेष्ठ का निर्धारण करने के लिए गति अध्ययन की आवश्यकता होती है। इस अध्ययन द्वारा किसी श्रमिक अथवा मशीन की कार्य सम्बन्धी गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा तैयार किया जाता है ताकि अनावश्यक अथवा अकुशलतापूर्वक की जाने वाली गतिविधियों को समाप्त किया जा सके जिससे उत्पादकता (Productivity) बढ़ सके। 'गति अध्ययन' प्रणाली का विकास एक अमरीकी प्रबन्ध विशेषज्ञ F.B.Gilbrith के द्वारा किया गया था। गति अध्ययन की परिभाषा इस प्रकार की गई है :

"गति अध्ययन का तात्पर्य किसी कार्य को उसके मुख्य आधारभूत तत्वों में विभाजित करने से है एवं इन तत्वों से पृथक रूप से एक दूसरे के सम्बन्ध में अध्ययन करके ऐसी विधियों का विकास करने से है जिनसे न्यूनतम क्षय की सम्भावना रहे।"[1] Prof. Gilbrith द्वारा यह सिद्ध किया गया कि गति अध्ययन द्वारा व्यर्थ एवं अनावश्यक गतिविधियों को समाप्त करके समय बचाया जा सकता है तथा कार्य से होने वाली थकान को कम किया जा सकता है।

गति अध्ययन के लिए कर्मचारियों का उनके कार्य स्थलों पर ही अध्ययन किया जाता है तथा उनकी प्रत्येक गतिविधि को नोट किया जाता है। प्रत्येक गति-विधि कोTherblig [Gilbrith का उलट रूप] कहते हैं। एक घड़ी (Stop-watch) की सहायता से प्रत्येक गतिविधि में लगने वाला समय रिकार्ड किया जाता है। सभी गतिविधियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाता है ताकि यह पता चल सके कि कौन सी गतिविधियां ऐसी है जिन्हें समाप्त या कम किया जा सकता है। इस अध्ययन का उद्देश्य कार्य करने की सर्वश्रेष्ठ विधि का निर्धारण करना है जिससे अनावश्यक श्रम की बचत हो सके।

समय अध्ययन (Time Study)—गति अध्ययन में प्रत्येक कार्य की गति-विधियों का समय ज्ञात करने के पश्चात् उनका पृथक रूप से आपसी विश्लेषण किया जाता है एवं यह निर्धारित किया जाता हैं कि कार्य विशेष को करने के लिए कितने समय की आवश्यकता होती है। प्रत्येक कार्य के सम्बन्ध में आवश्यक समय (जिसे प्रमापित समय भी कहते है) के निर्धारण के लिए यह आवश्यक है कि एक औसत श्रमिक (Average worker) द्वारा उस कार्य को करने में लिए गए समय का अध्ययन किया जाए। अत्यधिक निपुण अथवा अकुशल श्रमिकों का अध्ययन नहीं करना चाहिए। इसके अतिरिक्त समय अध्ययन करते समय थकान आदि के लिए

---

1. Motion study consists in dividing work into most fundamental elements possible ; studying these elements separately and in relation to one another : and from these studied elements when timed, building methods of least waste. —*F.B. Gilbirth*

अथवा श्रमिक की व्यक्तिगत आवश्यकताओं जैसे धूम्रपान, पानी पीना, पेशाबघर जाना आदि के लिए समय दिया जाना चाहिए।

समय एवं गति अध्ययन से लाभ :—(1) इस अध्ययन द्वारा पारिश्रमिक दरें निर्धारित करने एवं प्रेरणात्मक योजनाएें (incentive plans) बनाने के सम्बन्ध में निर्णय लेने में सुगमता होती है।

(2) श्रमिकों की कुशलता बढ़ती है क्योंकि उन्हें कार्य सम्बन्धी श्रेष्ठ विधियों, उपयुक्त मशीनों एवं व्यर्थ की गतिविधियों को समाप्त करने की जानकारी दी जाती है।

(3) श्रम सम्बन्धी आवश्यकताओं के उचित रूप से निर्धारण मे सहायता मिलती है।

(4) श्रमिकों एवं मशीनों सम्बन्धी व्यर्थ समय की जानकारी प्राप्त होती है तथा इस ओर प्रबन्धकों का ध्यान आकर्षित किया जा सकता है।

(5) श्रम लागतों सम्बन्धी बजट बनाने में आसानी रहती है।

(6) इन अध्ययनों द्वारा समुचित योजनाकरण द्वारा लागत नियन्त्रण में सहायता मिलती है।

उपकार्य विश्लेषण (Job Anlaysis) :—उपरोक्त वर्णित विभाग का ही एक अन्य कार्य प्रत्येक उप कार्य का विश्लेषण करना भी है इस विश्लेषण द्वारा कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए आवश्यक श्रमिक योग्यताओं के निर्धारण में सहायता मिलती है। उपकार्य विश्लेषण द्वारा कुशलता, योग्यता एवं दायित्व के आधार पर श्रमिकों का वर्गीकरण किया जाता है। अत: उपकार्य विश्लेषण में निम्नलिखित कार्यो को सम्मिलित किया जाता है।

(1) कार्य के निष्पादन के लिए आवश्यक दायित्व एवं कर्त्तव्यों का निर्धारण।

(2) निष्पादन के लिए आवश्यक परिस्थितियों का निर्धारण।

(3) कार्य की प्रकृति का निर्धारण।

(4) श्रमिक योग्यताओं का निर्धारण।

(5) वेतन, कार्य-घंटों,मजदूरी दरों आदि का निर्धारण :

उपकार्य विश्लेषण के लाभ (Advantages of Job Analysis)—(1) इसके द्वारा विभिन्न उपकार्यो के लिए उचित दरों के निर्धारण में सुविधा होती है। यह दरें कार्य सम्बन्धी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है। एक से उपकार्यो के लिए वेतन दरों में अन्तर को समाप्त किया जा सकता है।

(2) इससे समान कार्य करने वाले श्रमिकों को सामान वेतन अथवा मजदूरी दी जाती हैं जिससे उनमें श्रम एवं मजदूरी सम्बन्धी भेदभाव नहीं रहता।

(3) इससे उपकार्यों के निष्पादन के लिए आवश्यक योग्यताओं की सूची बना ली जाती है जिससे प्रत्येक उपकार्य को करने के लिए श्रेष्ठ श्रमिक का चुनाव किया जा सकता है।

(4) इससे श्रमिक विवादों का समाधान करने में भी सहायता मिलती है क्योंकि प्रत्येक उपकार्य के लिए आवश्यक योग्यताओं, कुशलताओं एवं कार्य की परिस्थितियों का पूर्व निर्धारण कर लिया जाता है।

समय लेखन विभाग (Time keeping Department)—समय लेखन विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं।

(1) समयानुसार भुगतान पाने वाले श्रमिकों की मजदूरी की गणना करने में सहायता प्रदान करना।

(2) वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति।

(3) उपस्थिति सम्बन्धी अनुशासन बनाये रखना।

(4) प्रत्येक श्रमिक के फैक्ट्री में आने जाने के समय का लेखा-जोखा रखना ताकि सामान्य समय, अधिसमय (overtime), उपस्थिति में देरी तथा जल्दी कार्य छोड़ने सम्बन्धी सूचनाओं को रिकार्ड किया जा सके।

समय लेखन पद्धतियाँ (Methods of Time keeping)—समय लेखन सम्बन्धी पद्धतियाँ दो प्रकार की हैं :

(1) हस्तलेखन सम्बन्धी पद्धतियाँ (Manual Methods)
(2) मशीनी पद्धतियाँ (Mechanical Methods)

हस्तलेखन सम्बन्धी पद्धतियाँ—समय लेखन की निम्नलिखित विधियाँ हस्त-लेखन सम्बन्धी है :

(1) उपस्थिति रजिस्टर पद्धति तथा
(2) धातु टोकन पद्धति

उपस्थिति रजिस्टर पद्धति (Attendance Register Method)—इस विधि के अनुसार फैक्ट्री के फाटक पर एक उपस्थिति रजिस्टर रखा जाता है तथा उसमें श्रमिकों के आने तथा जाने का समय लिखा जाता है। यह समय सम्बन्धी प्रविष्टियाँ श्रमिकों द्वारा स्वयं ही की जा सकती हैं अथवा इस कार्य के लिए एक समय लेखन लिपिक (time keeping clerk) की नियुक्ति की जा सकती है।

यह पद्धतियाँ अत्यन्त सरल है तथा छोटे उद्योगों में प्रयुक्त की जा सकती हैं। लेकिन इसका एक दोष यह है कि बेईमान श्रमिक अपने आने तथा जाने का गलत समय इसमें लिख सकते हैं अथवा समय लेखन लिपिक से मिलकर गलत समय लिखवा सकते हैं।

धातु टोकन पद्धति (Metal Disc Method)—इस विधि के अनुसार प्रत्येक श्रमिक को एक धातु का टिकट अथवा टोकन दे दिया जाता हैं। इस टोकन पर उस श्रमिक की पहचान संख्या लिखी रहती है। फैक्ट्री के फाटक पर एक बोर्ड लगा रहता है तथा सभी टोकन उस पर लटका दिये जाते हैं।

श्रमिकों द्वारा फैक्टरी में प्रवेश से पूर्व अपना टोकन एक बॉक्स में (जो वहीं रखा जाता है) डाल दिया जाता है। फैक्टरी पहुँचने के नियत समय पर वह बॉक्स वहां से हटा दिया जाता है तथा देर से आने वाले श्रमिक अपना टोकन व्यक्तिगत रूप से समय लेखन लिपिक को देते हैं जो उनके आने का समय नोट कर लेता है। जो टोकन बोर्ड पर टंगे रहते हैं वह अनुपस्थित श्रमिकों के होते है। बाद में समय लेखन लिपिक द्वारा श्रमिकों की उपस्थिति दैनिक उपस्थिति रजिस्टर में भर दी जाती है तथा इस रजिस्टर को वेतन विभाग को भेज दिया जाता हैं।

यह पद्धतियाँ भी सरल हैं। अनपढ श्रमिक अपनी संख्या के धातु के टोकन को आसानी से पहचान सकते है तथा बॉक्स में डाल सकते हैं। लेकिन यह पद्धतियाँ तभी उपयोगी हो सकती हैं जब श्रमिकों की संख्या बहुत अधिक न हो। इस विधि के निम्न लिखित दोष हैं :

(1) इस बात की सम्भावना रहती है कि श्रामक अपने किसी साथी को लाभ पहुँचाने के लिए उसका टोकन भी बॉक्स में डाल दे ताकि उसका देर से आना न रिकार्ड हो सके।

(2) इसमें समय-लेखन लिपिक द्वारा श्रमिकों के आने का समय रिकार्ड करने में जानबूझ कर अथवा लापरवाहीवश गलती भी हो सकती है।

(3) समय लेखन लिपिक द्वारा अनुपस्थित श्रमिकों को उपस्थित दिखाने की सम्भावना रहती है।

मशीनी पद्धतियाँ (Mechanical Methods)—समय लेखन के लिए सामान्यत: निम्नलिखित मशीनी पद्धतियों का उपयोग किया जाता है :

(1) समय रिकार्ड करने वाली घड़ियाँ तथा

(2) डायल समय रिकार्डर।

समय रिकार्ड करने वाली घड़ियाँ (Time Recording Clocks)—यह घड़ी श्रमिकों के आने जाने के समय रिकार्ड करने की यांत्रिक विधि है। यह घड़ियाँ उन

उद्योगों में उपयोगी हो सकती है जहाँ बड़ी संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं। इन घड़ियों द्वारा हस्तलेखन विधियों के दोषों से मुक्ति मिल जाती है। इस विधि के अनुसार प्रत्येक श्रमिक को एक समय कार्ड (time card) दिया जाता है तथा जैसे ही वह फैक्टरी के फाटक पर पहुँचता है वहाँ रखी एक ट्रे (tray) में से अपना कार्ड निकाल कर समय रिकार्ड करने वाली घड़ी में डाल देता है जो उसके आने का ठीक समय उस पर अंकित कर देती है। इसी प्रकार जब वह फैक्टरी से बाहर जाता है तो कार्ड पर घड़ी द्वारा अपना जाने का समय अंकित करा कर कार्ड ट्रे में छोड़ जाता है। इस घड़ी द्वारा देर से आना अथवा जल्दी जाना व अधिसमय लाल रंग से अंकित होता है जिससे उसका शीघ्र पता चल जाता है।

इस पद्धति का मुख्य लाभ यह है कि श्रमिक के आने का ठीक समय रिकार्ड हो जाता है तथा इस सम्बन्ध में विवाद उत्पन्न नहीं हो सकते है लेकिन इस पद्धति के निम्नलिखित दोष भी हैं :

(1) इस पद्धति में कोई श्रमिक अपने किसी साथी के कार्ड पर भी ठीक समय रिकार्ड करवा सकता हैं जबकि वह वास्तव में देर से आया हो या अनुपस्थित रहा हो लेकिन यदि समय लेखन लिपिक सतर्क रहे तो इस बात की सम्भावना नहीं रहती।

(2) यदि घड़ी खराब हो जाए या गलत समय रिकार्ड करने लगे तो समस्या उत्पन्न हो सकती है।

डायल समय रिकार्डर (Dial Time Recorder)—इस रिकार्डर में एक घड़ी के चारों ओर एक डायल लगा रहता है। इस डायल में 150 के लगभग छिद्र होते हैं तथा प्रत्येक छिद्र का एक नम्बर होता है। इसी प्रकार प्रत्येक श्रमिक को एक नम्बर दिया जाता है। इस डायल के एक ओर एक हैंडिल लगा रहता है जिसे श्रमिक द्वारा घुमा कर अपने नम्बर के छिद्र पर लाना होता है। इसके बाद वह हैंडिल को दबा देता है जिससे इस मशीन में लगे कागज पर उस छिद्र का नम्बर तथा समय रिकार्ड हो जाता है। इस प्रकार इस कागज पर प्रत्येक श्रमिक के आने व जाने का समय अंकित हो जाता है। इस मशीन द्वारा कुल श्रमिक घंटों व श्रमिकों की कुल मजदूरी की भी गणना की जा सकती है।

समय पत्रक (Time Card)

श्रमिक का नाम......... सप्ताह का अन्तिम दिन.........

श्रमिक की संख्या तिथि.........

विभाग.........

दिन	नियमित		अधिसमय		कुल समय	
	आने का समय	जाने का समय	आने का समय	जाने का समय	सामान्य समय	अधि-समय
सोमवार						
मंगलवार						
बुद्धवार						
बृहस्पतिवार						
शुक्रवार						
शनिवार						
रविवार						
मंजदूरी की गणना	सामान्य समय	कार्य घन्टे	दर	राशि	कटौती	देय राशि
	अधि-समय					
कुल						

समय लेखक......... मजदूरी लिपिक.........

फोरमैन.... .... श्रमिक के हस्ताक्षर.........

समय आरक्षण (Time Booking)—समय आरक्षण करने का तात्पर्य श्रमिक द्वारा फैक्टरी के भीतर व्यतीत किये गये समय का विभिन्न कार्यों एवं उप-कार्यो पर लगाये गये समय का लेखा जोखा रखने से है। इसके मुख्य उद्देश्य निम्न-लिखित हैं :

(1) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिक द्वारा समय का विभिन्न उपकार्यों अथवा कार्यादेशों पर ठीक प्रकार से उपयोग किया गया है।

(2) प्रत्येक कार्य तथा उपकार्य की पृथक रूप से लागत ज्ञात करना।

(3) उपरिव्ययों के विभिन्न कार्यो व उपकार्यो पर अभिभाजन करने के लिए।

(4) अनुपयोगी अथवा व्यर्थ समय (idle time) का निर्धारण करना जिससे इस पर नियन्त्रण किया जा सके।

समय का लेखा जोखा रखने के लिए सामान्यत: निम्नलिखित दस्तावेजों का उपयोग किया जाता है :

1. दैनिक समय विवरण

2. साप्ताहिक समय विवरण

3. उपकार्य कार्ड

दैनिक समय विवरण (Daily Time Sheets)—प्रत्येक श्रमिक को एक दैनिक समय पत्रक दिया जाता है जिसमें वह प्रत्येक कार्य आदेश (work-order) अथवा उपकार्य पर व्यतीत किये गये समय का विवरण लिखता है। यह पत्रक श्रमिक द्वारा किये गये कार्यों का दैनिक रिकार्ड भी होता है। यह पत्रक सामान्यत छोटे संस्थानों द्वारा प्रयोग में लाये जाते हैं। श्रमिक द्वारा इस पत्रक को प्रतिदिन भरा जाता है तथा फौरमैन को दे दिया जाता है।

साप्ताहिक समय विवरण (Weekly Time Sheet)—साप्ताहिक समय पत्रकों में भी दैनिक समय पत्रकों की ही भाँति विवरण लिखा जाता है। यह पत्रक एक सप्ताह के लिए तैयार किये जाते हैं जबकि दैनिक समय पत्रक प्रतिदिन के लिए। इनका लाभ यह है कि इन पत्रकों की संख्या बहुत कम हो जाती है। दूसरी ओर

उनमें एक दोष यह भी है कि यह पत्रक खो अथवा नष्ट भी हो सकते हैं क्योंकि यह श्रमिकों के पास एक सप्ताह के लिए पड़े रहते हैं। इस दोष को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि यह विवरण कार्डों पर तैयार किया जाये एवं कार्ड एक विभागीय लिपिक के पास रहें। यह भी आवश्यक है कि इन्हें विभागीय लिपिक द्वारा ही भरा जाये ताकि फोरमैन को इन्हे भरने मे समय नष्ट न करना पड़े। इस पत्रक का नमूना नीचे दिया जा रहा है।

साप्ताहिक समय सूची
(Weekly Time Sheet)

श्रमिक का नाम········ संख्या········
श्रमिक की संख्या········ सप्ताह का अन्तिम दिन········
विभाग········ तिथि········

दिन	उप-कार्य संख्या	किया गया कार्य	विवरण	समय		घंटे	लागत कार्यालय	
				आने का	जाने का		दर	राशि
सोमवार								
मंगलवार								
बुद्धवार								
बृहस्पतिवार								
शुक्रवार								
शनिवार								
रविवार								
कुल राशि								

श्रमिक········ फोरमैन········
श्रमसूची की प्रविष्ठि········ लागत लेखा लिपिक········

उपकार्य पत्रक (Job Card)—फैक्टरी में विभिन्न उपकार्यों पर श्रमिकों द्वारा लगाये गये समय को मालूम करने के लिए यह आवश्यक है कि उपकार्य पत्रक (job card) रखे जायें ताकि प्रत्येक उपकार्य की लागत निर्धारण करने में आसानी हो। चार प्रकार के उपकार्य पत्रक उपयोग में लगाये जाते हैं :

1. **समय एवं उपकार्य पत्रक** (Time and Job Card)—यह पत्रक उन छोटे संस्थानों के लिए उपयोगी हैं जहाँ कम संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं तथा दिन में

समय एवं उपकार्य पत्रक
(Time and JobCard)

श्रमिक का नाम········ सप्ताह का अन्तिम दिन·········
श्रमिक की संख्या········ तिथि·········
विभाग·········

दिन	उपकार्य संख्या	समय		समय		लागत कार्यालय	
		आने का समय	जाने का समय	सामान्य	अधि-समय	दर	राशि
सोमवार							
मंगलवार							
बुद्धवार							
बृहस्पतिवार							
शुक्रवार							
शनिवार							
रविवार							

श्रमिक········
श्रम सूची बनाने वाले················ लागतलेखा लिपिक········
लिपिक के हस्ताक्षर················
फोर मैन················

कई उपकार्यों पर कार्य करते हैं। इन पत्रकों का श्रमिक के आने जाने कुल व्यतीत किये गये समय तथा उपकार्य पर लगाये गये समय का रिकार्ड करने के लिए उपयोग किया जाता है। इसका नमूना पिछले पृष्ठ पर दिया गया है।

(2) **प्रत्येक श्रमिक के लिए उपकार्य पत्रक** (Job Card for each worker)—यह पत्रक समय पत्रक से अलग तैयार किया जाता है। इस पत्रक में श्रमिक द्वारा किसी उपकार्य पर कितना समय लगाया गया हैं, उसका विवरण रखा जाता है। इस पत्रक के आधार पर मजदूरी की गणना करने समय, समय लेखन लिपिक द्वारा रखे गये समय पत्रक की तुलना उपकार्य पत्रक से कर ली जाती है। इसका नमूना नीचे दिया गया है।

उपकार्य पत्रक (प्रत्येक श्रमिक के लिए)
(Job Card for each worker)

श्रमिक का नाम········· सप्ताह का दिन·········
श्रमिक की संख्या········· तिथि·········

दिन	उपकार्य	विवरण	समय		घंटे	कार्यालय लागत	
			आने का	जाने का		दर	राशि
सोमवार							
मंगलवार							
बुद्धवार							
बृहस्पतिवार							
सुक्रवार							
शनिवार							
रविवार							

श्रमिक········· फोरमैन·········
श्रम सूची बनाने वाले के हस्ताक्षर········· लागत लेखा लिपिक·········

(3) **प्रत्येक उपकार्य के लिए उपकार्य पत्रक** (Job Card for each Job)—उपरोक्त वर्णित दोनों प्रकार के पत्रकों का उपयोग श्रमिकों द्वारा विभिन्न उपकार्यों पर लगाए गये समय का लेखा करने के लिए किया जाता है। लेकिन यदि प्रत्येक उपकार्य की लागत ज्ञात करनी पड़े तो प्रत्येक उपकार्य के लिए एक पृथक पत्रक बनाया जाना चाहिए। उपकार्य सत्रक एक ऐसा पत्रक है जिसमें उपकार्य से

उपकार्य पत्रक (प्रत्येक उपकार्य के लिए)

(Job Card for each job)

उपकार्य संख्या.........

उपकार्य विवरण.........

प्रारम्भ करने की तिथि.........समय.........

कार्य पूर्ण करने की तिथि.........

दिन	श्रमिक की संख्या	विभाग	किये गये कार्य का संक्षिप्त विवरण	समय		कुल समय	लागत कार्यायय	
				आने का	जाने का		दर	राशि

जाँचकर्ता.........

कुल समय.........

विभाग............ फोरमैन.........				

कुल राशि.........

लागत लेखा लिपिक......

कार्यनुसार कार्य पत्रक

(Piece Work Card)

श्रमिक का नाम........ सप्ताह का अन्तिम दिन.........

श्रमिक की संख्या......... तिथि.........

विभाग.........

दिन	कार्य का विवरण	उपकार्य संख्या	इकाईयों की संख्या		लागत कार्यालय				हस्ताक्षर	
							समय			
			दी गई	स्वीकृत	प्रति इकाई दर	राशि	आने का	जाने का	श्रमिक	जाँचकर्ता
सोमवार										
मंगलवार										
बुद्धवार										
बृहस्पतिवार										
शुक्रवार										
शनिवार										
रविवार										

फोरमैन......... लागत लेखा लिपिक.........

मजदूरी सूची प्रविष्टि.........

सम्बन्धित सभी श्रमिकों द्वारा लगाया गया समय रिकार्ड किया जा सके। यह पत्रक उन संस्थानों के लिए अधिक उपयुक्त रहता है जिनमें कई उपकार्य किये जाते हैं तथा प्रत्येक उपकार्य पर कई श्रमिकों द्वारा कार्य किया जाता है। इस प्रकार के पत्रक का लाभ यह है कि लागत प्रयोजनों के लिए पृथक रूप से लागत विवरण (cost sheet) बनाने की आवश्यकता नहीं रहती। इसके अतिरिक्त प्रत्येक उपकार्य की श्रम लागत का आसानी से पता चल जाता है। इस कार्ड का नमूना पृष्ठ 217 पर दिया जा चुका है।

कार्यानुसार कार्य पत्रक (Piece work Card)—जिस फैक्टरी में श्रमिकों को उत्पादन की मात्रा के हिसाब से पारिश्रमिक दिया जाता हैं वहाँ प्रत्येक श्रमिक के लिए कार्यानुसार कार्य पत्रक निर्गमित किये जाते है। कार्य दर पद्धति से दी जाने वाली मजदूरी की दशा में श्रमिक द्वारा फैक्टरी में व्यतीत किया गया समय महत्वपूर्ण नहीं

व्यर्थ समय पत्रक

(Idle Time Card)

श्रमिक का नाम········· तिथि·········

श्रमिक की संख्या·········

विभाग·········

व्यर्थ समय के कारण	समय		व्यर्थ समय	लागत कर्यालय	
	आने का	जाने का		दर	राशि
1. सामग्री की प्रतीक्षा					
2. उपकरणों की प्रतीक्षा					
3. निर्देशों की प्रतीक्षा					
4. मशीन की टूट फूट					
5. पावर फेल होना					
6. निरीक्षण					
7. अन्य कारण					

श्रमिक········· लागत लेखा लिपिक·········

फोरमैन·········

होता लेकिन फिर भी समय के सम्बन्ध में एक स्तम्भ (column) उसमें अवश्य रखा जाता है ताकि अप्रत्यक्ष व्ययों के समयानुसार अभिभाजन (apportionment) करते समय प्रत्येक उपकार्य का समय निकालने में कठिनाई न हो। कार्यानुसार कार्य पत्रक का नमूना पृष्ठ 218 पर दिया गया है।

समय लेखन एवं समय आरक्षण सम्बन्धी लेखों का मिलान [Reconciliation of Gate Time (or Time Keeping) with time booked (or Time booking)]—विभिन्न उपकार्यों अथवा कार्यादेशों पर लगाया गया समय फैक्टरी के गेट पर रिकार्ड किये गये समय लेखन से मिलना चाहिए। लेकिन सामान्यत: ऐसा नहीं होता। इस अन्तर के कई कारण होते है जैसे फैक्टरी के फाटक से श्रमिक का अपने विभाग तक पहुँचने में व्यय किया गया समय अथवा सामग्री, पुर्जों और निर्देशों की प्रतीक्षा में व्यय किया गया समय, मशीन अथवा बिजली की खराबी में नष्ट हुआ समय आदि। अत: व्यर्थ समय पत्रक (idle time card) बनाया जाना चाहिए तथा उसमें व्यर्थ हुआ समय रिकार्ड किया जाना चाहिए। समय पत्रक में दिखाया गया समय उपकार्य पत्रक तथा व्यर्थ समय पत्रक के योग के बराबर होना चाहिए। व्यर्थ समय पत्रक का नमूना पृष्ठ 219 पर दिया गया है—

व्यर्थ समय (Idle time)—जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, विभिन्न उपकार्यों अथवा कार्यादेशों पर व्यय किया समय तथा फैक्टरी के फाटक पर रिकार्ड किये गये समय लेखन में कुछ न कुछ अन्तर अवश्य होता है। समय के इस अन्तर को व्यर्थ समय कहते हैं। यह वह समय है जिसके लिए नियोक्ता द्वारा मजदूरी का भुगतान किया जाता है परन्तु इस भुगतान से उसे कुछ भी प्राप्त नहीं होता। अर्थात् इस समय में उत्पादन नहीं होता। उदाहरण के लिए यदि एक श्रमिक आठ घण्टे फैक्टरी में व्यतीत करता है परन्तु उपकार्य पत्रक द्वारा केवल सात घंटे का समय दिखाया जाता है तो एक घंटा व्यर्थ समय होगा। व्यर्थ समय दो प्रकार का होता है—

(क) सामान्य व्यर्थ समय

(ख) असामान्य व्यर्थ समय

सामान्य व्यर्थ समय (Normal Idle Time)—यह वह समय है जिसका क्षय रोका नहीं जा सकता है। अत: नियोक्ता को इस का भुगतान करना ही पड़ता है। लेकिन इस समय को न्यूनतम सम्भव स्तर पर लाने के लिये कदम उठाये जाने चाहिएँ। सामान्य व्यर्थ समय के निम्नलिखित उदाहरण हैं—

(i) श्रमिक द्वारा फैक्टरी के फाटक से अपने विभाग तक जाने में तथा दिन की समाप्ति पर विभाग से फैक्टरी के फाटक तक आने में व्यय किया गया समय।

(ii) कार्य प्रारम्भ करने में व्यय होने वाला समय।

(iii) एक उपकार्य की समाप्ति पर दूसरा उपकार्य प्रारम्भ करने में व्यय होने वाला समय।

(iv) व्यक्तिगत आवश्यकताओं व चाय पानी के अवकाश का समय।

(v) मशीनों के रखरखाव में व्यय किया जाने वाला समय जिसके दौरान उत्पादन में रुकावट पड़ती हैं।

सामान्य व्यर्थ समय की लागत का लेखा करना (Treatment of the Cost of Normal Idle time)—यह अपरिहार्य (unavoidable) लागत है तथा इसलिए इसे उत्पादन लागत में सम्मिलित किया जाना चाहिए। सामान्य व्यर्थ सभय की लागत का निम्न प्रकार से निपटान किया जा सकता है—

(क) सामान्य व्यर्थ समय की श्रम लागत फैक्टरी व्ययों की ही एक मद मानी जाए तथा इसे अप्रत्यक्ष व्ययों की ही भाँति प्रभारित किया जाए। उदाहरण के लिए यदि एक श्रमिक फैक्टरी में 8 घंटे रहता है तथा 1 रु० प्रति घंटा की दर से मजदूरी प्राप्त करता है तो वह 8रु० प्रति दिन मजदूरी प्राप्त करेगा। यदि पिछले अनुभव से यह मालूम होता हो कि वह केवल 7 घंटे ही उत्पादन में लगाता है तो सामान्य व्यर्थ समय की श्रम लागत 1 रु० होगी जिसे फैक्टरी व्ययों में सम्मिलित किया जा सकता है तथा 7 रु० जो उत्पादन पर व्यय किये गये समय की श्रम लागत है प्रत्यक्ष व्यय है जिसे उत्पादन की मजदूरी (wages) के रूप में प्रभारित किया जाना चाहिए।

(ख) इसे उत्पादन से ही प्रत्यक्षतः प्रभारित किया जा सकता है। इसके लिए मजदूरी को परिवद्धित दर पर उत्पादन से प्रभारित करना होगा ताकि उसमें सामान्य व्यर्थ समय की लागत भी वसूल हो सके। उपरोक्त उदाहरण में कुल मजदूरी 8 रु० को उत्पादन के प्रत्यक्ष व्ययों की भाँति ही लिया जाएगा। प्रत्यक्ष मजदूरी की परिवर्द्धित दर 1·14 रु० प्रति घंटा (रु० 8—7 घंटे) होगी। सामान्य व्यर्थ समय को प्रभारित करने की यह दूसरी विधि निम्न कारणों से अधिक उपयुक्त है—

(i) इस विधि से प्रत्येक उपकार्य की कुल उत्पादन लागत जिसमें सामान्य व्यर्थ समय भी सम्मिलित है, उसी उपकार्य से प्रभारित की जाती है।

(ii) श्रम लागतों का कोई भी भाग फैक्टरी व्ययों की श्रेणी में सम्मिलित नहीं किया जाता।

(iii) सामान्य व्यर्थ समय की श्रम लागत को प्रत्यक्ष व्यय मानने से लागत निर्धारण में अधिक शुद्धता लाई जा सकती है क्योंकि यह सामान्य सिद्धान्त है कि कुल लागतों का जितना अधिक अंश प्रत्यक्ष लागतों में सम्मिलित किया जा सके, लागत निर्धारण में उतनी ही आसानी एवं शुद्धता (accuracy) आ जाती है।

असामान्य व्यर्थ समय (Abnormal Idle time)—यह वह व्यर्थ समय है जिसे साधारण प्रयत्न अथवा सावधानियाँ बरतने से बचाया अथवा कम किया जा सकता है। असामान्य व्यर्थ समय के निम्न उदाहरण है—

(i) मशीन टूट जाने अथवा इंजीनियरों की अकुशलता के परिणामस्वरूप हुआ व्यर्थ समय।

(ii) बिजली फेल हो जाने के कारण व्यर्थ समय।

(iii) क्रय विभाग अथवा स्टोकीपर की अकुशलता के कारण सामग्री प्राप्त करने की प्रतीक्षा में व्यर्थ गया समय।

(iv) फैक्टरी में हड़ताल अथवा तालाबन्दी के कारण हुआ व्यर्थ समय।

असामान्य व्यर्थ समय की लागत का लेखा (Treatment of the Cost of Abnormal Idle Time)—लागत निर्धारण का एक सामान्य सिद्धान्त है कि सभी असामान्य व्ययों अथवा हानियों को लागतों में सम्मिलित नही किया जाना चाहिए। इसलिए असामान्य व्यर्थ समय की श्रम लागतों को उत्पादन लागत में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। असामान्य व्यर्थ समय के लिए दी गई मजदूरी को लागत लाभ हानि खाते के नाम में डाल देना चाहिए।

असामान्य व्यर्थ समय को बचाने अथवा न्यूनतम सम्भव स्तर तक कम करने के लिए उत्पादन को योजनाबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए एवं उचित निरीक्षण का प्रबन्ध होना चाहिए। व्यर्थ समय पत्रक तैयार किये जाने चाहिएँ ताकि इस प्रकार के व्यर्थ समय के लिए उत्तरदायी कारणों को खोजा जा सके।

यहाँ यह ध्यान देने योग्य बात है कि व्यर्थ समय को केवल प्रत्यक्ष श्रमिकों की स्थिति में ही पृथक किया जा सकता है। अप्रत्यक्ष अथवा अनुत्पादक श्रमिकों (जैसे फिटर्स, सुरक्षा कर्मचारी आदि) की दशा में कुल मजदूरी को ही अप्रत्यक्ष व्ययों की सूची में दिखाया जाता है। इस प्रकार इन श्रमिकों की व्यर्थ समय की मजदूरी का संविलयन (absorption) अपने आप ही हो जाता है।

अधिसमय (Overtime)—भारत में फैक्टरी अधिनियम के अनुसार यदि कोई श्रमिक दिन में 9 घंटे अथवा सप्ताह में 48 घंटे से अधिक कार्य करता है तो उसके द्वारा उपरोक्त समय से अधिक समय तक किया जाने वाला कार्य अधिसमय कार्य कहलाता है। इसके लिए श्रमिक को साधारण दर से द्विगुणित (Double rate) दर से मजदूरी का भुगतान किया जाता है। अधिसमय के लिए दी जाने वाली द्विगुणित दर श्रमिक को अधिक समय तक कार्य करने का प्रलोभन देने के लिए दी जाती है अधिसमय के लिए दी गई अधिक मजदूरी को अधिसमय शुल्क (Overtime

Premium) कहते है। श्रमिक से अधिसमय कार्य नहीं लेना चाहिए क्योंकि इससे उत्पादन लागत निम्न कारणो से बढ़ जाती है—

(i) अधिसमय की मजदूरी ऊँची दर से दी जाती है।

(ii) अधिसमय कार्य-दिन की समाप्ति पर प्रारम्भ होता है जब कि श्रमिकों में थकान के कारण कार्य क्षमता घट जाती है।

(iii) अधिक मजदूरी प्राप्त करने के लिए श्रमिकों द्वारा सामान्य समय में काम छोडने की प्रवृति उत्पन्न हो जाती है।

(iv) अन्य लागते जैसे बिजली खर्च, निरीक्षण आदि की लागत मशीनों की टूट फूट आदि बढ़ जाती हैं।

इसलिए जहाँ तक हो सके, अधिसमय कार्य नहीं कराना चाहिए क्योंकि अधिसमय में किये गये कार्य की लागत सामान्य समय में किये गये कार्य की लागत से अधिक होती है। लेकिन कुछ परिस्थितियों में अधिसयम दिया जाना आवश्यक सा हो सकता है। उदाहरण के लिए कार्यादेशों की अधिकता अथवा शीघ्रता मे किये जाने वाले कार्य-आदेशों (rush-orders) के निष्पादन के लिए अधिसमय की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त अधिसमय की आवश्यकता मशीन टूट जाने अथवा सामान्य समय में मशीन खराब रहने या बिजली फेल हो जाने के कारण भी पड़ सकती है ताकि सामान्य कार्य को अधिसमय में पूरा किया जा सके। इसी प्रकार कुछ कार्यो में उन कार्यो की पूर्णक्ता तक निरन्तरता की आवश्यकता होती है जिसके अभाव में कार्य विगड़ सकता है अत: उन्हें पूरा करने के लिए अधिसमय आवश्यक होता है। आकस्मिक अधिसमय दिया जाना बुरा नहीं है क्योंकि इससे यह पता चलता है कि फैक्टरी में उचित संख्या में श्रमिक नियुक्त किये गये है तथा यह बेकार नहीं है। लेकिन यदि नियुक्ति रूप से अधिसमय दिया जाता है तो प्रबन्धकों द्वारा गम्भीरता पूर्वक सोच समझ कर श्रमिकों की संख्या बढाने सम्बन्धी अथवा अतिरिक्त मशीनें खरीदने सम्बन्धी निर्णय लिये जाने चाहिएँ। अधिसमय का प्राधिकार (मंजूरी) कारखाना प्रबन्धक (Works Manager) या किसी अन्य बड़े अधिकारी द्वारा दिया जाना चाहिए। किन श्रमिकों को अधिक समय के लिए रोका जाना है इसकी सूची फोरमैन द्वारा बनाई जानी चाहिए तथा इसे कारखाना प्रबन्धक की सहमति एवं स्वीकृति प्राप्त करने के लिए भेजा जाना चाहिए।

अधिसमय शुल्क का लेखांकन (Treatment of Overtime Premium)—सामान्य मजदूरी प्रत्यक्ष श्रम लागत अथवा अप्रत्यक्ष श्रम लागत का एक अंश होती है लेकिन अधिसमय शुल्क के सम्बन्ध में विभिन्न मत व्यक्त किये जाते हैं। कुछ व्यक्तियों का यह कहना है कि किसी उपकार्य को अधिसमय शुल्क से केवल इसी कारण

प्रभारित करना कि वह कार्य अधिसमय में किया गया हैं, अनुचित है। इस असमानता को समाप्त करने के लिए सामान्य मजदूरी को परिवर्द्धित दर से प्रभारित किया जा सकता है ताकि अधिसमय शुल्क वसूल किया जा सके। ऐसी दशा में प्रत्येक उपकार्य को समान मजदूरी दरों से प्रभारित किया जाएगा। ऐसा करना उस दशा में तो उचित प्रतीत होता है जहाँ उपकार्यों के निष्पादन का कोई अनुक्रम (sequence) न हो। लेकिन यदि शीघ्रता से किये जाने वाले आदेशों को ग्राहक की प्रार्थना पर अधिसमय में किया गया है ताकि वह कार्य निश्चित समय में ही पूरा हो सके तो अधिसमय शुल्क को ऐसे कार्य आदेशों की लागत से प्रभारित किया जाना चाहिए। लेकिन जहां पर अधिसमय कार्य की आवश्यकता मशीन खराब होने या बिजली फेल होने आदि जैसे असामान्य कारणों से पड़ती है वहाँ अधिसमय शुल्क को उत्पादन लागत में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा इसे लागत लाभ हानि खाते के नाम में डाल दिया जाएगा।

Illustration 8·2. Calculate the normal and overtime wages payable to a workman from the following data :

Days	*Hour worked*
Monday	8 hrs.
Tuesday	10 hrs.
Wednesday	9 hrs.
Thursday	11 hrs.
Friday	9 hrs.
Saturday	4 hrs.
Total	51 hrs.

Normally working hours	8 hours per day
Normal rate	Re. 1 per hour
Overtime rate	upto 9 hours in a day or single rate and over 9 hours in a day at double rate ; or up to 48 hours in a week at single rate and over 48 hours at double rate whichever is more beneficial to the workmen.

Solution

Days	Total Hours Worked	Normal Working Hours	Overtime Hours	
			At Single Rate	At Double Rate
Monday	8	8	—	—
Tuesday	10	8	1	1
Wednesday	9	8	1	—
Thursday	11	8	1	2
Friday	9	8	1	—
Saturday	4	4		
Total	51	44	1	3

Normal Wages for 44 hours @ Re. 1=	Rs. 44
Overtime Wages :	
At single rate for 4 hours @ Re. 1=Rs. 4	
At double rate for 3 hours @ Rs. 2=Rs. 6	Rs. 10
Total Wages	Rs. 54
Or	
Normal Wages for 48 hours @ Re. 1 per hour=	Rs. 48
Overtime Wages for 3 hours @ Rs. 2 per hour=	Rs. 6
Total Wages	Rs. 54

Therefore, whichever method is followed, the amount of the wages payable to the workers is Rs. 54.

बाहरी श्रमिक (Out Workers)—कई उद्योगों में कुछ उत्पादक कार्य अथवा उपकार्य ऐसे होते है जिन्हें श्रमिक फैक्टरी से बाहर एवं सामान्यत: अपने निवास स्थान पर पूरा करते है। ऐसे श्रमिकों को बाहरी श्रमिक कहते हैं। यह श्रमिक फैक्टरी से सामग्री ले जाते हैं तथा अपने निवास स्थान पर उससे माल तैयार करते हैं। इसके लिए वह अपने यन्त्रों का उपयोग करते हैं। इन श्रमिकों के लिए समय पत्रक नहीं रखे जाते क्योंकि उनके द्वारा किए गये उत्पादन की मात्रा के अनुसार ही मजदूरी का भुगतान किया जाता है। इन श्रमिकों द्वारा लिए गये समय का रिकार्ड नियोक्ता के लिए उपयोगी नहीं होता है। लेकिन इन श्रमिकों पर भी निम्नलिखित कारणों से नियन्त्रण करना आवश्यक होता है।

(1) उनके द्वारा ली गई सामग्री का उचित हिसाब दिया जा रहा है।

(2) तैयार माल की क्वालिटी की जांच की जानी चाहिए तथा खराब माल

अस्वीकार कर देना चाहिए। घटिया कार्य के लिए जुर्माना आदि किया जाना चाहिए।

(3) उत्पादित माल की सुपुर्दगी निश्चित समय में होनी चाहिए ताकि ग्राहकों की आवश्यकताओं की समय पर पूर्ति की जा सके।

बाहरी श्रमिकों की मजदूरी की दरें फैक्टरी में काम करने वाले कार्यानुसार श्रमिकों (piece workers) की मजदूरी दरों से कुछ अधिक होनी चाहिए ताकि उन्हें अपने स्थान, यन्त्रों एवं प्रकाश आदि पर होने वाले व्ययों का उचित हरजाना (Compensation) मिल सके।

वह श्रमिक, जिन्हें निर्माण स्थलों अथवा ग्राहक के निवास स्थान या कार्यालय में कार्य करने के लिए भेजा जाता है, भी बाहरी श्रमिक कहलाते हैं। ऐसे श्रमिकों के लिए समय पत्रक अवश्य रखे जाने चाहिएं ताकि उनके आने जाने व कार्य के समय एवं व्यर्थ समय का विवरण तैयार किया जा सके। यदि किसी एक स्थान पर बहुत बड़ी संख्या में श्रमिकों को लम्बे समय तक कार्य करना है तो वहाँ समय लेखन की किसी पद्धति का भी उपयोग किया जा सकता है।

आकस्मिक श्रमिक (Casual Workers)—कभी-कभी कार्य की अधिकता अथवा स्थायी श्रमिकों की अनुपस्थिति के कारण अतिरिक्त श्रमिकों को रखने की आवश्यकता पड़ती हैं। इन श्रमिकों को आकस्मिक श्रमिक कहते है। इन श्रमिकों को दैनिक अथवा कार्य पूरा होते ही मजदूरी का भुगतान किया जाता है। यदि इन श्रमिकों के कार्य को किसी विशिष्ट उपकार्य से आरोपित न किया जा सकता हो तो यह मजदूरी फैक्टरी व्ययों में सम्मिलित कर दी जायेगी। लेकिन यदि यह कार्य किसी विशिष्ट उपकार्य से पहचाने जा सकते हैं तो यह मजदूरी प्रत्यक्ष व्यय की ही भाँति उस उपकार्य की लागत में सम्मिलित कर दी जायेगी जिसके लिए आकस्मिक श्रमिक द्वारा समय व्यय किया गया है। इन श्रमिकों की नियुक्ति पर प्रबन्धकों द्वारा कढ़ा नियन्त्रण रखा जाना चाहिए क्योंकि फोरमैन अथवा समय लेखकों द्वारा आकस्मिक श्रमिकों के बोगस नामों द्वारा मजदूरी की राशि हड़प ली जा सकती है। इसके लिए समय-समय पर आकस्मिक जाँच द्वारा यह देखना चाहिए कि क्या मजदूरी सूची (wage sheet) में दी गई श्रमिकों की संख्या वास्तव में ही नियुक्त की गई है अथवा नहीं।

वेतन विभाग (Payroll Department) :—वेतन विभाग कीं श्रम लागतों के नियंत्रण व लेखांकन से सम्बन्धित गतिविधियां निम्नलिखित है :—

(1) विभिन्न विभागों, उपकार्यों के विश्लेषण तथा प्रत्येक श्रमिक की पारिश्रमिक दरों का रिकॉर्ड रखना।

(2) समय पत्रकों में लिखे प्रत्येक श्रमिक के कार्य समय की जाँच व उनका सारांश तैयार करना।

(3) प्रत्येक श्रमिक की मजदूरी की गणना करना।

(4) प्रत्येक विभाग के लिए वेतन अथवा मजदूरी सूची बनाना।

(5) प्रत्येक कर्मचारी का एक स्थायी वेतन अथवा मजदूरी विवरण तैयार करना।

(6) मजदूरी एवं वेतन का वितरण एवं भुगतान।

वेतन अथवा मजदूरी सूची तैयार करना (Preparation of Pay Rolls or Wages Sheet) :—वेतन अथवा मजदूरी सूची द्वारा प्रत्येक श्रमिक को दिये जाने वाले वेतन की जानकारी प्राप्त होती है। यदि समयानुसार मजदूरी देय है तो समय पत्रकों द्वारा ही मजदूरी सूची तैयार की जा सकती है। लेकिन यदि मजदूरी कार्यानुसार दी जानी है तो कार्यपत्रकों (piece work card) की सहायता से मजदूरी सूची (wages sheet) बनाई जा सकती है।

प्रत्येक विभाग के लिए अलग वेतन सूची बनाने के निम्नलिखित लाभ हैं।

(1) मजदूरी सूचियाँ बनाने का कार्य बंट जाता है तथा सरल हो जाता है। कई संस्थानों में विभिन्न विभागों में मजदूरी सप्ताह के भिन्न-भिन्न दिनों में दी जाती है जिससे वेतन विभाग पर कार्य का बोझ नहीं पड़ता। कई संगठनों में वेतन अथवा मजदूरी सूची बनाने एवं भुगतान का कार्य इस प्रकार नियोजित कर लिया जाता है कि एक विभाग के लिए सोमवार तक सप्ताह मान कर मंगलवार को भुगतान किया जाए, दूसरे विभाग के लिए मंगलवार तक सप्ताह मान कर बुद्धवार को भुगतान कर दिया जाए आदि। इस प्रकार विभिन्न विभागों के लिए विभिन्न दिनों में भुगतान समस्त कार्य को सप्ताह के सभी दिनों में एक सा ही बांटा जा सकता है।

(2) प्रत्येक विभाग के लिए श्रम दर का आकलन किया जा सकता है।

(3) किसी विभाग की वास्तविक मजदूरी की बजट में निर्धारित की हुई मजदूरी से तुलना की जा सकती है जिससे विभाग की कुशलता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है।

वेतन अथवा मजदूरी सूचियाँ बनाने के बाद उन्हें रोकड़िये को सौंप दिया जाता है ताकि वह उन सूचियों के अनुसार रकम बैंक से निकलवा कर श्रमिकों में वितरित कर सके। मजदूरी सूची का नमूना अगले पृष्ठ पर दिया जा रहा है :—

मजदूरी भुगतान में कपट की रोकथाम
(Prevention of Fraud in Wage Payment)

मजदूरी भुगतान पर विशेष नियंत्रण किया जाना चाहिए ताकि कपट अथवा अनियमतताओं की आशंका न रहे। मजदूरी भुगतान में कपट करने का सबसे सरल

मजदूरी भुगतान सूची
(Pay Roll or Wages Sheet)

विभाग.........

सप्ताह का अन्तिम दिन.........
तिथि........

श्रमिक की संख्या	श्रमिक का नाम	कुल कार्य घंटे	सामान्य घंटे	अधिसमय घंटे	अर्जित बोनस	महंगाई भत्ता	कुल मजदूरी	कटौतियां				आय कर	अग्रिम राशि की वसूली	अन्य	देय मजदूरी
								निधि		राज्य कर्मचारी बीमा					
								खाता संख्या	राशि	समूह	राशि				

वेतन लिपिक के हस्ताक्षर.........

जांचकर्ता के हस्ताक्षर.........

तरीका अविद्यमान, बोगस अथवा गलत लोगों के वेतन सूचियों व तजदूरी सूचियों में नाम लिखकर उनके नाम की मजदूरी हड़पने का हैं। कपट का एक अन्य तरीका यह है कि समय-लेखन लिपिक तथा फोरमैन या अन्य उत्तरदायी व्यक्ति मिलकर उन घंटों की मजदूरी प्राप्त कर लें जिनमें श्रमिक द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया था। कपट की रोकथाम से लिए निम्नलिखित कदम उठाये जाने चाहिएँ।

(1) प्रत्येक सप्ताह के अन्त में कार्य एवं व्यर्थ समय पत्रकों का समय पत्रकों से मिलान करना चाहिए ताकि यह ज्ञात हो सके कि उन दोनों में कोई अन्तर है अथवा नहीं। ऐसा करने से बोगस व्यक्तियों का नाम सम्मिलित किया जाना कठिन हो जाएगा क्योंकि इस स्थिति में बोगस नामों को कार्य एवं व्यर्थ समय पत्रकों में भी सम्मिलित करना होगा।

(2) मजदूरी सूचियाँ बनाने का कार्य एक से अधिक व्यक्तियों को सौंपना चाहिए। दो लिपिकों द्वारा समय पत्रकों तथा उपकार्य पत्रक व कार्य पत्रकों की जांच की जानी चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि उनमें कोई अनियमितता तो नहीं है। तीसरे लिपिक द्वारा श्रमिकों के नाम व संख्या, मजदूरी दरें, कार्य के घन्टे व मजदूरी की कुल राशि मजदूरी सूचो में लिखनी चाहिए चौथे लिपिक द्वारा शेष तीनों लिपिकों के कार्य की जाँच तथा देय मजदूरी की राशि की गणना करनी चाहिए। मजदूरी की देय राशि की गणना के लिए कुल मजदूरी में से भविष्य निधि, आयकर, कर्मचारी बीमा, जुर्माने आदि की राशि काट ली जानी चाहिए। पांचवे लिपिक द्वारा पूर्ण वेतन अथवा मजदूरी सूचियों की जांच की जानी चाहिए ताकि उसमें की गई गलतियों का निराकरण हो सके।

(3) वेतन सूचियाँ बनाने में लगे सभी कर्मचारियों द्वारा इस पर हस्ताक्षर किये जाने चाहिऐ तथा इन्हें फैक्टरी प्रबन्धक द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए।

(4) रोकड़िये द्वारा वेतन सूची में लिखी कुल मजदूरी के बराबर राशि बैंक से निकलवाई जानी चाहिएं। मजदूरी सूचियाँ बनाने के कार्य में रोकड़िये का सहयोग नही लिया जाना चाहिए।

(5) रोकड़िये (खजान्ची) द्वारा प्रत्येक मजदूर की मजदूरी इसके नाम लिखे लिफाफे में डाल दी जानी चाहिए।

(6) मजदूरी का भुगतान विभाग अनुसार किया जाना चाहिए। एक विभाग के सभी श्रमिकों को एक निश्चित समय पर बुलाया जाना चाहिए। उस निश्चित समय पर उसी विभाग के फोरमैन को भी उपस्थित होना चाहिए ताकि वह श्रमिकों की पहचान कर सके। एक अन्य तरीका यह हो सकता हैं कि फोरमैन द्वारा प्रत्येक श्रमिक को उसे देय मजदूरी की पर्ची जारी कर दी जानी चाहिए जिसे दिखा कर वह रोकड़िये से भुगतान प्राप्त कर सके।

(7) उन श्रमिकों को, जो भुगतान के समय अनुपस्थित रहे हैं, भुगतान करते हुए अत्यन्त सावधानी बरतनी चाहिए। किसी भी स्थिति में एक श्रमिक की मजदूरी किसी अन्य श्रमिक को अथवा उस श्रमिक के परिवार के किसी सदस्य को तब तक नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि वह इस सम्बन्ध में उस श्रमिक से प्राप्त प्राधिकार पत्र(authority letter) न प्रस्तुत कर दे। इस प्राधिकार पत्र का फैक्टरी प्रबन्धक द्वारा प्रमाणन किया जाना आवश्यक है।

(8) अदत्त(Unpaid or Unclaimed) मजदूरी के सम्बन्ध में पूछताछ की जानी चाहिए ताकि कारणों का पता चल सके। इस मजदूरी को रोकड़िये द्वारा अपने कार्यालय में कुछ समय तक रखा जाना चाहिए तथा इसके पश्चात् उसे अदत्त मजदूरीं खाते (unpaid wages account) में जमा करा दिया जाना चाहिए।

(9) कभी कभी कम्पनी के किसी बड़े अधिकारी द्वारा रोकड़िये के कार्यालय का मजदूरी भुगतान के समय निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि मजदूरी भुगतान की उचित विधि का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं।

(10) कपट की सम्भावनाओं को कम करने के लिए आकस्मिक श्रमिकों का भुगतान किसी उत्तरदायी अधिकारी की उपस्थिति में हीं किया जाना चाहिए तथा श्रमिकों को नियुक्ति करने वाले अधिकारी को मजदूरी भुगतान के कार्य से अलग रखा जाना चाहिए।

(11) मजदूरी सूचियाँ समय पर ही तैयार कर ली जानी चाहिए ताकि भुगतान समय पर ही किया जा सके। मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 के अनुसार मजदूरी का भुगतान मजदूरी कीं देय अवधि के सात दिन के भीतर ही कर दिया जाना चाहिए लेकिन यदि श्रमिकों की संख्या 1,000 से अधिक है तो मजदूरी का भुगतान 10 दिन के भीतर कर दिया जाना चाहिए।

(12) फैक्टरी से बाहर अन्य स्थानों पर कार्यरत श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान मुख्य कार्यालय के किसी अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए।

लागत लेखांकन विभाग (Cost Accounting Department)—समस्त श्रमिक लागतों के एकत्रीकरण एवं वर्गीकरण का दायित्व लेखांकन विभाग का ही होता है। इस विभाग द्वारा समय पत्रक (time cards), उपकार्य पत्रक (job cards) तथा वेतन सूचियों का निर्माण किया जाता है ताकि उपकार्यों, कार्यआदेशों तथाप्रक्रियाओं आदि की लागतों का निर्धारण किया जा सके।

मजदूरी विश्लेषण विवरण अथवा मजदूरी सार (Wages analysis sheet or wages abstract)—लागत लेखांकन विभाग द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष श्रम लागतें निर्धारित करने, विभागीय लागतों की जानकारी एकत्रित करने, प्रमापित एवं

वास्तविक श्रम लागतों का अन्तर ज्ञात करने तथा प्रबन्धकों को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए मजदूरी विश्लेषण विवरण तैयार किया जाता है प्रबन्धकों को दिये गये इस प्रकार के प्रतिवेदनों एवं विवरण द्वारा उनकी श्रम सम्बन्धी नीतियों के परिणामों की जानकारी प्राप्त होती है। मजदूरी सार भी सामग्री सार की ही भाँति होता है तथा इसे समय पत्रकों, उपकार्य पत्रकों व मजदूरी सूचियों की सहायता से बनाया जाता है। यह विवरण अथवा सार एक मास या एक सप्ताह के लिए बनाया जा सकता है इस विवरण का नमूना नीचे दिया जा रहा है :

श्रम विश्लेषण सूची
(Wages Analysis Sheet)

सप्ताह का अन्तिम दिन.........
तिथि.........

श्रमिक की संख्या	श्रमिक का नाम	उपकार्य पत्रक संख्या	उपकार्य संख्यायें						सप्ताह की कुल मजदूरी रु०
			1 रु०	2 रु०	3 रु०	4 रु०	5 रु०	6 रु०	
कुल राशि									

वेतन लिपिक.........

जाँचकर्ता.........　　　　　　　　लागत लेखा लिपिक.........

लेखा प्रविष्टियाँ (Accounting Entries):—मजदूरी सार में से प्रविष्टियां इस प्रकार की जाती है :—

प्रत्येक उपकार्य खाते को मजदूरी सार में से डैबिट किया जाता है। विभिन्न उपकार्यों से प्रभारित (charged) कुल रकम से निर्माणाधीन खाते (work-in-pro-

gressA/c) को डैबिट किया जाता है। वह मजदूरी जिसका किसी भी उपकार्य में अभिभाजन (apportionment) किया जाना सम्भव न हो उपरिव्ययों (overheads) के डैबिट में डाल दी जाती है। सामान्य व्यर्थ समय की मजदूरी को उपरिव्ययों में से अथवा उपकार्यों में से अनुपातिक रूप से प्रभारित किया जाता है। असामान्य व्यर्थ समय मजदूरी को लागत लाभ हानि खाते के डैबिट में डाल दिया जाता है इस प्रकार लागत खाताबही में निम्नलिखित प्रविष्टियाँ की जाती है :—

(1) मजदूरी का भुगतान करने पर :—

Wages Control Account Dr.
To Cost Ledger Control Account

इस प्रविष्टि के लिए बैंक या नकदी खाते को क्रैडिट (credit) नहीं किया जाता क्योंकि लागत खाताबही का नकदी से कोई सम्बन्ध नहीं होता। इसलिए नकदी खाते (Cash A/c) के स्थान पर लागत खातावही नियन्त्रण खाते को क्रैडिट किया जाता है।

(2) Work in Progress Control Account Dr.
(विभिन्न उपकार्यों की कुल श्रम लागतों से)

Overhead Control Account Dr.
To Wages Control Account

(Being the transfer of direct wages to work in progress and indirect wages to overheads)

लागत निर्धारण के लिए मजदूरी दरें (Wage Rates for Costing Purpose) :— जैसा की ऊपर वताया जा चुका है श्रम लागतों मे न केवल मूल मजदूरी (Basic wages) अपितु कई प्रकार के अन्य व्ययों जैसे मंहगाई भत्ता, भविष्य निधि मे नियोक्ता का योगदान, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, उत्पादन बोनस, छुट्टियों का वेतन आदि को भीं सम्मिलित किया जाता है। इन व्ययों में उपरिव्ययों में भी सम्मिलित किया जा सकता है लेकिन इन्हें प्रत्यक्ष व्ययों में सम्मिलित करना ही अधिक श्रयस्कर होता है। यदि इन सभी व्ययों को मूल मजदूरी में जोड़ कर कुल कार्य घंटों से विभाजित कर दिया जाए तो प्रति घंटा श्रम लागत ज्ञात हो जाती हैं। इस प्रति घंटा श्रम लागत दर से कुल कार्य घंटों को जो किसी उपकार्य में व्यय किए गए है गुणा करके प्राप्त राशि को उस उपकार्य में से प्रभारित किया जाना चाहिए।

Illustration 8·3. Find out the labour cost per hour if a worker is paid Rs. 200 per month in addition to D.A. (Dearness Allowance) of Rs. 50 per month. He is entitled to bonus @ 10% on wages. Employer's contribution is $8\frac{1}{3}\%$ of wages towards contributory

provident fund and 1% towards ESI scheme. The employee's contribution towards ESI scheme is ½%. The worker is entitled to leave on full pay for 1/20 of days worked. The employer maintains a canteen where subsidised tea and lunch are provided to workers and a monthly subsidy of Rs. 1,000 is provided to the canteen. The total number of the employees who take advantage of this canteen is 200. Normal idle time amounts to 20%. The average working days in a month are 25 of 8 hours each.

Solution

Total expenses incurred per month :—

	Rs.
Wages	=200·00
Dearness Allowance	= 50·00
Bonus @ 10% of Wages $\left(\frac{200\times10}{100}\right)$	= 20·00
Contribution towards Contributory Provident Fund @ 8⅓% Wages of $\left(\frac{200\times25}{3\times100}\right)$	= 16·67
Contribution towards ESI scheme $\left(\frac{200\times1}{100}\right)$	= 2·00
Proportion of Canteen's Subsidy $\frac{1,000}{200}$	= 5·00
Total	293·67

Number of working hours :—

Working days in a month	= 25
Working hours per day	= 8
Total working hours in a month	=200 (25×8)
Less $\frac{1}{20}$ for Leave $\left(200\times\frac{1}{20}\right)$	= 10
	190
Less 20% for Normal Idle Time $\left(190\times\frac{20}{100}\right)$	38
Effective hours in a month	=152
Total expenses per month (as calculated above)	=Rs. 293·67
Therefore, Labour Cost per hour $\frac{293\cdot67}{152}$	=Rs. 1·93

MISCELLANEOUS ILLUSTRATIONS

Illustration 8·4. In a manufacturing concern producing a single product the following actual figures are available :

			Rs.
Sales	—	—	23,99,040
Cost—			
Direct Labour	—	—	5,14,080
Materials	—	—	5,99,760
Variable Overheads	—	—	5,26,320
Fixed Overheads	—	—	5,30,000

Actual hours worked by Direct Labourers 2,06,000 Hrs.

As a consequence of labour turnover 6,000 productive hours are lost due to delays in recruitment. 4,000 hours relating to training replacements are included in the actual hours worked which may be reckoned as 2,000 hours of full productive hours.

Find the profit foregone as a result of labour turnover, assuming that all products due to increased production can be sold at the prevailing prices.

Solution

4,000 hours relating to training replacements included in actual hours worked are equal to 2,000 production hours. Therefore, 2,000 hours (4,000—2,000) should be deducted from the actual hours worked to find out the productive hours. Hence, at present actual productive hours are 2,04,000 (2,06,000—2,000).

Had there been no labour turnover, the additional production hours would have been 8,000 calculate as below:

Productive hours lost due to delay in recruitment	=6,000 hours.
Productive hours lost due to training replacements (4,000—2,000) hrs.	=2,000 hrs.
Total productive hours lost	=8,000 hrs.

Productive hours lost are equal to $\frac{2}{51}\left(\frac{8,000}{2,04,000}\right)$ of the present.

Illustration 8·5. From the particulars given below, prepare labour cost per man-day of 8 hours :

(a) Basic Salary	Rs. 2 per day
(b) Dearness Allowance	25 paise per every point over 100 cost of living index for working class. Current cost of living index 700 points.
(c) Leave salary	100% of (a) and (b)
(d) Employer's contribution to Provident Fund.	8% of (a), (b) and (c)
(e) Employer' s contribution to State Insurance	2·5% of (a), (b) and (c)
(f) Expenditure on amenities to labour.	Rs. 20 per head per mensem.
(g) Number of working days in a month.	25 days of 8 hours each.

Solution.

Statement of Labour Cost (per man day of 8 hours)

	Rs.
(a) Basic Salary	2·00
(b) Dearness Allowance @ 25 paise per every point over 100 cost of living index for a month of 25 days $\frac{600\times25}{100}\times\frac{1}{25}$	6·00

(c) Leave Salary—10% of (a) and (b) $\frac{8 \times 10}{100}$	0·80
(d) Employer's contribution to Provident Fund— 8% of (a), (b) and (c) $= \frac{8{\cdot}80 \times 8}{100}$	0 70
(e) Employer's contribution to State Insurance— 2·5% of (a), (b) and (c)$= \frac{8{\cdot}80 \times 2{\cdot}5}{100}$	0·22
(f) Amenities to labour @ Rs. 20 per head per month of 25 working days $= \frac{20}{25}$	0 80
Total	10·52

Illustration 8·6. Compute the net wages cheque from the following data :

	Rs.
Gross wages	1,50,000
Contribution to State Insurance	3,000
Contribution to Provident Fund	12,000

The workers have to contribute an equal amount to state insurance and provident fund. The analysis of time tickets shows 90% direct and the rest indirect labour.

From the above information, explain how the wages and deductions therefrom are dealt with in the cost accounts and the financial books of the company.

Solution

			Rs.
	Gross wages paid to workers		1,50,000
Less :	Deductions :		
	Workers' contribution to State Insarance	Rs. 3,000	
	Workers' contribution to Provident Fund	Rs. 12,000	
			15,000
	Net wages cheque		1,35,000

Treatment of Financial Accounts

		Rs.	Rs.
(1)	Wages Accounts Dr.	1,65,000	
	To State Insurance Account		6,000
	To Provident Fund		24,000
	To Bank Account		1,35,000
	(Being total wages including employer's contribution to State Insurance and Provident Fund accrued and paid Rs. 1,65,000 ; employer's and workers' contribution shown)		

(2)	State Insurance Account	Dr.	6,000	
	Provident Fund Account	,,	24,000	
	To Bank Account			30,000
	(Being the payment of contributions to State Insurance and Provident Eund)			

Treatment in Cost Accounts

(1)	Wages Control Account	Dr.	1,65,000	
	To General Ledger Adjustment Account			1,65,000
	(Being the total wages incorporated in the Cost Ledger)			
(2)	Work-in-progress Control Account	Dr.	1,48,500 (90%)	
	Factory Overhead Control Account	,,	16,500 (10%)	
	To Wages Control Account			1,65,000
	(Being the transfer of direct wages 90% to work in progress and indirect wages 10% to factory overhead control accounts)			

Illustration 8·7. Calculate the earnings of workers A and B from the following particulars for a month, and allocate the earnings to each jobs, X, Y and Z :

		A	B
(a)	Basic Wages	Rs. 100	Rs. 100
(b)	Dearness Allowance	50%	55%
(c)	Provident Fund (on basic wages)	8%	8%
(d)	Employee's State Insurance (on basic wages)	2%	2%
(e)	Overtime	10 hrs.	—
(f)	Idle time and leave	—	16 hrs.

The normal working hours for the month is 200 hours. Overtime is paid at double the normal wages plus dearness allowance. Employer's contributions to State Insurance and Provident Fund are at equal rate with the employees' contributions. The month contains 25 working days and one paid holiday. The two workers were employed on jobs X, Y and Z in the following proportions :

Job	X	Y	Z
Worker A	80	60	60
Worker B	100	40	60

Overtime was done on job Y.

Solution

	Worker A Rs.	Worker B Rs.
Basic wages	100	100
Dearness Allowance	50	55
(1) Overtime—10 hours @ Rs. 1·50	15	—
Gross Wages	165	155

Less: Deductions :	Rs.		
Employees' contribution to Provident Fund (8% on basic wages)	8		
Employees' contribution to E.S.I. (2% on basic wages)	2	10	10
Net Wages Payable		155	145

Allocation of Labour Cost of jobs

	Worker A Rs.	Worker B Rs.
Gross Wages (excluding overtime wages)	150	155
Employer's contribution to P.F. and E.S.I.	10	10
	160	165
Normal working hours per month	200 hrs.	200 hrs.

∴ Labour cost per hour $\frac{160}{200}$ =Re. 0·80 $\frac{165}{200}$=Re. 0.825

	Total Rs.	Job X Rs.	Job Y Rs.	Job Z Rs.
Worker A : Ordinary Wages	160·00	64·00	48·00	48·00
Overtime Wages	15·00	—	15·00	—
Worker B : Ordinary Wages	165·00	82·50	33·00	49·50
	340·00	146·50	96·00	97·50

Working Note :

Calculation of overtime wages is made as follows :—

Basic wages per month	Rs. 100
Dearness allowance per month	Rs. 50
	Rs. 150
Normal working hours per month	200 hrs.

∴ Normal rate per hour $\frac{\text{Rs. } 150}{200}$ =Re. 0·75

Therefore, overtime rate is Rs. 1·50 because overtime is paid at double the normal rate. Overtime wages for 10 hours @ Rs. 1·50=Rs. 15.

प्रश्न (Questions)

1. एक उत्पादक कम्पनी के निम्नलिखित विभागों की रूपरेखा एवं कार्यो का वर्णन कीजिए—

(i) कर्मचारी विभाग (ii) समय एवं गति अध्ययन विभाग (iii) लागत लेखांकन विभाग एवं (vi) इंजीनियरिंग विभाग ।

Describe briefly the organisation and functions of the following departments of a manufacturing company :—

(*a*) Personnel Department, (*b*) Time and Motion Study Department, (*c*) Cost Accounting Departmeni, and (*d*) Engineering Department.

2. समय लेखन विभाग के महत्वपूर्ण दायित्वों का वर्णन कीजिए। श्रमिकों को फैक्टरी में आने व जाने के समय को रिकॉर्ड करने की दो विधियों का उल्लेख कीजिए।

What are the important duties of the time-keeping department ? Describe two different plans of recording employee time in and out of factory ?

3. श्रमिकों के समय का रिकॉर्ड करने के लिए कौन से दस्तावेज प्रयोग में लाये जाते है प्रत्येक के लाभ व हानियों की चर्चा कीजिए।

What are the types of documents that can be used to record labour times and how they differ from each other ? State the advantages and disadvantages of each.

4. व्यर्थ समय किसे कहते है ? लागत लेखों में इसे कैसे दिखाया जाता है ?

What is idle time and how should it be treated in cost accounts ?

5. किसी ऐसी पद्धति का वर्णन कीजिए जिससे मजदूरी सूची में गलत व्यक्तियों के नाम शामिल न किये जा सकें।

Suggest a system by which you can prevent inclusion of dummy names in the wages sheets.

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए—

(क) उपकार्य पत्रक (ख) आकस्मिक एवं बाहरी श्रमिक (ग) समूह बोनस योजना (घ) मजदूरी सार (ङ) समय सूची (च) सामान्य व्यर्थ समय का लेखाजोखा।

Write short notes on the following :

(*a*) Job Card ; (*b*) Casual and out workers ; and (*c*) Wages Abstract; (*d*) Time Sheet ; (*e*) Treatment of Normal Idle Time.

7. श्रमिक परिवर्तन से आप क्या समझते है ? इसे किस प्रकार मापा जा सकता है ? श्रमिक परिवर्तन की ऊंची दर प्रबन्धकों के लिए चिन्ता का विषय क्यों होती है ? बढ़ती हुई परिवर्तन दर को रोकने के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिएँ।

What do you understand by labour turnover ? How is labour turnover measured ? Why is high labour turnover a matter of serious concern to the management ? What steps should be taken to check the increasing rate of labour turcover ?

8. निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(i) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष श्रम

(ii) आकस्मिक श्रमिक एवं अस्थायी श्रमिक

(iii) समय लेखन एवं समय बुकिंग

Disunguish between : (*a*) Direct labour and indirect labour (*b*) Casual workers and temporary workers and (*c*) Timekeeping and time booking

9. श्रम परिवर्तन दर की परिभाषा दीजिए। इसके कारण एवं प्रभावों का वर्णन कीजिए।

Define labour turnover. State its causes and effects.

10. फैक्ट्री के गेट पर समय लेखन एवं विभाग के भीतर समय आरक्षण की निम्नलिखित तीन शीर्षकों के अन्तर्गत विवेचना कीजिए

(क) मजदूरी का भुगतान

(ख) लागत निर्धारण एवं अनुमान लगाना

(ग) अन्य कारण

Discuss the main purposes of time-keeping at the entrance of the factory and time-booking at the department under three headings: (*a*) for payment of wages, (*b*) for cost ascertainment and estimating and (*c*) for other reasons.

11. श्रम परिवर्तन प्रतिवेदन प्रबन्धकों की किस प्रकार सहायता करता है? अनुमानित राशियों द्वारा एक श्रम परिवर्तन प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

In what ways can labour turnover report help the management? Draft a labour turnover report assuming imaginary figures.

12. समय अध्ययन से आप क्या समझते हैं? यह किस प्रकार मजदूरी भुगतान से संबंधित है?

What do you understand by time study? In what ways is it connected with remuneration of labour?

13. एक विकासशील फैक्ट्री में, विभागीय फोरमैन द्वारा अपने विभागों संबंधी दैनिक उपस्थिति की सूचना लेखा विभाग में वेतन भुगतान संबंधी लेखे बनाने के लिए भेजी जाती है। इस फैक्ट्री में कोई पृथक समय विभाग नही है।

उपरोक्त कार्यपद्धति के दो दोषों का वर्णन कीजिए एवं यह ध्यान में रखते हुए कि अधिकारी समय लेखन संबंधी घड़ी खरीदने के पक्ष में नहीं हैं, किसी वैकल्पिक व्यवस्था का सुझाव दीजिए।

In an expanding factory, departmental foremen send daily statements of attendance in their respective departments, to the accounts department for preparation of payrolls. There is no separate time-keeping department in that factory.

Mention two defects of the above system and briefly suggest an alternative procedure, bearing in mind that the authorities are not agreeable to purchase clocks for time recording.

PROBLEMS

8·1. The normal working week in a factory is of 44 hours. A worker is paid 50 paise per hour, overtime at 1/2 time the hourly rate and a bonus of 25 paise for every 100 articles produced in excess of 5,000 per week. Calculate the wages for the following particulars taken from his time and job card.

Day	In	Out	In	Out	Output
Friday	8·00	12·00	1·00	5·30	950
Saturday	8 00	11·30	—	—	545
Monday	8·30	12·00	1.00	8·00	1,106
Tuesday	8·00	12·00	1·00	6·00	1,052
Wednesday	8·00	12·00	1·00	6·30	1,002
Thursday	8 00	12·00	1·00	7·00	1,112

Ans. [Rs. 29·17].

8·2. Production sections of a factory working on a job order system pay their workers under the Rowan Premium Bonus Scheme. Workers are also entitled to a dearness allowance of Rs. 24 per week of 48 hours, worker's basic wage is Rs. 4 per day of 8 hours and his time sheet for a week is summarised below :

Job No.	Time allowed	Time taken
1	25 hours	20 hours
2	30 hours	20 hours
Idle time (waiting)	—	8 hours

Find the worker's earnings and the amounts to be charged to each job and to overhead.

Ans [Worker's earnings Rs. 53·33 ; Job 1=Rs. 22 ; Job 2=Rs. 23·33 and Overhead=Rs. 8].

8·3. The extract from the payroll of a company gives the following information :—

Number of employees at the beginning of 1977	240
Number of employees at the end of 1977	310
Number of employees discharged during the year	5
Number of employees resigned during the year	26
Number of employees replaced due to quits and discharges	25

Calculate the net annual labour turnover rate of the company and comment on it.

Ans. (9·1%).

8·4. An analysis of the time card of a worker on a machine shows, that of the total 48 hours he worked 45 hours (including 4 hours overtime) on production and that 3 hours was idle time due to machine break down.

The rate of the worker is Re. 1 per hour ; overtime is paid at 50% extra.]

You are required to allocate the total wages paid to the worker between direct and indirect labour indicating reasons therefor. (*C.A.*)

Ans. [Rs. 45 charged to production as direct labour ; Rs. 2 overtime allowance to be included in factory overhead as indirect labour ; Rs. 3 wages for abnormal idle time to be transferred to Costing Profit and Loss Account].

8·5. From the following data calculate total monthly remuneration of 3 workers X, Y and Z :

(*i*) Standard production per month per worker is 1,000 units.

(*ii*) Actual production during a month :

X—800 units
Y—700 uniis
Z—900 units

(*iii*) Piece-work rate per unit of actual production 15 paise.

(*iv*) D.A. Rs. 40 per month (fixed).

(*v*) House rent allowance : Rs. 20 per mouth (fixed).

(*vi*) Additional production bonus at the rate of Rs. 5 for each percentage of actual production exceeding 75% actual production over standard.

Ans. [Worker A—Rs. 205 ; Worker B—Rs. 165 ; Worker C—Rs. 270].

8·6. From the following particulars, find the amount of cash required for payment of wages in a factory for a particular month :

	Rs.
(*i*) Wages for normal hours worked	20,600
(*ii*) Wages for overtime	2,200
(*iii*) Leave wages	1,700
(*iv*) Deduction of employee's share to State Insurance Corporation	500
(*v*) Employee's contribution to Provident Fund	1,600
(*vi*) House rent is to be recovered from 30 employees @ Rs. 10 per month.	

8·7. A worker is paid Rs. 300 per month in addition to dearness allowance Rs. 75 per month. He is entitled to bonus @ 10% on wages. Employer's contribution is 8⅓% of wages towards contributory provident fund to which worker also contributes an equal amount. The contribution for E.S.I. is 1% for employer and ½% for worker. The employer maintains a canteen where subsidised tea and lunch are provided to workers and a monthly subsidy of Rs. 3,000 is provided to the canteen. The total number of employees who take advantage of the canteen is 400. Normal idle time amounts to 20% The worker is entitled to 15 days' earned leave during the year. The number of working days in a year should be taken to be 300 of 8 hour each. (36)

Find out the labour cost per hour.

Ans. [Rs. 2·90].

8·8. A worker is paid 50 paise per hour and the 5 days working week contains 42 hours. The daily allowance for approved absence from his place of work, maintenance of machine, etc., is 12 minutes. and his job cards show that his time chargeable during the week to various cost centres is as follows :

Job No. 305	20 hrs.
,, ,, 310	10 hrs.
,, ,, 320	8 hrs,

Time unaccounted for is caused by a power failure. Show how his wages for the week would be dealt with in the cost accounts. (*B. Com. Hons. Delhi*)

9 पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन

(Remuneration and Incentives)

मजदूरी भुगतान की पद्धतियाँ (Systems of Wage Payment)—मजदूरी भुगतान की दो निम्न प्रमुख पद्धतियाँ हैं ।

(1) फैक्टरी में व्यतीत किए गये समयानुसार भुगतान (भले ही उत्पादन कितना ही क्यों न हो) । इस पद्धति को समयानुसार मजदूरी पद्धति (time wage system) कहते है ।

(2) श्रमिक द्वारा किए गये कार्य के अनुसार भुगतान, भले ही उसके द्वारा कितना ही समय व्यतीत किया गया हो । इस विधि को कार्यानुसार दर पद्धति (piece rate system) कहते हैं ।

मजदूरी भुगतान की अन्य विधियाँ, जिन्हें प्रीमियम प्लान (Premium Plans) या बोनस लाभ तथा आबंटन योजना (bonus or profit sharing schemes) के नाम से जाना जाता है, उपरोक्त दो मुख्य पद्धतियों मे से किसी एक पद्धति के आधार पर ही उपयोग में लाई जाती हैं ।

मजदूरी भुगतान की प्रयोग में लाई जाने वाली पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिनसे प्रति इकाई श्रम लागत को कम किया जा सके तथा साथ ही श्रमिकों को उनके कार्य की उचित मजदूरी प्राप्त हो सके । कम मजदूरी का अर्थ कम उत्पादन लागत तथा अधिक मजदूरी का अर्थ अधिक उत्पादन लागत से नही लगाया जाना चाहिए । निम्नलिखित कारणों से अधिक मजदूरी देकर भी उत्पादन लागत मे कमी लाई जा सकती है—

(1) अधिक मजदूरी से श्रमिकों को अधिक कार्य करने एवं कुशल बनने की प्रेरणा मिलती है । अधिक उत्पादन से प्रति इकाई श्रम लागत कम हो जाती है । इसके अतिरिक्त अधिक मजदूरी देकर अधिक कुशल श्रमिकों को आकर्षित एवं नियुक्त किया जा सकता है । इसके अतिरिक्त संतुष्ट श्रमिको के कार्यकाल में स्थायित्व बना रहने से भी उत्पादन की हानि कम होती है ।

(2) उत्पादन बढने से प्रति इकाई स्थायी लागतों मे भी कमी होगी जिससे प्रति इकाई उत्पादन लागत में कमी होती है ।

श्रेष्ठ मजदूरी पद्धति की आवश्यक विशेषतायें (Essential Features of a Good Wage System)—मजदूरी भुगतान की एक श्रेष्ठ पद्धति मे निम्नलिखित विशेषतायें होनी आवश्यक है :—

(1) पद्धति नियोक्ता एवं कर्मचारी दोनों के लिए उचित होनी चाहिए । पद्धति वैज्ञानिक ढंग से किये गये समय एवं गति अध्ययन पर आधारित होनी चाहिए

ताकि नियोक्ता के लिए प्रमामित उत्पादन (Standard Output) तथा श्रमिक के लिए उचित मजदूरी को सुनिश्चित किया जा सके।

(2) श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी के सम्बन्ध में आश्वस्त किया जाना चाहिए भले ही उनका उत्पादन कितना ही हो।

(3) श्रमिकों को उनकी कुशलताओं को ध्यान में रख कर मजदूरी दी जानी चाहिए। कुशल श्रमिकों को अकुशल मजदूरों से अधिक मजदूरी प्राप्त करने की सभावनाये उपलब्ध की जानी चाहिएँ।

(4) पद्धति द्वारा समान कार्य के लिए समान वेतन दिया जाना चाहिए।

(5) पद्धति ऐसी होनी चाहिए जिसमें परिस्थितियों में परिवर्तन के साथ-साथ परिवर्तन किया जा सके।

(6) पद्धति द्वारा स्थानीय अथवा राष्ट्रीय कर्मचारी संघों से किए गये समझौतों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

(7) पद्धति उसी स्थान अथवा उद्योग में दी जा रही मजदूरी दरों के अनुरूप होनी चाहिए।

(8) वास्तविक मजदूरी मे क्षय (कटाव Erosion) रोकने के लिए यह आवश्यक है कि मुद्रा में ही दी जाने वाली मजदूरी को मूल्यपरिवर्तनों के साथ जोड़ दिया जाए। श्रमिकों को महगाई भत्ता अथवा भोजन संबंधी छूट (food allowance) आदि उनके मूल वेतन के अतिरिक्त दी जानी चाहिए ताकि मूल्यों में वृद्धि का असर कम किया जा सके। अतः मजदूरी भुगतान की पद्धति मूल्य परिवर्तनों पर आधारित होनी चाहिए।

समयानुसार मजदूरी पद्धति (Time Wage System)—मजदूरी भुगतान की इस विधि के अनुसार श्रमिकों को प्रतिघंटा, दैनिक, साप्ताहिक अथवा मासिक दर से मजदूरी दी जाती है। उदाहरण के लिए यदि एक श्रमिक को 75 पैसे प्रति घंटा की दर से मजदूरी दी जाती हैं और उसने एक मास में 220 घंटे कार्य किया है तो उसकी मजदूरी 165 रु० (समय × दर = 220 घंटे × 75 पैसे प्रति घंटा) होगी। इस पद्धति के अन्तर्गत मजदूरी की गणना करते समय केवल श्रमिकों के समय को ही ध्यान में रखा जाता है तथा इस बात को बिल्कुल ध्यान मे नहीं रखा जाता है कि श्रमिकों ने कितना उत्पादन किया है।

मजदूरी भुगतान की इस विधि का उपयोग उन उद्योगों में किया जाता है जहाँ उत्पादित वस्तुओं की क्वालिटी का अत्यधिक महत्व होता है जैसे कलापूर्ण वस्तुयें अथवा वह उत्पाद जिनके उत्पादन की मात्रा के सम्बन्ध में श्रमिक का नियन्त्रण न हो जैसे वह कार्य जिनमें स्वचालित मशीनों अथवा किसी रसायनिक प्रक्रिया या

ताप प्रक्रिया (heat treatment) का प्रयोग किया जाता है। यह विधि अत्यन्त सरल एवं आसान है। लेकिन इस विधि में निम्नलिखित दोष भी है—

(1) इस पद्धति द्वारा कुशल तथा अकुशल श्रमिकों में कोई अन्तर नहीं किया जाता है। इस विधि द्वारा भुगतान समयानुसार किया जाता है न कि कार्य अथवा उत्पादन की मात्रा के अनुसार। अत: यह पद्धति श्रमिकों को अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित नहीं करती।

(2) इस पद्धति द्वारा श्रमिकों को व्यर्थ समय के लिए भी मजदूरी मिलती है।

(3) क्योंकि अकुशल श्रमिक को भी कुशल श्रमिकों के समान ही मजदूरी मिलती है अत: कुशल श्रमिक भी कम कार्य करने लगते हैं तथा अकुशल बन जाते हैं।

(4) इस पद्धति द्वारा प्रति इकाई श्रम लागत ज्ञात करना कठिन हो जाता है क्योंकि प्रति इकाई श्रम लागत में उत्पादन कम या अधिक होने से उतार चढाव होता रहता है इससे टेन्डर आदि के लिए मूल्य सूची भेजना भी कठिन हो जाता है।

(4) इस पद्धति के अन्तर्गत श्रमिकों से काम लेने के लिए कठोर नियन्त्रण की आवश्यकता पड़ती है।

कार्यानुसार मजदूरी पद्धति (Piece Wage System)—मजदूरी भुगतान की इस पद्धति के अनुसार प्रत्येक उत्पादित इकाई अथवा उपकार्य या प्रक्रिया के निष्पादन के लिए एक निश्चित दर से भुगतान किया जाता है। इस पद्धति में कार्य की मात्रा के अनुसार भुगतान किया जाता है तथा यह नहीं देखा जाता कि श्रमिक ने इसे करने में कितना समय लिया है। उदाहरण के लिए यदि एक श्रमिक को 1·50 रु० प्रति इकाई की दर से मजदूरी दी जाती है और वह एक दिन में 8 इकाईयों का उत्पादन करता है तो उसे 12 रु० (उत्पादित इकाईयां × दर प्रति इकाई = 8 × 1·50) का भुगतान किया जायेगा।

यदि प्रति इकाई दर सभी श्रमिकों के लिए समान है तो इससे कुशल श्रमिकों को लाभ होगा तथा श्रमिकों में अधिक उत्पादन करने की भावना का विकास होगा।

इस पद्धति में श्रमिक के समय का लेखा रखना आवश्यक या महत्वपूर्ण नहीं है फिर भी निम्नलिखित कारणों से समय पत्रकों को रखा जाना चाहिए—

(1) ताकि श्रमिक समय पर फैक्टरी में आ-जा सके। यदि श्रमिक भिन्न भिन्न समयों पर आते है या अपनी इच्छानुसार चले जाते है तो उत्पादन में रुकावट पड़ती है। श्रमिकों में अनुशासन बनाये रखने के लिए समय पत्रकों को रखा जाना चाहिए।

(2) यदि श्रमिकों को उनके द्वारा व्यतीत किये गये समय के अनुसार न्यूनतम मजदूरी दी जानी निश्चित की गई है तो भी समय पत्रक रखे जाने चाहिए।

(3) समय पत्रकों द्वारा उपरिव्ययों के अभिभाजन (apportionment) में सहायता मिलती है (जहाँ अभिभाजन समय के अनुसार किया जाता है)।

(4) यदि श्रमिकों को समय एवं कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है तो महंगाई भत्ते की गणना करने के लिए भी समय पत्रकों का रखा जाना आवश्यक है।

लाभ—कार्यानुसार मजदूरी पद्धति के निम्नलिखित लाभ हैं :—

(1) इस विधि के अन्तर्गत कुशल तथा अकुशल श्रमिकों में अन्तर किया जाता है। एक कुशल श्रमिक अधिक उत्पादन करने के कारण अधिक मजदूरी प्राप्त कर सकता है। मजदूरी का सम्बन्ध उत्पादन की मात्रा से होता है अतः यह विधि समयानुसार मजदूरी पद्धति से श्रेष्ठ कही जा सकती है।

(2) इस विधि द्वारा श्रमिकों को अधिक उत्पादन करने की प्रेरणा मिलती है जिस कारण श्रमिक उत्पादन बढ़ा कर अधिक मजदूरी प्राप्त करने के लिए उत्पादन की श्रेष्ट विधियों का प्रयोग करते हैं।

(3) अधिक उत्पादन होने के कारण प्रति इकाई स्थायी लागतों में कमी होती है, जिससे नियोक्ता को अधिक लाभ प्राप्त होता है।

(4) इससे नियोक्ता को उत्पादन की प्रति इकाई श्रम लागत की जानकारी रहती है जिससे विश्वासपूर्वक मूल्य सूचियां प्रस्तुत कर सकता है।

(5) इस विधि के अन्तर्गत व्यर्थ समय का भुगतान नहीं किया जाता है जैसा कि समयानुसार मजदूरी पद्धति में किया जाता है। अतः व्यर्थ समय के लेखे रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

(6) श्रमिक अपनी मशीनों व यन्त्रों का अधिक ध्यान रखते है क्योंकि उनके खराब होने से उत्पादन में रुकावट आ सकती है।

हानियां—

(1) कार्यानुसार मजदूरी दर का निर्धारण करना अत्यन्त कठिन होता है। यदि मजदूरी की दर कम है तो श्रमिकों को कोई प्रेरणा प्राप्त नही होती एवं वह असन्तुष्ट रहते हैं। अतः इस विधि की सफलता के लिए आवश्यक है कि मजदूरी दरों का उचित ढंग से निर्धारण किया जाए।

(2) इस पद्धति से मजदूरी का भुगतान होने पर श्रमिक अधिक से अधिक उत्पादन करने का प्रयत्न करते है जिस कारण जल्दबाजी अथवा लापरवाहीवश वस्तु की क्वालिटी में गिरावट आने की संभावना रहती है। वस्तु की क्वालिटी बनाए रखने के लिए कठोर नियन्त्रण तथा देखरेख की आवश्यकता होती है।

(3) उपरोक्त कारण से ही सामग्री के ठीक उपयोग न होने की संभावना भी बनी रहती है। अतः सामग्री का अधिक क्षय होता है।

(4) सामग्री की बरबादी, अधिक नियन्त्रण की आवश्यकता एवं मशीनों, यन्त्रों आदि में अधिक ह्रास के कारण उत्पादन लागत बढ़ जाती है। अतः उत्पादन अधिक होने पर भी उत्पादन लागत में कमी नही आती है।

(5) उत्पादन अधिक होने पर भी श्रम लागत सभी इकाइयों के लिए समान ही होती है। जबकि समयानुसार मजदूरी पद्धति में अधिक उत्पादन के कारण प्रति इकाई श्रम लागतों में भी कमी आती है।

(6) यदि किसी कारण से श्रमिक काम पर नही आ सकते तो उन्हें पारिश्रमिक प्राप्त नहीं होता। अतः उनमें असुरक्षा की भावना व्याप्त रहती है।

(7) अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करने के लिए श्रमिक अधिक समय तक कार्य करते हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

(8) श्रमिक यदि कुछ दिनों तक अत्यधिक कार्य करके पारिश्रमिक अर्जित कर लेता है तथा बाद में कुछ दिनों तक अनुपस्थित रहता है तो उत्पादन की सामान्य स्थिति पर प्रभाव पड़ सकता है।

(9) इस पद्धति का प्रयोग करने पर सुस्ते कर्मचारी असन्तुष्ट रहते हैं क्योंकि वह अधिक उत्पादन नही दे सकते।

(10) अच्छी क्वालिटी का कार्य करने वाले श्रमिकों को सर्वाधिक हानि होती है क्योंकि इस पद्धति के अन्तर्गत उन्हें अच्छी क्वालिटी के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक नही दिया जाता हैं।

कार्यानुसार मजदूरी पद्धति को "परिणाम अनुसार भुगतान विधि" (payment by results) भी कहते हैं तथा इसका निम्न परिस्थितियों में सफलतापूर्वक उपयोग किया जा सकता है—

(i) जहां कार्य को बार-बार किया जाए।

(ii) जहां उत्पादन की मात्रा की गणना की जा सके।

(iii) जहां वस्तुओं की क्वालिटी पर नियन्त्रण किया जा सके।

(iv) जहाँ न्यायसंगत मजदूरी दर का निर्धारण किया जा सके।

(v) जहां उत्पादन में संभावित बढ़ोतरी के लिए सामग्री, यन्त्र व मशीनें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

(vi) तथा जहां श्रमिकों को नियमित बनाने के लिए समय पत्रकों को रखा गया है।

प्रीमियस व बोनस योजनायें (Premium and Bonus Plans)

प्रीमियम योजना का उद्देश्य श्रमिकों को कम समय में अधिक मजदूरी अर्जित करने की प्रेरणा देकर उत्पादन बढ़ाना है। ऐसी योजना के अन्तर्गत एक विशिष्ट उपकार्य या प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कुछ प्रमापित समय निर्धारित कर दिया जाता है। इस प्रमापित समय की प्रति घंटा मजदूरी नियत कर दी जाती है तथा प्रमापित समय से बचाए गए समय के लिए बोनस के रूप में कुछ अतिरिक्त मजदूरी दी जाती है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि प्रमापित समय का निर्धारण एक औसत श्रमिक द्वारा लिए गए समय के अनुरूप होना चाहिए। इस योजना को प्रेरणात्मक योजना भी कहते हैं। इससे श्रमिकों को कम समय में कार्य पूरा करके अधिक मजदूरी प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है। उदाहरण के लिए यदि किसी श्रमिक को कार्य पूरा करने के लिए 10 घंटे का समय दिया गया है तथा उसे बचाए गये समय के 50 प्रतिशत के बराबर मजदूरी बोनस के रूप में दी जाती है। यदि वह श्रमिक 6 घंटे में कार्य पूर्ण करता है तो उसे 8 घंटे की मजदूरी प्राप्त होगी जो इस प्रकार ज्ञात की जायेगी।

कुल मजदूरी = वास्तविक समय की मजदूरी + बोनस मजदूरी
= 6 घंटे की मजदूरी + 4/2 घंटे की मजदूरी
= 8 घंटे की मजदूरी

मजदूरी भुगतान की यह पद्धति समयानुसार व कार्यानुसार मजदूरी पद्धतियों के बीच की पद्धति है। समयानुसार मजदूरी पद्धति में श्रमिक को बचाए गये समय की मजदूरी नहीं दी जाती। इसके विपरीत कार्यानुसार मजदूरी पद्धति में श्रमिक को बचाए गये समय की पूर्ण मजदूरी प्राप्त होती है। उपरोक्त उदाहरण में श्रमिक को (i) समयानुसार मजदूरी पद्धति में 10 घंटे की तथा (ii) प्रीमियम योजना के अन्तर्गत 8 घंटे की मजदूरी प्राप्त होगी। इस प्रकार एक प्रीमियम योजना के अन्तर्गत नियोक्ता श्रमिक द्वारा बचाए गये समय के कुछ भाग की मजदूरी बचा लेता है तथा श्रमिक को भी बचाए गये समय के एक भाग की मजदूरी प्राप्त होती है।

एक प्रभावशाली प्रीमियम योजना में निम्नलिखित विशेषतायें होनी चाहिए।

(1) प्रीमियम योजना अथवा प्रणाली सरल होनी चाहिए जिसे श्रमिकों द्वारा समझने में आसानी हो।

(2) प्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे मजदूरी गणना में कठिनाई न हो।

(3) प्रणाली नियोक्ता एवं श्रमिक दोनों की दृष्टि से उचित एवं न्यायसंगत होनी चाहिए।

(4) प्रमापित समय का निर्धारण समय एवं गति अध्ययन द्वारा किया जाना चाहिए। एक औसत श्रमिक के लिए प्रमापित समय में कार्य पूरा करना सम्भव होना चाहिए।

(5) एक बार निश्चित किये गये प्रमापित समय में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि परिस्थितियों में स्थायी परिर्वतन न हो गया हो।

(6) प्रणाली द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी तथा उत्पादन लागत में कमी होनी चाहिए।

(7) श्रमिकों को एक निश्चित मजदूरी के सम्बन्ध में भी आश्वस्त किया जाना चाहिए। यह निश्चित मजदूरी समयानुसार मजदूरी पद्धति के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए।

प्रेरणात्मक मजदूरी देने की कुछ महत्वपूर्ण विधियाँ निम्नलिखित हैं।

(1) हॉल्से प्रीमियम योजना (Halsey Premium Plan)—इस विधि के अनुसार प्रत्येक क्रिया अथवा उपकार्य के लिए प्रमापित समय निर्धारित कर दिया जाता है तथा श्रमिक को वास्तविक समय के लिए एक निर्धारित प्रति घंटा दर से तथा बचाये गये समय के लिए एक निश्चित प्रति घंटा दर से (सामान्यत: 50 प्रतिशत) बोनस मजदूरी दी जाती है। वास्तव में बोनस मजदूरी बचाये गये समय की मजदूरी के $33\frac{1}{3}$ तथा $66\frac{2}{3}$ प्रतिशत के बीच की किसी दर से ही निर्धारित की जाती हैं।

अत: यदि

T=Time Taken
R=Labour Rate per Hour
S=Standard Time
%=Percentage of Time Saved हो तो

इस विधि के अनुसार श्रमिक की कुल मजदूरी इस प्रकार ज्ञात की जाएगी :—

$$T \times R + \% (S - T)R$$

Illustration 9·1

Rate per hour	=	Rs. 1·50 per hour
Time allowed for job	=	20 hours
Time taken	=	15 hours

Calculate the total earnings of the worker. Also find out effective rate of earning.

Solution

S (Standard Time) = 20 hours
T (Time taken) = 15 hours
R (Rate) = Rs. 1·50 per hous
Total Earning = T × R + 50%(S−T) × R

$$15 \times 1{\cdot}5 + \frac{50}{100}(20-15) \times 1{\cdot}50$$

= 22·50 + 3·75 = Rs. 26·25

Total wages for 15 hours = Rs. 36·25

Thereforc, effective rate of earning per hour

$$= \frac{\text{Total wages}}{\text{Actual Time Taken}} = \frac{26{\cdot}25}{15} = \text{Rs. } 1{\cdot}75$$

ote :—Percentage of bonus is to be taken 50% when it is not given.

(ii) **रोवन योजना** (Rowan Plan)—इस विधि के अन्तर्गत भी श्रमिक को उसके द्वारा व्यतीत किये गए समय के लिए एक निश्चित दर से मजदूरी की गारंटी दी जाती है। यह विधि हॉल्से प्रमीयम योजना के अनुरूप ही है लेकिन इस विधि में और हॉल्से प्रीमियम योजना में बोनस के निर्धारण की विधि में अन्तर है। हॉल्से योजना के अन्तर्गत बोनस श्रमिक द्वारा बचाए गए समय के एक निश्चित प्रतिशत के बराबर दिया जाता है जबकि रोवन योजना के अन्तर्गत बोनस का अनुपात श्रमिक द्वारा लगाये गये वास्तविक समय एवं प्रमापित समय का अनुपात ही होता है। इस विधि के अन्तर्गत बोनस की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी :—

$$\frac{S-T}{S} \times T \times R$$

तया कुल मजदूरी की गणना निम्न प्रकार से की जायेगी

$$T \times R \frac{S-T}{S} \times T \times R$$

उपरोक्त सूत्रों में

T = Time taken (Actual Time)
S = Standard Time (Time Allowed)
R = Rate per hour.

उपरोक्त दोनों विधियों की श्रमिकों द्वारा इस आधार पर आलोचना की जाती है कि उन्हे बचाए गए समय की पूर्ण मजदूरी प्राप्त नही होती तथा बचाए गए समय के एक निश्चित भाग के बराबर ही मजदूरी मिलती है। रोवन योजना का एक अन्य दोप यह है कि दो श्रमिकों, एक अत्यन्त कुशल एवं दूसरा उससे कम कुशल को एक सी मजदूरी, प्राप्त होगी। उदाहरण के लिए मान लो कि किसी उपकार्य के लिए प्रमापित समय (S) 20 घंटे है तथा प्रति घंटा मजदूरी दर (R) 1·50 रु० है। एक श्रमिक उसे 8 घंटे तथा दूसरा 12 घंटे में पूरा करता है तो उनकी मजदूरी इस प्रकार ज्ञात की जा सकेगी :—

Worker A—Bonus $\frac{S \times T}{S} \times T \times R = \frac{20-8}{20} \times 8 \times 1 \cdot 50 = $ Rs. 7·20

Worker B—Bonus $\frac{S-T}{S} \times T \times R = \frac{20-12}{20} \times 12 \times 1 \cdot 50 = $ Rs. 7·20

इस प्रकार दोनों श्रमिकों को एक समान मजदूरी प्राप्त होगी।

Illustration 9 2. From the following particulars calculate the earnings of a worker under (a) Rowan Premium Bonus System, (b) Halsey Weir Premium Bonus System (30 per cent to worker).

Hourly rate of wages (guaranteed) Re. 0·75.

Standard time for producing 1 dozen article is 3 hours.

Actual time taken by the worker to produce 20 dozen articles is 48 hours.

Solution

Earnings of the worker under the Rowan Premium Bonus System :

$$T \times R + \frac{S-T}{T} \times T \times R$$

Where T=Time taken=48 hours
S=Standard time for 20 dozen articles @ 3 hours per dozen=60 hours
R=Rate per hour=Re. 0·75

$$48 \times \frac{75}{100} + \frac{60-48}{60} \times 48 \times \frac{75}{100}$$

=36+7·20=Rs. 43·20

Earnings of the worker under the Halsey Weir Premium Bonus.

$$T \times R + \%(S-T) \times R$$

Where %=Percentage of Bonus=40%

$$48 \times \frac{75}{100} + \frac{30}{100}(60-48) \frac{75}{100}$$

=36+2·70=Rs. 38·70

(iii) **टेलर की विविधात्मक कार्य दर योजना** (Taylor's Differential Piece Rate Plan)—इस प्रणाली की व्याख्या एफ० डब्ल्यू० टेलर (जिन्हें वैज्ञानिक प्रवन्ध का जनक कहा जाता है) द्वारा की गई। इस पद्धति का आधारभूत सिद्धान्त एक अकुशल श्रमिक को दण्ड देना है (जिसके लिए उसे कम दर की मजदूरी दी जाती है) तथा एक कुशल श्रमिक को (जिसे ऊँची दर से मजदूरी दी जाती है) पारितोषिक देकर प्रोत्साहित करना है। टेलर की दृष्टि में एक सुस्त अथवा अकुशल श्रमिक का संस्थान में कोई स्थान नही होना चाहिए तथा उसे कम दर से मजदूरी देकर संस्थान छोडने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। टेलर के अनुसार समय तथा गति अध्ययन द्वारा किसी भी कार्य के लिए प्रमापित समय का निर्धारण किया जा सकता हैं। श्रमिकों को प्रमापित समय में कार्य पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए टेलर द्वारा दो विभिन्न कार्य दरों के निर्धारण पर बल दिया

गया ताकि कोई श्रमिक प्रमापित समय में अथवा उससे कम समय मे कार्य पूरा करता है तो उसे ऊँची दर से कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है तथा यदि वह उसे प्रमापित समय में पूरा नहीं कर पाता तो उसे कम दर से कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है। अत: यदि आठ घंटे के कार्य दिन के लिए 8 इकाईयों के उत्पादन का प्रमाप निर्धारित किया गया है तो आठ या आठ से अधिक इकाईयों के उत्पादन पर मजदूरी की दर 1 रु० प्रति इकाई तथा आठ इकाईयों से कम उत्पादन पर 80 पैसे प्रति इकाई की दर से मजदूरी दी जा सकती है।

इस प्रकार टेलर द्वारा कुशल श्रमिकों को अधिक मजदूरी देकर प्रोत्साहित करने तथा अकुशल श्रमिकों को कम मजदूरी देकर हतोत्साहित करने की प्रणाली का विकास किया गया। यह पद्धति अकुशल श्रमिकों के लिए अत्यन्त कठोर प्रमाणित होती है क्योंकि उन्हें कम उत्पादन तथा कम दर के कारण अत्यल्प मजदूरी प्राप्त हो पाती है। इसके अतिरिक्त न्यूनतम मजदूरी की भी गारंटी प्राप्त नहीं होती। इस विधि का एक अन्य दोष यह है कि यदि एक श्रमिक प्रमापित समय मे कार्य पूरा करने में जरा सी भी चूक करता है तो उसे मजदूरी की भारी हानि होती है। इन कारणों से यह पद्धति आजकल अप्रचलित ही है।

Illustration 9·3. Calculate the earnings of Workers A and B under Straight Piece-rate system and Taylor's Differential Piece-rate system from the following particulars :—

Normal rate per hour =Rs. 1·80.
Standard time per unit =20 seconds

Differentials to be applied :

80% of piece rate below standard

120% of piece rate at or above standard

Worker A produces 1,300 units per day and worker B produces 1,500 units per day.

Solution

Standard production per 20 seconds=1 unit

Standard production per minute$=\frac{60}{20}=3$ units

Standard production per hour $=3\times60=180$ units

Standard production per day of 8 hours (assumed)$=180\times8=1,440$ units

Normal rate per hour=Rs. 1·80

Normal piece rate$=\frac{\text{Rs. } 1\cdot80}{180 \text{ units}}=1$ paise

Low piece rate below standard production $\frac{1 \text{ P.}\times80}{100}$ =paise 0·8

High piece-rate at or above standard $\frac{1 \text{ P}\times120}{100}$ =paise 1·2

Earnings of worker A

Under Straight Peice-rate System

$$1,300 \text{ units } @ \ 1 \text{ P.} = \frac{1,300 \times 1}{100} = \text{Rs. } 13$$

Under Taylor's Differential Piece-rate system

$$1,300 \text{ units } @ \text{ P. } 0{\cdot}8 = \frac{1,300 \times 8}{10} \times \frac{1}{100} = \text{Rs. } 10\ 40$$

Low piece rate has been applied because worker A's daily production of 1,300 units is less than the stanard daily production of 1,440 units.

Earnings of worker B

Under Straight Piece-rate system

$$1,500 \text{ units } @ \ 1.\text{P.} = \frac{1,500 \times 1}{100} = \text{Rs. } 15$$

Under Taylor's Differential Price-rate System

$$1,500 \text{ units } @ \text{ P. } 1{\cdot}2 = \frac{1,500 \times 12}{10} \times \frac{1}{100} = \text{Rs. } 18$$

High piece-rate has been applied because worker B's daily production for 1,500 units is more than the standard daily production of 1,440 units.

(iv) **गैन्ट कार्य एवं बोनस योजना** (Gantt's Task and Bonus Plan) :—यह विधि सावधानी पूर्वक किए गए समय एवं गति अध्ययन पर आधारित है। प्रत्येक विशिष्ट कार्य को करने के लिए प्रमापित समय निश्चित किया जाता है तथा श्रमिक के द्वारा किए गए वास्तविक कार्य की प्रमापित समय से तुलना करके उसकी कुशलता निर्धारित की जाती है - यदि एक श्रमिक प्रमापित कार्य करने के लिए प्रमापित समय से अधिक समय लेता है तो उसे समयानुसार मजदूरी दी जाती है। यदि वह प्रमापित कार्य को प्रमापित समय में ही समाप्त कर लेता है तो उसे समयानुसार मजदूरी के अतिरिक्त इस मजदूरी का 20 प्रतिशत बोनस के रूप में दिया जाता है तथा यदि कोई कुशल श्रमिक प्रमापित कार्य को प्रमापित समय से कम समय में कर लेता है तो भी उसे प्रमापित समय के लिए समयानुसार मजदूरी तथा उसका 20 प्रतिशत बोनस के रूप में दिया जाता है। इस प्रकार समय की प्रत्येक कटौती के साथ साथ श्रमिक की कुल मजदूरी में वृद्धि होती जाती है। इस कारण इसे 'प्रगतिशील दर पद्धति(Progressive Rate System) भी कहते है।

इस योजना का लाभ यह है कि यह टेलर की विविधात्मक कार्य दर पद्धति की भाँति श्रमिकों के लिए कठोर नहीं है। इसके अतिरिक्त इसे लागू करना भी अपेक्षाकृत सरल है। इसके अतिरिक्त एक अन्य लाभ यह है कि इसमें श्रमिकों को एक निश्चित न्यूनतम मजदूरी के सम्बन्ध में आश्वस्त किया जाता है और साथ ही कुशल एवं अकुशल श्रमिक में अन्तर किया जाता है। इस पद्धति में अकुशल श्रमिक को समयानुसार मजदूरी प्राप्त होती है जबकि कुशल श्रमिक को प्रमापित मजदूरी तथा 20 प्रतिशत बोनस भी प्राप्त होता है।

समूह बोनस योजना (Group Bonus Schemes) :—उपरोक्त सभी प्रीमियम योजनाओं में प्रत्येक श्रमिक के लिए व्यक्तिगत रूप से बोनस की गणना की जाती है। निम्न स्थितियों में श्रमिकों के समूह के लिए भी बोनस योजना प्रारम्भ की जा सकती है :—

(1) यदि श्रमिकों को सामूहिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है ;

(2) यदि प्रत्यक्ष के अतिरिक्त अप्रत्यक्ष श्रमिकों को भी बोनस द्वारा प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ;

(3) जहां प्रत्येक श्रमिक का व्यक्तिगत उत्पादन ज्ञात करना सम्भव नहीं है क्योंकि उत्पादन कई श्रमिकों के सामूहिक कार्य का परिणाम है।

सामूहिक बोनस योजना के अन्तर्गत बोनस की रकम को श्रमिकों के मध्य उनके द्वारा अर्जित मूल वेतन के अनुपात में बांट दिया जाता है।

लाभ :—(1) इस पद्धति से श्रमिकों मे सहयोग की भावना का विकास होता है जिससे उत्पादन बढ़ता है।

(2) इस विधि के अन्तर्गत एक समूह के कर्मचारी कार्य को अपनी रूचिनुसार बाँट लेते हैं जिससे समस्त समूह को लाभ पहुँचे। इस प्रकार समय की बरबादी को काफी सीमा तक रोका जा सकता है।

हानियां :—इस पद्धति के अन्तर्गत कुशल श्रमिकों को दिया जाने वाला बोनस अकुशल श्रमिकों को दिया जाने वाले बोनस के समान ही होता है। क्योंकि इस विधि में बोनस एक समूह के सभी श्रमिकों को उनके द्वारा अर्जित मूल वेतन के अनुपात में बांटा जाता है। अत: कुशल श्रमिकों को कोई विशेष प्रोत्साहन नहीं मिलता।

एक समूह बोनस योजना में निम्नलिखित विशेषताएँ होनी चाहिए :—

(1) एक समूह में श्रमिक की योग्यता एवं कुशलता में अधिक अन्तर नही होना चाहिए।

(2) समूह में श्रमिकों की संख्या बहुत अधिक नहीं होनी चाहिए।

(3) समूह द्वारा किया गया उत्पादन किसी भी अन्य समूह द्वारा किये गये उत्पादन से स्वतन्त्र होना चाहिए।

सह-साझेदारी एवं लाभ आबंटन योजनाएँ (Co-partnership and Profit Sharing Schemes) :—यह योजनाएँ आजकल अत्यधिक प्रचलित हो रही है। इस योजनाओं के अन्तर्गत श्रमिकों को कम्पनी के वार्षिक लाभों में से कुछ भाग दिया जाता है। इस प्रकार श्रमिकों को व्यापार के लाभ में साझेदार बनाकर अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। श्रमिकों को कम्पनी के लाभों का कुछ भाग नकदी अथवा अंशों (Shares) के रूप में दिया जा सकता है।

हानियाँ :—(1) लाभ मे से श्रमिकों के हिस्से का निर्धारण करना बहुत कठिन होता है। लाभ में से हिस्सा सामान्यत: नियोक्ता एवं श्रमिकों के मध्य बात-चीत द्वारा निर्धारित किया जाता है। अत: यदि श्रमिकों की संतुष्टि नहीं की गई है तो वह हड़ताल आदि पर उतारू हो सकते है।

(2) श्रमिकों को लाभ में से हिस्सा वर्ष के अन्त में दिया जाता है अत: इन्हें प्राप्त होने वाला प्रोत्साहन अत्यधिक दूरवर्ती होने के कारण काम में स्थाई दिलचस्पी बनाये रखना कठिन होता है। अत: इन योजनाओं द्वारा अधिक उत्पादन की आशा करना व्यर्थ है।

(3) सभी श्रमिकों को लाभ से हिस्सा दिया जाता है अत: कुशल एवं अकुशल श्रमिकों में अन्तर नही रखा जाता।

(4) प्राय: श्रमिकों को वित्तीय लेखों आदि की तकनीक की जानकारी नहीं होती अत: यह प्रबन्धकों द्वारा प्रस्तुत किए गए लेखों को सन्देह की दृष्टि से देखते है। वह यह समझते हैं कि प्रबन्धकों नें कम लाभ दिखाया है तथा उन्हें लाभ में से उचित हिस्सा प्राप्त नहीं हो रहा है।

(5) श्रमिक लाभ में मे तो हिस्सा बांटते है लेकिन हानियों में साझेदार नही बनते।

बोनस भुगतान अधिनियम द्वारा अब सभी उद्योगों में श्रमिकों द्वारा लाभ आंवटन अनिवार्य कर दिया गया है तथा श्रमिकों को लाभ में से 8·33 प्रतिशत का न्यूनतम बोनस देना अनिवार्य कर दिया गया है।

Miscellaneous Illustrations

Illustration 9·4. The standard time taken to complete a product is 12 hours at 25 paise per hour.

Time wages are allowed to workers taking more than the time allowed. But workers who complete the job in standard time or less receive a straight piece work rate plus 10% bonus *i.e.* 12 hours at Re. 0.275.

Calculate the wages earned by A, B, C and D who complete the job in 15, 12, 10 and 8 hours respectively. What will be their effective hourly rate ?

If the overhead rate chargeable to production is Re. 0.50 per hour what will be the cost of conversion (labour and overheads) per piece produced by each worker ?

Solution

	A	B	C	D
Time taken in hours	15	12	10	8
Wages Due	—	—	—	—
For 15 hrs. @ Re. 0·25 per hr.	3 75	—	—	—
For 12 hrs. @ Re. 0·275 per hr.	—	3·30	3·30	3·30
Effective rate per hour	$\frac{3.75}{15}$ = 25	$\frac{3.30}{12}$ =·275	$\frac{3.30}{10}$ =·33	$\frac{3.30}{8}$ =·41
Cost of labour	3 75	3·30	3·30	3·30
Overhead @ 50 P. per hr	7 50	6·00	5·00	4·00
Cost of conversion	11·25	9·30	8·30	7·30

Illustration 9·5. Two fitters, a labourer and a boy, undertake a work on piecework basis for Rs. 600.

The time spent by each of them is 220 ordinary working hours and the rates of pay are for the two fitters 75 paise each per hour, for labourer 50 paise per hour and the boy 25 paise per hour.

Ascertain the amount of piece-work premium and show the amount of it which each worker will receive when it is divided proportionately to the wages paid, and show in each case the percentage the premium bears to the wages payments at ordinary rates.

To the amount paid for working up, add cost of material Rs. 1,200 proportion of ' overhead" Rs. 450, of selling expenses Rs. 300, and for carriage charges Rs. 200, and give the total cost.

To return the manufacturer 20 per cent on the total cost, at what price must be sell, and what will be the profit if reckoned on selling price ?

Solution

Wages calculated on ordinary time rates :

2 fitter @ 75 paise per hour for 220 hours	Rs. 330
1 labourer @ 50 paise per hour for 220 hour	Rs. 110
1 boy @ 25 paise per hour for 220 hours	Rs. 55
Total	Rs. 495
Total payment to be made to all	Rs. 600

Premium for working on price work basis (Rs. 600—Rs. 495)=Rs. 105.

This premium is to be distributed amongst all in proportion to the wage paid to them.

1st fitter's wages on time basis=Rs. 165	3	Ratio
2nd fitter's wages on time basis=Rs. 165	3	
Labourer's wages on time basis=Rs. 110	2	
Boy's wages on time basis Rs. 55	1	

Each fitter will receive $105 \times \frac{2}{9}$ =Rs. 35 which is 21·2% of his wages $\left(\frac{100}{165} \times 35\right)$

Labour will receive premium $105\times\frac{2}{9}$=Rs. 23·33 which is 21·2% of his wages$\left(\frac{100}{110}\times 23{\cdot}33\right)$.

Boy will receive $105\times\frac{1}{9}$=Rs. 11·67 which is 21·2% of his wages $\left(\frac{100}{55}\times 11{\cdot}97\right)$.

Statement of Total Cost and Selling Price

			Rs.
Material			1,200
Wages including premium			600
		Prime Cost	1,800
Works Overhead			450
		Works Cost	2,250
Selling and Distribution Expenses :			
Selling Expenses	Rs. 300		
Carriage charges	Rs. 200		
			500
		Total Cost	2,750
Profit 20% on cost $2{,}750\times\frac{20}{100}$			550
		Selling Price	3,300

% of profit on Selling Price $100\times\frac{550}{3{,}300}=16\frac{2}{3}\%$

Illustration 9·6. A workman whose basic rate of pay is Re. 1 per hour is working under the "Rowan" system of premium bonus. In addition he gets dearness allowance of Rs. 20 per week of 48 hours. During one week he does the following jobs :

(i) Job 101 for which 25 hours are allowed, he takes 20 hours.

(ii) Job 102 for which 30 hours are allowed, he takes 24 hours.

During the week, his waiting time amounts to 4 hours. Find the worker's earnings and the amounts to be charged to each job and to overhead.

Solution

To Worker's Earning from Job 101

		Rs.
S or Standard Time	=25 hours	
T or Actual Time	=20 hours	
R or Rate	=Re. 1 per hour	
Wages for actual time=20 hrs. @ Re. 1		20
Premium according to Rowan system		
$=\frac{S-T}{S}\times T\times R=\frac{25-20}{25}\times 20\times 1=$		4

Proportion of Dearners Allowance

$=20\times\frac{25}{55}=$ 9·09

(Divide between two jobs in the ratio of time allowed for the jobs *i.e.*, 25 : 30)

Earning from Job 101 33·09

The workers Earning from job 102

S=30 hours

T=24 hours

R=Re. 1 per hour

Wages for actual time=24 hours @ Re. 1 per hour =Rs. 24·00

Premium according to Rowan system

$=\frac{S-T}{S}\times T\times R=\frac{30-24}{30}\times 24\times 1$ =Rs. 4·80

Proportion of Dearness Allowance $=20\times\frac{30}{55}$ =Rs. 10·91

Earning from Job 102 =Rs. 39.71

Waiting time to be charged to overhead 4 hrs. @ Re. 1 =Rs. 4.

(Worker is to get wages for idle time and idle time is assumed as normal dle time).

Total earnings of worker

Job 101	=Rs. 33·09
Job 102	=Rs. 39·71
Overhead	=Rs. 4·00
	=Rs. 76·80

Illustration 9·7. For a certain work order, the standard time is 20 hours, wages Rs. 5 per hour, the actual time taken is 13 hours and factory overhead charges are 80% of standard time.

Set out a comparative statement showing the effect on paying wages on (i) the Halsey and (ii) the Rowan Incentive Bonus system.

Solution

Normal wages for actual time taken 13 hours @ Rs. 5 Rs. 65·00

Bonus under the Rowan Premium Scheme

$50\% (S-T)\times R=\frac{50}{100}\cdot(20-13)5$ =Rs. 17 50

Bonus under the Rowan Premium Scheme

$\frac{S-T}{S}\times T\times R=\frac{20-13}{20}\times 13\times 5$ =Rs. 22·75

total wages including bonus payable under the Halsey Scheme

Rs. 65+Rs. 17 50 **=Rs. 82·50**

Totaı wages including bonus payable under the Rowan Premium Scheme

Rs. 65+Rs. 21·75 =Rs. 87·75

Employer's Saving under the Halsey Plan

	Rs.
Saving in Labour Cost :	
Standard Wages (20 hrs. @Rs. 5)	100·00
Less : Actual Wages payable	82·25
	17·50
Saving in Overhead :	
80% of wages for the time saved $\frac{80}{100}$ (7 hrs. @ Rs. 5)	28·00
Total Saving	45·50

Employe's Saving under the Rowan Plan

·aving in Labour Cost :	
Standard Wages (20 hrs. @ Rs. 5)	100 00
Less : Actual Wages payable under the Rowan Plan	87 75
	12·25
Savtng in Overhead :	
80% of wages for the time saved $\frac{80}{140}$ (7 hrs @ Rs. 5)	28·00
Total Saving	40·25

Comparative Statement showing the effect of Paying Wages under Halsey Plan and the Rowan Plan

Incentive System	Normal Wages Rs.	Bonus Rs.	Total Earnings Rs.	Employer's Savings Rs.	Effective Rate of Earning per hour Rs.
Halsey	65 00	17 50	82·50	45·50	6 35 $\left(\frac{82·50}{13}\right)$ Total Wages
Rowan	65·00	22·75	87·75	40 25	6·75 $\left(\frac{87\ 75}{13}\right)$ Actual Time

Illustration 9·8. Calculate the amount of wages and bonus earned by this worker :

Name : Krishăn Gopal

Ticket No. : 578

Job commenced : Monday, 23rd September, 1977, 8 A.M

Job finished : Saturday, 28th September, 1977, 1 P.M.

Quantity of pieces of work given out : 638

Quantity of pieces of work passed : 600

Worker's rate : 50 Paise per hour

Time allowed : 10 per hour

Bonus : 40% of time saved

Assume that the employee worked for 9 hours a day and no overtime.

Solution

Time allowed for 10 pieces =1 hour

Time allowed for 600 pieces

(work passed)= $\frac{1\times600}{10}$ =60 hours

Time taken is calculated as follows :

Monday	=9 hours
Tuesday	=9 ,,
Wednesday	=9 ,,
Thursday	=9 ,,
Friday	=9 ,,
Saturday	=5 ,, (from 8 A.M. to 1 P.M.)
Total time taken	=50 ,,

S or Standard Time =60 hour

T or Time taken =50 ,,

Rate =50 P. per hour

Bonus =40% of time saved

Wages for 50 hours @ 50 P. per hour =Rs. 25·00

Bonus for 4 hours (40% of time saved) *i e.* $\frac{40}{100}\times S-T$

$=\left(\frac{40}{100}\times60-50\right)$ @ 50 p. per hour =Rs. 2·00

Total amount payable =Rs. 27·00

Illustration 9·9. The existing incentive system of a certain factory is :

Normal Working hours—5 days of 9 hours each plus 3 late shifts of 3 hours each.

Rate of payment —Day work Re. 1·00 per hour
late shift Rs. 1.50

Additional bonus payable : Rs. 2·50 per day shift
Rs. 1·50 per late shift

Average output per operative for 54 hrs. week *i.e.*, including 3 late shifts. 120 articles

In order to increase output and eliminate overtime, it was decided to switch on to a system of payment by results. The following information is obtained :

Time rate (as usual)	Re. 1·00
Basic time allowed for 15 articles	5 hrs.
Piece work rate	add 20% to piece
Premium bonus	add 50% to time.

You are requested to show :

(i) hours worked, (ii) weekly earnings, (iii) number of articles produced ; and (iv) labour cost per article for one operative under the following systems :

(a) Existing time rate, (b) Straight piece work, (c) Rowan System, (d) Halsey System.

Assume that 135 articles are produced in a 45 hour-week under (b), (c), (d) and that the worker earns half the time saved under the Halsey System. The additional bonus under the existing system will be discontinued in the proposed incentive scheme.

Solution

(a) Total Weekly Earnings under Existing Time Rate

	Rs.
Normal working hours in a week 5 days×9 hrs.=45 hrs @ Re. 1	=45·00
Overtime 3 late shifts of 3 hours each =9 hrs. @ Rs. 1·50	=13·50
Day shift bonus @ Rs. 2·50 per day for 5 days	=12·50
Late shift bonus @ Rs. 1·50 per shift for 3 shifts	= 4·50
Total Weekly Earnings	Rs. 75·50

(b) Total Weekly Earnings under Straight Piece Rate

Time allowed for 15 articles =5 hours

∴ Time allowed for 135 articles $\frac{5}{15}\times 135=45$ hours

Normal wages for 45 hours	=Rs. 45
Add 20% of Rs. 45	=Rs. 9
Total Weekly Earnings	Rs. 54

(c) Total Weekly Earnings under Rowan system

Time allowed for 135 articles (as calculated above)	=45 hours
Add 50% to time	=22½ hours
Time allowed under Premium plan	=67½ hours
Actual Time taken	=45 hours

Total wages payable under Rowan System are calculated as follows :—

$$T\times R+\frac{S-T}{S}\times T\times R$$

Where T=Actual time taken ; S=Standard time ; R=Rate per hour

$$45\times \text{Re. }1+\frac{67\frac{1}{2}-45}{67\frac{1}{2}}\times 45\times \text{Re. }1=\text{Rs. }60$$

(*d*) *Halsey System*

$$T \times R + \frac{1}{2}(S - T) \times R$$
$$= 45 \times Re.\ 1 + \frac{1}{2}(67\frac{1}{2} - 45) \times Re.\ 1 = Rs.\ 56.25.$$

Table showing the required information under the various systems of wages payment

System	Hours worked	Weekly earnings	No. of articles produced	Labour cost per article
		Rs.		
(*a*) Existing Time Rate	54	75·50	120	0·629
(*b*) Straight Price Rate	45	54·00	135	0·400
(*c*) Rowan System	45	60·00	135	0·444
(*d*) Halsey System	45	56·25	135	0·417

प्रश्न (Questions)

1. श्रमिकों को मजदूरी भुगतान की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिए

   Discuss the different methods of wage payment to labour.

2. मजदूरी भुगतान की किसी विधि को लागू करते हुए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

   Describe the factor which should be kept in mind while adopting a particular type of wage method.

3. कार्यानुसार मजदूरी पद्धति के गुण व दोषों की चर्चा कीजिए ? इस पद्धति के अनुसार भुगतान प्राप्त करने वाले श्रमिकों के लिए समय पत्रक रखना क्यों आवश्यक है ?

   Explain the advantages and disadvantages of the piece wage system. Why workers remunerated according to this method are required to maintain time card ?

4. किसी प्रेरणात्मक मजदूरी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

   List the characteristics desirable in any Incentive Wage Plan.

5. प्रीमियम योजना से आप क्या समझते है ? ऐसी मुख्य योजनाओं के बारे में बताइए तथा उनमें से दो की विस्तृत चर्चा कीजिए।

   What do you mean by premium plans ? Give the principal premium plans and explain any three of them.

PROBLEMS

9·1. Calculate the earnings of a worker from the following information under :

(*a*) Time Rate Method, (*b*) Piece Rate Method, (*c*) Halsey Plan, and (*d*) Rowan Plan.

Information given :—

Standard Time	30 hours
Time taken	20 hours

Hourly rate of wages is Re. 1 per hour plus a dearness allowance @ 50 paise per hour worked.

Ans. [(*a*) Rs. 30 ; (*b*) Rs. 40 ; (*c*) Rs. 35. and (*d*) Rs. 36·67].

9·2. Calculate the earnings of a worker under (*a*) Rowan Premium Bonus System (*b*) Halsey Weir Premium Bonus System (40 per cent to worker) from the following particulars :—

Hourly rate of wages (guaranteed) Rs. 0·75.

Standard time for producing 1 dozen articles is 3 hours.

Actual time taken by the worker to produce 20 dozen articles in 48 hours.

Ans. [(*a*) Rs. 43·20 ; (*b*) Rs. 39·60].

9·3. In an engineering works, the standard time for a job is 16 hours and the basic wage is Re. 1 per hour. A bonus scheme is instituted so that worker is to receive his normal rate for hours actually worked and for 50% the hours saved. Materials for the job cost Rs. 20 and overheads are charged on a basis of Rs. 2 per labour hour.

Calculate the wages and effective rate of earning per hour if the job is completed (*i*) in 12 hours and (*ii*) in 14 hours.

Also ascertain factory cost of the job on the same basis.

Ans [(*i*) Rs. 58 : Rs. 1·167 ; (*ii*) Rs. 63 ; Rs. 1·071].

9·4. What will be the earning of a worker at 55 paise per hour when he takes 140 hours to do a volume of work for which the standard time allowe is 200 hours. The plan of payment of bonus on a sliding scale is as under :—

(*a*) Within the first 10% saving in standard time, the bonus is 40% of the time saved.

(*b*) Within the second 10% saving in standard time, the bonus is 50% of the time saved.

(*c*) Within the third 10% saving in standard time, the bonus is 60% of the time saved.

(*d*) Within the fourth 10% saving in standard time, the bonus in 70% of the time saved.

(*e*) For the rest the bonus is 75% of the time saved.

Ans. [Rs. 93·50].

9·5. In a manufacturing company a daily wage rate guaranteed for a worker is Rs. 1·87 and the standard output fixed for the month is 1,000 articles, representing 100 per cent efficiency. The daily wage rate is paid without bonus to those workers who show upto 66⅔ per cent of the efficiency standard. Beyond this there is a bonus payable in a graded scale in a fixed ratio to the increased output as under :

Efficiency	Bonus Payable
90%	10%
100%	20%

Further increase of 1 per cent for every 1 per cent further rise in efficiency.

Find out the total earnings of A, B, C and D who have worked for 26 days in a month. Workers output is : A 500 articles, B 900 articles, C 1,000 articles, and D 1,100 articles.

9·6. A worker takes 9 hours to complete a job on daily wages and 6 hours on a scheme of payment by results. His day rate is 75 paise an hour the material cost of the product is Rs. 4 and the overheads are recovered at 150% of the total direct wages. Calculate the factory cost of the product under :

(*a*) Piece work Plan, (*b*) Rown Plan, and (*c*) Halsey Plan.

Ans. [(*a*)=Rs. 15·25 ; (*b*) Rs. 19 and (*c*) Rs. 18·05].

9·7. A worker under the Halsey method of remuneration has a day rate of Rs. 12 per week of 48 hours plus a cost of living bonus of 10 P. per hour worked. He is given an 8 hours task to perform, which he accomplishes in 6 hours. He is allowed 30% of the time saved as premium bonus. What would be his total hourly rate of earnings and what difference would it make if he was paid under the Rowan method ?

Ans. [Hourly rate of earnings=Re. 0·375 ; Difference Rs. 0·22].

9·8. An employee working under a bonus scheme saved in a job for which the standard time is 60 hours. Calculate the rate per hour worked and wages payable to a worker, if incentive bonus of 10% on the hourly rate is payable when standard time (namely 100% efficiency) is achieved, and a further incentive bonus of 1% on hourly rate for each 1% in excess of that 100% efficiency is payable. The actual hours worked are 50.

Assume that the normal rate of payment is Rs. 5 per hour.

Ans. [Rate per hour worked Rs. 6·50; Wage payable to a worker Rs. 325].

9·9. Standard labour rate per hour is Rs. 2·50 and the standard output per day of 8 hours is 200 units 80 of the standar d price rate is paid if actual output is less than 80% of this standard output Actual output between 81% and 120% of standard output is considered as normal and paid a standard price rate 150% of the standard price rate is payable if actual output is 121% or above the standard output. In addition the workers are entitled to Rs. 50 per week as Dearness Allowance. Additional Allowance of Rs. 3 per day is payable if actual daily production exceeds the Standard output. Actual output of 2 workers *viz.* Suresh and Ramesh per day during week No. 43 is as under :

Day	Output in Number	
	Suresh	Ramesh
Monday	150	140
Tuesday	180	220
Wednesday	200	160
Thursday	240	210
Friday	230	225
Saturday	250	245

You are required to find out (*a*) Earnings of Suresh and Ramesh for week No. 48 and (*b*) Average cost per unit of output for the week in respect of Suresh and Ramesh.

Ans.		Suresh	Ramesh
	(*a*) Rs.	193·50	188·25
	(*b*) Rs.	15·5	15·7

9·10. Calculate standard labour time for machining part No. Z—235 from the following data :

Standard batch size		100 pieces
Set up time		64 min
Operating time (each piece)—	Fixing job on machine	2 ,,
	Cutting time	10 ,,
	Removing job from machine	3 ,,

Allow 10% on total operation time for inspection during progress and allow further 5% on total time for fatigue.

Ans. [Standard time per piece=18 minutes].

9·11. Payment of wage bonus is made in a concern on the following scale on the basis of the percentage of time saved on time allowed :

Time saved (% of standard)	Bonus (% of time saved)
Upto 25%	10%
Above 25% and upto 35%	(*i*) plus 20% of time saved above 25% and upto 35%.
Above 35%	(*ii*) plus 30% of time saved beyond 35%.

Calculate the earnings of a worker (wage rate Rs. 1·20 per hour) who takes 50 hours to complete a job the standard allowed time for which is 100 hours

Ans [Rs. 70·80].

9·12. A job can be done in 15 minutes by an average worker. Give three different methods of payment by results and show the cost per article for each method if the job is done in 10 minutes. (Assume basic time-rate of Rs. 3 per hour).

9·13. The standard time allowed for a job is 30 hours. The hourly rate of guaranteed wages is Rs. 1·50. Because of the saving in time, a worker X gets an hourly wage of Rs. 1·80 under Rowan Premium Bonus System. For the same saving in time, calculate the hourly rate of wages a worker Y will get under Halsey Premium Bonus System.

Ans. [Actual Time Taken 24 hours, Effective hourly rate of wages Rs. 1·69].

9·14. In a factory two workmen A and B produce the sdme product using the same material. Their normal wage rate is also the same. They are

paid according to the Rowan System. The time allocated to the product is 40 hours. A takes 25 hours and B takes 30 hours to finish the product. The factory cost of the product for A is Rs. 193·75 and for B Rs. 205. The factory overhead rate is one-rupee per man hour. Find the normal rate of wages and the cost of materials used for the product.

Ans. [Normal Rate of wages Rs. 2/- ; Cost of materials is Rs. 100].

9·15. Compute the net wages cheque from the following information :—

	Rs.
Gross wages	3,00,000
Contribution to State Insurance	6,000
Contribotion to Provident Fund	24 000

The workers have to contribute an equal amount to state insurance and provident fund. The analysis of time tickets shows 90% direct and the rest indirect labour.

From the above information, explain how the wages and deductions therefrom are dealt with in the cost accounts and the financial books of the company.

9·16. Calculate the earnings of workers A and B under straight piece rate system and Taylor's Differential Piece Rate System from the following particulars :—

Normal Rate per hour	Rs. 2·40
Standard time per unit	30 seconds
Differentials to be applied :	

80% of piece rate below standard. 120% of piece rate at or above standard.

Worker A produce 800 units per day and Worker B produces 1,000 units per day,

Ans. [A Rs. 16 and Ra. 12·80 ; B Rs. 20 and Rs. 24].

10 उपरिव्यय-वर्गीकरण, वितरण एवं अभिभाजन (OVERHEADS—CLASSIFICATION, ALLOCATION AND APPORTIONMENT)

किसी लागत केन्द्र या लागत इकाई की लागत को दो भागों में बांटा जा सकता है : प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष। कुल लागत के अप्रत्यक्ष भाग को उपरिव्यय कहते है। यह उपरिव्यय लागत अप्रत्यक्ष सामग्री लागत, अप्रत्यक्ष श्रम लागत एवं अप्रत्यक्ष व्ययों का योग है। 'अप्रत्यक्ष' लागत का तात्पर्य उस लागत से है जिसे वितरित नहीं किया जा सकता है लेकिन जिसका लागत केन्द्रों व लागत इकाईयों के मध्य अभि-भाजन अथवा संविलयन किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि मूल लागत (Prime Cost) के अतिरिक्त व ऊपर के सभी व्ययों को 'उपरि-व्यय' होते हैं। उपरिव्ययों का लागत निर्धारण के लिए विश्लेषण किया जाता है ताकि उनपर कार्यानुसार नियंत्रण किया जा सके। इसके अतिरिक्त इन्हें उत्पादन के अनुसार परिवर्तनशीलता के आधार पर कई महत्वपूर्ण प्रबन्धकीय निर्णयों में प्रयोग किया जाता है।

उपरिव्यय की मदों के सम्बन्ध में सामान्य सिद्धान्त : किसी लागत की मद के सम्बन्ध में यह ज्ञात करने के लिए कि वह उपरिव्यय है अथवा नही निम्न-लिखित सामान्य सिद्धान्तों का प्रयोग किया जाता है :

(1) उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि उपरिव्यय अप्रत्यक्ष सामग्री लागत, अप्रत्यक्ष मजदूरी तथा अप्रत्यक्ष व्ययों का कुल योग होता है। अत: उपरिव्यय से तात्पर्य अप्रत्यक्ष लागतों से है, अर्थात वह लागतें जिन्हें किसी विशिष्ट कार्य, उपकार्य अथवा उत्पाद पर प्रत्यक्षत: प्रभारित अथवा वितरित न किया जा सके।

(2) प्रत्यक्ष लागतों को उपरिव्यय नही माना जा सकता। लेकिन कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में प्रत्यक्ष लागतों को भी उपरिव्यय माना जा सकता है, जैसे यदि किसी विशिष्ट सामग्री यथा कील, पेच आदि का उपयोग भले ही किसी विशिष्ट उपकार्य के लिए किया गया हो, उसकी लागत बहुत कम होने के कारण उसे प्रत्यक्षत: उपकार्य से प्रभारित करना आसान न हो, की लागत को सभी उपकार्यों तथा उत्पादों पर अभिभाजित किया जा सकता है।

(3) उपरिव्ययों को उनसे प्राप्त लाभ अथवा उत्तरदायित्व के आधार पर लागत केन्द्र से सम्बन्धित किया जा सकता है। लाभ के सिद्धान्त के अनुसार यदि कोई लागत केन्द्र द्वारा ली जाने वाली जगह (स्थान) के भाग के लिए किराया, व्यय आदि सही प्रकार से ज्ञात किये जा सकते हैं तो उन व्ययों को उनकी लागतों के आधार पर प्रभारित किया जाना चाहिए। दायित्व के सिद्धान्त के अनुसार यदि

विभागाध्यक्ष का किराया तथा व्ययों के भुगतान आदि पर कोई नियन्त्रण न हो (क्योंकि इन के सम्बन्ध से अन्य व्यक्तियों द्वारा निर्णय किये जाते है) तो उस विभाग द्वारा उन व्ययों किया सम्बन्धी वितरण स्वीकृत नही जाना चाहिए।

(4) सभी पूँजी व्ययों को लागतों में से निकाल दिया जाना चाहिए तथा उन्हें उपरिव्यय नहीं माना जाना चाहिए।

(5) वह सभी व्यय जो लागत से सम्बन्धित न हों, जैसे ह्रास आदि पर जुर्माने के रूप में दी गई ब्याज की दरें (Penalty rate of interest on loans), अनुदान (donations), चन्दा, आयकर आदि को लागतों मे सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए, न ही उन्हें उपरिव्यय माना जाना चाहिऐ।

(6) कुछ मदें, जिन्हें प्रत्यक्ष लागतों के रूप में प्रत्येक कार्य, उपकार्य अथवा उत्पाद से प्रभारित किया जाना सम्भव हो [जैसे बिजली प्रभार (electricity charges) को प्रत्येक उपकार्य आदि के लिए मीटर में दर्शाये गये युनिटों की खपत के आधार पर उपकार्यों पर प्रत्यक्षतः प्रभारित किया जा सकता है] उन्हें भी सुविधा के आधार पर कुल व्यय के विभिन्न उपकार्यो, उत्पादों तथा प्रक्रियाओं के आधार पर वितरित तथा अभिभाजित किया जा सकता है।

7. उन सभी अप्रत्यक्ष व्ययों को, जिनका नकद भुगतान किया जा चुका है अथवा ऋण स्वीकृत किया जा चुका है अथवा पूँजी में हानि स्वीकार की जा चुकी है, को उपरिव्यय माना जाना चाहिए। उदाहरणतः फैक्ट्री के लिए दिया गया ऋण टेलीफोन बिल या बिजली का व्यय अथवा स्थायी सम्पत्तियों में होने वाला ह्रास आदि।

उपरिव्ययों का वर्गीकरण (Classification of Overheads)—उपरिव्यय का वर्गीकरण करने की विधि का चुनाव व्यापार की प्रकृति एवं अवस्था पर तथा उत्पादों या सेवाओं की प्रकृति पर निर्भर करता है। उपरिव्यय लागतों को निम्न-लिखित दृष्टिकोणों से वर्गीकरण किया जा सकता है :—

1. कार्यानुसार (Function wise)
2. तत्वानुसार (Element wise)
3 आचरण अनुसार (Behaviour wise)

I. कार्यानुसार वर्गीकरण (Function wise classfication)—यह वर्गीकरण संस्था के मुख्य कार्यो के आधार पर किया जाता है। इसलिए इसमे उत्पादन उपरिव्यय, प्रशासन उपरिव्यय तथा विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों को सम्मिलित किया जाता है। इनकी अध्याय 2 में ही व्याख्या एवं विवेचना की जा चुकी है।

II. तत्वानुसार **वर्गीकरण** (Element wise classfication)—यह वर्गीकरण व्ययों की प्रकृति एवं स्रोत को आधार मान कर किया जाता है। इस विधि के अनुसार उपरिव्ययों को अप्रत्यक्ष सामग्री, अप्रत्यक्ष श्रम तथा अप्रत्यक्ष व्ययों की श्रेणियों में बांटा जाता है। इनकी विवेचना भी अध्याय 2 में की जा चुकी है।

III. **आचरण अनुसार वर्गीकरण** (Behaviour wise classification)—यह वर्गीकरण उत्पादन मे परिवर्तनशीलता के आधार पर किया जाता है इस परिवर्तनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए उपरिव्ययों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता हैं।

(1) **स्थायी उपरिव्यय** (Fixed Overheads)

वह सभी व्यय जिनकी मात्रा में उत्पादन के परिणाम में परिवर्तन होने पर परिवर्तन नहीं होता है, स्थायी उपरिव्यय कहलाते है। यह व्यय प्लॉट की प्रतिस्थापित उत्पादन क्षमता (installed capacity) के भीतर स्थिर रहते है तथा इनमें उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन होने पर कोई परिवर्तन नहीं होता है। इन व्ययों के उदाहरण किराया, बीमा, मशीन व प्लाँट का ह्रास, कार्यालय खर्चे, जैसे डाकखर्च स्टेशनरी, सचिव, लेखापाल व प्रबन्धकों के वेतन भत्ते, कानूनी व्यय, बैंक प्रभार आदि हैं। जिस प्रकार उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन होने पर प्रबन्धक अथवा सचिव के वेतन आदि में कोई परिवर्तन नही होता जब तक कि एक अन्य फैक्ट्री किराये पर न ले ली जाए अथवा उनके वेतन बढा न दिये जाएँ या प्लाँट की प्रतिस्थापित क्षमता में वृद्धि न कर दी जाए।

(2) **परिवर्तनशील उपरिव्यय** (Variable Overheads)

वह सभी व्यय जो उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन के अनुपात से परिवर्तनीय हों, परिवर्तनशील उपरिव्यय कहलाते है। बिजली का व्यय, उपभोग्य भंडार, एजेंटों की कमीशन या पैकिंग का व्यय आदि इन व्ययों के उदाहरण हैं।

(3) **अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय** (Semi-variable Overheads)

वह सभी व्यय जो उत्पादन के परिणाम के अनुपात से न तो स्थिर ही रहते है न ही परिवर्तित होते हैं, अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय कहलाते हैं। यह उपरिव्यय एक सीमा तक स्थायी रहते है। इस सीमा के पश्चात् यह परिवर्तनशील हो जाते है। मरम्मत, रखरखाव, प्लांट का ह्रास, निरीक्षकों का वेतन, टेलीफोन व्यय आदि इन व्ययों के उदाहरण हैं। उदाहरण के लिए टेलीफोन प्रभार (Charges) में टेलीफोन का किराया स्थायी व्यय हैं जबकि कॉलस का व्यय परिवर्तनशील है। जब

इन दोनों व्ययों को एक साथ लिया जाता है तो यह स्थायी अथवा परिवर्तनशील उपरिव्यय कहलाने के स्थान पर अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय कहलाते हैं।

अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय लागतों का पृथकीकरण (Segration of Semi-variable overhead costs) :— अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्ययों को स्थायी तथा परिवर्तनशील लागतों से अलग करना, सही लागत निर्धारण की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निम्नलिखित विधियों को अपनाया जा सकता है :

(1) **तुलनात्मक विधि** (Comparison Method)—इस विधि के अन्तर्गत दो विभिन्न उत्पादन स्तरों पर होने वाले व्ययों की तुलना की जाती है। चूँकि स्थायी लागतों में परिवर्तन नही होता अत; अपरिवर्तनीय लागतों की दर को व्ययों में परिवर्तन को उत्पादन स्तर में परिवर्तन से भाग दे कर ज्ञात किया जा सकता है। यह विधि अत्यन्त सरल है, लेकिन कभी-कभी इससे सही जानकारी प्राप्त नही होती।

(2) **विश्लेषणात्मक विधि** (Analytical Method)—इस विधि के अन्तर्गत व्यय की प्रत्येक मद की परिवर्तनशीलता को मापा जाता है। परिवर्तनशीलता (variability) की दर को प्रतिशत के रूप में दर्शाया जाता है। कुल लागतों को स्थायी एवं परिवर्तनशील लागतों में उनके प्रतिशत के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। यह विधि भी अत्यंत सरल है लेकिन इसमें परिवर्तनशीलता की दर को सही ढंग से नापना बहुत कठिन होता है।

(3) **ग्राफ द्वारा प्रस्तुतिकरण विधि** (Graphic Presentation Method)—इस विधि के अर्न्तगत एक ग्राफ पर X दिशा (X axis) में उत्पादन के विभिन्न स्तर एवं Y दिशा में उनकी लागतें दिखाई जाती है। ग्राफ में दिखाये गये विभिन्न विन्दुओं में से एक सर्वाधिक उचित रेखा खींची जाती है ताकि उस रेखा के दोनों तरफ पड़ने वाले बिन्दु करीव करीव बरावर दूरी पर स्थित हो। इसे कुल लागत रेखा कहते है। इसे Y दिशा में आगे की तरफ बढ़ाया जाता है। Y दिशा से इस रेखा के विन्दु से X दिशा की तरफ एक समानान्तर रेखा खींची जाती है ताकि स्थायी लागत रेखा ज्ञात की जा सके। किसी भी स्तर पर परिवर्तनीय लागत ज्ञात करने के लिए कुल लागत रेखा तथा स्थायी लागत रेखा का अन्तर ज्ञात किया जाता है।

(4) **न्यूनतम वर्ग विधि** (Method of least squares)—इस विधि में एक फारमूला $Y=ax+c$ का उपयोग किया जाता है तथा विभिन्न मूल्यों के इस फारमूले में प्रतिस्थापन द्वारा एक सर्वाधिक उचित रेखा (Line of best fit) ज्ञात कीजाती है। इस फारमूले म प्रयुक्त अक्षरों का तात्पर्य इस प्रकार है :

c=स्थायी लागत

a=परिवर्तनीय लागत (प्रति इकाई)

x=स्वतंत्र इकाई (उत्पादन)

y=निर्भर इकाई (कुल लागत)

इस फारमूले का हल ज्ञात करके, a और c का मूल्य ज्ञात किया जाता है जिससे स्थायी एवं परिवर्तनशील लागतों का सम्बन्ध ज्ञात किया जा सकता है।

वर्गीकरण के लाभ (Advantages of classification)

(1) **विक्रय मूल्य का निर्धारण** (Fixation of Selling Price)—उपरिव्ययों के वर्गीकरण से संस्था को अपनी मूल्यनीति के निर्धारण में सहायता मिलती है। कभी कभी, एक ही वस्तु को विभिन्न बाजारों में विभिन्न दामों पर बेचा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा का मुकाबला किया जा सके। लेकिन प्रत्येक स्थिति में उत्पादित वस्तु का न्यूनतम मूल्य भी कम से कम इतना अवश्य होना चाहिए कि मूल लागत तथा परिवर्तनशील उपरिव्यय प्राप्त हो सके। ऐसी स्थिति में स्थायी उपरिव्ययों को अन्य बाजारों में विक्रय द्वारा वसूल किया जा सकता है। यदि विक्रय मूल्य द्वारा मूल लागत तथा परिवर्तनशील उपरिव्यय वसूल नहीं हो पाते हैं तो वस्तुओं को बेचा नही जाना चाहिए। इस प्रकार व्यापारिक मंदी के समय व्यापारी अपनी वस्तुओं को कुल लागत से कम पर बेच सकता है बशर्ते कि उस विक्रय मूल्य में से मूल लागत तथा परिवर्तनशील लागतों की वसूली हो जाती है।

(2) **बजट बनाना** (Framing the Budget)—स्थायी तथा परिवर्तनशील उपरिव्ययों को पृथक करने से परिवर्तनशील बजट (Flexible Budget) बनाने में भी सहायता मिलती है। यदि लागतों को इस प्रकार वर्गीकृत नहीं किया जाता है तो वजट बनाना सम्भव नहीं होगा।

(3) **लागत नियन्त्रण** (Cost Control)—स्थायी व्यय प्रवन्धकीय निर्णयों द्वारा किये जाते हैं अतः इन पर नियन्त्रण प्रबन्धकों द्वारा सर्वोच्च स्तर पर ही किया जा सकता है। इसके विपरीत परिवर्तनशील व्यय प्रबन्ध के निचले स्तरों द्वारा भी नियन्त्रित किये जा सकते हैं। व्ययों के वर्गीकरण से प्रवन्ध के निचले स्तरों पर कार्य करनेवालों को यह ज्ञात हो जाता है कि कौन से व्यय उनके नियन्त्रण में हैं।

(4) **प्रबन्धकीय निर्णय लेने में सुविधा** (Facilitates Management Decisions)—उपरिव्ययों के पृथकीकरण से प्रवन्धकों को क्षमता के उपयोग सम्बन्धी निर्णय लेने में सुविधा होती है। क्योंकि स्थायी एवं परिवर्नतशील उपरिव्ययों सम्बन्धी वर्गीकरण उत्पादन की किसी विशिष्ट मात्रा को आधार मान कर ही किया जाता

है। उदाहरणतया एक नई शिफ्ट प्रारम्भ करने पर निरीक्षक का वेतन दोगुना करना आवश्यक है। इस स्थिति में प्रबन्धकों को यह ध्यान में रखना होगा कि दूसरी शिफ्ट चालू करना लाभप्रद होगा या नही। इसी प्रकार व्यापारिक मंदी में अथवा निर्यात के लिए मूल्य निर्धारण सम्बन्धी निर्णयों में व्ययों का वर्गीकरण करने से आसानी होगी। किसी विशेष कार्यादेश के निष्पादन अथवा नई प्रक्रिया शुरू करने सम्बन्धी निर्णय लेने में भी व्ययों का उपरोक्त वर्गीकरण पर्याप्त सहायक सिद्ध होता है।

(5) **सीमान्त लागत निर्धारण तथा सन्तुलन चार्ट** (Marginal Costing and Break-even Charts)—सीमान्त लागत निर्धारण की तकनीक को क्रियान्वित करते समय सन्तुलन स्तर चार्ट तथा लागत-परिणाम-लाभ सम्बन्धों के विश्लेषण की समस्या के समाधान के लिए लागत का स्थायी तथा परिवर्तनशील वर्गों में वर्गीकरण अत्यन्त उपयुक्त है।

(6) **उपरिव्ययों का संविलयन** (Absorption of Overheads)—वर्गीकरण द्वारा स्थायी एवं परिवर्तनशील व्ययों के लिए संविलयन की भिन्न-भिन्न दरें निर्धारित की जा सकती हैं। इससे उपरिव्ययों के अधि-संविलयन (Over-absorption) अथवा अल्प-संविलयन (Under-aborption) की समस्या का समाधान किया जा सकता है।

संक्षेप में, उपरिव्ययों का स्थायी तथा परिवर्तनशील श्रेणियों में वर्गीकरण करने से प्रबन्धकों को फैक्टरी के कुशलतापूर्वक संचालन में अत्यधिक सहायता मिलती है। यह न केवल लागत ज्ञात करने के लिए ही अपितु लागत नियन्त्रण तथा प्रबन्धकीय निर्णय लेने में भी सहायक सिद्ध होती है।

Illustration 10·1. Classify the following items of expenses by functions and variability :

(a) Depreciation on plant ; (b) Office telephone charges ; (c) Salary paid to salesmen ; (d) Rent of finished goods warehouse ; (e) Supervisory labour ; (f) General Manager's salary ; (g) Consumable stores : (h) Commission on sales paid to salesmen ; (i) factory power : (j) Delivery van expenses.

Solution

	Item	Function	Variability
(*a*)	Depreciation on plants	Factory overhead	Normally semi-variable but fixed if wholly depend on efflux of time
(*b*)	Office Telephone charge	Administration overheads	Semi-variable
(*c*)	Salary paid to Salesmen	Selling overheads	Fixed
(*d*)	Rent of finished goods warehouse	Distribution overhead	Fixed
(*e*)	Supervision Labour	Factory overhead	Fixed
(*f*)	General Manager's Salary	Administration overhead	Fixed
(*g*)	Consumable stores	Factory overhead	Variable
(*h*)	Commission on sales paid to salesmen	Selling overhead	Variable
(*i*)	Factory Power	Factory overheads	Variable
(*j*)	Delivery van expenses	Distribution overhead	Variable

समहों में वर्गीकरण की प्रक्रिया (Process of Classification into Groups)—उपरिव्ययों के विश्लेषण को व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध करने के लिए यह आवश्यक है कि एक प्रकार की सभी मदों को एक समूह के अन्तर्गत डाल दिया जाए ताकि उपरिव्ययों के संग्रहण में सुगमता हो। इस प्रकार के समूहों के लिए उपयुक्त लेखा शीर्षक (account headings) दिए जाने चाहिएँ। इस प्रकार के लेखा शीर्षक उत्पादन उपरिव्ययों की मदों के अनुसार अथवा प्रशासन विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों की मदों के अनुसार दिये जा सकते हैं। यह लेखा शीर्षक ठीक प्रकार से परिभाषित होने चाहिए तथा संकुचित (narrow) नहीं होने चाहियें ताकि भावी परिवर्तनों का उन में समावेश किया जा सके। संहिता संख्या (code number) के उपयोग द्वारा इन्हें समझने तथा उपरिव्ययों के सही प्रकार से संविलयन करने में आसानी होती है। संहिताकरण की दो प्रचलित एवं उपयोगी पद्धतियां निम्नलिखित हैं :—

(i) संक्षिप्तीकरण विधि (Mnemonic Method)

(ii) दशमलव विधि (Decimal Method)

(i) **संक्षिप्तीकरण विधि**—इस विधि के अन्तर्गत संकेत इस प्रकार निर्धारित किए जाते हैं कि वह स्मृति के लिए सहायक सिद्ध हों इन संकेतों द्वारा ही मद का नाम प्रकट हो जाता है। जैसे

AD for Administration — MA for Maintenance

RE for Repairs — SAL for salaries and so on

(ii) **दशमलव विधि**—इस विधि के अन्तर्गत पूर्ण संख्याएँ मुख्य समूह को तथा दशमलव संख्याएँ गौण अथवा अन्य समूहों को प्रकट करती हैं। इस सम्बन्ध में निम्न उदाहरण दिये जा सकते हैं :—

1. Factory Overheads :

1·1 Indirect Materials
- 1.1.1 Lubricating oils
- 1.1.2 Consumable Stores
- 1 1.3 Spare Parts
- 1.1.4............
- 1.1 5 ....

1.2 Indirect Labour
- 1.2.1 Stores
- 1.2.2 Internal Transport
- 1.2.3 Inspection
- 1.2.4 ....
- 1.2.5 ....
- 1 2.6 ....

1·3 Assistant Remuneration
- 1.3.1 Salaries
- 1.3.2 Production Bonus
- 1.3.3 Fringe Benefits
- 1.3.4 ....
- 1.3.5 ....

and so on

2. Administration Overheads :

2.1 Secretarial Services
- 2.1.1 Staff Salaries
- 2.1 2 Printing add stationery
- 2.1.3 ....
- 2.1.4 ....

2.2 Accounting Services
- 2.2.1 Staff Salaries
- 2.2.2 Rent on Accounting Machines
- 2.2.3 ....
- 2.2.4 ... .

and so on.

3. Selling Overheads :

3.1 Sales Office
- 3.1.1 Staff Salaries
- 3.1.2 Salemen's Salaries
- 3.1.3 Salemen's Commission
- 3.1.4 ....
- 3.1.5 ....

3.2 Advertisement
- 3.2.1 Samples
- 3.2.2 Cinema Slides
- 3.2.3 Neon Light Posts
- 3.2.4 ....
- 3.2.5 ....

and so on.

4. Distribution Overheads :

4.1 Warehouse Expenses
- 4.1.1 Staff Salaries
- 4.1.2 Rent
- 4.1.3 ....
- 4.1.4 ....

4.2 Transport and Delivery Charges
- 4.2.1. Driver's and Cleaner's Wages
- 4.2.2 Petrol, oil etc.
- 4.2.3 ....
- 4.2.4 ....

and so on.

उत्पादन उपरिव्यय (Production Overheads)

उत्पादन लागत निर्धारित करने के लिए, उत्पादन उपरिव्ययों को मूल लागत में जोड़ा जाता है। यह उपरिव्यय लागत इकाईयों से विशिष्ट रूप से सम्बन्धित नहीं की जा सकती अतः इसे पहले विभिन्न विभागों में अभिभाजित किया जाता है तथा इसके पश्चात् लागत केन्द्रों मे अथवा उत्पादन इकाईयों में। इस प्रक्रिया में निम्नलिखित कार्य सम्मिलित किये जाते है।

(1) उपरिव्ययों का वर्गीकरण (Classification of Overheads)

2. उपरिव्ययों का संग्रहण (Collection of Overheads)

3. उपरिव्ययों का वितरण एव अभिभाजन (Allocation and apportionment of Overheads)

4. सेवा विभाग की लागतों को उत्पादन विभागों से वसूल करना (Apportionment of Service Department Costs to Production Department)

5. उपरिव्यय का उत्पादन इकाईयों में संविलयन (Absorption of Overheads by Production units)

उपरिव्ययों का संग्रहण (Collection of Overheads)—उपरिव्ययों को पृथक पृथक स्थायी आदेश सख्या (Standing order No.) के अनुसार संग्रहित किया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध मे निम्नलिखित पुस्तकों व प्रपत्रो की सहायता ली जा सकती है।

(1) **सामग्री मांग पत्र** (Stores Requisition)—अप्रत्यक्ष सामग्री जैसे ब्रुश, साबुन, मशीन साफ करने का तेल आदि जो भण्डारगृह द्वारा निर्गमित किए गये है के लिए आदेश सख्या से सम्बन्धित विभाग के उत्पादन उपरिव्यय खाते के डैबिट तथा भण्डार खाताबही नियन्त्रण खाते के क्रैडिट में प्रविष्टि की जाती है।

(3) **मजदूरी विश्लेषण बही** (Wage Analysis Book)—अप्रत्यक्ष सामग्री (जैसे सफाई कर्मचारी का वेतन, सेवा विभाग की मजदूरी, श्रमिको को दी गई सुविधाओं पर किया गया व्यय आदि) का लेखा-प्रत्येक स्थायी आदेश संख्या तथा प्रत्येक विभाग के लिए करते समय पत्रकों व उपकार्य पत्रकों की सहायता ली जा सकती है। इन पत्रकों की सहायता से समय समय पर मजदूरी विश्लेषण सूची बनाई जाती है तथा इस विश्लेषण सूची से ही उत्पादन उपरिव्यय खाते को डैबिट तथा मजदूरी नियन्त्रण खाते को क्रैडिट कर देते है।

(2) **बीजक अथवा क्रय रसीद** (Invoices or Purchase Vouchers)—लागत संग्रहण की दृष्टि से एक क्रय रोचनामचा (Purchase Journal) तैयार किया

जाता है। इस रोचनामचा में बीजक तथा क्रय रसीदों की प्रविष्टियाँ की जाती है तथा इसी से ही बाहरी पक्षकारों को भुगतान किया जाता है। एक अवधि की समाप्ति पर क्रय रोचनामचा का कुल योग उत्पादन उपरिव्यय खाते में डैबिट तथा सामान्य खाता बही समायोजन खाते में क्रैडिट कर दिया जाता है।

(4) **रोकड़ बही** (Cash Book)—यदि अल्प व्ययों की संख्या अत्यधिक है तो रोकड़ वही की पूर्ण रूप से छानबीन करके सभी उपरिव्ययों को संग्रहीत किया जाना चाहिए। इसके पश्चात् इन अप्रत्यक्ष अपरिव्ययों को स्थायी आदेश संख्या तथा विभाग के अनुसार वितरित किया जाना चाहिए।

(5) **अन्य अभिलेख** (Subsidiary records)—कुछ प्रकार के उपरिव्यय नकद व्यवहारों के अतिरिक्त अन्य कारणों से भी होते है अथवा देय खर्चों से सम्बन्धित होते हैं जिसके लिए कुछ समायोजन करना आवश्यक होता है जैसे ह्रास (depreciation), देय बीमा (accrued insurance), ब्याज आदि। इन व्ययों की समयावधिनुसार खतौनी (posting) की जानी चाहिए ताकि इन सभी व्ययों का उत्पादन उपरिव्ययों के ममहण किया जा सके।

उपरिव्ययों का वितरक्ष एवं अभिभाजन (Allocation and Appoctionment of Overhead)—लागत की सभी मदों को संग्रहण किये जाने के बाद इन व्ययों का वितरण तथा अभिभाजन किया जाता है।

बितरण (Allocation)—लागत व्ययों के सम्पूर्ण मदों को उससे सम्बन्धित उत्पादन केन्द्र या विभागों में आबंटिव करआ 'उपरिव्ययों का वितरण' कहलाता है।"[1] अत: वितरण से तात्पार्य उपरिव्ययों को किसी ऐसे उत्पादन, विभाग या लागत केन्द्र से प्रभारित करने से है जिससे वह प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है। उदाहरण के लिए किसी विभाग के श्रमिकों को दी गई कुल अधिसमय मजदूरी (overtime wage) को उसी विभाग से प्रभारित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार मरम्मत तथा रख-रखाव सम्बन्धी किसी विशेष मशीन पर होने वाला व्यय इस विभाग से ही प्रभारित किया जाएगा जहाँ पर यह मशीन स्थित है। अत: वितरण का आशय सम्पूर्ण मदों को विशिष्ट विभाग अथवा लागत केन्द्रों में वितरित करना है।

अभिभाजन (Apportionment)—"लागत अभिभाजन से आशय उत्पादन के विभिन्न केन्द्रों व विभागों में व्ययों के विभिन्न मदों को अनुपातिक रूप में आँवटित करने से है।"[1] (I) अभिभाजन का अर्थ उन व्ययों के आबंटन से है जिन्हें किसी विशेष विभाग से पूर्णत: प्रभारित नहीं किया जा सकता है। इन व्ययों

1. "Cost Allocation is the allotment of whole items of cos. to cost centres or cost units". (*I C.M.A., England*)
2. "Cost Apportionment is the allotment of proportions of items to cost centres of cost units". (*I.C.M.A., England*(

की किसी विभाग या इकाई से पहचान भी नहीं की जा सकती है। अतः यह व्यय दो या दो से अधिक लागत केन्द्रों या लागत इकाईयों में विभाजित किए जाते हैं। अर्थात् अभिभाजन से तात्पर्य उपरिव्ययों को उन सभी विभागों, केन्द्रों अथवा इकाईयों में लागत के वितरण में है जिन्हें इन उपरिव्ययों से लाभ पहुँच रहा है।

एक उत्पादक संस्थान के दो प्रकार के विभाग होते है :—

(i) **उत्पादन विभाग** (Production Department)—वह विभाग जिनमें उत्पादन होता है।

(ii) **सेवा विभाग** (Service Department)—वह सभी विभाग जो उत्पादन विभागों की सहायता करते हैं अथवा उन्हें सेवाएँ प्रदान करते है।

उपरिव्ययों के विभागीयकरण के लाभ (Advantages of departmentalisation of overhead expenses)

उपरिव्यय के विभागीयकरण से निम्नलिखित लाभ प्राप्त होते है :

(1) उपरिव्ययों के विभिन्न विभागों में वितरण एवं अभिभाजन से पूर्वनिमित बजटों द्वारा उपरिव्यय लागत पर नियंत्रण करना सम्भव हो जाता है।

(2) सेवा विभागों सम्बन्धी उपरिव्ययों के विभिन्न विभागों में अभिभाजन करने से सेवा विभाग द्वारा विभिन्न विभागों को दी गई सेवाओं की लागत पर नियंत्रण करना सम्भव हो जाता है।

(3) उपरिव्यय लागतों को उत्पादित वस्तुओं के संबंध में विभागीय उपरिव्यय दरों द्वारा संविलयन करने पर वास्तविक लागत के निर्धारण में सहायता मिलती है क्योंकि उपरिव्यय दरों का निर्धारण करते समय विभिन्न विभागों की वास्तविक उपरिव्यय लागतों को ध्यान में रखा जाता है।

(4) विभागीय उपरिव्यय दरों के पूर्व निर्धारण में प्रयुक्त होने वाले आधारों की वास्तविक रूप से व पूर्व निर्धारित उत्पादन की मात्रा से तुलना की जा सकती है।

(5) उपरिव्यय के अधिक अथवा न्यून संविलयन के विश्लेषण से विचरण (variance) के कारणों का पता लगता है जिससे उपचारक (remedial measures) लिए जा सकते हैं।

उपरिव्ययों के अभिभाजन संबंधी सिद्धान्त (Principles of Apportionment of Overhead Costs)—उपरिव्ययों के अभिभाजन के लिए उचित आधार का निर्धारण अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा इस संबंध में निम्नलिखित सिद्धान्तों का दिशानिर्देश हेतू उपयोग किया जा सकता है :

1. **सेवा उपभोग या लाभ प्राप्ति** (Service, use or benefit derived) :—यदि व्यय की किसी विशिष्ट मद पर होने वाला व्यय, विभिन्न विभागों के लिए मापा जा सकता है तो उपरिव्ययों को इस आधार पर आसानी से अभिभाजित किया जा सकता है। इस प्रकार रखरखाव की लागत (cost of maintenance) को विभिन्न विभागों में मशीन घंटों अथवा मशीन के मूल्य के आधार पर अभिभाजित किया जा सकता है, तथा मशीन का किराया आदि प्रत्येक विभाग के क्षेत्रफल के आधार पर वितरित किये जा सकते है।

निरीक्षण विधि (Survey Method)—कुछ विशेष परिस्थितियों में यह सम्भव नहीं होता कि विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न अवधियों में सेवा विभाग से प्राप्त किया गया लाभ सही सही मापा जा सके। ऐसी दशा में विभिन्न सम्बन्धित तत्वों का निरीक्षण किया जाता है तथा प्रत्येक लागत केन्द्र के लिए उपरिव्यय लागतों का निर्धारण किया जाता है। उदाहरण के लिए एक फोरमैन जो दो विभागों में कार्य करता है, के लिए निरीक्षण द्वारा यह तय किया जा सकता है कि उसके वेतन का 30 प्रतिशत एक विभाग द्वारा तथा 70 प्रतिशत दूसरे विभाग द्वारा अभिभाजित किया जा सकता है। इसी प्रकार यदि मीटर नही लगे तो बिजली व्यय प्वांइटस (Points) अथवा वॉटस (wattage) तथा प्रत्येक लागत केन्द्र में उपयोग के घंटों के आधार पर प्रभाजित किया जा सकता है।

(3) **भुगतान की क्षमता विधि** (Ability to pay method)—इस विधि के अन्तंगत उपरिव्ययों को बिक्री क्षमता, आय अथवा लाभोपार्जन की क्षमता के आधार पर विभिन्न विभागों में वितरित किया जा सकता है। इस प्रकार उन उपकार्यो अथवा उत्पादों से जो अधिक लाभ अर्जित करते हैं, अधिक मात्रा में उपरिव्यय वसूल किये जा सकते हैं। यह विधि समता के सिद्धान्त के प्रतिकूल है तथा सामान्यत: नहीं अपनाई जानी चाहिए क्योंकि इससे अकुशल इकाईयों को कुशल इकाईयों के भरोसे चलने दिया जाता है।

(4) **कार्यक्षमता विधि** (Efficiency Method)—इस विधि के अन्तंगत व्ययों का अभिभाजन उत्पादन के लिए निश्चित आंकड़ों (Production targets) के आधार पर किया जाता है। यदि उत्पादन इन आंकड़ों से अधिक होता है तो प्रति इकाई लागत घटती जाती है जिससे सामान्य से अधिक कार्यक्षमता का पता चलता है। यदि उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता है तो प्रति इकाई लागत बढ़ जाती जिससे विभाग की अकुशलता भी बढ़ जाती है।

सामान्य व्ययों (Common expenses) का वितरण अथवा अभिभाजन विभागों में किसी न्यायसंगत आधार पर किया जाना चाहिए। वितरण की प्रक्रिया को 'मुख्य वितरण' (Primary Distribution) कहते है। उत्पादक संस्थानों "द्वारा

प्रयोग में लाए जाने वाली कुछ सामान्य उपरिव्यय वितरण पद्धतियां निम्न लिखित है :—

उपरिव्यय लागत	वितरण का आधार
1. केन्टीन व्यय, समय लेखन, साधारण (welfare) व्यय, क्षतिपूर्ति तथा अन्य भौतिक सुविधाएँ (fringe benefits) तथा कर्मचारी राज्य बीमा में नियोक्ता का योगदान।	प्रत्येक विभाग मे श्रमिकों की सख्या के आधार पर
2. प्लांट, मशीनरी एवं यत्रों का ह्रास तथा अग्नि बीमा।	पूँजीगत मूल्यों के आधार पर
3. बिजली प्रकाश	प्रकाश केन्द्रों (light points), क्षेत्रफल, कार्य घंटों तथा वॉटस के उपयोग के आधार पर (यदि अलग अलग मीटर नहीं लगाये गये है)
4. बिजली पॉवर	हार्सपावर, किलोवाट अथवा हार्सपावर को घंटों से गुणा करके
5. स्टीम (भाप)	उपभोग, प्राप्ति अथवा भावी उपभोग के आधार पर।
6. ताप (Heating), वातानूकूलन, किराया, अग्नि रोधक व्यय	विभागों के क्षेत्रफल अथवा परिमाण के आधार पर
7. सुपुर्दगी व्यय	वजन, परिमाण अथवा टनमील के आधार पर
8. तालिकाकरण (Tabulations)	उपयोग के घंटे अथवा पंच कार्डों की संख्या के आधार पर
9. अंकेक्षण व्यय (Andit fees)	बिक्री अथवा कुल लागत।

निम्न उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाएगा कि व्ययों का वितरण एवं अभिभाजन किस प्रकार किया जाता है तथा प्रत्येक विभाग के कुल उपरिव्ययों को किस प्रकार विभागीय वितरण सार से ज्ञात किया जा सकता है।

Illustration 10·2. The "Modern Company" is divided into four departments : A, B and C are producing departments and D is a service department. The actual cost for a period are as follows :

	Rs.		Rs.
Rent	1,000	Supervision	1,500
Repairs to plant	600	Fire Insurance in respect of Stock	500
Depreciation of Plant	450		
Light	120	Power	900
Employer's Liability for insurance	150		

The following information is available in respect of the four departments :

	Dept. A	Dept. B	Dept. C	Dept. D
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Area sq. meter	1,500	1,100	900	500
Number of Employees	20	15	10	5
Total Wages	6,000	4,000	3.000	2,000
Value of Plant	24,000	18,000	12,000	6,000
Value of Stock	15,000	9,000	6,000	—

Apportion the costs to the various departmeuts on the most equitable basis.

Solution

OVERHEADS DISTRIBUTION SUMMARY

Item	Basis of apportionment	Total Amount	Production Department			Service Department
			A	B	C	D
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
1. Rent	Floor area	1,000	375	275	225	125
2. Repairs to plant	Plant value	600	240	180	120	60
3. Depreciation	Plant value	450	180	135	90	45
4. Light	Floor area	120	45	33	27	15
5. Power*	Plant value	900	360	270	180	90
6. Supervision	No. of employees	1,500	600	450	300	150
7. Fire Insurance	Stock value	500	250	150	100	—
8. Employer's Liability for Insurance	No. of employees	150	60	45	30	15
	Total	5,220	2,110	1,538	1,072	500

*In the absence of any information, power expenses have been distributed on the basis of value of plant.

सेवा विभाग की लागतों का उत्पादन विभागों में पुर्नअभिभाजन (Reapportionment of Service Department Costs to Production Depertment)—सेवा विभाग की लागतों का उत्पादन विभाग या लागत केन्द्रों में जहाँ उत्पादन हो रहा है, पुर्नअभिभाजन किया जाता है। उपरिव्ययों की इस अभिभाजन की प्रक्रिया को 'गौण वितरण' (Secondary Distribution) कहते है। सेवा विभाग के लिए निम्नलिखित रीति से अभिभाजन विधि का विकास किया जा सकता है।

सेवा विभाग लागत	अभिभाजन का आधार
1. रखरखाव विभाग	प्रत्येक विभाग के कार्य के घंटे।
2. मजदूरी भुगतान अथवा समय लेखन विभाग।	कुल श्रमिक अथवा मशीन घंटे या प्रत्येक विभाग में कार्यरत श्रमिक।
3. नियुक्ति अथवा कार्मिक विभाग	श्रम परिवर्तन की दर अथवा प्रत्येक विभाग में कार्यरत श्रमिकों की संख्या।
4. भंडारण विभाग	मांगपत्रों (Requisitions) की संख्या अथवा प्रत्येक विभाग की सामग्री के मूल्य के आधार पर।
5. क्रय विभाग	क्रय आदेशों की संख्या अथवा प्रत्येक विभाग के लिए सामग्री के मूल्य के आधार पर।
6. वेलफेयर, एमबुलेंस, केन्टीन सेवायें, मनोरंजन कक्ष व्यय	प्रत्येक विभाग में कार्यरत कर्मचारी।
7. भवन सेवा विभाग	प्रत्येक विभाग का क्षेत्रफल।
8. आन्तरिक यातायात सेवा या ऊपरी क्रेन सेवा	वजन, मूल्य श्रेणीकृत उत्पाद, वजन तथा दूरी के आधार पर।

पुर्नअभिभाजन अथवा पुर्नवितरण की विधियाँ (Method of Reapportionment or Redistibution)—सेवा विभाग की लागतों के पुर्नअभिभाजन अथवा पुर्नवितरण.की निम्नलिखित विधियाँ हैं :—

(1) प्रत्यक्ष पुर्नवितरण (Direct Redistribution)

(2) क्रम विधि (Step Method)

(3) पारस्परिक सेवा विधि (Reciprocal Service Methods)

प्रत्यक्ष पुर्नवितरण—इस विधि के अन्तर्गत सेवा विभाग की लागतों को उत्पादन विभागों में प्रत्यक्षतः अभिभाजित किया जाता है तथा किसी एक सेवा विभाग द्वारा दूसरे सेवा विभाग को दी गई सेवाओं को मान्यता नही दी जाती है।

Illustration 10·3. X Company Ltd. has three production departments and four service departments. The expenses of the departments as per Primary Distribution summary appeared as follows :

Production Departments :

A Rs. 30,000 : B Rs. 20,000 and C Rs. 15,000 = 65.000

Service Departments :

Stores Rs. 4,000 ; Time keeping & Accounts Rs, 3,000 ; Power Rs. 1,600 and Canteen Rs. 1,000 = 9,600

Total 74,600

The following information is also available in respect of production departments :

	Dep. A	Dep. B.	Dep. C
Horse Power of machines	600	600	400
Number of Workers	40	30	30
Value of stores requisitioned	5,000	3,000	2,000

Apportion the cost of various service departments to the production departments.

Solution

SECONDARY DISTRIBUTION SUMMARY

Cost	Basis of apportionment	Total	Production Department		
			A	B	C
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
As per Primary Distribution Summary	—	65,000	30,000	20,000	15,000
Stores	Value of stores requisitioned (5 : 3 : 2)	4,000	2,000	1,200	800
Time keeping & Accounts	Number of workers (4 : 3 : 3)	3,000	1,200	900	900
Canteen	—do—	1,000	400	300	300
Power	H.P. of machines (3 : 3 : 2)	1,600	600	600	400
			34,200	23,000	17,400

(2) **क्रम विधि** (Step Method)—इस विधि के अन्तर्गत सर्वाधिक सेवा प्रदान करने वाले विभाग को व्ययों को सबसे पहले अन्य सेवा विभागों तथा

उत्पादन विभागों में बांटा जाता है इसके पश्चात् इससे कम महत्वपूर्ण सेवा विभाग के व्ययों को शेष सेवा एवं उत्पादन विभागों में बांटा जाता है। इस क्रमानुसार अन्तिम सेवा विभाग के व्ययों को केवल उत्पादन में बांटा जाता है।

Illustration 10·4. A manufacturing company has two Production Departments X and Y and three Service Departments—Time-keeping, Stores and Maintenance. The Departmental Summary showed the following expenses for July, 1978 :

	Rs.	Rs.
Production Departments :		
X	16,000	
Y	10,000	26,000
Service Departments :		
Time-keeping	4,000	
Stores	5,000	
Maintenance	3,000	12,000
	Total	38,000

The other informations relating to the departments were :

	Production Departments		Service Departments		
	X	Y	Stores	Time-keeping	Maintenance
No. of employees	40	30	20	16	10
No. of stores requisitions	24	20	—	—	6
Machines hours	2,400	1,600	—	—	—

Apportion the costs of Service Departments to Production Departments X and Y.

Solution

Department	As per Primary Distribution Summary				
	Rs.	Rs.			
Time-keeping	4,000	(−)4,000			
Stores	5,000	800	(−)5,800		
Maintenance	3,000	400	696	(−)4,096	
X	16,000	1,600	2,784	2,458	22,842
Y	10,000	1,200	2,320	1,638	15,158
	38,000				38,000

Note—Basis of appointment :

(a) Time-keeping—No. of employees (*i.e.* 10 : 5 : 20 : 15)
(b) Stores—Number of Stores requisition (*i e.* 3 : 12 : 10)
(c) Maintenance—Machine Hours (*i.e.* 3 : 2)

इस विधि का एक महत्वपूर्ण दोष यह है कि इसमें सेवा विभागों के व्ययों को सेवा विभागों में परस्पर नहीं बाँटा जाता है अत: व्यक्तिगत लागत केन्द्रों की लागत का वास्तविक मूल्याँकन नहीं किया जा सकता हैं।

पारस्परिक सेवा विधि (Reciprocal Service Method)—उपरोक्त क्रम विधि के दोष को दूर करने की दृष्टि से इस विधि को अपनाया जाता है। इस विधि के अनुसार प्रत्येक सेवा विभाग जो अन्य सेवा विभागों से लाभ प्राप्त करता है, व्यय के लिए प्रभारित किया जाता है। अत: यदि दो विभाग एक दूसरे को सेवा प्रदान करते हैं तो प्रत्येक विभाग अन्य विभाग द्वारा दी गई सेवाओं के लिए प्रभारित किया जाएगा। इस अन्त: सेवा विभाग अन्तरण के लेखों की तीन मुख्य विधियां हैं :—

(a) समीकरण विधि (Simultaneous Equation Method)
(b) आवृति वितरण विधि (Repeated Distribution Method)
(c) परीक्षण एव जाँच विधि (Trial and Error Method)

(1) **समीकरण विधि**—इस विधि के अन्तर्गत सेवा विभागों के व्ययों का वितरण सर्वप्रथम बीजगणित की समीकरण विधि द्वारा किया जाता है। इसके पश्चात् इनका पुर्नवितरण विभिन्न विभागों में एक निश्चित प्रतिशत से आधार पर

किया जाता है। यह विधि अपेक्षाकृत कठिन है। निम्न उदाहरण द्वारा इस विधि को स्पष्ट किया जा सकता है।

Illustration 10·5. A company has three production departments and two service departments, and for a period the departmental distribution summary has the following totals :

	Rs.
Production Departments :	
A Rs. 800 ; B Rs. 700 and C Rs. 500	2,000
Service Departments :	
1 Rs. 234 and 2 Rs. 300	534
	2,534

The expenses of the service departments is charged out on a percentage basis as follows :

	A	B	C	1	2
Service Department 1	20%	40%	30%	—	10%
Service Department 2	40%	20%	20%	20%	—

Prepare a statement showing the apportionment of two service departments expenses to Production Departments by Simultaneous Equation Mehtod.

Solution

Let x=total overhead of department 1

and y=total overhead of department 2

Then :

$x=234+\cdot2y$

$y=300+\cdot1x.$

Rearranging and multiplying to eliminate decimals :

$10x-2y=2,340$.........(1)

$-x+10y=3,000$.........(2)

Multiply equation (1) by 5, and add result to (2) :

$49x=14,700$

$x=\ 300$

Substituting this value in equation (1) :

$y=\ 330$

All that now remains to be done is to take these values x=300 and y=330 and apportion them on the basis of the agreed percentage to the three Production departments ; thus :

	Total	A	B	C
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Per distribution summary	2,000	800	700	500
Service department 1 (90% of Rs. 300)	270	60	120	90
Service department 2 (80% of Rs. 330)	264	132	66	66
	2,534	992	886	656

यदि सेवा विभाग दो से अधिक हैं तो इस विधि का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए।

(2) **आवृति वितरण विधि** (Repeated Distributed Method)—इस विधि के अन्तर्गत विभागीय वितरण सार का कुल जोड़ एक पंक्ति में लिख दिये जाते हैं तथा इसके पश्चात् सेवा विभागों के जोड़ को उन उससे समय तक विभाजित किया जाता है जब तक कि सभी व्यय उत्पादन विभागों में विभक्त न हो जायें।

Illustration 10·6. Solve Illustration No. 10·5 by Repeated Distribution Method.

Solution

SECONDARY DISTRIBUTION SUMMARY

	A	B	C	1	2
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
As per Summary	800	700	500	234	300
Service Department 1	47	94	70	(234)	23
Service Department 2	129	65	65	64	(323)
Service Department 1	14	25	19	(64)	6
Service Department 2	2	2	2		(6)
	992	886	656		

(3) **परीक्षण एवं जाँच विधि** (Trial Error Method)—इस विधि के अन्तर्गत एक सेवा विभाग की लागत दूसरे केन्द्रों में अभिभाजित की जाती है।

दूसरे केन्द्र का लागत तथा प्रथम केन्द्र से प्राप्त अंश के जोड़ को पुन: प्रथम लागत केन्द्र में अभिभाजित किया जाता है। यह क्रिया उस समय तक बार बार की जाती है जब तक कि शेष राशि अत्यल्प या शून्य न रह जाए।

Illustration 10·7. Solve Illustration No. 10·5 by Trial and Error Method.

Solution

	Service Department	
	1	2
	Rs.	Rs.
Original apportionment	234 (234) 65(20% of 323) (65) 1(20% of 7)	300 23(10% of 234) (323) 7(10% of 65) (7)
Total of positive figures	300	330

Illustration 10·8. Calculate from the following data, the overhead rates of Production Dept. P_1 and P_2 :

(a) Nature of expense	Amounts Rs. (per month	Basis of Distribution	Service Dept. (S_1)	Production Dept. (P_1)	Production Dept. (P_2)
Depreciation Building	130	Floor space	1,600 s. meter	1,600 s. meter	2,000 s. meter
Machinery	1,000	Direct	Rs. 200	Rs. 400	Rs. 400
Taxes on Building	104	Value of building	Rs. 16,000	Rs. 16,000	Rs. 20,000
Power	600	Relative Demand	20%	40%	40%
Sundry	600	No of workers	5	10	·15

(b) The expense of Service department is shared between P_1 and P_2 in the ratio 1:2.

(c) The total direct labour hours per month are estimated to be 2,152 and 3,395 for P_1 and P_2 respectively.

Solution

DEPARTMENTAL DISTRIBUTION SUMMARY

Items	Basis of appointment	Total	Department Prod. (P_1)	Prod (P_2)	Service (S_1)
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Depreciation on building	Floor space	130	40	50	40
Depreciation on machinery	Direct	1,000	400	400	200
Taxes on building	Value of building	104	32	40	32
Power	Relative demand	600	240	240	120
Sundry	No. of workers	600	200	300	100
Total		2,434	912	1,030	492
Transfer of Service department expenses	Ratio 1 : 2	—	164	328	(—)492
Total for production departments		2,434	1,076	1,358	—
Direct labour hours			2,152	3,395	
Rate per direct labour hour			Re. 0 50	Re. 0·40	

Illustration 10·9. In a light engineering factory, the following particulars have been collected for the three monthly period ended 31st December, 1977. Compute the departmental overhead rates for each of the production department assuming that overheads are recovered as a percentage of direct wages :—

	Production Departments			Service Departments	
	A	*B*	*C*	*D*	*E*
Direct Wages Rs.	2,000	3,000	4,000	1,000	2,000
Direct Material Rs.	1,000	2,000	2,000	1,500	1,500
Staff Nos.	100	150	150	50	50
Electricity Kwh.	4,000	3,000	2,000	1,000	1,000
Light Points Nos.	10	16	4	6	4
Asset Value Rs	60,000	40,000	30,000	10,000	10,000
Area Occupied Sq. meter	150	250	50	50	50

The expenses for the period were :

Motive Power Rs. 550 ; Lighting Power Rs. 100 ; Stores Overheads Rs. 400 ; Amenities to Staff Rs. 1,500 : Depreciation Rs. 5.000 ; Repairs of Maintenance Rs. 3,000 ; General Overheads Rs. 6,000 ; and Rent and Taxes Rs. 275.

Apportion the expenses of service department *E* proportionate to direct wages and those of service department *D* in the ratio of 5 : 2 : 2 : 1 to departments *A*. *B*, *C* and *E* respectively. Carry the distribution through 3 cycles.

Solution

PRODUCTION OVERHEADS DISTRIBUTION SUMMARY
for the quarter ending 31*st December*,1977

	Production Department			Service Departments		Total
	A Rs.	B Rs.	C Rs.	D Rs.	E Rs.	Rs.
1. Direct wages	2,000	3,000	4,000	1,000	2,000	3,000
2. Direct Material	1,000	2,000	2,000	1,500	1,000	3,000
3. Motive Power @ 5 p. per kwh.	200	150	100	50	50	550
4. Lighting power @ Rs. 2·50 per point	25	40	10	15	10	100
5. Stores overhead @ 5% of direct material	50	100	100	75	75	400
6. Amenities to staff @ Rs. 3 per employee	300	450	450	150	150	1,500
7. Depreciation @ 10% of the value of asset	6,000	4,000	3,000	1,000	1,000	15,000
8. Repairs and Maintenance @ 2% of value	1,200	800	600	200	200	3,000
9. General Overheads @ 50% of direct wages	1,000	1,500	2,000	500	1,000	6,000
10. Rent and taxes @ Rs. 0·50 per sq. meter	75	125	25	25	25	275
Total	8,850	7,165	6,285	4,515	6,010	32,835
Deptt. E	1,202	1,803	2,404	601	(6,010)	
Deptt. D (5;2 2:1)	2,558	1,023	1,022	(5,116)	512	
E (2·3:4)	114	171	257		(512)	
Total	12,724	10,169	9,939	—	—	32,825
Percentage to Direct Wages	636%	339%	248%			

Illustration 10·10. The New Enterprises Ltd. has three production Departments *A*, *B* and *C*, and two Service Departments *D* and *E*. The following figures are extracted from the records of the company :

Rent and rate Rs. 5,000 ; General Lighting Rs. 600 ; Indirect Wages Rs. 1,500 : Power Rs. 1,500 ; Depreciation on Machinery Rs. 10,000 ; and Sundries Rs. 10,000.

The following further details are available :

	Total	*A*	*B*	*C*	*D*	*E*
Floor Space (sq. meter)	10,000	2,000	2,500	3,000	2,000	500
Light Points	60	10	15	20	10	5
Direct Wages (Rs.)	10,000	3,000	2,000	3,000	1,500	500
H.P. of Machines	150	60	30	50	10	—
Value of Machinery (Rs.)	2,50,000	60,000	80,000	1,00,000	5,000	5,000
Working hours	—	6,226	4,028	4,066	—	—

The expense of *D* and *E* are allocated as follows :

	A	*B*	*C*	*D*	*E*
D	20%	30%	40%	—	10%
E	40%	20%	30%	10%	—

What is the total cost of an article if its raw material cost is Rs. 50, labour cost Rs. 50 and it passes through Departments, *A*, *B* and *C* for 4, 5 and 3 hours respectively ?

Solution

DEPARTMENTAL DISTRIBUTION SUMMARY

Items	Basis of Apportion-ment	Total	Production Departments			Service Departments	
		Rs.	A Rs.	B Rs.	C Rs.	D Rs.	E Rs.
Direct wages	Actual	2,000	—	—	—	1,500	500
Rent and rates	Re. 0·50 per sq. meter	5,000	1,000	1,250	1,500	1,000	250
General lighting	Rs. 10 per point	600	100	150	200	100	50
Indirect wages	15% of direct wages	1,500	450	300	450	225	75
Power	Rs. 10 per H.P.	1,500	600	300	500	100	—
Depreciation of machinery	4% of value of machinery	10,000	2,400	3,200	4,000	200	200
Sundries	100% of Direct wages	10,000	3,000	2,000	3,000	1,500	500
Total department overhead		30,600	7,550	7,200	9,650	4,625	1,57

SECONDARY DISTRIBUTION SUMMARY

Items	Production Departments			Service Departments	
	A Rs.	B Rs.	C Rs.	D Rs.	E Rs.
Total as Distribution Summary	7,550	7,200	9,650	4,625	1,575
Dept. D	925	1 387	1,850	(−)4,625	463
Dept. E	815	408	611	204	(−)2,038
Dept. D	41	61	82	(−)204	20
Dept. E	8	4	6	2	(− 20
Dept. D	—	1	1	(−)2	—
Total	9,339	9,061	12,200		
Working hours	6,226	4,028	4,066		
Rate per hour	1·50	2 25	3·00		

STATEMENT OF TOTAL COST OF AN ARTICLE

		Rs
Direct Material		50
Direct Labour		30
Prime Cost		80
Overheads		
Dept. A. 4 hours @ Rs. 1·50 per hour	6·00	
Dept. B. 5 hours @ Rs. 2·25 per hour	11·25	
Dept. C. 3 hours @ Rs. 3·00 per hour	9 00	
		26·25
Total		106·25

प्रश्न (Questions)

1. उपरिव्यय की परिभाषा दीजिए। उपरिव्ययों के वर्गीकरण की विभिन्न रीतियों का वर्णन कीजिए।

Define overhead. Explain the different methods of classification of overheads.

2. स्थायी एवं परिवर्ती व्ययों का अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा प्रत्येक प्रकार के व्ययों के उदाहरण दीजिए। लागत लेखांकन में व्ययों के इस प्रकार के वर्गीकरण का क्या उद्देश्य है ?

Explain the difference between fixed and variable expenses and give examples of each type of expense. What is the purpose of this classification of expenditure in cost accounting?

3. व्यय की निम्नलिखित मदों का आप किस प्रकार वर्गीकरण करेंगे :—

(i) विज्ञापन (ii) अनुसन्धान (iii) अशोध्य ऋण (iv) सेल्समैन की कमीशन (v) व्यापारिक मेलों तथा प्रदर्शनी मे किया गया व्यय (iv) रायल्टी ।

How do you classify the following items of expenses ; (a) Advertisement. (b) Market Research, (c) Bad debts, (d) Commission paid to salesman, (e) Showroom expenses, (f) Expenses in connection with trade fairs and exhibitions, (g) Rectification expenses after sales during warranty period, (h) Royalty paid per item sold ?

4. लागत लेखों में उपरिव्ययों की वसूली के स्रोतों का वर्णन कीजिए ।

State the main sources from which overhead expenses are collected in cost accounts.

5. निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए :—

(क) लागत वर्गीकरण तथा लागत वितरण (ख) लागत खाता संख्या तथा स्थायी आदेश सख्या (ग) लागत अभिभाजन तथा उपरिव्यय संविलयन ।

Distinguish between : (a) Cost classification and cost allocation, (b) Cost account number and standing order number, (c) Cost apportionment and overhead absorption.

6. सेवा विभाग उपरिव्यय के उत्पादन विभागों में वितरण की विधियाँ बताइए ।

Explain the various bases of apportionment of overheads to departments with illustratiou as to the items of expenses.

7. उपरिव्ययों के विभिन्न विभागों में वितरण सम्बन्धी विभिन्न आधारों का वर्णन कीजिए तथा उचित उदाहरण दीजिए ।

What are the methods of distribution of service department overheads to production departments ?

8- उपरिव्ययो के विभागीय करण के लाभ बताइये ।

Discuss the advantages of deparmentisation of overhead expenses.

9. 'उपरिव्यय लागतों' की परिभाषा दीजिए । स्थायी, अर्द्धस्थायी एवं परिवर्तनशील उपरिव्यय लागतों का अन्तर स्पष्ट करते हुए एक एक उदाहरण दीजिए ।

Define 'Overhead Costs'. Distinguish between Fixed, Semifixed and Variable Overhead Costs giving an example of each.

10. उपरिव्यय लेखांकन के लिए व्ययों सम्बन्धी किसी उचित कोड विधि की संक्षिप्त चर्चा कीजिए ।

Indicate briefly, with **suitable examples a systrm** of codification of expenses for purposes of Overhead Accounting.

11. उपरिव्यय लेखांकन की दृष्टि से व्ययों सम्बन्धी किसी उचित कोड पद्धति की मूलभूत आवश्यकताओं की चर्चा कीजिए एवं उचित उदाहरण दीजिए।

Discuss in brief the basic requirements of a system of Codification of Expenses for purposes of Overhead Accounting with suitable examples.

12. 'उत्पादन विभाग' एवं 'सेवा विभाग' से आप क्या समझते हैं? आप अपने ही आंकड़ों का प्रयोग करते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि सेवा विभाग के व्ययों का किस प्रकार उत्पादन विभागों पर संविलयन किया जा सकता है। कम से कम तीन सेवा विभागों व चार उत्पादन विभागों की चर्चा कीजिए तथा उनके प्रत्यक्ष नाम दीजिए।

What do you understand by the terms (*a*) Production Department and (*b*) Service Department? Using your own figures, illustrate how the expenses of Service departments are absorbed over the Production departments. Consider at least 3 secvice departments and 4 production departments, and name them specifically.

13. उपरिव्यय को उनके कार्यानुसार व परिवर्तनशीलता के आधार पर वर्गीकृत किया जा सकता है। उपरिव्यय लेखांकन के लिए यह क्यों आवश्यक है तथा इस प्रकार के वर्गीकरण का क्या महत्व है?

An overhead expense is classified by its function and by its variability. Why is this necessary in overheads accounting and what is the significance of such a classification?

14. उपरिव्ययों के सम्बन्ध में वर्गीकरण, वितरण एवं अभिभाजन से आप क्या समझते हैं? विस्तार बताइये?

What do you understand by classification, allocation and apportionment in relation to overhead expenses. Explain fully.

15. स्थायी एवं परिवर्तनशील उपरिव्यय लागतों के विभाजन सम्बन्धी विभिन्न विधियों की विस्तार से चर्चा कीजिए।

Explain the various methods of seggregating fixed and variable overhead costs.

16. व्यय की कोई मद उपरिव्यय मानी जानी चाहिए अथवा नहीं यह ज्ञात करने के लिए आप किन सामान्य सिद्धान्तों को ध्यान में रखेंगे। विस्तार से चर्चा कीजिए।

Explain in details the general principles which should be kept in view while considering whether an item of expenditure is to be treated as overhead.

17. "विपरीत लागतों का आप किस प्रकार लेखा करेंगे? विस्तार से बताइये।

How would you deal with reciprocal costs? Explain fully.

18. लागत वितरण तथा अभिभाजन की परिभाषा दीजिए। लागत वितरण तथा लागत अभिभाजन का अन्तर भी स्पष्ट कीजिए।

Define cost allocation and cost apportionment. Explain fully the distinction between cost allocation and cost apportionment.

19. उपरिव्ययों की विभिन्न तीन श्रेणियां कौन सी है ? प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन उदाहरण दीजिए।

What are the different classes of overheads ? Give three examples of each class. (*B. Com. Andhra, 1975*)

20. उपरिव्ययों के वर्गीकरण तथा अभिभाजन संबंधी सामान्य सिद्धान्तों की संक्षिप्त विवेचना कीजिए।

Briefly explain the principles of classification and apportionment of overheads. (*B. Com. Andhra, 1975*)

21. उपरिव्ययों को 'उत्पादन' 'प्रशासन' तथा 'वितरण' वर्गों में क्यों बांटा जाता है ? प्रत्येक के दो उदाहरण भी दीजिए।

Explain why overhead is classified under heads 'production' 'administration' and 'distribution' and suggest at least two methods of absorbing each type in the product cost. (*B. Com. Andhra, 1976*)

22. 'वितरण' 'अभिभाजन' तथा 'संविलयन' शब्दों का अन्तर स्पष्ट कीजिए ? उपरिव्ययों के अभिभाजन के आधारों की विवेचना कीजिए।

Distinguish the meanings of the terms 'Allocation' 'Apportionment' and 'Absorption'. Explain the 'bases of apportionment of overhead'. (*B. Com. Andhra, 1977*)

PROBLEMS

10·1. What basis would you follow for distribution of the following overhead expenses to departments ?

(*a*) Stores service expenses, (*b*) Employees' State Insurance, (*c*) Factory Rent, (*d*) Municipal Rent, Rates and Taxes, (*e*) Insurance on Building and Machinery, (*f*) Welfare department expenses, (*g*) Creche expenses. (*h*) Steam, (*i*) Electric light.

10·2. Mention with reasons the basis of allocation of the following expenses to deparment :—

(*a*) Time Office. (*b*) Depreciation of plant and machinery, (*c*) Rent, (*d*) Lighting expenses, (*e*) Internal transport, (*f*) E.S.I. Employer's contribution, (*g*) Donation to National Defence Fund and (*h*) Audit fees.

10·3. A departmental store has several departments. What bases would you recommend for apportioning the following items of expense to its departments ;—

Fire Insurance, Rent, Delivery Expenses, Purchasing Department Expenses, Credit Account Expenses, General Administration Expenses, Advertising Sales Assistants' Salaries, Personnel Department Expenses, Sales Commissions.

10·4. Hind Private Ltd. manufactures four sizes. D the product 'Modern Model' called A. B, C, and D in the Department, The workes are paid the piece rate of Re 1·00, Rs. 1·50, Rs' 2·00 and Rs. 3·00 per unit of the product sizes A, B, C, and D respectively, Dearness Allowance paid to the workers is Rs, 4·00, per day. Miscellaneous payments are 20% of the basic wages.

From the following information for the month of January 1978, you are required to find the total cost per unit of each size of the product 'Modern Model'.

	Product Size A	Size B	Size C	Size D
Direct Labour (Days)	104	78	52	52
Productive (Units)	320	150	70	55
Direct Material (Rs.)	250	150	100	125

Overhead Expenses :

	Rs.
Indirect Material	500
Indirect Labour	572
Indirect Expenses	429

Ans. [A—Rs. 5·05 ; B—Rs. 7·50 ; C—Rs. 10·50 and D—Rs. 14·85].

10·5. The following data were obtained from the books of Light Engineering Company for the half year ended 30th September, 1978. Calculate the department overhead rates for each of the production department assuming that the overheads are recovered as a percentage of direct wages.

		Production Departments			Service Departments	
		A	B	C	X	Y
Direct Wages	Rs.	7,000	6,000	5,000	1,000	1,000
Direct Material	Rs.	3,000	2,500	2,000	1,500	1,000
Employees	Nos.	200	150	150	50	50
Electricity	Kwh.	8,000	6,000	6,000	2,000	3,000
Light points	Nos.	10	15	15	5	5
Assets Values	Rs.	50,000	3,000	20,000	10,000	10,000
Area Occupied	sq. metres	800	600	600	200	200

The expenses for 6 months were:

	Rs.
Stores Overheads	400
Motive Power	1,500
Electric Light	200
Labour Welfare	3,000
Depreciatiou	6,000
Repairs and maintenance	1,200
General Overheads	10,000
Rent and Taxes	600

Apportion the expenses of Department X in the ratio of 4 : 3 : 3 and that of department Y in proportion to direct wages, to Department A, B and C, respectively.

Ans. [Percentage of overheads to direct wages : A—162·8%, B—144·4%, C—146·8%].

10·6. In a factory, there are two service departments P and Q and three production departments A, B and C. In April 1978, the departmental expenses were :

Departments	Rs.
A	6,50,00
B	6,00,000
C	5,00,000
P	1,20,000
Q	1,00,000

The service department expenses are allotted on a percentage basis as follows:—

Service Departments	Production Depts			Service Depts.	
	A	B	C	P	Q
P	30	40	15	—	15
Q	40	30	25	5	—

Prepare a statement showing the distribution of the two service departments' expenses to the three departments by (*a*) Simultaneous Equation Method (*b*) Repeated Distribution Method.

Ans. [A—Rs. 7,35,340 ; B—Rs. 6,86,045 and C Rs. 5,48,615].

10 7. From the following information work out the production hour rate of recovery of overhead in Departments A, B and C :

Particulars	Total Rs.	Production Departments			Service Departments	
		A Rs.	B Rs.	C Rs.	D Rs.	E Rs.
Rent	1,000	200	400	150	150	100
Electricity	200	50	80	30	20	20
Fire insurance	400	80	160	60	60	40
Plant depreciation	4,000	1,000	1,500	1,000	300	200
Transport	400	50	50	50	100	150

Estimated working hours 1,000 2,500 1,800

Expenses of Service Departments D and E are apportioned as under :

	A	B	C	D	E
D ...	30%	40%	20%	—	10%
E ...	10%	20%	50%	20%	—

Ans. [Overhead rate per hour : A—Rs. 1·66 B—Rs. 1·04 and C—Re. 0·96].

11

उपरिव्ययों का अवशोषण
(Absorption of Overheads)

अवशोषण अर्थात संविलयन से आशय उपरिव्यय का लागत इकाईयों में आबंटन से हैं।[1] यह आवश्यक है कि उत्पादन की प्रत्येक इकाई की कुल लागत ज्ञात करने के लिए उसके अनुपातिक उपरिव्यय उससे वसूल किए जाएँ। प्रत्येक उपकार्य से अप्रत्यक्ष लागत वसूल करने कीं प्रक्रिया को उपरिव्ययों का संविलयन कहते है। संविलयन का अर्थ किसी विभाग के उपरिव्ययों का उस विभाग द्वारा उत्पादित इकाईयों में आबटन से है। उपरिव्ययों के संविलयन की कई विधियाँ प्रयोग में लाई जाती है। इस सम्वन्ध में किसी एक विधि का चुनाव करते समय व्ययों की प्रकृति तथा प्रत्येक विभाग की विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखना चाहिए।

फैक्टरी उपरिव्ययों के संविलयन की विधियाँ (Methods of Absorption of Factory Overheads)—फैक्टरी उपरिव्ययों के संविलयन की निम्नलिखित विधियाँ हैं।

(1) प्रत्यक्ष सामग्री लागत के प्रतिशत आधार पर।

(2) प्रत्यक्ष मजदूरी लागत के प्रतिशत के आधार पर।

(3) मूल लागत के प्रतिशत के आधार पर।

(4) प्रत्यक्ष श्रम घंटा दर विधि।

(5) मशीन घंटा दर।

(6) द्वय घंटा दर।

(7) उत्पादन की प्रति इकाई दर।

(1)**प्रत्यक्ष सामग्री लागत के प्रतिशत के आधार पर** (Direct Material Percentage of cost)—इस विधि के अन्तर्गत पिछले रिकॉर्ड के आधार पर सामग्री पर फैक्टरी व्ययों का प्रतिशत ज्ञात कर लिया जाता है तथा वर्तमान अवधि (वर्ष) में फैक्टरी व्ययों को उस प्रतिशत के आधार पर प्रभारित किया जाता है। मान लो कि 1977 में एक फैक्टरी में प्रत्यक्ष सामग्री की लागत 1 लाख रु० थी तथा फैक्टरी व्यय 25,000 रु० था। इस उदाहरण में कारखाना उपरिव्यय सामग्री लागत का 25 प्रतिशत है। किसी उपकार्य की लागत ज्ञात करने के लिए कारखाना उपरिव्ययों को सामग्री लागत के 25 प्रतिशत से प्रभारित किया जा सकता है। यहाँ यह मान लिया जाता है कि सामग्री एवं फैक्टरी व्ययों के प्रतिशत में परिवर्तन नहीं होगा। यह विधि सरल है तथा इसे निम्नलिखित परिस्थितियों में अपनाया जा सकता है :

(i) जहाँ उत्पादन एक सा ही रहता है (अर्थात् जहाँ एक ही वस्तु का उत्पादन जारी रहता है तथा सामग्री की मात्रा एवं मूल्य भी एक सा रहता हैं।

(ii) जहां मूल्यों में स्थिरता बनी रहती है।

(iii) जहाँ उपरिव्यय कुल लागत का महत्वपूर्ण भाग नही है।

इस विधि में निम्नलिखित हानियाँ हैं :—

(i) सामग्री के मूल्यों में बहुत अधिक उतार चढाव होते रहते हैं परन्तु उपरिव्ययों में इतने शीघ्र परिवर्तन नही होते। इस कारण प्रतिशत निकालने में बहुत अन्तर आ सकता है।

(ii) सामान्यत: सस्ती सामग्री पर होने वाले उपरिव्यय मंहगी सामग्री के उपरिव्यय की अपेक्षाकृत अधिक होते हैं। इस विधि द्वारा इस तथ्य की पूर्णत: उपेक्षा कर दी जाती है जिसके परिणामस्वरूप मंहगी सामग्री उपभोग करने वाले उपकार्यों से अधिक उपरिव्यय प्रभारित किए जाते हैं।

(iii) बहुत से उपरिव्यय समय से सम्बन्धित होते हैं तथा समय बीतने के साथ साथ देय हो जाते हैं। इसलिए उपरिव्यय समय के अनुसार संविलयन किए जाने चाहिए, न कि सामग्री के आधार पर।

(iv) इस विधि द्वारा कुशल एवं अकुशल श्रमिकों द्वारा किए गये उपकार्यों में कोई अन्तर नही किया जाता है। कुशल श्रमिक द्वारा अकुशल श्रमिकों की अपेक्षा कम समय में कार्य कर लिया जाता है अत: यदि दोनों प्रकार के उपकार्यों (कुशल तथा अकुशल श्रमिक द्वारा किए गये) पर एक समान ही सामग्री लगती है तो दोनों पर उपरिव्ययों का संविलयन समान ही होगा।

(v) शारीरिक श्रम तथा मशीन द्वारा किए गए कार्य में भी अन्तर नहीं किया जाता है, साधारणत: मशीनी कार्य पर उपरिव्यय अधिक होते हैं।

(vi) इस विधि द्वारा स्थायी एवं परिवर्तनशील व्ययों में भी अन्तर नही किया जाता है - दोनों को एक ही आधार पर वितरित किया जाता है।

प्रत्यक्ष मजदूरी लागत के प्रतिशत के आधार पर (Percentage of Direct Wages Cost)—पिछले अनुभव अथवा अनुमान के आधार पर फैक्टरी व्ययों का प्रत्यक्ष मजदूरी से प्रतिशत ज्ञात कर लिया जाता है तथा इसी प्रतिशत से उपकार्यों को प्रभारित किया जाता है। उदाहरणत: यदि 1977 में किसी फैक्टरी में प्रत्यक्ष मजदूरी के रूप में 60,000 रु० का भुगतान किया गया जबकि फैक्टरी व्यय 30,000 रु० था। यहां फैक्टरी व्यय प्रत्यक्ष मजदूरी का 50 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जाएगा। यह विधि भी सरल है। इस विधि को निम्नलिखित परिस्थितियों में अपनाया जा सकता हैं :—

(i) जहाँ उत्पादन एकरूपीय (uniforms) हो।

(ii) जहाँ श्रमिकों की संख्या व कार्य की रीति में कोई परिवर्तन न हो।

(iii) जहाँ कुशल एवं अकुशल श्रमिकों के अनुपात में कोई अन्तर न आया हो।

(iv) जहाँ भुगतान की दरों में परिवर्तन न हुआ हो।

लाभ :—(1) इस विधि द्वारा समय के घटक को प्रधानता दी जाती है क्योंकि सामान्यतः मजदूरी समय के अनुसार दी जाती है।

(2) सामग्री मूल्यों की अपेक्षा मजदूरी दरें अधिक स्थायी होती है।

(3) कुछ परिवर्तन उपरिव्यय एक निश्चित समय तक श्रमिकों की संख्या के साथ साथ परिवर्तित होते है, अतः उत्पादन पर प्रभार मजदूरी से सम्बन्धित रहता है।

हानियाँ :—(1) इस विधि द्वारा भी कुशल एवं अकुशल श्रमिकों में अथवा वेतन दरों में अन्तर नही किया जाता। वह उपकार्य जिन पर ऊँची दर से मजदूरी प्राप्त करने वाले श्रमिक कार्य करते हैं, अन्य उपकार्यों की अपेक्षा अधिक राशि से प्रभारित किए जाएँगे। वास्तव में अकुशल श्रमिकों पर ही अधिक उपरिव्यय होते है।

(2) यदि कार्यानुसार मजदूरी दी जाती है तो समय के घटक की पूर्णतः उपेक्षा कर दी जाती हैं।

(3) इस विधि द्वारा भी शारीरिक श्रम करने वाले तथा मशीनों पर कार्य करने वाले श्रमिकों में कोई अन्तर नहीं किया जाता हैं।

(4) यदि श्रमिकों को अधि-समय भुगतान किया जाता है तो इस विधि द्वारा गलत परिणाम प्राप्त होंगे। अधिसमय कार्य के लिए मजदूरी ऊँचीं दर से दी जाती है लेकिन सामान्यतः उपरिव्यय उसी अनुपात में नही बढ़ते।

(5) स्थायी अथवा परिवर्तनशील उपरिव्ययों में कोई अन्तर नही किया जाता है।

मूल लागत के प्रतिशत आधार पर (Percentage on Prime Cost Basis)—यह कहा जाता है कि उपरिव्यय सामग्री एवं श्रम से सम्बन्धित होते हैं इसलिए फैक्टरी उपरिव्ययों के आबंटन में दोनों को ही सम्मिलित किया जाना चाहिए। यदि सामग्री अथवा श्रम को उपरिव्ययों के वितरण के लिए पृथक पृथक रूप से आधार बनाया जाता है तो उसकी कई हानियाँ है। यह पद्धति उपरोक्त दोनों पद्धतियों का मिश्रित रूप हैं। इसके अन्तर्गत फैक्टरी के उपरिव्ययों को विभिन्न उत्पादों, विभागों अथवा उपकार्यों में उनकी मूल लागत के अनुपात में

आबंटित करते है। यह पद्धति बहुत सरल हैं तथा इसे प्रत्येक ऐसे स्थान पर अपनाया जा सकता है जहाँ कोई प्रमापित वस्तु (standard article) उत्पादित की जाती है जिसमें एक निश्चित मात्रा मे सामग्री तथा समय लगता है। इस पद्धति की निम्नलिखित हानियां है :

(1) जहां सामग्री की लागत ही मूल लागत का अधिकांश भाग है वहां समय के घटक की अवहेलना होती है।

(2) इस पद्धति में शारीरिक श्रम करने वाले तथा मशीन पर कार्य करने वाले श्रमिकों में कोई अन्तर नहीं किया जाता।

(3) अन्य उपरोक्त पद्धतियों की ही भाँति इसमें भी स्थायी तथा परिवर्तनशील व्ययों में अन्तर नहीं किया जाता है।

(4) **प्रत्यक्ष श्रम घंटा दर** (Direct Labour Hour Rate)—यह एक वैज्ञानिक विधि हैं, क्योंकि अधिकांश उपरिव्यय समय के अनुसार होते हैं। यह विधि उन फैक्टरियों अथवा विभागों के लिए अधिक उपयोगी है जहां मुख्यत: शारीरिक श्रम से कार्य किया जाता है।

प्रत्यक्ष श्रम घंटा दर ज्ञात करने के लिए एक विभाग में निश्चित अवधि में किए गए कुल उपरिव्ययों को उस विभाग में व्यय किए गये कुल प्रत्यक्ष श्रम घंटों की संख्या से विभाजित कर देते हैं। प्रत्येक उपकार्य में व्यतीत किए गये घटों के लिए इस दर से उपरिव्ययों की प्रभारित किया जाता है। इस पद्धति का एक ही महत्वपूर्ण दोष है कि इसमें उन व्ययों को सम्मिलित नहीं किया जाता जो श्रम घंटों पर आधारित नहीं होते हैं जैसे पॉवर, ह्रास, अग्नि बीमा आदि।

Illustration 11·1. *A*, *B*, *C* and one service department *S*. The following figures are available for one month of 25 working days of 8 hours each day. All departments work all these days with full attendance :

Expenses	Total	Service Dept. *S* Rs.	Prod. Dept. *A* Rs.	Prod. Dept. *B* Rs.	Prod. Dept. *C* Rs.
Power and Lighting	1,100	240	200	300	360
Supervisor's Salary	2,000	—	—	—	—
Rent	500	—	—	—	—
Welfare	600	—	—	—	—
Others	1,200	200	200	400	400
Total	5,400				

	S	A	B	C
Supervisor's salary	20%	30%	30%	20%
Number of Workers	10	30	40	20
Floor Area in sq. meter	500	600	800	600
Service rendered by Service Dept. to Production Depts.	—	50%	30%	20%

Calculate labour hour rate for each of the Depts. *A*, *B*, *C*.

Solution

OVERHEADS DISTRIBUTION SUMMARY

Items	Basis	Total	Service Department S	Production Dept. A	Production Dept. B	Production Dept. C
		Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
Power and Lighting	Direct (as given)	1,000	240	200	300	360
Supervisor's Salary	Ratio given	2,000	400	600	600	400
Rent	Floor Area	500	100	120	160	120
Welfare	No. of workers	600	60	180	240	120
Others	as given Direct	1,200	200	200	400	400
Total		5,400	1,000	1,300	1,700	1,400
Allocation of Service Department	Ratio given 5 : 3 : 2		−1000	500	300	200
Total overheads		5,400	—	1,800	2,000	1,600

Total number of hours in a month for which work was carried on= 25×8=200 hours.

Total Labour Hours in each Department

No. of Hours × No. of Workers

Dept. A=200×30=6,000 hrs.

B=200×40=8,000 hrs.

C=200×20=4,000 hrs.

Labour Hour Rate

Department $A=\frac{1.800}{6,000}$=30 paise per hour

Department $B=\frac{2,000}{8,000}$=25 paise per hour

Department $C=\frac{1,600}{4,000}$=40 paise per hour

(5) **मशीन घंटा दर** (Machine Hour Rate)—मशीन घंटा दर किसी मशीन को प्रति घंटा चलाने की लागत है। यह भी फैक्टरी उपरिव्ययों को उत्पादन में संविभयन करने की एक पद्धति है। यह विधि उन उद्योगों या विभागों में प्रयोग की जाती है जहाँ मशीनों का अत्यधिक उपयोग किया जाता है तथा जहाँ कार्य अप्रमापित (Non-standardised) प्रकृति का है। इन उद्योगों या विभागों में उपरिव्यय, मशीनों के संचालन तथा रख रखाव पर होने वाला अप्रत्यक्ष व्यय ही है। अतः इन विभागों में यह आवश्यक सा हो जाता है कि उपरिव्ययों को मशीन के कार्य घंटों के आधार पर ही उत्पादन से प्रभारित किया जाए।

किसी निश्चित अवधि में मशीन घंटा दर ज्ञात करने के लिए मशीन के संचालन आदि पर होने वाले व्यय को उस अवधि में मशीन के अनुमानित कार्य घंटों से विभाजित कर दिया जाता है। मशीन घंटा दर ज्ञात करने की दो पद्धतियाँ है।

(1) साधारण मशीन घंटा दर (Ordinary Machine Hour Rate)

(2) मिश्रित मशीन घंटा दर (Composite Machine Hour Rate)

(1) **साधारण मशीन घंटा दर**—इस विधि के अन्तर्गत केवल मशीन के वास्तविक व्ययों को ही लिया जाता है। यह वह व्यय होते हैं जिन्हें मशीन से प्रत्यक्षत: आरोपित किया जा सकता है। मशीन व्यय दो प्रकार के होते है :—
(क) जो मशीन के संचालन समय से अनुपातिक होते है एवं (ख) वह जो इस प्रकार सम्वन्धित होते हैं।

पॉवर, ईधन, ह्रास, मरम्मत आदि वह व्यय हैं जो मशीनों के संचालन समय के अनुपात में होते हैं। इन व्ययों के लिए प्रति घंटा दर ज्ञात करने में कोई कठिनाई नहीं होती है। उदाहरण के लिए मशीन पर होने वाला प्रति घंटा पॉवर का व्यय सुगमता से ज्ञात किया जा सकता है। ह्रास मूल्य प्रति घंटा ज्ञात करने के लिए मशीन की लागत में से अवशेष मूल्य (Scrap Value) घटा कर मशीन के अनुमानित जीवन काल में कुल कार्य घंटों की संख्या से विभाजित कर दिया जाता है।

बीमा, टैक्स, तेल, टूट फूट अथवा बरबादी आदि वह व्यय हैं जो मशीन के संचालन समय के अनुपात में नहीं होते। किसी अवधि में प्रत्येक मशीन पर इस प्रकार के व्ययों का अनुमान लगाया जा सकता है तथा इस अनुमानित राशि को उस अवधि में मशीन के कुल कार्य घंटों से विभाजित करके प्रति घंटा दर ज्ञात कर ली जाती है। उपरोक्त दोनों प्रकार की दरों के योग से साधारण मशीन घंटा दर ज्ञात कर ली जाती है।

(2) **मिश्रित मशीन घंटा दर** (Composite Machine Hour Rate)—इस विधि के अन्तर्गत मशीन पर प्रत्यक्षत: आरोपित किए जा सकने वाले व्ययों के अतिरिक्त वह सभी व्यय भी सम्मिलित किए जाते हैं जिन्हें मशीनों पर प्रत्यक्षत: आरोपित नही किया जा सकता है। इन व्ययों को स्थायी प्रभार (Standing Charges) भी कहते हैं। इन स्थायी व्ययों के उदाहरणों में किराया, टैक्स, बिजली व ताप निरीक्षकों का वेतन आदि हैं। इन व्ययों को पहले विशिष्ट अवधि के लिए निर्धारित करते हैं तथा फिर विभिन्न विभागों में अभिभाजित कर देते हैं। प्रत्येक विभाग के लिए अभिभाजित व्ययों को उस विभाग की मशीनों पर अभिभाजित कर दिया जाता है। मशीन घंटा दर ज्ञात करने के लिए मशीनों पर विभिन्न प्रकार के व्ययों को अभिभजित करने के लिए निम्नलिखित आधारों का प्रयोग किया जाता है।

व्यय (Expenses)	आधार (Basis)
प्रत्याशित व्यय (Standing charges)	
1. किराया, शुल्क आदि	प्रत्येक मशीन के लिए प्रयुक्त स्थान का क्षेत्रफल जिसमें मशीन के आस पास का क्षेत्रफल सम्मिलित किया जाना चाहिए।
2. ताप एवं प्रकाश	ताप अथवा प्रकाश केन्द्रों (Points) की संख्या तथा विशेष ताप अथवा प्रकाश प्रबन्ध की लागत (किसी विशेष मशीन के लिए) अथवा प्रत्येक मशीन के लिए प्रयुक्त कार्य क्षेत्र के आधार पर।
(x) पैकिंग तथा डिब्बों का व्यय।

(vi) मार्ग बीमा व्यय।

विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों का विश्लेषण

(Analysis of Selling and Distribution Overheads)

विक्रय एवं वितरण व्ययों के विश्लेषण के लिए निम्नलिखित विधियों का प्रयोग किया जा सकता है :

(A) *By nature of expenses e.g.*

1. Remuneration
2. Supplies
3. Miscellaneous expenses
4. Services
5. Fixed charges
6. Freight
7. Duty
8. Packing materials
9. Sales Promotion
10. Discount and allowances.

(B) *By operational functions e.g.*

1. Direct selling
2. Advertising and sales promotion
3. Transportation
4. Warehouse and storage
5. Credit and collection
6. Financial
7. General Administration
8. Warranty claims
9. Miscellaneous.

(C) By Areas

(D) By Products

(E) By Salesmen

(F) By Type of customers

1. Central Government
2. State Government
3. Export
4. Country wholesalers
5. Country retailers

(G) By Channels of Distribution *e.g.*

1. Wholesalers
2. Retailers
3. Consumers

किसी विशिष्ट दशा में विश्लेषण की किसी विधि का प्रयाग उत्पाद तथा उसे विक्रय करने की पद्धति पर निर्भर करता है।

विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों का वितरण (Allocation of Selling and Distribution Overheads) : विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों के वितरण के लिए कुछ सामान्य आधार निम्नलिखित है :—

व्यय	वितरण का आधार
पारिश्रमिक	प्रत्यक्ष वितरण
गोदाम व्यय	विक्रय परिणाम
किराया	फर्श क्षेत्रफल
डाकखर्च तथा स्टेशनरी	प्रत्यक्ष वितरण
बीमा	सम्पदा वितरण
ह्रास	सम्पत्ति का मूल्य
भाड़ा	प्रत्यक्ष वितरण
सामग्री	प्रत्यक्ष वितरण
विज्ञापन	विक्रय मूल्य अथवा परिणाम
यातायात	पैकिटों की संख्या, वजन, दूरी तय की गई आदि।
साख नियन्त्रण	आदेशों की संख्या

विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों का संविलयन

(Absorption of Selling and Distribution Overheads)

उन सभी संस्थाओं में जहां विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय बहुत कम होते हैं, उन्हें लागत लेखों से पृथककिया जा सकता है तथा इनके स्थान पर पर्याप्त लाभ विक्रय मूल्य में जोड़ा जा सकता है ताकि उपरिव्यय वसूल हो सके। लेकिन बहुत सी संस्थाओं में यह उपरिव्यय बहुत अधिक परिणाम में होते हैं अत: इन्हें विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय प्रभार के रूप मे उत्पादन से ही वसूल किया जाना चाहिए।

विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों का निर्धारण करते समय विक्रय व्ययों तथा वितरण व्ययों में अन्तर किया जाना चाहिए। सामान्यत: विक्रय व्यय जैसे विज्ञापन, शो-रूम व्यय आदि विक्रय की मात्रा के अनुसार परिवर्तित नहीं होते। लेकिन वितरण व्यय जैसे ट्रेवलिंग कमीशन, भाड़ा, बीमा, पैकिंग व्यय आदि विक्रय की मात्रा के अनुसार परिवर्तित होते हैं। वितरण व्यय सामान्यत: प्रत्येक इकाई पर एक निश्चित राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं। विक्रय व्यय जो प्राय: स्थायी प्रकृति के होते हैं, निम्नलिखित में से किसी भी विधि द्वारा वसूल किए जा सकते हैं—

(i) **अनुमानित दर प्रति इकाई** (An estimated rate per article)—इस विधि के अर्न्तगत कुल विक्रय व्ययों का अनुमान लगाया जाता है तथा उसे किसी

उचित आधार पर विक्रय की गई विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर आबंटित कर देते है। प्रत्येक प्रकार की वस्तु पर आबंटित की गई कुल राशि को उस प्रकार की वस्तु की अनुमानित विक्रय मात्रा से विभाजित कर देने से प्रति इकाई दर ज्ञात हो जाती है। इस इकाई दर से उत्पादन को प्रभारित किया जाता है।

(ii) **प्रत्येक वस्तु के विक्रय मूल्य के प्रतिशत के आधार पर** (A percentage on selling price of each article)—यदि प्रत्येक वस्तु का विक्रय मूल्य मालूम किया जा सकता है अथवा विक्रय व्यय स्थायी है तो उन्हें विक्रय मूल्य के प्रतिशत आधार पर वसूल किया जा सकता है। यह प्रतिशत पिछले खातों अथवा अनुभव से ज्ञात किया जा सकता है।

(iii) **फैक्टरी लागत का प्रतिशत** (A percentage on works cost)—यह विधि वहां उपयोग में लाई जा सकती है जिस संस्थान में केवल एक ही प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन होता है। लेकिन यदि विक्रय व्यय अधिक नहीं हैं तो इस विधि का उपयोग उन संस्थानों में भी किया जा सकता है जहाँ एक से अधिक प्रकार की वस्तुएं उत्पादित की जाती है।

Illustration 12·1 The works cost of a certain article is Rs. 400 and the selling price is Rs. 800. The following direct selling and distribution expenses were incurred :

Freight and Cartage Rs. 40 ; Insurance Rs. 10 ; Commission Rs. 60 ; and Packing Cases Rs. 10.

The estimated fixed selling and distribution expenses for the year were Rs. 30,000 and the estimated value of sales for the year was Rs. 1.50,000.

You are required to set out the final cost of the article using the method of percentage on sale to recoup fixed selling and distribution expenses.

Solution

The percentage of fixed selling and distribution expenses to the estimated value of sales is :—

$$\frac{30,000}{1,50,000} \times 100 = 20\%$$

STATEMENT SHOWING THE FINAL COST OF THE ARTICLE

	Rs.	Rs.
Works cost		400
Selling and Distribution Expenses :		
Variable : Freight and Cartage	40	
Insurance	10	
Commission	60	
Packing Cases	10	
	120	
Fixed—20% of Selling Price	160	
		280
Total Cost		680
Profit		120
Selling Price		800

प्रश्न (Questions)

1. प्रशासन व्ययों, विक्रय व्ययों तथा वितरण उपरिव्ययों के कुछ उदाहरण दीजिए। प्रशासन उपरिव्ययों को लागत लेखों में दिखाये जाने संबंधी वर्तमान प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

Give a few examples in each of Administrative Expenses, selling overhead and Distribution overhead. Discuss the present trend in dealing with Administration overheads in Cost Accounts.

2. 'प्रशासन लागत' की व्याख्या कीजिए। कुछ उदाहरण दीजिए तथा बताइये कि उन्हें लागत लेखों में किस प्रकार प्रयोग किया जाता है तथा उन पर नियंत्रण किस प्रकार किया जाता है ?

Define "Administration Cost" : Give a few examples and indicate how they may be dealt in Cost Accounts and how best they may be controlled.

3. विक्रय एव वितरण व्ययों पर नियंत्रण के लिए उनका विभिन्न विधियों द्वारा विश्लेषण किया जाना आवश्यक हो जाता है। इन आधारभूत सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए तथा बताइये कि लागत नियंत्रण की दृष्टि से कौन सी विधि आप सर्वाधिक उपयुक्त मानते हैं।

In order to control the selling and distribution expenses it is necessary to analyse them under various methods. Examine the fundamental methods and state which method you consider to be the most effective from the view-point of cost control.

4. 'विक्रय लागत' तथा 'वितरण लागत' में क्या अन्तर है ? उदाहरण देकर समझाइये।

आप विक्रय लागतों पर किस प्रकार नियंत्रण करेंगे। किन्ही दो विधियों का वर्णन कीजिए।

(*a*) What is the distinction between 'selling cost' and distribution cost ? Illustrate.

(*b*) How would you proceed to control selling costs ? Discuss any two of such procedures.

5. प्रशासन लागतों के नियंत्रण में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? नियंत्रण के किस स्वरूप का आप अनुमोदन करेंगे।

What are the difficulties usually encountered in the control of administrative costs ? What forms of control would you suggest ?

6. प्रशासन, विक्रय तथा वितरण उपरिव्ययों को उत्पादन से किस प्रकार प्रभारित किया जाता है ?

Explain how Administration, Selling and Distribution overhead are charged to production.

13 उपरिव्ययों में विभिन्न मदें
(Miscellaneous items in Overheads)

पूंजी पर ब्याज (Interest on Capital)

पूंजी पर ब्याज को लागत का एक तत्व माना जाए अथवा नही इस विषय पर विभिन्न मत व्यक्त किए जाते हैं। लागत लेखों में पूंजी पर ब्याज को सम्मिलत किये जाने के पक्ष एवं विपक्ष में कईठोस तर्क प्रस्तुत किए जाते हैं। इसके पक्ष में निम्न तर्क दिये जाते हैं :—

पक्ष में तर्क (Arguments in favour)

(1) पूंजी उत्पादन का एक महत्वपूर्ण तत्व (factor of production) है। यदि मजदूरी श्रम का प्रतिफल है तो ब्याज पूंजी का प्रतिफल है अतः इसे मजदूरी की भांति लागत में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

(2) ब्याज को लागत में सम्मिलित किए जाने पर ही समय सम्बन्धी तत्व को सही महत्व प्रदान होता है। इस प्रकार यदि किसी उपकार्य पर अधिक समय लगता है तो वैसे ही कम समय लेने वाले अन्य उपकार्यों की तुलना में उसकी लागत भी अधिक होनी चाहिए। अतः यदि पूंजी पर ब्याज को लागत में सम्मिलित नहीं किया गया है तो दो उपकार्यों में तुलना नहीं की जा सकती।

(3) ऋण के रूप में प्राप्त की गई पूंजी पर ब्याज देना होता है। इस पूंजी की सहायता से किये गये उत्पादन की लागत में इस ऋण पूंजी का ब्याज अवश्य सम्मिलित किया जाना चाहिए। इसी आधार पर स्वामित्व पूंजी पर ब्याज की राशि भी लागत में सम्मिलित की जानी चाहिए।

(4) विभिन्न प्रकार की वस्तुओं अथवा उपकार्यों के लिए विभिन्न परिमाण में पूंजी की आवश्यकता होती है। यदि पूंजी पर ब्याज लागत में सम्मिलित नहीं किया गया है तो विभिन्न उपकार्यों तथा वस्तुओं की लागत की तुलना नहीं की जा सकती।

(5) लम्बे समय तक भारी स्टॉक (जैसे टिम्बर, शराब, बीयर आदि) रखने की सही लागत तभी ज्ञात की जा सकती है यदि उस अवधि के दौरान पूंजी पर ब्याज भी लागत में सम्मिलित किया जाए।

(6) पूंजी पर ब्याज दिये जाने पर ही लेखों द्वारा वास्तविक लाभ की जानकारी प्राप्त हो सकती है।

विपक्ष में तर्क (Arguments Against)

(1) ब्याज का सम्बन्ध वित्त (Finance) से है अतः इसे लागत लेखों से अलग रखा जाना चाहिए।

(2) पूंजी पर ब्याज की दर स्थिर नहीं रहती। यह समय समय पर परिवर्तित होती रहती है। यदि पूंजी पर ब्याज को लागत लेखों में सम्मिलित किया

गया है तो विभिन्न अवधियों की उत्पादन लागत में केवल मात्र समय के कारण ही असमानता होगी ।

(3) इस बात का निर्धारण करना कि उत्पादक ने कितनी मात्रा में तथा विभिन्न अवधियों, एवं विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन में कितनी पूँजी व्यापार में लगाई है, कठिन होती है । इस कठिनाई के कारण पूँजी पर ब्याज को सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए ।

(4) यदि स्टॉक के मूल्याँकन में पूँजी पर ब्याज को जोड़ा गया है तो स्थिति विवरण (Balance sheet) के लिए इसे घटाना पड़ेगा ।

(5) पूँजी पर ब्याज सम्मिलित किये जाने से अनावश्यक जटिलताएँ उत्पन्न हो जायेंगी ।

उपरोक्त तर्कों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि विपक्ष के तर्क व्यावहारिक कठिनाईयों पर आधारित हैं। इन कठिनाईयों व जटिलताओं के कारण यह वांछनीय हो जाता है कि लागत लेखों में पूँजी पर ब्याज को सम्मिलित न किया जाए । लेकिन यदि विनियोजित पूँजी पर प्रभाव डालने वाले निर्णय अथवा लागतों की तुलना आदि के लिए पूँजी पर ब्याज को सम्मिलित किया जाना आवश्यक ही है तो इसे पृथक प्रतिवेदनों (Reports) में प्रस्तुत किया जा सकता है ।

ह्रास (Depreciation)

स्थायी सम्पति के उपयोग अथवा सयय बीतने के साथ साथ, मूल्य में होने वाली कमी को ह्रास कहते है । किसी सम्पत्ति के अधि-समय उपयोग अथवा अतिरिक्त शिफ्ट कार्य करने पर ह्रास की दर भी बढ़ जाती है । लेकिन यदि ह्रास समय बीतने से सम्बन्धित है तो सम्पति का प्रयोग न होने पर भी उसमें ह्रास होता रहता है ।

ह्रास प्रभार (Depreciation Charge) को लागत लेखों में सम्मिलित किए जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित तर्क दिये जाते हैं :—

(i) इससे उत्पादन की सही लागत का पता चलता है ।

(ii) स्थिति विवरण की सही एवं उचित स्थिति (True and fair view) ज्ञात की जा सकती है ।

(iii) ह्रास लगाये जाने के कारण सम्पति के मूल्य में होने वाली कमी (हानि) को कई वर्षो की अवधि में बांट दिया जाता है ।

(iv) इससे सम्पति के पुर्नस्थापन (Replacement) के लिए पूँजी में से राशि नहीं निकालनी पड़ती है ।

(v) कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत कम्पनी का लाभ-हानि निकालने से पूर्व सम्पत्तियों पर उचित ह्रास लगाया जाना चाहिए ।

ह्रास लगाने की विधियाँ (Methods of Providing Depreciation)—ह्रास लगाने की विभिन्न पद्धतियाँ तथा ह्रास की राशि ज्ञात करने के सूत्र नीचे दिये गये हैं :—

(1) **समान दर पद्धति** (Straight Line Method)—इस विधि के अन्तर्गत ह्रास की राशि प्रतिवर्ष एक निश्चित दर से लगाई जाती है। इस विधि द्वारा सम्पति के अनुमानित जीवन काल के लिए सर्वाधिक प्रभारों द्वारा ह्रास लगाया जाता है। ह्रास निकालने का सूत्र (formula) निम्नलिखित है :—

(सम्पत्ति लागत) – (अनुमानित जीवन काल)

(Asset Cost) – (Estimated life)

यहाँ सम्पत्ति लागत से तात्पर्य सम्पत्ति की मूल लागत एवं अवशेष मूल्य (Scrap Value) के अन्तर से है। अत: यदि किसी सम्पत्ति की मूल लागत 1 लाख रु० हैं, अनुमानित जीवन काल 10 वर्ष तथा अवशेष मूल्य 10,000 रु० तो प्रति वर्ष ह्रास की राशि (1,00,000—10,000) ÷ 10 = 9000 रु० होगी।

(2) **घटती शेष पद्धति** (Diminishing Balance Method)—इस विधि द्वारा सम्पति के शेष पुस्तक मूल्य पर ह्रास लगाया जाता है न कि मूल लागत पर। अत: इस विधि द्वारा सम्पत्ति पर ह्रास प्रभार की राशि प्रतिवर्ष कम होती जाती है। लेकिन इस विधि में भीं एक निश्चित प्रतिशत की दर से ह्रास लगाया जाता है। इस विधि के अनुसार

ह्रास = (सम्पत्ति का अपलखित मूल्य) × (निश्चित प्रतिशत)

Depreciation = (written down value of asset) × (Fixed Percentage)

(3) **उत्पादन इकाई पद्धति** (Production Unit Methed)—इस विधि में सर्वप्रथम सम्पत्ति के मूल्य को इसके जीवन काल में किए जाने वाले उत्पादन से विभाजित करके प्रति इकाई ह्रास दर ज्ञात की जाती है। इस दर से कुल उत्पादन (जो उस अवधि में हुआ है) की मात्रा गुणा करके ह्रास की राशि ज्ञात कर ली जाती है।

ह्रास = (सम्पत्ति की लागत) ÷ (सम्पत्ति के जीवन काल का अनुमानित उत्पादन) × (वार्षिक उत्पादन)

Depreciation = (Asset Cost) ÷ (Estimated Production units during life) × Annual Production of units)

(4) **उत्पादन घंटा दर विधि** (Production Hour Rate Methed)—**इस विधि के अन्तर्गत सम्पति के जीवन काल में उपयोग के कार्य घंटों का अनुमान लगाया जाता है। सम्पत्ति की कुल लागत को इन घंटों की संख्या के विभाजित**

करके प्रति घंटा ह्रास दर ज्ञात की जाती है इस दर को वार्षिक उत्पादन कार्य घंटों की संख्या से गुणा करके ह्रास निकाला जाता हैं -

ह्रास = (सम्पत्ति की लागत) ÷ (सम्पत्ति के जीवन काल के अनुमानित घंटे) × (वार्षिक उत्पादन घंटे)

Depreciation = (Asset cost) ÷ Estimated Production hours during Life) × (Annual Productich hours)

(5) **मरम्मत प्रावधान विधि** (Repair Provision Method)—इस विधि के अन्तर्गत सम्पत्ति की लागत मूल्य में इसके जीवन काल में की जाने वाली मरम्मत तथा रखरखाव लागत को भी जोड़ दिया जाता है। इस कुल राशि पर एक निश्चित अनुपात से ह्रास का प्रावधान किया जाता है। इस विधि के अनुसार

ह्रास = (सम्पत्ति लागत + इसके जीवनकाल में होने वाला मरम्मत व्यय) ÷ (अनुमानित जीवन काल)

Depreciation = (Asset cost + Estimated Repairs Costs during Life) ÷ (Estimated life)

(6) **वार्षिकी विधि** (Annuity Method)—इस विधि के अनुसार एक निश्चित दर से ह्रास लगाने के लिए सम्पत्ति की लागत में सम्पत्ति के प्रति वर्ष के अपलिखित मूल्य पर एक निश्चित दर से ब्याज भी जोड़ लिया जाता है। इस विधि के अनुसार

ह्रास = (सम्पत्ति लागत + जीवन काल का अनुमानित ब्याज) ÷ (अनुमानित जीवनकाल)

Depreciation = (Asset cost + Interest charged during Life) ÷ (Estimated Life)

(7) **निक्षेप निधि पद्धति** (Sinking Fund Method)—इस विधि के अन्तर्गत सम्पत्ति की लागत पर चक्रवृद्धि दर से ब्याज लगाया जाता है तथा इस ब्याज राशि को भी सम्पत्ति लागत में जोड़ दिया जाता है। यह पद्धति सम्पति के पुर्नस्थापन के आशय से लागू की जाती है। इसके अनुसार

ह्रास = (सम्पत्ति लागत + जीवनकाल में प्राप्त किया जाने वाला ब्याज) ÷ (अनुमानित जीवनकाल)

Depreciation = (Asset cost + Interest receivable during Life) ÷ (Estimated Life)

(8) **बंदोबस्ती पॉलिसी पद्धति** (Endowment Policy Method)—इस विधि के अन्तर्गत सम्पत्ति के जीवनकाल की समाप्ति पर सम्पत्ति की लागत के बराबर राशि प्राप्त करने के लिए एक बंदोबस्ती पॉलिसी ली जाती है। इस पॉलिसी पर दिये जाने वाले प्रीमियम के बराबर राशि ह्रास के रूप में प्रभारित की जाती हैं।

इस विधि के अन्तर्गत ह्रास की राशि बीमा कम्पनी द्वारा लिए गए प्रीमियम के बराबर होती है।

(9) **पुनर्मूल्यांकन विधि** (Revaluation Method)—इस विधि के अन्तर्गत सम्पत्ति के वर्ष के प्रारम्भ में तथा वर्ष के अन्त में किए गए मूल्यांकन के अन्तर के बराबर राशि ही ह्रास के रूप में प्रभारित की जाती है। इस विधि के अन्तर्गत

ह्रास=(वर्ष के प्रारम्भ में सम्पत्ति का मूल्य)—(वर्ष के अन्त में सम्पत्ति का मूल्य)

Depreciation=(Value of Asset at the beginning of the year)—(Value of Asset at the end of the year)

Illustration 13·1. A business acquires a new asset for Rs 1,000. It is estimated that it will last five years, at the end of which it will be sold for Rs. 150. The estimated repairs are Rs. 200 over the life and the actual repairs for each year are Rs . 25, Rs. 35, Rs. 30, Rs. 75 and Rs. 35. Show the charges to Profit and Loss Account for each of the five years under the straight line, reducing balance, repair provision and sum of the digit methods.

(1) *Straight Line Method* :

Cost	Rs.	1,000
Scrap Value	,,	50
Net Cost	,,	950
Life		5 years
Depreciation (20%)=	,,	190

(2) *Reducing Balance Method*

$$S=A\left(1-\frac{r}{100}\right)^{l}$$

where S=Scrap value
A=Asset cost
r=Rate of depreciation
l=Life in years

$$50=1{,}000\left(1-\frac{r}{100}\right)^{5}$$

Rate=45%

(3) *Repair Provision Method*

Net Cost	Rs.	950
Repairs	,,	200
Total Cost	,,	1,150
Combine charge per year five years=	,,	230

(4) *Sum of the Digits Methods*

Net Cost =Rs. 950
Sum of years =(1+2+3+4+5)=15

Year 1 depreciation $=\frac{5+1-1}{15}=\frac{5}{15}\times950=317$

Year 2 depreciation $=\frac{5+1-2}{15}=\frac{4}{15}\times950=253$ etc.

The following schedule shows the Comparative figures

Asset Cost	Depreciation and written down balance per year				Total Annual charge for use of asset (Depreciation and Repairs)			
	Straight line Rs.	Reducing balance Rs.	Repair Provision Rs.	Sums of digits Rs.	Straight line Rs.	Reducing Balance Rs.	Repair provision Rs.	Sum digit Rs.
Year 1	1,000 190	1,000 450	1,000 Repair + 35 − 230	1,000 $\frac{5}{15}$ 317	215	475	230	342
Year 2	810 190	550 248	795 Repair + 35 − 230	683 $\frac{4}{15}$ 253	225	283	230	288
Year 3	620 190	302 136	600 Repairs + 30 − 230	430 $\frac{3}{15}$ 190	220	166	230	220
Year 4	430 190	166 75	400 Repairs + 75 − 230	240 $\frac{2}{15}$ 127	265	150	230	202
Year 5	240 190	91 41	245 Repairs + 35 − 230	113 $\frac{1}{15}$ 63	225	76	230	89
Balance	50	50	50	50				

(10) **अंकों का जोड़ पद्धति** (Sum of Digits Method)—इस विधि के अन्तर्गत क्रमशः घटती दर से ह्रास लगाया जाता है। ह्रास लगाने के लिए सम्पत्ति का अनुमानित जीवनकाल ज्ञात किया जाता है। उदाहरणत: यदि किसी सम्पत्ति का जीवन काल 10 वर्ष है तो एक से 10 तक के अंकों का जोड़ (55) कर लिया जाएगा। इसके पश्चात् पहले, दूसरे, तीसरे आदि वर्षों के लिए क्रमशः 10/55, 9/55, 8/55 आदि के अनुपात से ह्रास की राशि ज्ञात कर ली जाएगी।

ह्रास वास्तविक लागत पर अथवा प्रतिस्थापन लागत पर ? (Depreciation on Original Cost or Replacement Cost)—ह्रास साधारणत: वास्तविक लागत पर लगाया जाता है। सम्पत्ति की लागत को इसके उपयोगी जीवन काल में अभि-भाजित करने से उद्देश्य पूरा हो जाता है लेकिन बढते मूल्यों के समय में यह भी आवश्यक होता है कि सम्पत्ति का जीवन काल समाप्त होने पर प्रतिस्थापन किया जा सके। उदाहरणत: 40,000 रु० की लागत की एक मशीन को वास्तविक मूल्य आधार पर ह्रास से प्रभारित किया जाता है। सम्पति के जीवन काल की समाप्ति पर ह्रास के रूप में केवल मात्र 40,000 रु० ही एकत्र होते है, लेकिन यदि सम्पत्ति का वर्तमान मूल्य 60,000 रु० है तो इसे प्रतिस्थापित करना कठिन हो जाएगा। अत: यह वांछनीय हो जाता है कि सम्पत्ति का प्रतिस्थापित मूल्य पर ह्रास लगाया जाना चाहिए। इससे सम्पत्ति के जीवन काल की समाप्ति पर इसे प्रतिस्थापित करने के लिए पर्याप्त राशि एकत्र हो जाएगी। इस पद्धति के पक्ष में निम्नलिखित अति-रिक्त तर्क भी दिये जा सकते हैं।

(1) यदि सम्पत्ति का मूल्य बनाये नहीं रखा जा सकता तो अर्जित लाभ वास्तविक लाभ नहीं होंगे। अत: ऐसी सम्पत्तियों के लिए प्रतिस्थापन मूल्य को ध्यान से रखते हुए कुछ प्रावधान किया जाना चाहिए।

(2) वास्तविक लागत पर ह्रास लगाये जाने पर उपरोक्त अर्थों में परिर्वाद्धित लाभ को लांभाश के रूप में बांट दिया जाता है। इससे व्यापार की पूंजी की स्थिति पर भी प्रभाव पड़ता है।

(3) यदि पुर्नस्थापन लागत आधार पर ह्रास नहीं लगाया जाता है तो सम्पत्ति के पुर्नस्थापन के लिए पर्याप्त धनराशि प्राप्त नहीं होगी। अत: और अधिक पूंजी ऋण प्राप्त करना पड़ेगा।

(4) प्रतिस्थापन मूल्य पर ह्रास लगाकर वस्तु की वास्तविक लागत तथा तदनुरूप सही लाभ ज्ञात हो जाता है।

लेकिन इस पद्धति से ह्रास लगाने के विपक्ष में भी अनेक तर्क दिए जाते हैं—

(1) सम्पत्ति की पुर्नस्थापन लागत ज्ञात करना अत्यन्त कठिन होता है।

(2) आयकर अधिनियम द्वारा प्रतिस्थापन मूल्य पर ह्रास लगाने की अनुमति नहीं दी जाती है। इस विधि द्वारा लाभ तथा आयकर कम निकलेगा।

(3) सम्पत्तियों के गुण एवं किस्म में परिवर्तन होते रहते है अतः विकसित सम्पत्ति के मूल्य पर ऊँची दर से ह्रास लगाने से लाभ-हानि खाते को आवश्यकता से अधिक प्रभारित कर लिया जायेगा। यह ठीक नहीं है।

(4) इस विधि द्वारा एक अनुमानित प्रतिस्थापन लागत पर ह्रास लगाया जाता है, यह लेखांकन के सिद्धान्त के विरूद्ध है।

(5) चढ़ते मूल्यों के समय में प्रतिस्थापन मूल्य से ह्रास लगाने से आयकर कम देना होगा लेकिन गिरते मूल्यों के समय में कम दर से ह्रास लगाने तथा अधिक आयकर देने के सम्बन्ध में उद्योगपति सहमत नहीं होंगे।

उपरोक्त व्यावहारिक कठिनाईयों के कारण ही प्रतिस्थापन मूल्य पर ह्रास लगाने की पद्धति अधिक प्रचलित नहीं है।

ह्रास की दरें (Rates of Depreciation)

(1) **एकाकी दर** (Single Rate)—इस विधि के अन्तर्गत प्रत्येक सम्पत्ति के लिए पृथक-पृथक रूप से ह्रास लगाया जाता है। ह्रास की कुल राशि सभी सम्पत्तियों पर लगाये गये ह्रास के योग के बराबर होती है। यह विधि सरल है लेकिन इसमें अत्यधिक रिकॉर्ड रखने पड़ते हैं। इस पद्धति का उपयोग वहाँ किया जाता है जहाँ किसी सम्पत्ति का ह्रास उस सम्पत्ति द्वारा उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं पर ही लगाया जाना आवश्यक है। लेकिन यदि संस्थान में विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियों की संख्या अत्याधिक है तो इस विधि का उपयोग करना कठिन हो जाता है।

(2) **मिश्रित दर** (Composite Rate)—मिश्रित दर ज्ञात करने के लिए प्रत्येक प्रकार की सम्पत्ति पर उपरोक्त विधि से ही ह्रास लगाया जाता है। इसके पश्चात् ह्रास की सभी राशियों का योग कर सभी सम्पत्तियों की कुल लागत को उससे विभाजित कर दिया जाता है। इस दर का उपयोग वहाँ किया जाता है जहाँ विभिन्न प्रक्रियायें निरन्तर चलती रहती हैं तथा सम्पत्तियों पर एक ही प्रकार के उपकार्य आदि किये जाते हैं। कभी-कभी कुछ सम्पत्तियों के लिए जो आपस में समान (गुण, किस्म आदि में) होती हैं, एक समूह दर से भी ह्रास लगाया जाता है।

(3) **त्वरित दर** (Accelerated Rate)—यह ह्रास की परिवर्धित दर है। इसके अन्तर्गत ऊँची दर से ह्रास लगाया जाता है। इसका उपयोग उन सम्पत्तियों के लिए किया जाता है जिन पर एक शिफ्ट से अधिक (सामान्य से अधिक) कार्य किया जाता है ऐसा किये जाने पर सम्पति में अत्यधिक तेजी से ह्रास होता है। आयकर सम्बन्धी प्रावधानों में भी इस प्रकार के ह्रास की अनुमति दी जाती है।

अप्रचलन (Obsolescence)—अप्रचलन सम्पति के मूल्य में टूट-फूट के अतिरिक्त किसी आकस्मिक हानि को कहते हैं। यदि किसी मशीन का उपयोग

इसलिए बन्द करना पड़ा है कि एक नई विकसित मशीन प्राप्त कर ली गई है तो पहली मशीन अप्रचलन के कारण बेकार हो जाएगी। इसे बाह्य ह्रास (external depreciation) भी कहते है। वाह्य ह्रास विद्यमान मशीनों में तकनीकी कारणों आदि अथवा नई विकसित मशीनों के अविष्कार के कारण होता है। यह उत्पादन पद्धति अथवा उत्पादों में परिवर्तन के कारण भी हो सकता है।

यदि अप्रचलन का अनुमान लगाया जा सकता है तो इससे होने वाली हानि को अतिरिक्त ह्रास के प्रावधान द्वारा पूरा किया जा सकता है। लेकिन यदि ऐसा अनुमान नहीं लगाया जा सकता है तो सम्पत्ति का शेष पुस्तकीय मूल्य उत्पादन लागत से वसूल न करके लागत लाभ हानि खाते में डाल दिया जाना चाहिए।

प्लांट व मशीनरी रजिस्टर (Plant and Machinery Register)

वह संस्थान जिनमें बड़ी संख्या में प्लांट व मशीनें आदि होती हैं एक प्लांट व मशीनरी रजिस्टर रखती है। इस प्रकार के रजिस्टर द्वारा प्रत्येक मशीन पर ह्रास के लिए प्रभार की गणना करना सरल हो जाता है। प्रत्येक मशीन अथवा प्लांट को एक पृथक पृष्ठ संख्या आवंटित की जाती है तथा उसमें मशीन से सम्बन्धित सभी विस्तृत ब्यौरा (जैसे क्रय मूल्य, तिथि, क्रय की तिथि, विक्रेता का नाम व पता, गारन्टी आदि अनुमानित जीवन काल, अनुमानित अवशेष मूल्य (Scrap value), ह्रास दर, ह्रास की विधि, मरम्मत व्यय आदि) लिखा जाता है। प्लांट एवं मशीनरी रजिस्टर के एक पृष्ठ का नमूना अगले पृष्ठ पर दिया जा रहा हैं।

प्लाँट एवं मशीनरी रजिस्टर में प्रत्येक प्लाँट एवं मशीन का विस्तृत ब्यौरा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त उसमें नई मशीनों के क्रय अथवा पुरानी मशीनों की बिक्री का ब्यौरा भी दिया जाता है इस प्रकार मशीन से सम्बन्धित समस्त ब्यौरा एक साथ ही प्राप्त किया जा सकता है। रजिस्टर से प्रत्येक सम्पत्ति का किसी विशिष्ट तिथि पर मूल्य तथा ह्रास भी ज्ञात किया जा सकता है। मशीनों के बारे में अतिरिक्त जानकारी (जैसे मुफ्त सप्लाई किए गए या क्रय किए गये फालतू पुर्जे आदि) की जानकारी भी दी जाती है।

क्षमता लागत (Capacity Cost)

क्रियात्मक क्षमता (Practical Capacity)— किसी प्लांट की दैनिक कार्यो में प्रयुक्त की जाने वाली क्षमता को क्रियात्मक क्षमता (Practial Capacity) कहते है। यह पिछले या वर्तमान अवधि में उपयोग की गई क्षमताओं का औसत है। इस क्षमता का निर्धारण करते समय मरम्मत, रख रखाव, टूट फूट आदि के कारण समय की सामान्य हानि को दृष्टिगत रखा जाता है। यह अधिकतम क्षमता से कम ही होती है। इंजीनियरिंग उद्योगों में क्षमता का निर्धारण मशीन द्वारा प्रति घंटा उत्पादन के हिसाब से किया जाता है क्रियात्मक क्षमता का निर्धारण एक निश्चित अवधि में मशीन के प्रति घंटा दर उत्पादन का औसत निकालकर किया जाता है।

सामान्य क्षमता (Normal Capacity)—यह वह क्षमता है जो एक निर्धारित अवधि में उपयोग के लिए प्राप्त होती है। इसका निर्धारण करते समय मरम्मत, रख रखाव, सामान्य तथा व्यर्थ समय का प्रावधान किया जाता है लेकिन

प्लांट एवं मशीनरी रजिस्टर

(Plant and Machinery Register)

प्लांट का नाम.............. विभाग..................

विवरण.................... मूल्य.....................

प्लांट क्रमांक.............. विभागीय विधि.........

खरीदने की तिथि............ ह्रास की दर...........

अनुमानित जीवन काल...... बीमा.................

तिथि	विवरण	प्रारम्भिक मूल्य	पूंजीगत वृद्धि	मरम्मत एवं नवीकरण	ह्रास	अन्य विवरण	अन्तिम मूल्य

असामान्य व्यर्थ समय, टूट फूट आदि का प्रावधान नहीं किया जाता है। यह अनुमानित अथवा बजट द्वारा निर्धारित क्षमता है जो अधिकतम क्षमता एव उत्पादन की सामान्य हानि को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित की जाती है।

व्यर्थ क्षमता (Idle Capacity)—यह क्षमता का वह अंश है जो असामान्य कारणों (जैसे माँग में कमी, सामग्री की कमी आदि) के कारण उपयोग में नहीं लाया जा सकती हैं।

व्यर्थ क्षमता क्रियात्मक क्षमता तथा विक्रय पर आधारित उपयोग में लाई जाने वाली क्षमता का अन्तर ही है। इस क्षमता के सम्बन्ध में किये गये स्थायी व्ययों के लिए उत्पादन लागत को प्रभारित नहीं किया जाना चाहिए। व्यर्थ क्षमता तथा अतिरिक्त क्षमता (Excess Capacity) एवं व्यर्थ समय (Idle time) में अन्तर किया जाना आवश्यक है। अतिरिक्त क्षमता वहां होती है जहाँ अनुमानित उपभोग्य क्षमता से अधिक उत्पादन क्षमता रखी जाती है। व्यर्थ समय कर्मचारियों और मशीनों द्वारा व्यर्थ किया गया वह समय है जो कार्य कम होने अथवा सामग्री की कमी, मशीन की टूट फूट, निदेशों की इन्तजार आदि में अथवा पूर्व प्रक्रिया से सामग्री प्राप्त होने में देरी के कारण व्यर्थ हो जाता है। व्यर्थ क्षमता वह उत्पादन क्षमता है जिसका प्रयोग नहीं किया जाता है।

व्यर्थ क्षमता लागतों का प्रतिनिधित्व उन स्थायी व्ययों द्वारा किया जाता है जो प्लांट अथवा अन-अवशोषित (unabsorbed) रह जाती है। इस प्रकार वह उपरिव्यय जिनका अवशोषण अथवा संविलयन नहीं हो पाता है, व्यर्थ क्षमता लागतों द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं। व्यर्थ क्षमता का निम्नलिखित फारमूले द्वारा निर्धारण किया जा सकता है :

$$\text{व्यर्थ क्षमता लागत} = \frac{\text{कुल उपरिव्यय लागत (प्लांट सम्बन्धी)}}{\text{प्लांट की सामान्य क्षमता}} \times \text{व्यर्थ क्षमता}$$

$$\text{Idle capacity cost} = \frac{\text{Total overhead related to plant}}{\text{Normal capacity of the plant}} \times \text{Idle capacity}$$

व्यर्थ क्षमता लागत का उपचार (Treatmeni of Idle Capacity Cost)

व्यर्थ क्षमता लागतों के लिए निम्नलिखित उपचारों को ध्यान में रखा जा सकता है

(1) व्यर्थ क्षमता लागत के लिए एक समवर्ती उपरिव्यय दर (Supplementary overhead rate) से प्रभारित किया जा सकता है ताकि अपरिहार्य कारणों (unavoidable causes) जैसे माँग की कमी आदि की दशा में उचित लागत ज्ञात की जा सके।

(2) यदि व्यर्थ क्षमता परिहार्य (avoidable) कारणों से है (जैसे प्रबन्ध की कमी, योजना, नियंत्रण व दूरदर्शिता की कमी आदि व्यर्थ क्षमता की लागत को लागत हानि लाभ खाते से प्रभारित किया जा सके।

(3) व्यापारिक मंदी आदि के कारण व्यर्थ क्षमता को लागत लाभ हानि खाते से प्रभारित किया जा सके।

(4) यदि व्यर्थ क्षमता कम्पनी के उत्पादों की मौसमी माँग के कारण है तो इसे उपरिव्यय दर को बढ़ा कर उत्पादन लागत से प्रभारित किया जाना चाहिए।

उपरिव्यय लागतों संबंधी प्रतिवेदन
(Overhead Costs Reports)

उपरिव्यय लागतों पर नियन्त्रण के उद्देश्य से लागत लेखापाल द्वारा निम्न-लिखित प्रतिवेदन बनाए तथा उच्च प्रबन्धकों के पास भेजे जाते हैं।

(1) **उपरिव्यय वितरण सूची** (Overheads distribution statement) : इस विभागीय वितरण सारांश (departmental distribution summary) भी कहते हैं। इसमें व्यय की विभिन्न मदों सम्बन्धी विस्तृत विवरण, उनके उत्पादन तथा विभिन्न सेवा विभागों पर वितरण सम्बन्धी विस्तृत विवरण दिया जाता है। इस सूची में दिये गए लागत के वास्तविक आकड़ों की, बजटीय आकड़ों अथवा पिछली अवधि के आकड़ों से तुलना की जा सकती है तथा किसी मद पर होने वाले अत्याधिक व्यय के नियन्त्रण हेतु प्रबन्धकों द्वारा उपचारक कदम (remedial measures) उठाए जा सकते हैं।

(2) **उपरिव्यय के अति अथवा न्यून संविलयन की सूची** (Statement of over or under absorption of overheads) : इस सूची द्वारा उपरिव्ययों की वास्तविक लागत राशि तथा प्रभारित राशि को प्रदर्शित किया जाता है तथा इन दोनो राशियों के अन्तर को प्रत्येक विभाग के सम्बन्ध में अति अथवा न्यून संविलयन के रूप में दिखाया जाता है। अति अथवा न्यून संविलयन के सम्बन्ध में किसी समवर्ती दर को मी इस सूची में एक अलग स्तम्भ में प्रदर्शित किया जा सकता है अन्यथा उच्च प्रबन्धकों द्वारा उपरिव्ययों के अति अथवा न्यून संविलयन की राशि के उपचार हेतु किसी विधि का उल्लेख किया जा सकता है।

(3) **प्लांट क्षमता उपयोगिता सम्बन्धी प्रतिवेदन :** (Plant capacity utilisat ion report) : प्लांट उपयोगिता अथवा व्यर्थ क्षमता प्रतिवेदन द्वारा प्रत्येक प्लांट व मशीन की वास्तविक क्षमता, सामान्य क्षमता, उपयोग की गई क्षमता तथा व्यर्थ क्षमता का कारणों सहित वर्गीकरण करके क्षमता के न्यून उपयोग के कारणों का निर्धारण किया जा सकता है प्रबन्धकों द्वारा व्यर्थ क्षमता को संस्थान के लिए लाभदायक किसी रूप में प्रयोग करने के लिए कदम उटाए जा सकते है।

(4) **लाभ एवं हानि सम्बन्धी तुलनात्मक सूची** Comparative Profit and Loss statement) : इस सूची द्वारा सामान्य एवं प्रशासनिक व्ययों तथा विक्रय

एवं वितरण लागतों तथा प्रत्येक उत्पाद सम्बन्धी शुद्ध लाभ को प्रदर्शित करने के लिए प्रत्येक उत्पाद सम्बन्धी तुलनात्मक सूची तैयार की जाती है। इस सूची द्वारा विभिन्न उत्पादों का तुलनात्मक अध्ययन करना आसान हो जाता है ताकि अधिक एवं कम लाभ प्रतिशत अर्जित करने वाले उत्पादों का पता लगाया जा सकता है इसके द्वारा प्रबन्धक किसी एक उत्पाद का उत्पादन बढाने अथवा किसी अन्य उत्पाद का उत्पादन घटाने सम्बन्धी निर्णय ले सकते हैं।

(5) **कार्यानुसार प्रतिवेदन** (Functionwise report) : उपरिव्यय लागतों पर नियन्त्रण की दृष्टि से प्रबन्धकों द्वारा निम्नलिखित अन्य प्रतिवेदन बनवाये जा सकते हैं।

(i) उत्पादन व्यय प्रतिवेदन (Production expenses report)

(ii) प्रशासन व्यय प्रतिवेदन (Administration Expenses report)

(iii) विक्रय एवं वितरण व्यय प्रतिवेदन (Selling and distribution expenses report) आदि।

इन प्रतिवेदनों द्वारा उत्पादन, प्रशासन, विक्रय तथा वितरण के सम्बन्ध में वास्तविक तथा बजटीय आंकडे प्रदर्शित किए जा सकते हैं ताकि उन आकडों में विचरण (variances) का अध्ययन किया जा सके तथा उपचारक कदम उठाए जा सके।

उपरिव्ययों की वसूली साधारणय: सामान्य क्षमता पर आधारित दर के आधार पर की जाती है। उपरिव्यय का संविलयन क्षमता के उपयोग की सीमा तक ही किया जाता है। वह उपरिव्यय जिनका उत्पादन में संविलयन नहीं किया जा सकता है, व्यर्थ क्षमता लागत का प्रतिनिधित्व करते हैं। अत: उपरिव्ययों की कम वसूली से व्यर्थ क्षमता का पता चलता है। व्यर्थ क्षमता लागत, जो व्यापारिक मंदी आदि असामान्य कारणों के परिणामस्वरूप होती है, की लागत को लाभ हानि खात में डाल दिया जाता है लेकिन सामान्य कारणों से होने वाली व्यर्थ क्षमता लागत को उत्पादन लागत में मिला दिया जाना चाहिए।

लागत लेखों में कुछ विशेष मदें
(Treatment of Some Special Items in Cost Accounts)

(1) **कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में योगदान** (Contribution to Staff Provident Fund)—नियोक्ता द्वारा कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में किया गया योगदान श्रम लागत की ही मद है। इस सम्बन्ध में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष श्रमिकों के सम्बन्ध में किए गये योगदान में अन्तर किया जाना आवश्यक है। अप्रत्यक्ष श्रमिकों के लिए किए गये योगदान उपरिव्यय की श्रेणी में आते हैं वैसे तो प्रत्यक्ष

श्रमिकों के सम्बन्ध में किए गय योगदान का सम्बन्धित उपकार्य खाते के प्रत्यक्ष व्ययों में सम्मिलित किया जाना चाहिए लेकिन आसानी एवं सुविधा के लिए इसे भी उपरिव्ययों में डाल दिया जाता है ।

(2) **पैकिंग** (Packing)—यदि पैकिंग वस्तु का ही एक भाग बन जाता है तो उसे प्रत्यक्ष सामग्री की लागत में जोड़ दिया जाता है । ऐसी स्थिति में यह मूल लागत का ही भाग बन जाता है । डिब्बे, लपेटने का कागज, बॉक्स आदि ऐसी पैकिंग सामग्री है जिसे प्रत्यक्ष सामग्री में सम्मिलित किया जाना जाहिए । यदि सामान को इकट्ठा करके पैक किया गया है तो पैकिंग वितरण व्ययों का ही एक भाग होगा । अतः इसे विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों में सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

(3) **आयकर** (Income-Tax)—आयकर, क्योंकि लाभ का ही नियोजन है अतः इसे लागत खातों में सम्मिलित नही किया जाता है ।

(4) **प्राप्त कटौती** (Discount Received)—व्यापारिक छूट अथवा कटौती को सामान्यतः सामग्री से बीजक मूल्य में से घटा दिया जाता है । लेखा पुस्तकों में शुद्ध राशि (Net amount) से प्रविष्टियाँ की जाती हैं । अतः व्यापारिक कटौती को अलग से नहीं दिखाया जाता है । सामान्यतः नकद कटौती को लागत लेखों में सम्मिलित नहीं किया जाता क्योंकि यह वित्त सम्बन्धी मद है ।

(5) **अशोध्य ऋण** (Bad Debts)—अशोध्य ऋण अथवा डूबी रकम विक्रय व्यय का ही भाग है । इसे सामान्यतः साख पर बिक्री (credit sales) की प्रतिशत के रूप में लिया जाता है । इस प्रतिशत का निर्धारण पुराने अनुभवों से आधार पर किया जा सकता है । अशोध्य ऋणों को इस निर्धारित प्रतिशत के आधार पर बिक्री से ही वसूल किया जाता है एक अन्य विधि द्वारा अशोध्य ऋणों को असामान्य व्यय मानते हुए लागत लाभ हानि खाते के नाम में लिख देते हैं । लेकिन ऐसा करना ठीक नहीं है । अशोध्य ऋणों को लागत का ही एक मद माना जाना चाहिए ।

(6) **छुट्टी का वेतन** (Leave's Pay)—इसे एक विशेष प्रकार की व्यर्थ मद (Idle item) कह सकते हैं । क्योंकि श्रमिकों द्वारा छुट्टियां वर्ष भर में समान रूप से वितरित नहीं की जाती अपितू अपनी आवश्यकतानुसार ही ली जाती हैं । अतः इसे वसूल करने के लिए सामान्य वेतन परिवर्द्धित (Inflate) नहीं किया जा सकता है । फैक्टरी के कर्मचारियों द्वारा की गई छुट्टियों का वेतन फैक्टरी उपरिव्यय में सम्मिलित किया जाता है तथा इसे किसी उचित विधि से प्रभारित किया जाता है । कार्यालय कर्मचारियों द्वारा ली गई छुट्टियों का वेतन प्रशासन उपरिव्यय में सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

(7) **महंगाई भत्ता** (Dearness Allowance)—महगाई भत्ता एक निश्चित राशि नहीं होती है तथा यह Cost of Living index पर आधारित होती है ।

यदि महंगाई भत्ते के रूप में उत्पादन से प्रभारित करना चाहिए लेकिन यदि यह सूचकांक (index number) पर आधारित है तो इस सम्बन्ध में देय राशि का पूर्व निर्धारण नहीं किया जा सकता है अतः इसे उपरिव्यय ही मानना चाहिए। अप्रत्यक्ष श्रमिकों को दिया गया महंगाई भत्ता भले ही वह निश्चित राशि ही क्यों न हो, उपरिव्यय ही माना जाना चाहिए।

(8) **रात्रि शिफ्ट का बोनस** (Night shift bouns)—यह अप्रत्यक्ष श्रम से सम्बन्धित मद है अतः इसे फैक्टरी उपरिव्ययों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

(9) **खराब माल की लागत** (Cost of defectives)—खराब कार्य उसे कहते हैं जो प्रमाप के अनुसार नही होता है। सामान्यतः उस कार्य को अतिरिक्त श्रम तथा लागत द्वारा ठीक किया जा सकता है। खराब माल को ठीक करने में किए गये अतिरिक्त व्ययों को माल के खराब होने के कारणों के आधार पर प्रभारित किया जा सकता है।

(i) यदि खराब माल का उत्पादन उत्पाद की प्रकृति के कारण ही है तो उसमें सुधार करने का व्यय उस उपकार्य खाते में डाल देना चाहिए।

(ii) उपरोक्त कारण के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से होने वाले खराब कार्य पर किया गया अतिरिक्त व्यय उपरिव्यय में जोड़ा जाना चाहिए।

(iii) यदि खराब कार्य श्रमिक की लापरवाही का परिणाम है तो इसे श्रमिक से वसूल किया जाना चाहिए।

(iv) यदि यह आए आदि कारणों का परिणाम है तो सुधार पर होने वाला व्यय लागत लाभ हानि के खाते में डाल देना चाहिए।

(10) **स्वत्व शुल्क (रायल्टी)** (Royalties)—यदि किसी पेटेन्ट को उपयोग करने के लिए रायल्टी दी जाती है तो इसे उत्पादन लागत में सम्मिलित किया जाना चाहिए। लेकिन यदि रायल्टी का भुगतान विक्रय की मात्रा के अनुसार होता है तो इसे विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

(11) **खराब सामग्री तथा घटिया कार्य कुशलता के कारण दोषपूर्ण उत्पाद** (Defectives due to Bad workmanship and Bad Materials)—यदि दोषपूर्ण उत्पाद सामान्य है तथा उसे कार्य आदेश संख्यानुसार पहचान कर लागत वितरित नहीं की जा सकती है, तो इस सम्बन्धी लागत को फैक्टरी व्ययों के साथ ही उत्पादन विभागों से प्रभारित किया जाना चाहिए। यदि दोषपूर्ण उत्पाद द्वितीय (second) वस्तुओं के रूप मे बेच दिये जाने है तो इस प्रकार विक्रय से प्राप्त राशि उचित आयगत खाते में डाल दी जानी चाहिए। यदि दोषपूर्ण वस्तुओं को सुधारा नहीं जा सकता हो तो निरीक्षक द्वारा प्रपत्र तैयार किया जाना चाहिए।

यदि दोषपूर्ण वस्तु के कारण हानि की मात्रा अत्यधिक हो तो इस हानि को समस्त श्रेष्ठ उत्पादन से अवशोषित किया जाना चाहिए।

(12) **अनुसंधान एवं विकास व्यय** (Research and development expenses)—यदि ग्राहक द्वारा नई वस्तु के निर्माण का आदेश दिया गया है जिसके लिए अनुसन्धान एवं विकास व्यय किये गये हैं तो इसे उस ग्राहक के उसी विशिष्ट आदेश की लागत में सम्मिलित किया जाना चाहिए। विद्यमान वस्तुओं का विकास पर होने वाला व्यय कई वर्षों में किश्तों में वसूल किया जाना चाहिए तथा इसे आस्थगित आयगत व्यय (deferred revenue expenditure) के रूप में दिखाया जाना चाहिए।

(13) **सामग्री का अप्रचलन** (Material obsolescence)—यह सामग्री के स्टॉक का वह भाग है जो नये आविष्कारों अथवा विकसित उत्पादों के कारण अप्रचलित हो जाता है यदि सामग्री बेकार हो जाती है तो सामग्री का मूल्य कुल हानि मान लिया जाएगा कई बार सामग्री का कुल अवशेष मूल्य भी होता है। सामान्यत: इस प्रकार की हानि को लाभ हानि खाते में डाल दिया जाता है लागत विभाग द्वारा एक मासिक अथवा त्रैमासिक रिर्पोट बनाई जानी चाहिए जिनमें अप्रचलित तथा बेकार सामग्री एवं उसके मूल्य तथा अप्रचलन के कारणों का उल्लेख होना चाहिए। इस प्रकार की हानि को रोकने के लिए विशेष कदम उठाये जाने चाहिए।

(14) **पूर्णतः अपलिखित प्लांट व मशीनरी पर सांकेतिक ह्रास** (Notional depreciation on plant and machinery completely written off)—प्लांट एवं मशीनरी की लागत को पूर्णत: अपलिखित करने के पश्चात् भी उसका उपयोगी जीवनकाल हो सकता है। ऐसी स्थिति में लागत का सही निर्धारण करने के लिए इस सम्पत्ति पर सांकेतिक ह्रास वसूल किया जाना चाहिए। इस ह्रास राशि को लाभ हानि खाते के क्रैडिट में डाल देना चाहिए। एक अवधि की लागत की दूसरी अवधि की लागत से तुलना करने के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है।

(15) **श्रमिकों को दिया जाने वाला बोनस** (Bonus to Workers)—बोनस भुगतान अधिनियम के अन्तंगत भारत में प्रत्येक लाभार्जित करने वाले संस्थान के लिए बोनस देना आवश्यक है। बोनस को भी लागतों में सम्मिलित किया जाना चाहिए। प्रत्यक्ष श्रमिकों की दशा में बोनस राशि का अनुमान लगाकर मजदूरी दरों को परिर्यदित (Inflate) कर देना चाहिए ताकि उपकार्यों की सही लागत ज्ञात की जा सके। अप्रत्यक्ष श्रमिकों की दशा में इसे फैक्टरी उपरिव्ययों में जोड़ देना चाहिए।

यदि बोनस अनुग्रही भुगतान के रूप में जोड़ दिया जा रहा है तो इस लागत लेखों में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह लाभ का नियोजन ही होगा।

(16) **स्थायी यंत्रों की लागत** (Cost of durable tools)—इस लागत को उपकार्यों की लागत पर ह्रास की किसी उचित विधि द्वारा वितरित कर दिया जाना चाहिए। यह वितरण उपकार्यों द्वारा यंत्रों के प्रयोग के आधार पर किया जाना चाहिए। यंत्रों का ह्रास प्रति घंटा दर से निर्धारित करना अधिक श्रेयस्कर होगा। इस घंटा दर को किसी उपकार्य के लिए उपभोग किये गये यंत्र घंटों से गुणा करके उपकार्य संबंधी प्रभार राशि ज्ञात की जा सकती है। यदि यंत्रों को किसी ऐसे उपकार्य में प्रयोग किया जाता है जो लम्बे समय तक चलेगा तो उस उपकार्य से यंत्रों का मूल्य प्रभारित करके उपकार्य पूर्ण होने पर यंत्रों के शेष मूल्य से उपकार्यों के जमा में प्रविष्टि की जा सकती है।

(17) **कस्टम अधिकारियों द्वारा वसूल किया गया दंड** (Penelty imposed by custom anthorities)—यह एक असामान्य व्यय है तथा इसे लागतों में सम्मिलित न करके लागत हानि लाभ खाते के जमा में दिखाया जाना चाहिए।

(18) **मार्गस्थ बीमा** (Transit insurance)—यह वितरण लागत है अतः इसे उत्पादों के विक्रय मूल्य के आभार पर प्रभारित किया जाना चाहिए।

(19) **निरीक्षण लागत** (Inspection cost)—यह उत्पादन सेवा सम्बन्धी लागत है अतः इसे विभिन्न विभागों में व्यतीत किये गये निरीक्षण घंटों के आधार पर प्रभारित किया जाना चाहिए।

(19) **सामग्री रखरखाव** (Material handling)—इन लागतों को (यदि भण्डारगृह के भीतर की गई हैं) भण्डारगृह उपरिव्ययों से प्रभारित किया जाना चाहिए भण्डारगृह से विभिन्न विभागों तक सामग्री पहुँचाने में होने वाला व्यय विभागीय उपरिव्ययों से वसूल किया जाना चाहिए। यदि सामग्री अथवा अर्द्ध-निर्मित सामग्री एक विभाग से दूसरे विभाग में पहुंचाई गई है तो उसे प्राप्त करने वाले विभाग से यह व्यय वसूल किये जाने चाहिएँ।

(21) **अन्य लाभ** (Fringe benefits)—यह वह भुगतान अथवा श्रमिकों को दी जाने वाली सुविधाओं का व्यय है जो वेतन के अतिरिक्त किया जाता है। इस व्ययों में प्रत्यक्ष लागत संबंधी व्यय जैसे मकान किराया, महंगाई भत्ता तथा प्रति-स्थान संबंधी छूट (city compensatoy allowance) आदि सम्मिलित नहीं किये जाते हैं। यह लाभ अधिसमय (overtime), अतिरिक्त शिफ्ट ड्यूटी भत्ता, यात्रा भाड़ा भत्ता अथवा छूट, छुट्टी का वेतन, पेन्शन संबंधी सुविधायें, बीमा सुविधायें, आवश्यक वस्तुओं की सस्ती दर पूर्ति तथा वेल्फेयर सुविधायें आदि के रूप में दिया जा सकता है। इन प्रत्यक्ष लाभों द्वारा कर्मचारियों की संस्था के प्रति वफादारी एवं

अन्य भावनाओं के विकास में सहायता मिलती है। यदि इन अन्य लाभों पर अत्यधिक राशि व्यय की जाती है तो उसे समवर्ती मजदूरी या श्रम दर (Supplementry rate) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन से प्रभारित किया जा सकता है अन्यथा इन्हें उत्पादन उपव्ययों के एक भाग के रूप में एकत्रित किया जा सकता है।

(22) **विज्ञापन व्यय** (Advertising expenses)

लागत लेखों में विज्ञापन व्ययों को सम्मिलित किये जाने के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

(i) यदि विज्ञापन किसी विशिष्ट उत्पाद के लिए तथा निरन्तर रूप से किया जाता है तो व्यय को उसी उत्पाद से प्रभारित किया जाना चाहिए।

(ii) यदि विज्ञापन कई उत्पादों के लिए तथा निरन्तर रूप से किया जाता हैं तो व्ययों को विभिन्न उत्पादों से उनके विक्रय मूल्य के आधार पर प्रभारित किया जाना चाहिए।

(iii) यदि विज्ञापन बाजार में किसी नये उत्पाद को प्रचलित करने के लिए किया जाता है ताकि भविष्य में उस उत्पाद को बेचा जा सके, तो इन व्ययों को अगली अवधि में ले जाना चाहिए तथा उत्पाद की बिक्री होने पर प्रभारित किया जाना चाहिए।

(iv) यदि विज्ञापन पर प्रारम्भ में अत्याधिक व्यय किया गया है तो इस व्यय को उन वर्षो के लिए जिन के दौरान अतिरिक्त विक्रय होने की सम्भावना है वितरित किया जाना चाहिए।

(24) **प्रोत्साहन बोनस** (Incentive Bonus)—यह मजदूरी का ही एक भाग है तथा कर्मचारियों की उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य से दिया जाता है। प्रोत्साहन बोनस के लिए निम्नलिखित उपचार किए जाने चाहिए।

(i) यदि यह बोनस प्रत्यक्ष श्रमिकों को देय (Payable) हैं तो इसे प्रत्यक्ष मजदूरी के एक भाग की भाँति लिया जाना चाहिए तथा विभिन्न उपकार्यों से प्रभारित किया जाना चाहिए।

(ii) यदि यह बोनस अप्रत्यक्ष श्रमिकों को देय है तो इसे उपरिव्ययों की भाँति लिया जाना चाहिए तथा विभिन्न विभागों से प्रभारित किया जाना चाहिए।

(24) **बोनस भुगतान अधिनियम के अन्तंगत दिया गया बोनस** (Bonus paid under the Payment of Bonus Act)—इस अधिनियम के अन्तंगत कम्पनी को अपने श्रमिकों को आवश्यक रूप से बोनस देना पड़ता है। लागत लेखों में इस बोनस के संबंध में निम्नलिखित उपचार किया जाना चाहिए :—

(i) बोनस की न्यूनतम राशि को मजदूरी अथवा वेतन का एक भाग ही माना जाना चाहिए तथा इसे लागतों से ही प्रभारित करना चाहिए।

(ii) यदि देय (payable) बोनस की राशि न्यूनतम सीमा से अधिक है तो अतिरिक्त राशि को लागत लाभ हानि खाते से प्रभारित किया जाना चाहिए।

प्रश्न (Questions)

1. ह्रास किसे कहते हैं ? खातों में ह्रास सम्बन्धी प्रावधान करने की विधियों का वर्णन कीजिए।

What is depreciation ? List the various methods of providing depreciation in accounts ?

2. स्थायी सम्पत्तियों पर पुर्नस्थापन मूल्य पर ह्रास प्रभारित करने के पक्ष तथा विपक्ष में तर्क दीजिए।

Indicate the reasons for and against depreciation of fixed assets on their raplacement value instead of their original cost.

3. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए :—

(क) ह्रास की परिवर्द्धित दर (ख) अप्रचलन (ग) पुर्नस्थापन लागत।

Write short notes on: (a) Accelerated rate of depreciation ; (b) Obsolescence ; and (c) Replacement cost.

4. किसी उद्योग के सम्बन्ध में (i) क्रियात्मक क्षमता (ii) सामान्य क्षमता तथा (iii) व्यर्थ क्षमता का वर्णन कीजिए।

Explain the terms "Practical Capacity", "Normal Capacity" and "Idle Capacity" with reference to any industry with which you are familiar.

5. एक उत्पादक सस्थान के लागत लेखों में आप निम्न मदों को किस प्रकार प्रविष्ट करेंगे :—

(i) अनुसंधान तथा विकास व्यय (ii) पूंजी पर व्याज (iii) आयकर (iv) भाड़ा तथा चूंगी व्यय (v) उत्पादन श्रमिकों तथा कार्यालय कर्मचारियों का अवकाश वेतन (vi) मशीन की कार्यक्षमता वढाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का व्यय (vii) डिब्बों की लागत (viii) पैकिंग लागत (ix) व्यर्थ समय की मजदूरी (x) लागत विभाग का व्यय (xi) क्षय (xii) अधिसमय (xiii) सामग्री रख-रखाव (xiv) निरीक्षण लागत।

How would you deal with the following items in the cost accounts of a manufacturing concern ? Give reasons :—

(a) Research and Development Expenditure. (b) Interest on Capital. (c) Bad Debts. (d) Income-tax. (e) Freight and Octroi outward. (f) Holiday Pay of work people and office staff. (g) Cost of moving a machine to another site to promote more efficient working. (h) Direct labour engaged in designing new tools for future manufacture. (i) Cost of containers. (j) Packaging costs. (k) Idle time wages. (l) Expenses of costing department. (m) Wastage. (n) Overtime. (o) Material handling (p) Inspection cost, and (q) Inspection Transit Insurance.

6. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(i) निर्माणाधीन कार्य

(ii) व्यर्थ समय

(iii) पूँजीगत आदेश

उपरोक्त में से किन्ही एक के सम्बन्ध में यह बताइए कि उसे आप किस सीमा तक उपरिव्यय लागतों में सम्मिलित करेगें।

(*a*) Write short notes on—

(*i*) Work-in-Progress ; (*ii*) Idle time ; (*iii*) Capital orders.

(*b*) With respect to any one of the above, discuss to what extent if any, you would include overhead costs in computing the total cost of the same.

7. आपकी कम्पनी का प्रबन्ध निर्देशक यह समझता है कि ब्याज सम्बन्धी लागतों में वृद्धि होने के कारण इसे उत्पादन लागतों में सम्मिलित किया जाना चाहिए भले ही यह केवल वित्तीय प्रभार है। इस विषय पर विश्लेषणात्मक टिप्पणी लिखते हुए उसे एक पत्र लिखिए।

The Managing Director of your company feels that in view of the rise in interest costs, it should be included in the cost structure of the products manufactured, even though it is only a financial charge. Write a letter to him discussing the issue critically.

8. एक निर्माणी कम्पनी के आन्तरिक अंकेक्षक के रूप में निम्नलिखित व्ययों की उपयुक्तता के सम्बन्ध में आप स्वयं को किस प्रकार संतुष्ट करेंगे।

(i) बीमा प्रभार

(ii) मोटर कार व्यय

(iii) मनोंरजन व्यय

As an Internal Auditor of a manufacturing company, how would you satisfy yourself as to the reasonableness of any two of the following expenses :

(*i*) Insurance charges.

(*ii*) Motor Car expenses.

(*iii*) Entertainment expenses.

9. निर्माण एवं अन्य कम्पनी (अंकेक्षण रिपोर्ट) आदेश 1975 के अन्तंगत निर्माणी कम्पनियों के लिए स्थायी सम्पत्तियों का रिकार्ड रखना आवश्यक है। इस आदेश के मुख्य प्रावधानों का वर्णन कीजिए एवं रिकार्ड रखने के लिए फार्म का नमूना बनाइये।

The manufacturing & Other Companies (Auditors Report) Order of 1975, requires manufacturing companies to maintain a record of their Fixed Assets. Explain in detail the provisions under this Order and give a specimen form of the record to be maintained in compliance thereof.

14 इकाई अथवा उत्पादन लागत विधि

(Unit or Output Costing)

इस विधि द्वारा उत्पादन की इकाईयों द्वारा लागत निर्धारित की जाती है। यह विधि उन संस्थानों में प्रयुक्त की जाती है जहाँ उत्पादन निरन्तर चलता रहता है तथा उत्पादन की इकाईयां एक समान ही होती है। इस विधि के अर्न्तगत प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के लिए किसी अवधि की कुल लागत को उस अवधि में उत्पादित इकाईयों की संख्या से विभाजित कर देते है। सामान्यत: वह संस्थायें जिनमें एक ही अथवा एक ही प्रकार की दो या अधिक वस्तुओं का उत्पादन होता है, इस विधि को प्रयोग में लाती है। यह पद्धति कोयले की खानों, चीनी मिलों, सीमेंट के कारखानों, ईटों की भट्टियों, कागज मिलों आदि में प्रयोग में लाई जाती है। इन सभी संस्थानों में लागत की एक प्राकृतिक इकाई होती है जैसे कोयले का एक टन, चीनी का एक क्विटल, एक टन सीमेंट. 1,000 ईटें, 1 किलो कागज आदि।

लागतों का संग्रहण (Collection of Costs)

(1) **सामग्री** (Material)—एक ही प्रकार की वस्तु का उत्पादन होने के कारण तथा उत्पादन प्रक्रिया सुगम होने के कारण समस्त सामग्रीं को उस अवधि के उत्पादन से प्रत्यक्षत: प्रभारित कर दिया जाता है। रख रखाव (Maintenance) तथा अन्य प्रयोजनों के लिए निर्गमित सामग्री माँग पत्रों (Requisition Slips) की सहायता से लागत केन्द्रों (Cost Centres) में विशलेषित कर दी जाती है। सामग्री के सामान्य हानि के समायोजन से लिए सामग्री का निर्गम मूल्य परिवर्द्धित (Inflate) कर दिया जाता है।

(2) **श्रम** (Labour)—श्रम सम्बन्धी लागतों को फैक्टरी के प्रत्येक विभाग के लिए पृथक रूप से तैयार की गई आवधिक (Periodic) वेतन सूचियों से संग्रहित किया जा सकता है। इस प्रकार के विश्लेषण का उद्देश्य विभिन्न विभागों अथवा लागत केन्द्रों से सम्बन्धित लागतों का स्थानीयकरण तथा उन पर नियन्त्रण करना है। श्रम लागत—भले ही वह प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, पृथकत: परिचित एवं प्रभारित किया जाना चाहिए। प्रत्यक्ष श्रम लागत पृथक रूप से प्रभारित की जाती है तथा मूल लागत का ही एक भाग बन जाती है, जबकि अप्रत्यक्ष श्रम लागत फैक्टरी उपरिव्ययों में सम्मिलित कर दी जाती हैं।

(3) **प्रत्यक्ष व्यय** (Direct Expenses)—यह व्यय भी पृथकत: ज्ञात किये जाते है ताकि मूल लागत में ही सम्मिलित किए जा सके।

(4) **उपरिव्यय** (Overheads)—उपरिव्ययों को तीन मुख्य श्रेणियों में बाँटा जा सकता है—फैक्टरी उपरिव्यय, कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय तथा विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय। यह सामान्यत; पूर्व निर्धारित दर से प्रभारित किए जाते है।

उपरोक्त विश्लेषण को लागत विवरण अथवा उत्पादन खाते द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है ।

अवशेष का लेखा जोखा (Treatment of Scarp)—कुछ प्रकार के उत्पादनों में कुछ मात्रा में तथा कम मूल्य का कुछ अवशेष रह जाता है । इस अवशेष को काम में नहीं लाया जा सकता । अत: इसका विक्रय मूल्य फैक्टरी उपरिव्ययों में से कम कर दिया जाना चाहिए । निम्नलिखित पृष्ठों में कुछ विशिष्ट उद्योगों पर आधारित लागत विवरण दिये जा रहे हैं ।

Illustration 14·1. From the following particulars of Rosa Ram Ltd. for three months ending 31st March, 1978 prepare :—

(*a*) Cost sheet for the period giving various costs and (*b*) Profit and Loss Account for the quarter showing profit per barrel.

Wages Rs. 12,000 Coal and Oil 11,200, Cooperage, Corks and Shives Rs. 4,000, Malt Rs. 40,000, Hops 10,800, Beer Duty

Rs. 2,80,000, Water Rs. 1,000, Rent and Taxes Rs. 6,000, By-product Rs. 3,600, Sugar Rs. 14,000, Presevatives Rs. 1,600, Other Materials Rs. 1,200, Repairs Rs. 1,800, Depreciation Rs. 1,200, Administration Expenses Rs. 24,000, Selling and Distribution Expenses Rs. 30,000.

Opening stock of beer Rs. 40,500 (300 barrels), Closing stock of beer Rs. 67,500 (500 barrels) Beer Sales Rs. 4,98,000 (2,800 barrels), Beer brewed during the period 3,000 barrels.

Solution

COST SHEET FOR THE QUARTER ENDING 31ST MARCH, 1978
(*Output* : *Beer Brewed* 3.000 *Barrels*)

	Total Cost Rs.	Cost Per Barrel Rs.
Materials Consumed :		
Malts	40,000	13·33
Hops	10,800	3·60
Sugar	14,000	4·67
Preservatives	1,600	0·53
Other materials	1.200	0·40
Water	1,000	0·33
	68,600	22·86
Beer Duty	2,80,000	93·33
	3,48.600	116·19
Less Proceeds from sale of by-product	3,600	1·19
	3,45,000	115·00
Wages	12,000	4 00
Prime Cost	3,57,000	119·00
Factory overheads :		
Coal and Oil	11,200	3·73
Cooperage, Corks and Shives	4,000	1·33
Rent and Taxes	6,000	2·00
Repairs	1,800	0 60
Depreciation	1,200	0 40
Factory Cost	3,81,200	12·06
Administration Expenses	24,000	8·00
Cost of Production	4,05,200	135·06

PROFIT AND LOSS ACCOUNT
for the quarter ending 31st March 1978

	Barrel	Total	Per Barrel		Barrel	Total	Per Barrel
	Rs.	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.	Rs.
To Opening Stock	300	40,500		By Sales	2,800	4,98,000	177·85
,, Cost of Production	3,000	4,05,200	135·06	,, Stock (at cost)	500	67,500	
,, Selling & Distribution expenses		30,000	10·72				
,, Net Profit		89,800	32·07				
	3,300	5,65,500	177·85		3,300	5,65,500	177·85

Illustration 14 2 From the following particulars, make out a nonthly cost sheet of the Coke and By-products Company :

	January, 1978
Coal used 5,000 tons	@ Rs. 25 per ton
Coke produced 3,500 tons	@ ,, 50 per ton
Tar produced 210 tons	@ ,,100 per ton
Sulphate of Amonia produced 49 tons	@ ,,300 per ton
Benzol produced 48 tons	@ ,,130 per ton
Raw materials used to the value	Rs. 17,500
Wages paid	,, 7,170
Repairs and Renewals	,, 5,630
Salaries and General Charges	,, 8,100

Show the percentage of each product to the weight of coal used.

Solution

COKE AND BY-PRODUCT COMPANY
Monthly Cost Sheet

		Quantity (tons)	Rate Rs.	Total Rs.
Cost of Coal used		5,000	25·00	1,25,000
Cost of Raw Materials				17,500
Wages paid				7,170
Repairs and Renewals				5,630
General Charges				8,100
Cost of Production				1,63,400
Less : Value of by-products Produced :	Rs.			
Tar	21,000			
Sulphate of Amonia	14,700			
Benzol	6,240			41,940
Cost of coke		3,500	34·70	1,21,460
Profit			15·30	53,540
Selling Price			50·00	1,75,000

(4) **कच्ची सामग्री एवं अन्य वस्तुओं की सुलभता** (Availability of Raw Materials and other Supplies)—विक्रय के अनुमान लगाते समय कच्ची सामग्री एवं अन्य सम्बन्धित वस्तुओं की प्राप्ति एवं सुलभता को भी विक्रय बजट बनाते समय ध्यान में रखना चाहिए। यदि कच्ची सामग्री कम मात्रा में उपलब्ध है तो उसकी उपलब्धि की मात्रा के अनुसार ही बजट बनाया जाना चाहिए।

(5) **सामान्य व्यापारिक सम्भावनाएँ** (General Trade Prospects)—विक्रय की मात्रा में कमी अथवा बढ़ोतरी सामान्य व्यापारिक सम्भावनाओं पर भी निर्भर करती है। इस सम्बन्ध में जानकारी वित्तीय समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं जैसे इकॉनामिक टाईमस, फाईनेन्शल एक्सप्रैस एवं कामर्स आदि से एकत्र की जा सकती है।

(6) **प्राप्त कार्यादेशों की संख्या** (Order in hand)...व्यापारिक तेजी के समय में अथवा दीर्घावधिक उत्पादन प्रक्रिया वाले उद्योगों में प्राप्त कार्यादेशों की संख्या का भी विक्रय बजट पर काफी प्रभाव पड़ता है :

(7) **मौसमी परिवर्तन** (Seasonal fluctuations)—विक्रय बजट बनाते समय मौसमी परिवर्तनों को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि इन परिवर्तनों का विक्रयों पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। उत्पादन का स्तर समान रखने के लिए इन मौसमी परिवर्तनों का प्रभाव न्यूनतम करने के लिए उपाय किये जाने चाहियें जैसे बे-मौसमी समय में उत्पादन के विक्रय के लिए कुछ कटौती आदि दी जानी चाहिए।

विक्रय बजट (1978 वर्ष के लिए)

मास	पूर्वी क्षेत्र				उत्तरी क्षेत्र				पश्चिमी क्षेत्र				दक्षिणी क्षेत्र				कुल				वास्तविक (1978)			
	उत्पाद क		उत्पाद ख		उत्पाद क		उत्पाद ख		उत्पाद क		उत्पाद ख		उत्पाद क		उत्पाद ख		उत्पाद क		उत्पाद ख		उत्पाद क		उत्पाद ख	
	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०	मात्रा	रु०
जनवरी																								
फरवरी																								
मार्च																								
अप्रेल																								
मई																								
जून																								
जुलाई																								
अगस्त																								
सितम्बर																								
अक्तूबर																								
नवम्बर																								
दिसम्बर																								
कुल																								
Less विक्रय एवं वितरण व्यय		रु०		रु०		रु०		रु०		रु०		रु०		रु०		रु०				रु०		रु०		रु०
कुल																								
शुद्ध प्राप्तियाँ																								

(8) **वित्तीय पहलू** (Financial Aspect)—विक्रय बजट संस्था की वित्तीय क्षमता के भीतर ही होना चाहिए। विक्रय में बढ़ोतरी होने पर सामान्यत: अधिक मात्रा में पूंजी की आवश्यकता होती है। अत: यदि विक्रय में अत्यधिक विस्तार की योजना है तो यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आवश्यकतानुसार वित्त सुविधाएँ प्राप्त हो जाएँगी।

(9) **नियोजित पूंजी पर उचित लाभ** (Adequate Return on Capital employed)—बजट में दिये गये विक्रय परिमाण से उचित लाभ भी प्राप्त होना चाहिए।

10. **प्रतिस्पर्धा** (Competition) :—विक्रय बजट बनाते समय औद्योगिक प्रतिस्पर्धा तथा उसके परिणामों की पर्याप्त जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए ताकि बजट बनाते समय इन्हें भी ध्यान में रखा जा सके।

उपरोक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विक्रय प्रबन्धक द्वारा विक्रय बजट बनाया जाना चाहिए। विक्रय बजट में प्रत्येक उत्पाद की अनुमानित विक्रय मात्रा एवं मूल्य (रुपयों में) प्रदर्शित किया जाना चाहिए। विक्रय बजट में विक्रय एवं वितरण लागतों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए ताकि कुल विक्रय मूल्य (प्राप्ति) (Sales Proceeds) का अनुमान लगाया जा सके। विक्रय बजट का नमूना पृष्ठ 822 पर दिया गया है।

उत्पादन बजट (Production Budget)—उत्पादन बजट किसी संस्था द्वारा किए जाने वाले किसी उत्पादन का पूर्वानुमान है जिसे प्रत्येक प्रकार के उत्पाद एवं क्रियाओं के अनुसार विभाजित कर दिया जाता है। यह बजट वर्ष भर के लिए बनाया जाता हैं फिर इसे साप्ताहिक अवधियों में बाँट दिया जाता है। इस बजट द्वारा अन्तिम निर्मित स्टॉक की मात्रा भी प्रदर्शित की जाती है। इस बजट की मात्रा अथवा वित्तीय इकाईयों अथवा दोनों में ही प्रदर्शित किया जाता है। इस बजट को बनाते समय स्टॉक का प्रारम्भिक शेष, अनुमानित विक्रय एवं वांछित अन्तिम स्टॉक की मात्रा को ध्यान में रखा जाता है। उदाहरणत: यदि X उत्पाद का प्रारम्भिक स्टॉक 2,000 इकाईयां है तथा अनुमानित विक्रय 15,000 इकाईयाँ है एवं अनुमानित अन्तिम स्टॉक 2,500 इकाईयां हैं तो अनुमानित उत्पादन 15,000+2,500—2,000=15,500 इकाईयाँ (विक्रय+अन्तिम स्टॉक—प्रारम्भिक स्टॉक) होगा। फैक्टरी प्रबन्धक कुल उत्पादन बजट के लिए तथा अन्य विभागीय प्रबन्धक विभागीय बजटों को कार्यरूप देने के लिए उत्तरदायी होते हैं। उत्पादन बजट बनाते समय निम्नलिखित तथ्यों को दृष्टिगत रखना चाहिए—

(1) फैक्टरी में उत्पादन एवं वास्तविक विक्रय में समयान्तर (Time lag)।

(2) फैक्टरी गोदाम तथा विक्रय केन्द्रों पर रखा जाने वाला वस्तुओं का स्टॉक।

(3) विक्रय कार्यक्रम के लिए आवश्यक उत्पादन का स्तर। मासिक उत्पादन लक्ष्यों को निर्धारित किया जाना चाहिए तथा यह देखा जाना चाहिए कि उत्पादन वर्ष भर एक ही स्तर पर जारी रखा जाता है। उत्पादन सम्बन्धी योजना बनाते समय चार बातों की जानकारी प्राप्त होनी चाहिए :—

(क) किस वस्तु का उत्पादन किया है ?

(ख) उत्पादन कब किया जाना है ?

(ग) उत्पादन कैसे किया जाना है ?

(घ) उत्पादन कहां किया जाना है ?

(4) सामग्री, श्रम एवं प्लांट आवश्यकताओं का विक्रय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए निर्धारण किया जाना चाहिए।

विक्रय एवं उत्पादन बजट एक दूसरे पर आश्रित होते हैं क्योंकि उत्पादन बजट विक्रय बजट पर निर्भर करता है तथा विक्रय बजट उत्पादन क्षमता एवं उत्पादन लागतों द्वारा निर्धारित किया जाता है।

उत्पादन लागत बजट (Cost of production Budget) :—उत्पादन की मात्रा निर्धारित करने के पश्चात्, उत्पादन में होने वाली लागत का अनुमान लगाया जाना चाहिए ताकि उत्पादन लागत बजट बनाया जा सके। यह बजट नियोजित उत्पादन की लागत का अनुमान होता है तथा इसे सामग्री लागत बजट, श्रम लागत बजट एवं उपरिव्यय बजट में विभाजित किया जा सकता है क्योंकि उत्पाद लागत में सामग्री, श्रम एवं उपरिव्ययों को सम्मिलित किया जाता है।

सामग्री बजट (Material Budget) :—उत्पादन लागत बजट बनाते समय सामग्री का अनुमान लगाना आवश्यक होता है। सामग्री प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष होती है। सामगी बजट सामग्री की आवश्यकता एवं सामग्री के क्रय से सम्बन्धित होती है। अप्रत्यक्ष सामग्री उत्पादन उपरिव्यय बजट में सम्मिलित की जाती है। यह बजट से सम्बन्धित होना चाहिए तथा बजट अल्प अवधि के लिए बनाया जाना चाहिए क्योंकि यह रोकड़ बजट (Cash Budget) से प्रत्यक्षत: सम्बन्धित होता है। सामग्री बजट में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाता है :—

(1) विभिन्न उत्पादों के लिए आवश्यक विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकताओं का अनुमान लगाना;

(2) वांछित समय पर वांछित परिमाण मे कच्ची सामग्री को क्रय करना।

सामग्री बजट बनाते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :

(i) बजट उत्पादन के लिए आवश्यक कच्ची सामग्री।

(ii) उत्पादन लागत से कच्ची सामग्री की लागत का प्रतिशत ज्ञात किया

जाना चाहिए। इस प्रतिशत के आधार पर बजट उत्पादन के लिए वांछित कच्ची सामग्री की अनुमानित लागत ज्ञात कर ली जानी चाहिए।

(iii) कम्पनीं की स्टॉक नीति को ध्यान में रखा जाना चाहिए। विभिन्न समयों के स्टॉक की अनुमानित आवश्यकताओं के सम्बन्ध में आंकड़े उपलब्ध किए जाने चाहिएँ।

(iv) सामग्री के लिए क्रय का आदेश दिये जाने एवं सामग्री की प्राप्ति तक के समयांतर को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

(v) मौसम के अनुसार उपलब्ध होने वाली सामग्री के सम्बन्ध में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

(vi) बाजार मूल्य की प्रवृतियों का अध्ययन किया जाना चाहिए।

सामग्री बजट को दो भागों—सामग्री आवश्यकता बजट एवं सामग्री क्रय प्राप्ति बजट (Materials Requirement Budget and Materials Procurement Budget) में बांटा जा सकता है। प्रथम बजट में अवधि के दौरान उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चीं सामग्री की मात्रा का विवरण दिया होता है जबकि दूसरे बजट में उस मात्रा का उल्लेख होता है जिसके बराबर सासग्री बाजार से क्रय की जानी है। अत: यह स्पष्ट है कि दूसरे प्रकार के बजट मे सामग्री कीं प्रारम्भिक एवं अन्तिम स्टॉक मात्राओं को ध्यान में रखा जाता है।

Illustration 24 4. Draw up a material procurement budget (quantitative) from the following information :—

Estimated sales of a product—40,000 units. Each unit of the product requires three units of material A and 5 unit of material B.

Estimated opening balances at the commencement of the next year : Finished product—5,000 units ; Material A—12,000 units ; Material B—20,000 units; Materials on order—Material A—7,000 units and Material B—11,000 units. The desirable closing balances at the end of next year : Finished product—7,000 units ; Material A—15.000 units ; Material B 25,000 units ; Materials on order—Material A—8,000 units and Material B 10,000 units.

Solution

Estimated production during the next year is not given in question. It is calcnlated as follows :—

Estimated Production = Expected Sales + Desired Closing Stock of Finished Goods − Estimated Opening Stock of Finished Goods

= 40,000 units + 7,000 units — 5,000 units

= **42,000 units.**

MATERIALS PROCUREMENT BUDGET (Quantitative)

	Material A units	Material B Units
Material required to meet the production target ;		
Material A—@ 3 units for 42,000 finished units.	1,26,000	
Material B—@ 5 units for 42,000 finished units		2,10,000
Desired closing balances of materials at the end of the budget period	15,000	25,000
Estimated units of materials to be on order at the end of the budget period.	8,000	10,000
	1,49,000	2,45,000
Less : Estimated opening balances of materials at the beginning of the period	12,000	20,000
	1,37,000	2,25,000
Less : Estimated units of materials on order at the beginning of the budget period	7,000	11,000
	1,30,000	2,14,000

प्रत्यक्ष श्रम बजट (Direct Labour Budget) :—इस बजट द्वारा उत्पादन तथ्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक प्रत्यक्ष श्रमिकों की आवश्यकता का अनुमान लगाया जाता है। इस बजट को 'श्रम आवश्यकता बजट' एवं 'श्रमिक नियुक्ति बजट' (Labour Requirement Budget and Labour Requirement Budget) में वर्गीकृत किया जा सकता है। श्रम आवश्यकता बजट में बजट उत्पादन के लिए आवश्यक श्रम की मात्रा एवं श्रेणी (कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल) तथा उनकी विभागानुसार आवश्यकता भुगतान दरों एवं कार्य घंटों का उल्लेख रहता है यह बजट इसलिए बनाया जाता है ताकि कार्मिक विभाग श्रमिकों के प्रशिक्षण, स्थानापन्न, नियुक्त एवं अन्तरण आदि के सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठा सके जिससे उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति में श्रमिकों की कमी के कारण कोई रुकावट न आने पाये। श्रमिक नियुक्ति बजट श्रम आवश्यकता बजट के आधार पर ही बनाया जाता है। इसे बनाते समय प्रत्येक विभाग में उपलब्ध श्रमिकों की संख्या, इस संख्या में श्रम आवृति के कारण होने वाले परिवर्तन आदि बातों को ध्यान में रखा जाता है। इस बजट द्वारा कार्मिक विभाग को नियुक्त किए जाने वाले कर्मचारियों की श्रेणी, संख्या, वांछनीय कुशलता व अनुभव तथा भुगतान दरों की जानकारी प्राप्त होती है। श्रम लागत बजट बनाते समय अधि-समय लागत को भी ध्यान में रखना चाहिए क्योंकि उस अवधि में श्रमिकों को ऊँची दर से भुगतान किया जाता है। नियमित अनुपस्थिति की आदत से छुटकारा प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त श्रमिकों को नियुक्त किया जाना चाहिए तथा प्लांट का विस्तार किया जाना चाहिए।

उत्पादन उपरिव्यय बजट (Manufacturing Overhead Budget) :— यह बजट फैक्टरी उपरिव्ययों, जो बजट अवधि में किये जाने हैं, का अनुमान प्रस्तुत करता है ताकि उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस बजट में अप्रत्यक्ष श्रम लागत, अप्रत्यक्ष सामग्री व्यय अवं अप्रत्यक्ष फैक्टरी व्ययों को सम्मिलित किया जाता है। इस बजट को स्थायी लागत अर्द्ध परिवर्ती तथा परिवर्ती लागतों के वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है। इस बजट को विभागीय उपरिव्यय बजटों में विभाजित किया जा सकता है ताकि लागतों पर नियन्त्रण करने में आसानी हो। यह बजट बनाते समय स्थायी उत्पादन उपरिव्ययों को पुराने अनुभव एवं रिकार्ड के आधार पर लिया जा सकता है। स्थायी उपरिव्ययों का अनुमान लगाते समय बजट अवधि में होने वाले परिवर्तनों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। परिवर्ती लागतों की राशि को ज्ञात करना सरल होता है क्योंकि इन लागतों को बजट उत्पादन की मात्रा के आधार पर ज्ञात कर लिया जाता है।

प्रशासन उपरिव्यय बजट (Administration Overhead Budget) :— यह बजट संस्थागत नीतियों के निर्धारण, निर्देशन एवं व्यापारिक क्रियाओं के नियंत्रण पर किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित होता है। दूसरे शब्दों में यह बजट कार्यालय कर्मचारियों एवं प्रबन्धकों के वेतनों से सम्बन्धित होता है। इस बजट को भी पिछले अनुभव एवं अनुमानिन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए बनाया जा सकता हैं। यह बजट प्रत्येक प्रशासनिक विभाग के व्ययों के लिए पृथक-पृथक बनाया जा सकता हैं ताकि प्रत्येक विभाग का इन व्ययों के सम्बन्ध में उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा सके।

पूंजीगत व्यय बजट (Capital Expenditure Budget)—यह बजट, बजट अवधि में स्थायी सम्पत्तियों के क्रय हेतु किए जाने वाले व्यय के लिए पूंजी की आवश्यकता का पूर्वानुमान है। बजट अवधि में उत्पादन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु अतिरिक्त स्थायी सम्पत्तियों का क्रय करना आवश्यक हो सकता है। इस बजट को बनाते समय वर्तमान उत्पादन क्षमताओं, विद्यमान सम्पत्तियों के पुर्नवितरण तथा उत्पादन तकनीकों में सम्भावित विकास को ध्यान में रखा जाता है। इस हेतु कभी-कभी प्लाँट एवं मशीनरी, बिल्डिग आदि के अलग-अलग बजट भी बनाए जा सकते है। पूंजीगत व्यय बजट एक महत्वपूर्ण बजट है जिसमें निम्न कारणों से सम्पत्ति क्रय का प्रावधान किया जाता है :—

(1) विद्यमान सम्पत्तियों का पुर्नस्थापन (Replacement)

(2) माँग पड़ने के कारण अधिक उत्पादन करने के लिए अतिरिक्त सम्पत्तियों का क्रय किया जाना।

(3) उत्पादन की नई दिशाएँ प्रारम्भ करने हेतु सम्पत्ति का क्रय।

(4) उत्पादन लागत घटाने हेतु विकसित मशीनरी का क्रय ।

इस प्रकार पूंजी गत व्यय बजट द्वारा सम्पत्तियों के क्रय सम्बन्धी विवरण एवं समय की जानकारी मिलती है ।

अनुसंधान एवं विकास बजट (Reaserch and Development Budget)—व्यापार की उन्नति अथवा समृद्धि के लिए आजकल अनुसन्धान करना आवश्यक सा हो गया है । इसके द्वारा उत्पादन की नई एवं विकसित विधियों की खोज की जाती है ताकि उत्पादन लागत को कम किया जा सके । इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनुमान एवं विकास बजट बनाया जाता है तथा इसके लिए प्रत्येक बर्ष के आरम्भ में कुछ राशि का प्रावधान किया जाता हैं । इस बजट में चालू अनुसन्धान कार्य तथा नये अनुसन्धान कार्य उपक्रमों (Research Projects) का सम्पूर्ण विवरण एवं उन पर व्यय का अनुमान प्रस्तुत किया जाता है ।

वित्तीय अथवा रोकड़ा बजट (Financial or Cash Budget)—यह बजट, बजट अवधि में रोकड़ प्राप्तियों (Cash Receipts) एवं रोकड़ देयताओं (Cash payments) का अनुदान प्रस्तुत करता है । यह बजट मुख्य लेखपाल द्वारा प्रबन्धकों को वित्तीय स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु बनाया जाता है । इस बजट के बनाने का उद्देश्य यह होता है कि प्रबन्धक उत्पादन तथा विक्रय कार्यक्रमों के अनुसार वित्तीय प्रबन्ध कर सकें ताकि संस्था को वित्तीय कठिनाईयों का सामना न करना पड़े । यह बजट दो भागों में बनाया जाता हैं—एक भाग में नकद विक्रयों उधार प्राप्तियों तथा विभिन्न प्राप्तियों के सम्बन्ध में रोकड़ प्राप्तियों का अनुमान, प्रस्तुत किया जाता है । तथा दूसरे भाग में नकद क्रय, ऋणों का भुगतान, मजदूरी एवं वेतन भुगतान, आयकर भुगतान आदि के सम्बन्ध में रोकड़ व्ययों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाता है । संक्षेप में रोकड़ प्राप्तियों तथा भुगतान सम्बन्धी सभी व्यवहारों को इसमें प्रदर्शित किया जाता है ।

कुछ प्रकार के व्यापारों के लिए रोकड़ बजट बनाना अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है जैसे वह व्यापार जिनमें विक्रय में अत्यधिक उतार-चढाव होते रहते हैं अथवा जहां दीर्घाविधि ठेके लिए जाते है । रोकड आवश्यकताओं के समय पूर्व अनुमान लगाये जाने के कारण बैंक से ऋण अथवा अधिविकर्ष (Overdraft) सम्बन्धी प्रबन्ध किए जा सकते है ।

इस प्रकार रोकड़ बजट द्वारा सम्भावित वित्तीय कठिनाईयों से छुटकारा पाया जा सकता है । (कृपया उदाहरण 5 देखें)

Illustration 24.5. Prepare a cash budget in respect of 6 months from July to December from the information given in table as under :—

Month	Sales (Credit)	Materials	Wages	OVERHEADS				
				Production	Administrative	Selling	Distribution	Research and Development
	Rs. '000	Rs. '000	Rs. '000	Rs. '000	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
April	100	40	10·0	4·4	3,000	1,600	800	1,000
May	120	60	11·2	4·8	2,900	1,700	900	1,000
June	80	40	8·0	5·0	3,040	1,500	700	1,200
July	100	60	8·4	4·6	2,960	1,700	900	1,200
August	120	70	9·2	5·2	3,020	1,900	1,100	1,400
September	140	80	10·0	5·4	3,080	2,000	1,200	1,400
October	160	90	10·4	5·8	3,120	2,050	1,250	1,600
November	180	100	10·8	6·0	3,140	2,150	1,350	1,600
December	200	110	10·6	6·4	3,200	2,300	1,500	1,600

Cash balance on July was expected to be Rs. 1,50,000

Expected Capital Expenditure.

Plant and machinery to be installed in August at a cost of Rs. 40,000 payable on September 1. Extension to Research and Development Department amounting to Rs. 10,000 will be completed on August 1, payable Rs. 2,000 per month from completion date. Under a hire-purchase agreement Rs. 4,000 is to be paid each month.

Cash sales of Rs. 2,000 per month are expected. No Commission is payable.

A sales commission of 5 per cent on credit sales is to be paid within the month following the sales.

Period of credit allowed by suppliers.	3 months
Period of credit allowed to customers	2 months
Delay in payment of overheads	1 month
Delay in payments of wages	1st week of the following month

Income Tax of Rs. 1,00,000 is due to be paid on October 1. Preference share dividend of 10 per cent on Rs 2,00,000 is to be paid on November 1.

10 per cent calls on equity share capital of Rs 4,00,000 is due on July 1, and September 1

Dividend from investments amounting to Rs. 30,000 is expected on November 1. (*Solution on page 831*)

Illustration 24·6. Two articles X and Y are manufactured in a department. Their specifications show that 2X's or 8Y's can be produced in one hour. The budget production for June, 1978 is 200X's and 400Y's The actual production at the end of the month was 250X's and 480Y's and. the actual hours spent in this production was 160. Find out the capacity, activity and efficiency ratios for June 1978.

Solution

Standard Budgeted Hours for June 1975 :

X	—	200÷2	=100 Hours
Y	—	400÷8	= 50 Hours
			150 Hours

Standard Hours for Actual Production

X	—	250÷2	=125 Hours
Y	—	480÷8	= 60 Hours
			185 Hours

$$\text{Capacity Ratio} = \frac{\text{Actual Hours Worked}}{\text{Budgeted Hours}} \times 100$$

$$= \frac{160}{150} \times 100 = 106{\cdot}67\%$$

$$\text{Activity Ratio} = \frac{\text{Standard Hours for Actual Production}}{\text{Budgeted Standard Hours}} \times 100$$

$$= \frac{185}{150} \times 100 = 123{\cdot}33\%$$

$$\text{Efficiency Ratio} = \frac{\text{Standard Hours for Actual Production}}{\text{Hours Worked}} \times 100$$

$$= \frac{185}{160} \times 100 = 115{\cdot}62\%$$

Solution

CASH BUDGET

	MONTHS					
	July Rs.	August Rs	September Rs.	October Rs.	November Rs.	December Rs.
Opening Balance	1,50,000	2,44,560	2,35,800	2,63,980	1,89,900	2,33,680
Receipts :						
Cash Sales	2,000	2 000	2,000	2,000	2,000	2,000
Cash from Debtors (2 months prior credit Sale realised)	1,20,000	80,000	1,00,000	1,20,000	1,40,000	1,60,000
Dividend Income	- -		- -		30,000	
Call money on Equity Shares	40,000	—	40,000		—	-
Total	3,12,000	3,26,560	3,77,800	3,85,980	3,61,900	3,95,680
Payments :						
Creditors (3 months prior credit purchases paid)	40,000	60,000	40,000	60 000	70,000	80,000
Wages (Previous month)	8 000	8,400	9,200	10,000	10,400	10,800
Commission on Previous month's Credit Sales	4,000	5,000	6,000	7,000	8,000	9 000
Total overheads (Previous month)	11,440	11,360	12,620	13,080	13,820	14,240
Plant and Machinery	—	—	40,000	—	-	—
Research and Development	—	2,000	2,000	2,000	2,000	2,000
Hire Purchase Instalment	4,000	4,000	4,000	4,000	4,000	4,000
Income Tax	—	—	—	1,00,000	-	—
Preference Dividend	—	—	—	—	20,000	—
Total Payments	67,440	90,760	1,13,820	1,96,080	1,28,220	1,20,040
Closing Balance	2,44,560	2,35,800	2,63,980	1,89,900	2,33,680	2,75,640

नियन्त्रण अनुपात (Control Ratio) :—वास्तविक निष्पादन का विवरण बजट आँकड़ों से अनुकूल दशा में है अथवा प्रतिकूल दशा में, यह जानने के लिए प्रबन्धकों द्वारा निम्नलिखित नियन्त्रण अनुपात प्रयोग में लाए जाते हैं। यदि यह अनुपात 100 प्रतिशत अथवा इससे अधिक है तो इसे अनुकूल कहा जाता है जबकि अनुपात 100 प्रतिशत से कम होने पर निष्पादन असंतोषजनक कहा जाता है।

$$\text{क्षमता अनुपात} = \frac{\text{वास्तविक कार्य घंटे}}{\text{बजट घंटे}} \times 100$$

$$\text{Capacity Ratio} = \frac{\text{Actual Hours Worked}}{\text{Budgeted Hours}} \times 100$$

इस अनुपात द्वारा यह पता चलता है कि बजट घंटों का कितना प्रतिशत वास्तविक निष्पादन हो पा रहा है। यदि यह अनुपात 85 प्रतिशत है तो इसका तात्पर्य यह है कि 15 प्रतिशत क्षमता बेकार पड़ी है जिसे उपयोग में लाया जा सकता है।

$$\text{गतिविधि अनुपात} = \frac{\text{वास्तविक उत्पादन के प्रमापित घंटे}}{\text{बजट के प्रमापित घंटे}} \times 100$$

$$\text{Activity Ratio} = \frac{\text{Standard Hours for Actual Production}}{\text{Budgeted Standard Hours}} = 100$$

यह अनुपात बजट अवधि में प्राप्त किया गया गतिविधि का स्तर मापने में सहायक है।

$$\left(\text{कार्यकुशलता अनुपात} = \frac{\text{वास्तविक उत्पादन के प्रमापित घंटे}}{\text{वास्तविक कार्य घंटे}} \times 100\right)$$

$$\text{Efficiency Ratio} = \frac{\text{Standard Hours for Actual Production}}{\text{Actual Hours Worked}} \times 100$$

इस अनुपात द्वारा कार्यक्षमता स्तर का पता चलता है। अत: यदि बजट अवधि में कार्यकुशलता अनुपात 125 प्रतिशत है तो कार्यक्षमता में 25% वृद्धि हुई मानी जाएगी। अब उदाहरण 6 देखें।

बजटरी नियन्त्रण के लाभ (Advantages of Budgetary Control) :—

बजटरी नियन्त्रण के मुख्य लाभ निम्नलिखित हैं—

(1) बजटरी नियन्त्रण का सर्वाधिक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इससे प्रबन्धकों को व्यापारिक क्रियाओं को कुशलतम रूप में निष्पादित करने में सहायता मिलती है। इसके द्वारा सभी प्रकार के व्ययों को न्यूनतम स्तर पर लाकर अधिकतम कार्यकुशलता प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है।

(2) बजटरी नियन्त्रण से संस्था के उद्देश्यों व लक्ष्यों का भली भांति स्पष्टीकरण हो जाता है जिससे उन्हें प्राप्त करने के लिए समुचित प्रयास किया जा सकता है।

(3) बजटरी नियंत्रण द्वारा प्रत्येक कर्मचारी को संस्था की योजनाओं एवं भावी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त हो जाती है। इससे व्यक्तिगत प्राधिकारों, कर्त्तव्यों व दायित्वों का निर्धारण करना सरल हो जाता है। इससे बजट में वर्णित लक्ष्यों की प्राप्ति होने पर सम्बन्धित अधिकारों को उत्तरदायी ठहराया जा सकता हैं।

(4) बजट बनाते समय प्रबन्ध के विभिन्न स्तरों से सहयोग प्राप्त किया जाता है। अन्तिम रूप से स्वीकृत बजट समस्त संस्था के विचारों को प्रदर्शित करता है। इससे सामूहिक कार्य की भावना को वल किलता है।

(5) बजटरी नियन्त्रण द्वारा कर्मचारियों, सामग्री एवं मशीनों तथा धन का अधिकतम उपयोग सम्भव हो पाता है क्योंकि इन सभी तत्वों की सुलभता के आधार पर ही योजनाएँ बनाई जाती है।

(6) बजटरी निन्त्रण द्वारा व्यापार की वर्तमान प्रवृत्तियों के अध्ययन करने तथा इस आधार पर भावी नीतियां बनाने में सहायता मिलती है।

(7) बजट द्वारा संस्था के कर्मचारियों तथा विभागों की कार्यकुशलता ज्ञात करने में भी सहायता मिलती है क्योंकि बजट द्वारा कर्मचारियों तथा विभागों की कार्यकुशलता की तुलना की जा सकती है।

(8) बजटरी नियन्त्रण करने से प्रमापित लागत विधि का अपनाया जाना आसान हो जाता है।

(9) बजटरी नियन्त्रण के अन्तर्गत बजट व्ययों की सीमा से अधिक राशि व्यय करने के लिए प्रबन्धकों की अनुमति लेनी आवश्यक होती है। इससे विभागीय प्रबन्धकों द्वारा किए जाने वाले व्यर्थ के व्ययों को किसी सीमा तक रोकने में सहायता मिलती है।

Illustration 24·7. From the following information relating to 1976 and conditions expected to prevail in 1977, prepare a budget for 1977.

State the assumptions you have made.

1976 *Actuals* :

	Rs.
Sales	1,00,000 (40,000 units)
Raw Materials	53,000
Wages	11,000
Variable Overheads	16,000
Fixed Overheads	10,000

1977 *Prospects* :

Sales	1,50,000 (60,000 units)
Raw Materials	5% price increase
Wages	10% increase in wage-rates.
	5% increase in productivity
Additional Plant	One lathe Rs. 25,000
	One drill Rs. 12,000

Solution

In the year 1977, additional plant worth (Rs. 25,000+Rs. 12,000) Rs. 37,000 will be used but no information about depreciation has beeu given in the question. Let us assume that the rate of depreciation is 10% p.a. Therefore, fixed overheads are :—

	Rs.
Fixed overheads (as given)	10,000
Depreciation (10% on Rs 37,000)	3,700
Total Fixed Overheads	13,700

Output in 1976		40,000 units
Expected Output in 1977		60,000 units
Increase in Output	=60,000−40,000=	20,000 units

$$\% \text{ Increase in Output} = \frac{20,000}{40,000} \times 100 = 50\%$$

Budgeted Raw Materials for 1977

	Rs.
Consumption of Materials in 1976	53,000
Add 50% increase due to increase in output	26,500
	79,500
Add 5% increase due to increase in prices of materials $79,500 \times \frac{5}{100}$	3,975
	83,475

Budgeted Wages 1977

	Rs.
Wages in 1976	11,000
Add 50% increase in output	5,500
	16,500
Add 10% increase due to increase in wage-rate	1,650
	18,150
Less saving due to 5% increase in productivity $18,150 \times \frac{5}{100}$	864
	17,286

BUDGET
for the year 1977

		Actual for 1976	Budgeted for 1977
	Sales and output in units	40,000	60,000
		Rs.	Rs.
1	Sales	1,00,000	1,50,000
	Raw Materials	53,000	83,475
	Wages	11,000	17,286
	Variable Overheads @ 40 P. per unit	16,000	24,000
	Fixed Overheads	10,000	13,700
2	Total Cost	90,000	1,38,461
3.	Profit (1—2)	10,000	11,539

प्रश्न (Questions)

1. बजटरी नियन्त्रण किसे कहते है ? बजटरी नियन्त्रण के मुख्य उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। बजटरी नियन्त्रण के लिए क्या कदम उठाए जाते है ?

   What is budgetary control ? State the main objectives of budgetary control. What are the main steps in budgetary control ?

2. "बजट निश्चित अवधि से पूर्व तैयार किया गया व दिये हुए उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उस अवधि में पालन की जाने वाली नीति का वित्तीय तथा/अथवा सख्यात्मक विवरण है।" इस कथन की व्याख्या करते हुए बजट के मुख्य तत्वों का वर्णन कीजिए।

3. लागत लेखांकन के सम्बन्ध मे—
   (क) बजट किसे कहते है ? (ख) लोचदार बजट किसे कहते हैं ? (ग) लोचदार बजट के स्थायी बजट की अपेक्षाकृत क्या लाभ है ?

   In relation to cost accounting :

   (a) What is a budget ? (b) What is a flexible budget ? (c) What advantages, if any, has a flexible budget over a fixed budget ?

4. 'व्यापारिक बजट' से क्या तात्पर्य है ? विस्तार से समझाईये कि इसके द्वारा नियन्त्रण किस प्रकार सम्भव है ?

   Explain the meaning of Business Budget. How does it serve as an instrument of control ? *(B. Com. Hons. Delhi 1974)*

5. "बजट में लोचशीलता सामंजस्य स्थापन में सहायक है जबकि बजटरी नियन्त्रण सामंजस्य स्थापित करने का साधन है।" इस कथन की विवेचना कीजिए।

"Flexibility in a budget is an aid to co-ordination, while the budgetary control is an instrument of co-ordination." Explain

6. पूर्वानुमान एवं बजट में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
निम्नलिखित को समझाने हेतु उदाहरण दीजिए :
(i) स्थायी बजट
(ii) लोचदार बजट
(iii) कार्यानुसार बजट

Explain the difference between a forecast and a budget. Give examples to illustrate the difference between :—

(a) Fixed Budget ;
(b) Flexible Budget ;
(c) Functional Budgets.

7. बजट, बजटीकरण एवं बजटरी नियन्त्रण की व्याख्या कीजिए। एक बड़े उत्पादक संस्थान के लिए बजटरी नियन्त्रण के लाभ बताइये।

— Define budget, budgeting and budgetary control. Give the advantages of budgetary control in a large manufacturing organisation.

8. 'मुख्य बजट तत्व' क्या होता है ? ऐसे 'मुख्य बजट तत्वों' की सूची बनाईये तथा दो या तीन ऐसे तत्वों की उपस्थिति का संगठन पर प्रभाव का वर्णन कीजिए।

What is a 'principal budget factor' ? Give a list of such 'principle budget factors' and state the effect of the existence of two or more budget factors in an organisation.

9. कार्यानुसार बजटों से आप क्या समझते है ? ऐसे किन्हीं दो बजटों का वर्णन कीजिए।

What do you mean by functional budgets ? Discuss any two such budgets.

10. बजटरी नियन्त्रण किसे कहते है ? ऐसे कोई दो बजटों का वर्णन कीजिए।

What is budgetary control ? Discuss its main objectives.

11. बजटों द्वारा नियंत्रण की कार्यविधि के मुख्य कार्यवाही को सूचीबद्ध कीजिए।

Tabulate the basic steps in the process of achieving control through budgets. (I.C.W.A.—Final)

12. बजटरी नियन्त्रण के लिए कुछ अनुपात अधिक महत्वपूर्ण होते है। ऐसे अनुपात कौन से होते है ? इन अनुपातों का प्रयोग बताइये।

Certain ratios are very important in connection with budgetary control. What are these ratios ? State the application of such ratios.

13. किसी संस्था में 'रोकड़ा बजट' का क्या महत्व है, वर्णन कीजिए।

Discuss the importance of cash budget in an organisation.

14 बजट समिति की प्रकृति तथा कार्यों का वर्णन कीजिए ।

Discuss the nature and functions of a budget committee.

15. बजटरी नियन्त्रण की व्याख्या कीजिए तथा इसके उद्देश्यों का वर्णन कीजिए : कार्यानुसार बजटों को किस प्रकार बनाया जाता है, कोई एक उदाहरण लेकर वर्णन कीजिए ।

Define Budgetary Control and explain its objectives. Discuss how functional budgets are built up, taking any one specific example

16. बजटरी नियन्त्रण किसे कहते है ? विक्रय बजट, उत्पादन बजट तथा रोकड़ा बजट के मुख्य तत्वों का वर्णन कीजिए ।

What is budgetary control? Explain briefly the salient features of sales budget. production budget and cash budget. *(I.C.W A —Inter)*

17. बजटरी नियंत्रण प्रणाली से उत्पन्न होने वाले लाभों का वर्णन कीजिए । किसी प्रभावशाली बजटरी नियन्त्रण प्रणाली के मुख्य तत्वों का वर्णन कीजिए ।

What are the advantages arising out of a Budgetary Control System ? What do you think are the essentials of an effective Budgetary Control System ?

18. उत्तरदायित्व बजटरी पद्धति के परिचालन की व्याख्या कीजिए ।

Explain the operation of a Responsibility Budgeting system.

19. 'बजटरी नियत्रण' से आप क्या समझते हैं ? उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध (MBO) द्वारा क्या नये आगम प्रस्तुत किये गये हैं ?

What do you understand by "Budgetary Control" ? What new concepts have been brought about by MBO ? *(I.C.W.A.—Inter Dec., 1975)*

20. (क) कार्यानुसार बजटों से आप क्या समझते है ? प्रबन्धकों द्वारा कौन-से कार्यानुसार बजट अधिकतर प्रयोग मे लाये जाते है ?

(ख) विक्रय बजट बनाने में किन बातों को सामान्यत: ध्यान में रखा जाता है ?

(a What are functional budgets ? Which are the functional budget most commonly used by the management ?

(b) What are matters generally considered in preparing a Sales budget ?

PROBLEMS

24 1. The cost of an article at a capacity level of 5,000 units is given under A below. For a variation of 25% in capacity above or below this level, the individual vary as indicated under B below :—

	A	B
	Rs.	
Material Cost	25,000	(100% Varying)
Labour Cost	15,000	(100% Varying)
Power	1,250	(80% Varying)
Repairs and Maintenance	2,000	(75% Varying)
Stores	1,000	(100% Varying)
Inspection	500	(20% Varying)
Depreciation	10,000	(100% Varying)
Adm. Overheads	5,000	(25% Varying)
Selling Overheads	3,000	(25% Varying)
	62,760	

Cost per unit Rs. 12 55.

Find the unit cost of the product at production levels of 4,000 units and 6,000 units.

Ans. [Unit cost at production levels of 4,000 units=Rs. 12.91 ;
Unit cost at production levels of 6,000 units=Rs. 12.32]

24.2. The following overhead expenses relate to a cost centre operating at 50% of normal activity. Draw up a flexible budget for the cost centre for operating at 75%, 100% and 125% of normal capacity. Indicate the basis upon which you have estimated each item of expenses for the different operating level :—

	Rs.
Foreman	60
Assistant Foreman	40
Inspectors	65
Shop Labourers	40
Machinery Repairs	100
Defective Work	25
Consumable Stores	20
Overtime Bonus	Nil
Machine Depreciation	110

24.3. With the following data for a 60 per cent activity prepare a flexible budget for production at 80 per cent and 100 per cent activity :—

Production at 60 per cent activity—600 units

	Rs.
Materials	100 per unit
Labour	40 per unit
Expenses	10 per unit

Factory Expenses Rs. 40,000 (40 per cent fixed).

Administration Expenses Rs. 30,000 (60 per cent fixed).

Ans [At 80% capacity—Total cost Rs 2,02,000 ; Cost per unit Rs. 252.50
At 100% capacity—Total cost Rs. 2,44,000 ; Cost per unit Rs 244].

24.4. From the information given below prepare flexible budget at 60 and 80 per cent capacities, and fix the total overhead rates as a per cent on direct wages at these capacities.

	At 60% capacity Rs.	At 75% capacity Rs.	At 80% capacity Rs.
Variable overheads :			
Indirect material		7,500	
Indirect Labour		22,500	
Semi-variable overheads :			
Electricity (40% fixed, 60% variable)		37,500	
Repairs and maintenance (80% fixed, 20% variable)		3,750	
Fixed overheads :			
Salaries		1,00,000	
Insurance		5,000	
Depreciation		25,000	

Estimated direct wages Rs. 40,250 at 75% capacity.

24.5. ABC Ltd. have prepared the budget for the production of a lakh units of the only commodity manufactured by them for a costing period as under :

	Rs. Lakh
(*i*) Raw material	2.52
(*ii*) Direct Labour	0.75
(*iii*) Direct Expenses	0.10
(*iv*) Works Overheads (60% fixed)	0.25
(*v*) Administrative Overheads (80% fixed)	0.40
(*vi*) Selling overheads (50% fixed)	0.20

The actual production during the period was only 60,000 units. Calculate the revised budgeted cost per unit.

24 6. A company expects to have Rs. 37,500 each in hand on 1st April, 1975 and requires you to prepare an estimate of cash position during the three months, April to June, 1975. The following information is supplied to you :—

	Sales	Purchases	Wages	Factory Expenses	Office Expenses	Selling Expenses
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
February	75,000	45,000	9,000	7,500	6,000	4,500
March	84,000	48,000	9,750	8,250	6,000	4,500
April	90,000	52,500	10,500	9,000	6,000	5,250
May	1,20,000	60 000	13,500	11,250	6,000	6,570
June	1,35,000	60,000	14,250	14,000	7,000	7,000

Other Information :—

(1) Period of credit allowed by suppliers—2 months.

(2) 20% of sales is for cash and period of credit allowed to customers for credit sales is one month

(3) Delay in payment of all expenses—1 month.

(4) Income tax of Rs. 57,500 is due to be paid on June 15, 1975.

(5) The company is to pay dividends to shareholders and bonus to workers of Rs. 15,000 and Rs. 22,500 respectively in toe month of April.

(6) Plant has been ordered and is expected to be received and paid in May. It will cost Rs. 1,20,000.

Ans. [The company will need overdraft facilities in May and June to the extent respectively of Rs. 91,050 and Rs. 1,15,550].

24·7. Make out a cash budget for April-June, 1978 from the following information :—

(1) Actual and budgeted sales :

	Actual		Budgeted
	Rs.		Rs.
January	80,000	April	90,000
February	80,000	May	85,000
March	75 000	June	80,000

(2) Actual and budgeted purchases ;

	Actual		Budgeted
	Rs.		Rs.
January	45,000	April	50,000
February	40,000	May	45,000
March	42,000	June	35,000

(3) Actual and budgeted wages and expenses :

	Actual		Budgeted	
	Wages	Expenses	Wages	Expenses
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.
January	20,000	5 000	24,000	7 000
February	18,000	6 000	20,000	6,000
March	22,000	6,000	18,000	5,000

(4) Special :

Advance income-tax in May Rs. 4,000.

Plant in April Rs. 10,000.

(5) Rent Rs. 300 payable each month not included in expenses.

(6) 10% of purchases and sales are on cash terms.

(7) Credit purchases are paid after 1 month and credit sales are collected after 2 months. Time lag in wages and expenses : ½ month.

(8) Cash and Bank balances on April, Rs. 13,000. (*C.A. Final*)

Ans. [Expected cash Balance: April Rs. 11,400; May Rs. 5,100; June Rs. 25,300].

24·8. Product X takes 5 hours to make and Y requires 10 hours. In a month of 25 effective days of 8 hours a day, 1,000 units of X and 600 units of Y were produced. The company employs 50 workers in the produttion department. The budgeted hours are 1,02,000 for the year. Calculate capacity ratio, activity ratio and efficiency ratio. (*C.A. Final and B Com. Punjabi 1977*)

Ans. [Capacity Ratio 117·85%; Activity Ratio 129·41%; Efficiency Ratio 110%].

24·9. (*a*) Define the following terms:

(*i*) Activity Ratio

(*ii*) Capacity Ratio

(*iii*) Efficiency Ratio.

(*b*) From the following data, calculate Activity Ratio, Capacity Ratio and Efficiency Ratio:

A factory manufacturers to products 'A' and 'B', Standard time to manufacture product 'A' is 2 hours and product 'B' 10 hours. The budgeted and actual production in December, 1975 were as follows:

	Budget Production	Actual Production
Product 'A'	125 units	100 units
Product 'B'	30 units	24 units

Total actual hours worked were 660.

Ans. [80%; 12%; 66⅔%].

24·10. Two articles A and B are produced in a factory. Their specifications show that 4 A's or 2 Y's can be produced in one hour. The budget production for January, 1976 is 800 A's and 200 Y's. The actual production at the end of the month was 900 A's and 180 B's. Actual labour hours spent were 350. Find out the capacity, activity and efficiency ratios for January, 1976.

Ans. [Capacity Ratio 116·67%; Activity Ratio=105% and Efficiency Ratio=90%].

24·11. Your company manufactures two products A and B. A forecast of the number of the units to be sold in first seven months of the year is given below:

	Product A	Product P
January	1,000	2,800
February	1,200	2,800
March	1,600	2,400
April	2,000	2,000
May	2,400	1,600
June	2,400	1,600
July	2,000	1,800

It is anticipated that (*i*) there will be no work-in-progress at the end of any month, (*ii*) finished units equal to half the sales for the next month will be in stock at the end of each month (including the previous December).

Budgeted production and production costs for the whole year are as follows:—

	Product A	Product B
Production (units)	22,000	24,000
	Rs.	Rs.
Per unit: direct materials	12·50	1,900
direct labour	4·50	
Total factory overhead, apportioned	66,000	

Prepare for the six months ending 30th June, a production budget for each month and a summarised production cost budget.

Ans. [Product A—units 11,000; amount Rs. 2,22,000 and product B—units 12,700; amount Rs. 3,81,000].

24·12. A company plans during a year to sell 1,000 units while it actuan sells 1,250 units and makes a profits of Rs. 7,40,000 as against the planned profit of Rs. 6.60,000. Account for the profit change by analysing the relevant variances. Given the following data, suggest what action you would recommend.

	Plan Rs. (Lakh)	Actual Rs. (lakh)
Direct Material	20·0	26·2
Direct Labour	4·0	5·0
Direct Expenses	6·4	8 0
Fixed Expenses	15·0	16 0
Sales	52·0	62·6

Ans. [Material Variance=Rs. 1·2 lakhs unfav.; Fixed Expenses Variance Rs. 1·00 lakh unfav. and Sales Variance Rs. 2·40 unfav.]

24·13. From the information given below, prepare flexible budgets at 70% and 80% capacities, and compute the total overhead rates as a per cent on direct wages at those capacities :

		Rs.	
(*a*) Variable overheads at 70% capacity			
(*i*) Indiret material		7,500	
(*ii*) Indirect labour		22,500	
(*b*) Semi-variable overheads			
(*i*) Electricity	70% to 79% capacity	14,500	70%
(*ii*) "	80% to 89%	16,000	80%
(*iii*) Repairs etc,	61% to 70%	2,500	70%
(*iv*) "	71% to 80%	4,000	80%
(*c*) Fixed overheads			
(*i*) Salaries		50,000	
(*ii*) Insurance		5,000	
(*iii*) Depreciation		25,000	

Estimated direct wage at 75% capacity is Rs. 40,200 (*I.C.W.A—Inter*)

24 14. From the following information relating to the year 1975 and the conditions expected to prevail in 1976 prepare a budget for the year 1976.

State the assumptions you have made.

Actuals for the year 1975 :

	Rs.
(*i*) Sales : 80,000 units	2,00,000
(*ii*) Raw materials	1,06,000
(*iii*) Wagas	22,000
(*iv*) Variable overheads	32,000
(*v*) Fixed overheads	20,000

Prospects for the year 1976 :

(*i*) Sales : 1,20,000 units Rs. 3,00,000

(*ii*) Raw Materials : 5 per cent price increase.

(*iii*) Wages : (*a*) 12 per cent increase in wage rate
(*b*) 5 per cent increase in labaur productivity

(*iv*) Additional Machinery :

	Rs.
(*a*) One Lathe	50,000
(*b*) One Drilling Machine	3[illegible],000

25 प्रमापित लागत विधि
SANDARD COSTING

प्रमापित लागत विधि लागत नियन्त्रण की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पद्धति है। इसके अन्तर्गत उत्पादों की प्रमापित लागतें निर्धारित की जाती है तथा उनकी वास्तविक लागतों से तुलना की जाती है। प्रमापित लागत विधि द्वारा उत्पादन गतिविधियों सम्बन्धी प्रमाप निर्धारित करके क्षयों की रोकथाम करके कार्यकुशलता बढाने का प्रयास किया जाता है। प्रमापित लागत विधि के कई लाभ है जो वास्तविक अथवा संविलयन लागत विधि द्वारा प्राप्त नहीं होते हैं। वास्तविक लागत निर्धारण पद्धति के अन्तर्गत स्थायी उपरिव्ययों की दरों में समय-समय पर संशोधन करना आवश्यक हो जाता है ताकि विभिन्न अवधि में उत्पादन लागतों में होने वाले अन्तर (वृद्धि अथवा कमी) को वसूल किया जा सके। प्रमापित लागत विधि से तात्पर्य सामान्य समय में किए गए सामान्य उत्पादन स्तर (Normal level of Output) की लागत से है अत: इसमें उत्पादन मात्रा में होने वाले परिवर्तनों के कारण लागतों में हुए परिवर्तन को उपकार्य की लागत में सम्मिलित नहीं किया जाता है।

प्रमापित लागत एवं प्रमापित लागत विधि (Standard Cost and Standacd Costing)—प्रमापित लागत एक पूर्व निर्धारित लागत है। लागत का यह निर्धारण उत्पादन से पूर्व ही किया जाता है। जब प्रमापित लागत को लागत नियन्त्रण के उद्देश्य से प्रयोग किया जाता है तो इसे प्रमापित लागत विधि कहते है। इंस्टीटयूट्स ऑफ कॉस्ट एण्ड मैनेजमैंट एकाउण्टेन्ट्स इंग्लैंड द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार—

"प्रमापित लागत एक चुनी गइ अवधि के लिए तथा निर्धारित कार्य-स्थितियों के लिए सामग्री, श्रम व उपरिव्यय के तकनीकी अनुमान पर आधारित पूर्व-निर्धारित लागत है।"[1]

"प्रमापित लागत विधि से तात्पर्य प्रमापित लागतें तैयार करना है तथा उत्पादन में अधिकतम कार्यकुशलता बनाए रखने की दृष्टि से उनकी वास्तविक लागतों से तुलना करके अन्तरों व उनके कारणों का विश्लेषण करने से है।"[2]

उपरोक्त परिभाषा के आधार पर प्रमापित लागत विधि की निम्नलिखित विशेषताओं का उल्लेख किया जा सकता है:—

(1) लागत के प्रत्येक तत्व जैसे सामग्री, श्रम तथा उपरिव्यय के लिए प्रमापित लागतों का निर्धारण किया जाता है।

---

1. Standard cost is the predetermined cost based on techanical estimate for materials, labour and overhead for a selected period of time and for a prescribed set of working conditions (*I C,M A England*)
2. Standard Costing is the preparation of standard cost and applying them to measure the variations from standard cost and analysing the causes of variations with a view to maintain maximum efficiency in production. (*I.C.M.A. England*)

(2) वास्तविक लागतों की गणना की जाती है।

(3) विचरण ज्ञात करने के लिए प्रमापित एवं वास्तविक लागतों की तुलना की जाती है।

(4) उपरोक्त विचरणों के कारण ज्ञात करने तथा अधिकतम कार्यकुशलता बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्राप्त जानकारी का विश्लेषण किया जाता है।

प्रमापित लागत विधि सभी प्रकार के उद्योगों के लिए उपयोगी प्रमाणित हो सकती है लेकिन उद्योगों के लिए जहां प्रमापित वस्तुओं का उत्पादन होता है तथा उत्पादन प्रक्रियाओं की बार-बार पुनरावृति होती है, यह विधि अत्यधिक उपयोगी है। अतः प्रमापित लागत विधि प्रक्रिया तथा ईंजीनियरिंग उद्योगों के लिए अधिक उपयोगी है तथा उन उद्योगों जहां उपकार्य आदेशों पर कार्य किया जाता है, के लिए उपयुक्त नहीं है। उपकार्यो व कार्यआदेशों पर उत्पादन करने वाले उद्योगों मे कुछ सीमा तक प्रमापित लागत विधि का प्रयोग किया जा सकता हैं। इन उद्योगों में उपकार्य व कार्य आदेश एक दूसरे से भिन्न होते हैं तथापि कुछ क्रियाएँ अथवा प्रक्रियाएँ बार-बार करनी पड़ती है, इन क्रियाओं आदि के लिए प्रमाण निर्धारित किए जा सकते है। सभी क्रियाओं की प्रमापित को जोड़कर कुल प्रमापित लागत ज्ञात की जा सकती है। इन क्रियाओं की वास्तविक एवं प्रमापित लागत की तुलना करके विचरणों के कारणों के विश्लेषण द्वारा लागत नियन्त्रण किया जा सकता है जिनका प्रभाव उपकार्यों की लागत नियन्त्रित करने में होता है।

प्रमापित लागत विधि तथा बजटरी नियन्त्रण (Standard Costing and Budgetary Control) :—प्रमापित लागत विधि एवं बजटरी नियन्त्रण, दोनों का उद्देश्य प्रमाप निर्धारित करके वास्तविक लागतों की प्रमापों से तुलना करना एवं अन्तरों के कारणों का विश्लेषण करके अधिकतम कार्यकुशलता तथा लागतों मे कमी प्राप्त करना है। वास्तव मे दोनों द्वारा ही प्रबन्धक लागतों पर नियन्त्रण कर सकते हैं, फिर भी दोनों में निम्नलिखित अन्तर है :—

(1) प्रमापित लागत विभिन्न व्ययों का तकनीकी पूर्वानुमान है जबकि बजट भूतकालिक वास्तविक आंकड़ों तथा पिछले अनुभव के आधार पर तैयार किए जाते हैं।

(2) बजटों का प्रयोग समस्त प्रकार की व्यापारिक क्रियाओं के लिए किया जाता है जबकि प्रमापित लागत विधि का प्रयोग प्रायः उत्पादन अथवा उत्पादन सम्बन्धी व्ययों के लिए किया जाता है। उदाहरणतः बजट विक्रय, रोकड़, पूंजीगत व्यय, उत्पादन, क्रय आदि के लिए किया जाता हैं जबकि प्रमापित लागत विधि केवल उत्पादन के तत्वों के सम्बन्ध में प्रयोग में लाई जाती है।

(3) प्रमाप केवल उत्पादन तथा उत्पादन व्ययों के सम्बन्ध में निर्धारित किए जाते हैं जबकि बजट आय एवं व्यय की सभी मदों के लिए बनाए जा सकते हैं।

(4) बजटों द्वारा व्यय की अधिकतम सीमाएं निर्धारित की जाती है। प्रमापों द्वारा निष्पादन के सम्बन्ध में लक्ष्य निर्धारित किए जाते है।

(5) बजट वित्तीय लेखों का प्रक्षेपण होते है जबकि प्रमाप लागत लेखों का प्रक्षेपण (Projections) होते हैं।

(6) बजटरी नियन्त्रण में विचरण के सम्बन्ध मे लेखों से कुछ ज्ञात नहीं होता, यह जानकारी लेखों के कुल जोड़ मे प्राप्त होती है। प्रमापित लागत विधि मे विचरणों को विस्तृत रूप से विश्लेषित किया जाता है तथा कारणों की खोज की जाती है। इस प्रकार प्रमापित लागत विधि से विभिन्न खातों मे ही विचरणों का पता चल जाता है।

(7) बजट सामग्री, रोकड़, श्रम आदि की सम्भावित आवश्यकताओं के अनुमान होते है जबकि प्रमापित लागतों द्वारा अनुमानित लागतों की जानकारी नहीं मिलती है। प्रमापित लागत द्वारा यह पता चलता है कि लागत क्या होनी चाहिए। इस प्रकार प्रमापित लागत विधि के अनुमानों के आधार पर प्रयोग नही किया जा सकता है।

वास्तव में प्रमापित लागत विधि तथा बजटरी नियन्त्रण एक दूसरे मे पूरक (Complementry) हैं अतः अधिकतम कार्यकुशलता प्राप्त करने के लिए दोनों का ही प्रयोग किया जाना चाहिए।

प्रमापित एवं अनुमानित लागतें (Standard Cost and Estimated Costs) :—प्रमापित लागतें एवं अनुमानित लागते दोनों ही पूर्व-निर्धारित लागतें हैं लेकिन इनके उद्देश्य भिन्न होते हैं। दोनों में महत्वपूर्ण अन्तर निम्नलिखित है :—

(1) अनुमानित लागत का उद्देश्य भविष्य में '**होने वाली**' लागतों का पूर्वानुमान लगाना है जबकि प्रमापित लागत का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि लागतें क्या '**होनी चाहिएँ**'।

(2) अनुमानित लागतों की गणना भूतकालिक अनुभवों के आधार पर भावी परिवर्तनों को दृष्टिगत रखकर की जाती है। इसके विपरीत प्रमापित लागतें कुछ निश्चित अवस्थाओं में कुशलता की स्थितियों के आधार पर वैज्ञानिक रूप से निर्धारित की जाती हैं।

(3) अनुमानित लागतें विशिष्ट उद्देश्य से ज्ञात की जाती हैं जैसे उत्पादों का विक्रय मूल्य ज्ञात करने के लिए, क्रय अथवा उत्पादन सम्बन्धी निर्णय लेने के लिए, उपकार्यों का विक्रय मूल्य उद्धृत करते के लिए आदि। इसके द्वारा लागत नियन्त्रण

नहीं किया जा सकता है। इसके विपरीत प्रमापित लागतों के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य लागत नियन्त्रण होता है। इसके अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारित किए जाते है तथा वास्तविक निष्पादन की तुलना करके आवश्यकतानुसार उचित कार्यवाही की जाती है।

(4) अनुमानित लागतों का प्रयोग उन संस्थाओं द्वारा किया जाता है जिनमें लागतों के निर्धारण के लिए ऐतिहासिक लागत विधि अपनाई जाती है जबकि प्रमापित लागतों का प्रयोग उन संस्थाओं द्वारा किया जाता हैं जिनमें प्रमापित लागत विधि अपनाई जाती हैं।

प्रमापित लागत विधि के स्थापन सम्बन्धी प्रारम्भिक आवश्यकताएँ (Preliminaries to the Establishment of Standard Costs) :—प्रमापित लागत विधि की स्थापना से पूर्व निम्न आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिएँ :—

(1) लागत केन्द्रों की स्थापना (Establishment of Cost Centres)

(2) विभिन्न प्रकार के प्रमाप (Types of Standards)

(3) प्रमाप निर्धारण (Setting the Standards)

(1) **लागत केन्द्रों की स्थापना** :—जैसे कि इस पुस्तक में अन्यत्र बताया गया है लागत केन्द्र 'वह स्थान' व्यक्ति अथवा उपकरण की वह मद है जिसके लिए लागतों का निर्धारण किया जाता है तथा लागत नियन्त्रण के लिए जिसका उपयोग किया जाता है। असन्तोषजनक विचरणों के लिए उत्तरदायित्वों का निर्धारण करने के लिए लागत केन्द्रों की स्थापना करना आवश्यक होता है।

(2) **प्रमापों के प्रकार** (Types of Standards) :—प्रमाप तीन प्रकार के होते हैं :—

(क) **वर्तमान प्रमाप** (Current Standards) :—यह प्रमाप वर्तमान परिस्थितियों से सम्बन्धित होते हैं तथा इन्हें अल्पकालिक उपयोग के लिए स्थापित किया जाता है। यह प्रमाप आदर्श प्रमाप (Ideal Standard) अथवा अनुमानित प्रमाप (Expected Standard) के आधार पर निर्धारित किए जा सकते हैं।

आदर्श प्रमाप (Ideal Standard) :—यह वह प्रमाप है जिन्हें सर्वाधिक अनुकूल परिस्थितियों में प्राप्त किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में यह प्रमाप अत्यधिक ऊँची कुशलता स्तर पर आधारित होता है। यह प्रमाप साधारण परिस्थितियों मे प्राप्त करना अत्यन्त कठिन होता है। यह प्रमाप निर्धारित करते समय यह धारणा व्याप्त होती है कि उत्पादन के लिए श्रेष्ठतम परिस्थितियाँ उपस्थित होंगी तथा समय, श्रम अथवा क्षमता का क्षय अथवा बरबादी नहीं होगी। साधारणत: क्योंकि ऐसी परिस्थितियां उपलब्ध नहीं होती हैं अत: यह प्रमाप केवल सैद्धान्तिक प्रमाप ही कहे जा सकते हैं।

इस प्रमाप के निर्धारित किये जाने का लाभ यह होता है कि ऐसे लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं जो भले ही प्राप्त न हो पायें, लेकिन उन्हें प्राप्त करने का उद्देश्य सामने रहता है। इस प्रमाप के आलोचक यह तर्क प्रस्तुत करते हैं कि वास्तविक लागतों एवं प्रमापित लागतों की तुलना करते समय अत्यधिक विचरण पाया जाता है। यह विचरण संस्था की लागतों से स्थायी तौर पर सम्बन्धित हो जाते हैं। आदर्श प्रमाप प्राप्त न हो सकने के कारण कर्मचारियों में भी निराशा की भावना व्याप्त हो जाती है।

अनुमानित प्रमाप (Expected Standard) :—यह वह प्रमाप हैं जिनका अनुमान भविष्य की किसी वजट अवधि के लिए लगाया जाता हैं। इस प्रकार के प्रमाप निर्धारित करते समय उद्योग को विद्यमान परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाता है। इसके अतिरिक्त वर्तमान परिस्थितियों में भविष्य में होने वाले सम्भावित परिवर्तनों को भी दृष्टिगत रखा जाता है। यह प्रमाप निर्धारित करते समय अपरिहार्य सामान्य क्षति एवं क्षयों आदि के लिए भी उचित प्रावधान किया जाता हैं। इसलिग यह प्रगाह अधिक यथार्थवादी प्रतीत होता है। लागत नियन्त्रण के दृष्टिकोण से भी यह प्रमाप अधिक श्रेष्ठ है क्योंकि प्रमाप पहुँच के भीतर होने के कारण केवल वास्तविक विचरणों को ही प्रकट करते हैं।

(ख) **मूल प्रमाप** (Basic Standard) :—यह वह प्रमाप हैं जो लम्बी अवधि के लिए अपरिवर्तित रूप में प्रयोग के लिए निर्धारित किए जाते है। यह प्रमाप दीर्घाविधि के लिए निर्धारित किए जाते है अतः भावी योजनाकरण में सहायता मिलती है। मूल प्रमाप किसी आधार वर्ष (Base year) के लिए निर्धारित किए जाते है तथा इनमें लम्बी अवधि तक कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है भले ही सामग्री मूल्यों, श्रम दरों तथा अन्य व्ययों में परिवर्तन होता रहे। वास्तविक लागतों तथा मूल प्रमापों में विचरण ज्ञात करने से किसी उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती क्योंकि मूल प्रमाप परिवर्तित रहते है तथा इन्हें वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों के कारण समायोजित नहीं किया जाता है अतः यह प्रमाप लागत नियन्त्रण के दृष्टिकोण मे उपयोगी नही कहे जा सकते है। मूल प्रमापों का एक लाभ यह है कि इसके आधार पर ज्ञात किए गये विचरणों से दीर्घाविधि मे उत्पादन लागतों की प्रवृत्तियों का पता चल जाता है।

(ग) **सामान्य प्रमाप** (Normal Standard) —यह वह औसत प्रमाप होने है जो किसी भविष्यकालीन अवधि जो कम से कम एक व्यापारिक चक्र की अवधि के बराबर हो, के लिए अनुमानित होते हैं। यह प्रमाप, भविष्य की किसी अवधि, (जैसे 5 वर्ष) जो व्यापारिक चक्र की अवधि हो, में औसत निष्पादन के आधार पर, निर्धारित किये जाते हैं। इन प्रमापों को अपनाया जाना कठिन होता हैं क्योंकि

दीर्घकालीन भविष्य के सम्बन्ध में सही अनुमान लगाना कठिन होता है यह प्रमाप अनुमानित सामान्य परिस्थितियों में प्राप्य होते हैं लेकिन यदि यह अनुमानित सामान्य परिस्थितियां भविष्य में स्थिर नहीं रहती हैं तो यह प्रमाप भी प्राप्त नहीं किए जा सकते है। इसी कारणवश सामान्य प्रमाप लागत नियन्त्रण की दृष्टि से अधिक लाभदायक अथवा उपयोगी सिद्ध नहीं हो सकते हैं।

(3) **प्रमाप निर्धारण** (Setting the Standards)—बजट समिति की भाँति एक प्रमाप समिति की स्थापना की जानी चाहिए: प्रमाप समिति का मुख्य कार्य प्रमापित लागतों का निर्धारण होना चाहिए। इस समिति में उत्पादन प्रबन्धक, क्रय अधिकारी, उत्पादन इन्जीनियर, विक्रय प्रबन्धक, लागत लेखपाल तथा अन्य कार्यानुसार प्रबन्धक आदि होने चाहिएँ।

उपरोक्त सभी अधिकारियों में से लागत लेखापाल प्रमापित लागतों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि उसके द्वारा सभी लागत सम्बन्धी आँकड़े प्रस्तुत किए जाते है तथा वही लागत समिति के कार्यों में सामंजस्य स्थापित करता है।

यह ध्यान रखने योग्य बात है कि निर्धारित प्रमाप न तो अधिक ऊँचे स्तर पर निर्धारित किए जाने चाहिए न ही अत्यधिक नीचे स्तर पर। प्रमाप निर्धारित किए जाने पर वह प्राप्त नहीं किए जा सकेंगे क्योंकि उनमें कर्मचारी रुचि रहीं लेंगे। दूसरी तरफ, निचले स्तर पर निर्धारित किए गए प्रमाप आसानी से प्राप्त होने के कारण कर्मचारियों द्वारा उत्पादन कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रयत्न नहीं किए जाएँगे। यह एक सामान्य नियम है कि प्रमाप कर्मचारियों द्वारा प्रयत्न किए जाने पर प्राप्य होने चाहिएँ (Standards should be such which are attainable if the workers put some more effects or become more efficient,)

प्रमापित लागत विधि की सफलता प्रमापों के सही होने पर निर्भर करती है। अत: यह आवश्यक हो जाता है कि प्रमापों के निर्धारण में अत्यधिक सावधानी बरती जाए। प्रमाप लागत के प्रत्येक तत्व के सम्बन्ध में निर्धारित किए जाने चाहिएँ।

(1) **प्रत्यक्ष सामग्री** (Direct Materials) :—प्रत्येक उत्पाद के लिए प्रमापित सामग्री लागत पूर्व निर्धारित की जानी चाहिए। इसमें निम्नलिखित को सम्मिलित किया जाता है :—

(i) उत्पादन के लिए सामग्री के प्रमापित परिमाण का निर्धारण।

(ii) सामग्री के प्रति इकाई प्रमापित मूल्य का निर्धारण।

सामग्री की प्रमापित मात्रा का निर्धारण करते समय इन्जीनियरिंग विभाग द्वारा पिछले रिकॉर्ड एवं अनुभव के आधार पर, सामग्री का विस्तृत ब्यौरा तैयार

किया जाना चाहिए। प्रमाप निर्धारित करते समय सामग्री के क्षय की उचित मात्रा में छूट दी जानी चाहिए।

सामग्री का प्रमापित मूल्य निर्धारित करते समय उत्पादन में प्रयोग आने वाली सभी प्रकार की सामग्रियों का प्रमापित मूल्य निर्धारित कर दिया जाना चाहिए। यह कार्य क्रय अधिकारी एवं लागत लेखापाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। सामग्री के प्रत्येक मद के लिए प्रमापित मूल्य निर्धारित करते समय बाजार स्थितियों तथा भावी मूल्य प्रवृतियों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए। प्रमापित सामग्री मूल्य निर्धारित करते समय भंडारगृह तथा क्रय लागतों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। सामग्री की प्रमापित लागतें निर्धारित करने का उद्देश्य क्रय विभाग की कुशलता बढ़ाना है ताकि सामग्री लागतों को कम रखा जा सके।

(ख) **प्रत्यक्ष श्रम लागत** (Direct Labour Cost) :—प्रमापित प्रत्यक्ष श्रम लागतों का निर्धारण करते समय

(i) प्रमापित लागत एवं

(ii) प्रमापित दर

का निर्धारण किया जाता है इस सम्बन्ध में उत्पादन की प्रत्येक क्रिया एवं श्रमिकों की प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रमापित समय का निर्धारण करना आवश्यक हो जाता है। समय एवं गति अध्ययन द्वारा प्रत्येक उत्पादन क्रिया के लिए प्रमापित समय का निर्धारण किया जा सकता है। प्रमापित समय निर्धारण करते समय थकान, कार्य प्रारम्भ करना, निर्देश एवं सामग्री प्राप्त करने के लिए हुए सामान्य व्यर्थ समय की छूट दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त पिछले अनुभवों तथा रिकॉर्ड के आधार पर भी प्रमापित समय का निर्धारण किया जा सकता है। लेकिन यह विधि सरल होते हुए भी वैज्ञानिक नहीं है। अतः प्रमापित समय एवं गति अध्ययन की सहायता से इन्जीनियरों द्वारा निर्धारित किया जाता है।

श्रमिकों की प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रमापित भुगतान दरें निर्धारित की जानी चाहियें। यदि श्रमिकों की भुगतान दरें माँग एवं पूर्ति पर आधारित है तो पिछले समयों में दी गई दरें भविष्य के लिए उचित आधार मानी जानी चाहिएँ। दरों में होने वाले सम्भावित परिवर्तनों अथवा संशोधनों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। जिन उद्योगों में मजदूरी दरें अनुबन्ध, कानून, श्रम ट्रिब्यूनलों आदि द्वारा निर्धारित की जाती हैं वहां प्रमापित भुगतान दरों के निर्धारण में अधिक कठिनाई उपस्थित नही होती है। प्रमापित दरों का निर्धारण मजदूरी भुगतान पद्धति पर भी निर्भर करता है। यदि मजदूरी समयानुसार दी जाती है तो मजदूरी दरें प्रति घंटा अथवा प्रति दिन की दर से निर्धारित की जा सकती हैं। यदि मजदूरी दरों का भुगतान

कार्यानुसार किया जाता है तो प्रमापित मजदूरी दरें प्रति इकाई की दर से निर्धारित की जाएगी। इस सम्बन्ध में लागत लेखापाल कार्मिक विभाग (Personnel Department) की सहायता ले सकता है।

(ग) **उपरिव्यय** (Overheads) :—उपरिव्ययों को दो मुख्य श्रेणियों—स्थायी एवं परिवर्ती, में बाँटा जा सकता है अत: प्रमापित उपरिव्यय स्थायी तथा परिवर्ती दोनों प्रकार के उपरिव्ययों के लिए निर्धारित किए जाने चाहिए। प्रमापित उपरिव्यय दर पिछले रिकॉर्ड एवं मूल्यों की भावी प्रवृतियों के आधार पर निर्धारित किया जाता है। यह दर प्रति घंटा अथवा प्रति इकाई के लिए निर्धारित की जा सकती है। प्रमापित उपरिव्यय दर की गणना निम्नलिखित सूत्रों द्वारा ज्ञात की जा सकती है :—

प्रमापित परिवर्ती उपरिव्यय दर

$$= \frac{\text{बजट अवधि के लिए प्रमापित परिवर्ती उपरिव्यय}}{\text{बजट अवधि बजट घंटे अथवा बजट उत्पादन इकाईयां}}$$

Standard Variable Overhead Rate=

$$\frac{\text{Standard variable overheads for the budget period}}{\text{Budgeted production in units or budgeted hours for the budget period.}}$$

प्रमापित स्थायी उपरिव्यय दर

$$= \frac{\text{बजट अवधि के लिए प्रमापित स्थायी उपरिव्यय}}{\text{बजट अवधि के बजट घंटे अथवा बजट उत्पादन इकाईयाँ}}$$

Sandard fixed overhead rate=

$$\frac{\text{Standard fixed overheads for the budget period}}{\text{Budgeted production in units or budgeted hours for the budget period.}}$$

प्रमापित घंटा (Standard Hour)—उत्पादन का सामान्य भौतिक इकाईयों जैसे किलो, टन, गैलन, दर्जन, इकाईयों आदि से प्रकट किया जाता है। लेकिन सभी उत्पादन की वस्तुओं का एक ही प्रकार की इकाईयों में प्रकट करना कठिन होता है। फैक्ट्री मे विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन किया जाना है तो यह आवश्यक हो जाता है कि उन सभी को किसी सामान्य इकाई द्वारा परिमापित किया जाए। समय एक ऐसा तत्व है जो सभी उत्पादों में सामान्य रूप से व्यय होता है अतः सभी उत्पादों का उत्पादन प्रमापित घंटों से प्रकट किया जा सकता है। 'प्रमापित घंटा वह घंटा है जिसके द्वारा प्रमापित परिस्थितियों में कार्य की मात्रा को मापा जा सकता है।'[1] उदाहरण के लिए यदि 'क' उत्पाद की 100 ईकाईयां 10 घंटे में तथा 'ख' उत्पाद की 200 इकाईयां 25 घंटे में उत्पादित की जा सकती हैं

1. Standard hours can be defined as an hour which measure the amount of work that should be performed in one hour under standard conditions.

तो एक प्रमापित घंटे में 'क' उत्पाद की 10 इकाईयां व 'ख' उत्पाद की 8 इकाईयों का उत्पादन हो सकता है।

प्रमापित लागत पत्रक अथवा प्रमापित लागत विवरण (Standard Cost Card or Standard Cost Sheet) :—किसी उत्पाद के प्रत्येक तत्व के लिए स्थापित किए गए प्रमापों को प्रमापित लागत पत्रक अथवा विवरण में रिकॉर्ड किया जाता है। इस प्रकार के पत्रक में उत्पादन की विशिष्ट इकाई के लिए आवश्यक प्रत्येक सामग्री की मात्रा व मूल्य, श्रम की प्रत्येक श्रेणी के लिए आवश्यक समय तथा दर, उपरिव्यय दर, कुल प्रमापित लागत एवं प्रति इकाई लागत को दर्शाया जाता है। प्रमापित लागत पत्रक प्रत्येक उत्पाद के लिए बनाया जाना चाहिए तथा इसमें उत्पादन की कुल प्रमापित लागत को लागत के विभिन्न लेखों में विभाजित करके दिखाया जाना चाहिए।

प्रमापित लागत पत्रक का नमूना नीचे दिया जा रहा है :—

Standard Cost Card

No......... Date of Setting Standard..................

Product... ....

Element of Cost	Quantity or Hour	Rate Rs.	Total Cost
1. Direct Material			
Material A	40 Units	2.00	80
Material B	20 Units	3.00	60
	60 Units		140
Less : Normal Loss (10%)	6 Units	Scrap value	12
Normal Output	54 Units		128
2. Direct Labour	50 Hrs.	1.50	75
3. Overheads :			
Variable	10 Hrs.	2.00	20
Fixed	10 Hrs	1.00	10
Total Cost			233
Profit 20%			46.60
Selling Price			279.60

Standard Cost per unit $= \frac{\text{Total Cost}}{\text{Output}} = \frac{233}{54} =$ Rs. 4.31

Standard Selling Price per unit Rs. 4.31+20% of Rs. 4.31 = Rs. 5 17

विचरणों का विश्लेषण (Analysis of Variances)—वास्तविक लागत अथवा लाभ हानि के प्रमापित लागत अथवा लाभ हानि से अन्तर को विचरण कहते हैं। यदि वास्तविक लागत प्रमापित लागत से कम है अथवा वास्तविक लाभ प्रमापित

लागत से अधिक है यह अनुकूल विचरण (Favourable Variance) कहा जाता है तथा यह सामान्यत: संस्था की श्रेष्ठ कार्यकुशलता का द्योतक होता है। इसके विपरीत यदि वास्तविक लागत प्रमापित लागत से अधिक है अथवा वास्तविक लाभ प्रमापित लाभ से कम है तो इसे प्रतिकूल विचरण (Unfavourable or Adverse Variance) कहा जाता है तथा यह संस्थान की अ-कार्य कुशलता का सूचक होता है। अनुकूल तथा प्रतिकूल विचरणों को क्रमश: क्रैडिट व डैबिट विचरण भी कहा जाता है।

प्रमापित लागतों अथवा लाभ राशियों में कई कारणों से विचरण हो जाते हैं तथा इन विचरणों का विश्लेषण करने से वास्तविक उत्तरदायी कारण, व्यक्ति अथवा विभाग के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। प्रतिकूल विचरणों की स्थिति में लागतों पर नियन्त्रण करने की दृष्टि से विचरणों का विश्लेषण किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सामान्यत: अनुकूल विचरणों की स्थिति में विश्लेषण नहीं किया जाता है। लागत नियन्त्रण के उद्देश्य से भी विचरणों का विश्लेषण करना अत्यन्त आवश्यक होता है।

विचरणों का विश्लेषण लागत के प्रत्येक तत्व एवं विक्रय के लिए किया जा सकता है जैसे कि

(i) प्रत्यक्ष सामग्री विचरण
(ii) प्रत्यक्ष श्रम विचरण
(iii) उपरिव्यय विचरण
(iv) विक्रय विचरण

सामग्री विचरण (Materials Variances)

सामग्री के सम्बन्ध में निम्नलिखित विचरण हो सकते हैं :

(i) सामग्री लागत विचरण (Material Cost Variance)
(ii) सामग्री मूल्य विचरण (Material Price Variance)
(iii) सामग्री प्रयोग विचरण (Material Usage or Quantity Variance)
(iv) सामग्री मिश्रण विचरण (Material Mix Vatiance)
(v) सामग्री उत्पादन विचरण (Material Yield Variance)

(क) **सामग्री लागत विचरण** (Material Cost Variance)—यह वास्तविक उत्पादन के लिए सामग्री की प्रमापित लागत एवं उपयोग की गई सामग्री की लागत का अन्तर है। इसे निम्न प्रकार से स्पष्ट किया जा सकता है :—

सामग्री लागत विचरण=सामग्री की प्रमापित लागत—उपयोग की गई सामग्री की लागत

Material Cost Variance=Standard Cost of Materials—Actual Cost of Materials used

अथवा

सामग्री लागत विचरण=सामग्री मूल्य विचरण+सामग्री प्रयोग अथवा मात्रा विचरण

Or Material Cost Variance=Material Price Variance + Material Usage or Quantity Variance

अथवा

सामग्री लागत विचरण=सामग्री मूल्य विचरण+सामग्री मिश्रण विचरण +सामग्री उत्पादन विचरण

Or Material Cost Variance=Material Price Variance+Material Mix Variance+Material Yield Variance

सामग्री लागत विचरण ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित जानकारी प्राप्त होना आवश्यक है :

(1) वास्तविक उत्पादन के लिए आवश्यक सामग्री की प्रमापित मात्रा। प्रमापित सामग्री मात्रा का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जा सकता है :

वास्तविक उत्पादन × प्रति इकाई प्रमापित सामग्री मात्रा

Actual Output × Standard Quantity of materials per unit.

यहाँ यह ध्यान रखना आवश्यक है कि सामग्री की प्रमापित मात्रा के निर्धारण के लिए वास्तविक उत्पादन (न कि प्रमापित उत्पादन) को प्रति इकाई प्रमापित सामग्री मात्रा से गुणा किया जाए।

(2) सामग्री का प्रति इकाई प्रमापित मूल्य

(3) सामग्री की वास्तविक प्रयोगित मात्रा

(4) सामग्री का वास्तविक प्रति इकाई मूल्य

(ख) **सामग्री मूल्य विचरण** (Material Price Variance)—यह सामग्री लागत विचरण का वह भाग है जो वास्तविक उत्पादन के लिए प्रयोग हुई वास्तविक सामग्री के प्रमापित मूल्य एवं वास्तविक उपयोगित मात्रा के वास्तविक मूल्य का अन्तर होता है। दूसरे शब्दों में,

सामग्री मूल्य विचरण=वास्तविक सामग्री प्रयोग (प्रमापित सामग्री मूल्य प्रति इकाई—वास्तविक सामग्री मूल्य प्रति इकाई)

Material Price Variance :

Actual Usage (Standard Unit Price—Actual Unit Price)

(ग) **सामग्री प्रयोग विचरण** (Material Usage Variance)—यह सामग्री लागत विचरण का वह भाग है जो वास्तविक उत्पादन के लिए प्रमापित सामग्री मात्रा तथा वास्तविक प्रयोगित सामग्री का अन्तर प्रकट करता है। यह निम्न प्रकार से प्रकट किया जा सकता है :

सामग्री प्रयोग विचरण=प्रमापित सामग्री मूल्य प्रति इकाई (प्रमापित मात्रा —वास्तविक मात्रा)

Material Usage Variance :

Standard Price per unit (Standard Quantity—Actual Quantity)

Illustration 25·1. The standard material required to manufacture one unit of product A is 5 kgs. and the standard price per kg. of material is Rs 3·00. The cost accountants, records, however, reveal that 16,000 kgs. of material costing Rs. 52,000 were used for producing 3,000 units of product A. Calculate the variances.

Solution

Standard Price of Matertal per kg.=Rs. 3

Standard Usage per unit of product A=5 kgs.

∴ Standard usage from an output of 3,000 units of product A=3,000× 5 kgs=15,000 kgs.

Actual Usage of materials=16,000 kgs. costing Rs. 52,000

Actual Price of materials per kg. $=\frac{52,000}{16,000}=$ Rs. 3.25

(a) Material Price Variance :

Actual Usage (Standard Unit Price—Actual Unit Price)
16,000 kgs. (Rs. 3.00—Rs. 3.25)
=16,000 (—25)=Rs. 4,000 Unfavourable

(b) Material Usage Variance :

St. Price per unit (Standard Quantity—Actual Quantity)
Rs. 3.00 (15,000 kgs.—16,000 kgs)
=Rs. 3.00 (—1,000)=Rs. 3,000 Unfavourable.

(c) Material Cost Variance :

Standard Cost of Materials—Actual Cost of Materials
or Standard Usage×Standard Unit Cost—Actual Usage×Actual Unit Cost
=15,000 kgs. ×Rs. 3.00—16,000 kgs.×3.25
=Rs. 45,000—Rs. 52,000=Rs. 7,000 Unfavourable

Verification :

Material Cost Variance=Material Price Variance+Material Usage Variance

Rs. 7,000 Unfavourable=—Rs. 4,000—Rs. 3,000=Rs. 7,000 Unfavourable

Illustration 25·2. From the following particulars calculate:—

(*i*) Total Material Cost variance ;

(*ii*) Materials Price Variance ; and

(*iii*) Materials Usage Variance.

	Standard		Actual	
Materials	Units	Price (Rs.)	Units	Price (Rs.)
A	1,010	1.0	1,080	1.2
B	410	1.5	380	1.8
C	350	2.0	380	1.9

Solution

(i) **Materials Cost Variance :**

Standard Cost of Materials—Actual Cost of Materials or St. Quantity × St. Unit Cost—Actual Quantity × Actual Unit Cost.

Standard Cost of Materials		Actual Cost of Materials	
Material A, 1,010 units @ Rs. 1	=Rs. 1,010	1,080 units @ Rs. 1.20=Rs.	1,296
Material B 410 units @ Rs. 1.5	=Rs. 615	380 units @ Rs. 1.80=Rs	684
Material C 350 units @ Rs. 2	=Rs. 700	380 units @ Rs. 1.90=Rs.	722
Total St. Cost	Rs. 2,325	Total Actual Cost Rs.	2,702

∴ Materials Cost Variance=Rs. 2,325—Rs. 2,702=Rs. 377 Adverse

(ii) **Matesials Price Variance :**

Actual Quantity (St. Unit Price—Actual Unit Price).

Material A : 1,080 Units (Rs. 1—Rs. 1.20)=Rs. 216 Adverse
Material B : 380 Units (Rs. 1.5—Rs. 1.80)=Rs. 114 Adverse
Material C : 380 Units (Rs. 2.2—Rs. 1.90)=Rs. 38 Favourable

Total Materials Price Variance =Rs. 292 Adverse

(iii) **Material Usage Variance :**

St. Price Per unit (St. Quantity—Actual Quantity)

Material A : Re. 1 (1,010 Units—1,080 Units)=Rs. 70 Adverse
Material B : Rs. 1.5 (410 Units— 380 Units)=Rs. 45 Favourable
Material C : Rs. 2 (350 Units— 380 Units)=Rs. 60 Adverse

Total Material Usage Variance =Rs. 85 Adverse

Verifications :

Material Cost Variance=Material Price Variance+Material Usage Variance

Rs. 337 Adverse=—Rs. 292—Rs. 85=Rs. 377 Adverse

(घ) **सामग्री मिश्रण विचरण** (Materials Mix Variance)—मिश्रण विचरण सामग्री प्रयोग विचरण का वह भाग है जो मिश्रण के प्रमापित एवं वास्तविक

मिश्रण में अन्तर के कारण होता है। दूसरे शब्दों में यह विभिन्न सामग्रियों के प्रयोग के वास्तविक अनुपात में प्रमापित अनुपात के मिश्रण अन्तर को दर्शाता है। यह प्रमापित मिश्रण के प्रमापित मूल्य तथा वास्तविक मिश्रण के प्रमापित मूल्य के अन्तर के बराबर होता है। सामग्री मिश्रण विचरण की दशा में निम्न स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती है :

(i) वास्तविक मिश्रण तथा प्रमापित मिश्रण में कोई अन्तर न हो (Actual weight of mix and the Standard weight of mix do not differ) : ऐसी स्थिति में, सामग्री मिश्रण विचरण की गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जा सकती है :

प्रमापित लागत प्रति इकाई (प्रमापित मात्रा—वास्तविक मात्रा)

Standard Unit Cost (Standard Quantity—Actual Quantity).

यदि किसी विशेष प्रकार की सामग्री की कमी के कारण प्रमाप में कोई संशोधन किया गया है तो निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया जाएगा :

प्रमापित लागत प्रति इकाई (संशोधित प्रमापित मात्रा—वास्तविक मात्रा)

Standard Unit Cost (Revised St. Quantity—Actual Quantity).

Illustration 25.3. From the following data given below, calculate the materials mix variance.

Materials	Standard	Actual
A	90 units @ Rs. 12	100 units @ Rs. 12
B	60 units @ Rs. 15	50 units @ Rs. 16

Solution

Materials Mix Variance :

Standard Unit Cost (Standard Quantity—Actual Quantity)

Material A : Rs. 12 (90 units—100 units) =Rs. 120 Adverse
Material B : Rs. 15 (60 units – 50 units) =Rs. 150 Favourable

Materials Mix Variance Rs. 30 Favourable

Illustration 25·4. From the following information, calculate the materials mix variance.

Materials	Standard	Actual
A	200 units @ Rs. 12	160 units @ Rs. 13
B	100 units @ Rs. 10	140 units @ Rs. 10

Due to shortage of material A, it was decided to reduce consumption of A by 15% and increase that of materials B by 30%.

Solution

Revised Standard Mix is :—

Materia A : 200 un'ts—15% of 200=170 units
B : 100 units+30% of 100=130 units

Materials Mix Variance :

Standard Unit Cost (Revised Standard Quantity—Actual Quantity)

Material A : Rs. 12 (170 units—160 units) = Rs. 120 Favourable
Material B : Rs. 10 (130 units—140 units) = Rs. 100 Adverse

Materials Mix Variance = Rs. 20 Favourable

(ii) वास्तविक मिश्रण से प्रमापित मिश्रण भिन्न हो (Actual weight of mix differs from the standard weight of mix) इस स्थिति में, सामग्री मिश्रण विचरण की निम्नलिखित सूत्र द्वारा गणना की जा सकती है :

$$\left\{ \frac{\text{वास्तविक मिश्रण का कुल वजन}}{\text{प्रमापित मिश्रण का कुल वजन}} \times \text{प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत} - \text{वास्तविक मिश्रण की प्रमापित लागत} \right\}$$

$$\left[\frac{\text{Total Weight of Actual Mix}}{\text{Total Weight of St. Mix.}} \times \text{St. cost of (Revised) St. Mix.} \right] - \text{St. Cost of Actual Mix.}$$

Illustration 25 5. From the data given below, calculate the materials price variance, the materials usage variance and the materials mixture variance.

Consumption of 100 units of product

Raw material	Standard	Actual
A	40 units @ Rs. 50 per unit	50 units @ 50 per unit
B	60 units @ Rs. 40 per unit	60 units @ 45 per unit

Solution

(i) Materials Pricc Variance :

Actual Quantity (Standard Unit Price—Actual Unit Price)

Material A : 50 units (Rs. 50—Rs, 50) = Nil
Material B : 60 units (Rs. 40 – Rs. 45) = Rs. 300 Unfavourable

Material Price Variance = Rs. 300 Unfavourable

(ii) Materials Usage Variance :

Standard Unit Price (Standard Quantity—Actual Quantity)

Material A : Rs. 50 (40 units—50 units) = Rs. 500 Unfavourable

Material B : Rs. 40 (60 units—60 units) = Nil

Material Usage Variance = Rs. 500 Unfavourable

(iii) Materials Mix Variance :

Actual Mix = 50 units of A + 60 units of C = 110 units

Standard Mix = 40 units of A + 60 units of B = 100 units

In this case, weight of actual mix differs from the weight of standard mix. Therefore, mix variance by the calculated will be following formnla :—

$$\left(\frac{\text{Total weight of Actual Mix}}{\text{Total weight of Standard Mix}} \times \text{Standard Cost of Standard Mix} \right) - \text{Standard Cost of Actual Mix}$$

$$= \left(\frac{110}{100}\times 40\times 50+60\times 40\right)-50\times 50+60\times 40$$

$$= \text{Rs. } 4{,}840-\text{Rs. } 4{,}900=\text{Rs. } 60 \text{ Unfavourable}$$

(ङ) **सामग्री उत्पादन विचरण** (Material Yield Variance)—यह सामग्री मात्रा विचरण का वह भाग है जो निश्चित किये गये प्रमापित उत्पादन एवं प्राप्त वास्तविक उत्पादन का अन्तर होता है। इस विचरण द्वारा सामग्री की असमान्य हानि अथवा बचत को मापा जाता है। यह विचरण प्रक्रियारत उद्योगों के लिए, जहाँ सामग्री की एक निश्चित प्रतिशत हानि अपरिहार्य होती है, अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यदि सामग्री की वास्तविक हानि प्रमापित हानि की मात्रा से भिन्न हैं तो उत्पादन विचरण उत्पन्न होगा। इसे टूट-फूट विचरण अथवा अवशेष विचरण (Scrap Variance) भी कहते है। यह हानि निम्न दो स्थितियों में हो सकती है :

(i) **जब प्रमापित एवं वास्तविक मिश्रण में कोई अन्तर न हो** (When standard and actual mix do not differ—ऐसी स्थिति में उत्पादन विचरण की निश्नलिखित सूत्र द्वारा गणना की जा सकती है :

उत्पादन विचरण=प्रापित दर (वास्तविक उत्पादन—प्रमापित उत्पादन)

Yield Variance=St. Rate (Actual Yield—Standard Yield)

$$\text{यहाँ प्रमापित दर}=\frac{\text{प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत}}{\text{सकल उत्पादन}-\text{प्रमापित हानि}}$$

$$\text{Where St. Rate}=\frac{\text{Standard Cost of St. Mix}}{\text{Net St. Output } \textit{i.e.} \text{ Gross Output}-\text{St. loss}}$$

(ii) **जब वास्तविक मिश्रण तथा प्रमापित मिश्रण में अन्तर हो** (When actual mix differs from standard mix)—इस स्थिति में संशोधित प्रमापित मिश्रण की गणना करना आवश्यक होता है तथा प्रमापित दर की गणना संशोधित प्रमापित मिश्रण से निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जा सकती है :

$$\text{प्रमापित दर}=\frac{\text{संशोधित प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत}}{\text{शुद्ध प्रमापित उत्पादन}}$$

$$\text{Standard Rate}=\frac{\text{Standard Cost of Revised Standard Mix}}{\text{Net Standard Output}}$$

तथा

उत्पादन विचरण=प्रमापित दर (वास्तविक उत्पादन—संशोधित प्रमापित उत्पादन)

Yield Variance=St. Rate (Actual Yield—Reviseed. Standard Yield)

Illustration 25·6. From the following data, calculate materials yield variance :—

	Standard Mix	Actual Mix
Material A	200 units @ Rs. 12	160 units @ Rs. 13
Material B	100 units @ Rs. 10	140 units @ Rs. 10

Standard loss allowed is 10% of input. Actual output is 275 units.

Solution

In this case standard and actual mix do not differ. So, there is no need of calculating revised standard mix.

	Standard Mix		Actual Mix	
Material A	200 units @ Rs. 12=Re. 2,400		160 units @ 13=Rs. 2,080	
Material B	100 units @ Rs. 10=Rs. 1,000		140 units @ 10=Rs. 1,400	
	300 units	Rs. 3,400	300 units	Rs. 3,480
Less Loss	30 units (10%)	—	25 units	—
Output	270 units	Rs. 3,400	275 units	Rs. 3,480

Standard Cost per unit=Rs. $\frac{3,400}{270}$=Rs. 12.593

Yield Variance=Standard Rate (Actual Yield−Standard Yield)
=Rs. 12.593 (275 units−270 units)
=Rs. 12.593×5=Rs. 62.965 Favourable.

Illustration 25·7. The standard cost of a chemical mixture is as under :

8 tons of material A at Rs. 40 per ton.
12 tons of material B at Rs. 60 per ton.
Standard yield is 90% of input.
Actual cost for period is as under :
10 tons of material A at Rs. 30 per ton
20 tons of material B at Rs. 68 per ton
Actual Yield is 26.5 tons
Compute : (*a*) Materials Cost Variance,
(*b*) Materials Usage Variance,
(*c*) Materials Price Variance,
(*d*) Materials Mix Variance,
(*e*) Materials Yield Variance.

Solution

(a) **Materials Cost Variance :**

Standard Cost of Materials−Actual Cost of Actual Materia'

Standard cost of materials is calculated as follows:

Standard cost of Standard output

	8 tons @ Rs. 40	=Rs. 320
	12 tons @ Rs. 60	=Rs. 720
	20 tons	Rs. 1,040
Less Wastage	2 (10%)	—
St. Output	18 tons	Rs. 1,040

∴ Standard Cost of materials for an actual output of 26·5 tons is

Rs. 1,531 $\left(\frac{1,040}{18}\times 26.5\right)$

Actual Cost of Materials

Material A : 10 tons @ Rs. 30 = Rs. 300
Material B : 20 tons @ Rs. 68 = Rs. 1,360

Rs. 1,660

∴ Materials Cost Variance = Rs. 1,531 — Rs. 1,660 = Rs. 129 Adverse

(b) **Materials Usage Variance :**

Standard Price (Standard Usage—Actual Usage)

Material A : Rs. 40$\left(\frac{1}{18}\times 26{\cdot}5 \text{ tonnes}—10 \text{ tonne}\right)$ = Rs. 71 Favourable

For a standard output of 18 tons st. material is = 8 tons

∴ For an actual output of 26·5 tons st. material is $\frac{8}{18}$ × 26·5 tons)

Material B : Rs. 60 × $\left(\frac{12}{18}\times 26{\cdot}5 \text{ tons}—20 \text{ tons}\right)$ = Rs. 140 Unfav.

∴ Materials Usage Variance = Rs. 71 — Rs. 140 = Rs. 69 Unfav.

(c) **Materials Price Variance :**

Actual Usage (St. Price—Actual Price)

Materlal A : 10 tons (Rs. 40—Rs. 30) = Rs, 100 Fav.
Material B : 20 tons (Rs. 60—Rs. 68) = Rs. 160 Unfav.

Materials Price Variance = Rs. 60 Unfav.

(d) **Materials Mix Variance :**

$$\left(\frac{\text{Total weight of Actual Mix}}{\text{Total weight of St. Mix}}\times \text{St. Cost of St. Mix}\right) - \text{St. Cost of Actual Mix.}$$

$$= \left(\frac{10 \text{ tons}+20 \text{ tons}}{8 \text{ tons}+12 \text{ tons}}\times 8 \text{ tons @ Rs. } 40+12 \text{ tons @ Rs. } 60\right) - 10 \text{ tons @ Rs, } 40+20 \text{ tons @ Rs. } 60$$

$$= \left(\frac{30}{20}\times \text{Rs. } 320\right)+720 - \text{Rs. } 400+\text{Rs. } 1,200$$

= Rs. 1,560 — Rs. 1,600 = Rs. 40 Unfavourable.

(e) **Yield Variance :**

The weight of actual mix differs from standard mix. So, revised standarsd mix will have to be calculated to find out yield variance.

Revised Standard Mix.

Material A ;
For a St. mix of 20 tons, A's mixture = 8 tons

For a mix of 30 tons, A's mixture = $\frac{8}{20}\times 30 = 12$ tons

Similarly, Material B : $= \frac{12}{20}\times 30 = 18$ tons

Total Cost of Revised Standard Mix

Material A ;	12 tons @ Rs. 40=Rs.	480
Material B :	18 tons @ Rs. 60=Rs	1,080
	30 tons	Rs. 1,560
Less ; 10%	3 tons	—
Standard Output	27 tons	Rs. 1,560

Standard Rate per unit $= \frac{\text{Rs. } 1,560}{.27} = \frac{\text{Rs. } 520}{9}$

Materials Yield Variance :

St. Rate (Actual Yield— Standard Yield)

$=\text{Rs. } \frac{520}{9}$ (26·5 tons—27 tons)=Rs. 29 Unfav.

Verification :

Materials Cost Variance = Materials Price Variance + Material Usage Variance

Rs. 129 Unfav. = Rs. —60—Rs. 69=Rs. 129 Unfav.

Materials Usage Variance = Materials Mix. Variance + Materials Yield Variance

Rs. 69 Unfavourable = —Rs. 40—Rs. 29=Rs. 69 Unfavourable.

श्रम विचरण (Labour Variances)

श्रम विचरणों का निम्नलिखित प्रकार से विश्लेषण किया जा सकता है :

(i) श्रम लागत विचरण (Labour Cost Variance)

(ii) श्रम भुगतान दर विचरण (Labour Rate of Pay Variance)

(iii) श्रम कार्य कुशलता विचरण (Idle Time Variance)

(v) श्रम मिश्रण विचरण (Labour Mix Variance)

यह विचरण सामग्री विचरण की ही भाँति है तथा इनकी निम्न प्रकार से परिभाषा दी जा सकती है।

(क) **श्रम लागत विचरण** (Labour Cost Variance)—यह वास्तविक उत्पादन के लिए निश्चित की गई श्रम की प्रमापित लागत तथा कार्यरत श्रम की वास्तविक लागत का अन्तर होता हैं। इसे मजदूरी विचरण (Wages Variance) भी कहते है। इस विचरण को निम्न पकार से स्पष्ट किया जा सकता है :

श्रम लागत विचरण=श्रम की प्रमापित लागत—श्रम की वास्तविक लागत

Labour Cost Variance=Standard Cost of Labour—Actual Cost of Labour.

(ख) **श्रम भुगतान दर विचरण** (Labour Rate of Pay Variance)—यह श्रम लागत विचरण का वह भाग है जो निश्चित प्रमापित दर एव भुगतान की वास्तविक दर के अन्तर के कारण होता है। निम्नलिखित सूत्र द्वारा इसकी गणना की जा सकती है :

श्रम भुगतान दर विचरण=वास्तविक समय (प्रमापित दर—वास्तविक दर)

Rate of Pay Variance=Actual Time (Standard Rate—Actual Rate)

(ग) **श्रम कार्यकुशलता विचरण** (Labour Efficiency Variance)—यह श्रम लागत विचरण का वह भाग है जो प्राप्त उत्पादन के लिए निश्चित किए गये प्रमापित श्रम घंटों एवं वास्तविक श्रम घंटों के अन्तर के कारण से होता है। इसे निम्न प्रकार से प्रकट किया जाता है :

श्रम कार्य कुशलता विचरण=प्रमापित दर (प्रमापित समय—वास्तविक समय)

Labour Efficiency Variance=Standard Rate (Standard Time—Actual Time)

यहाँ प्रमापित समय का तात्पर्य वास्तविक उत्पादन के लिए दिये जाने वाले प्रमापित घण्टों से हैं।

इसी प्रकार वास्तविक समय का अर्थ व्यतीत किये गये श्रम घण्टे एवं असामान्य व्यर्थ घण्टों के अन्तर से हैं।

(घ) **श्रम व्यर्थ समय विचरण** (Labour Idle Time Variance)—यह श्रम लागत विचरण का यह भाग है जो श्रमिकों के असामाम्य व्यर्थ समय के कारण होता है। यह विचरण उत्पादन को प्रभावित करने वाले असामान्य कारणों जैसे मशीन की खराबी, बिजली फेल हो जाना, सामग्री की कमी आदि को प्रकट करता हैं। इस विचरण को उत्पादन को प्रभावित करने वाबे कारणों को प्रकट करने के लिए पृथक रूप से दिखाया जाता है। श्रम कार्यकुशलता विचरण की गणना करते हुए वास्तविक समय में से असामान्य व्यर्थ समय घटा दिया जाता है ताकि श्रमिकों की वास्तविक कार्य कुशलता का निर्धारण किया जा सके। अत:

श्रम व्यर्थ समय विचरण=असामान्य व्यर्थ समय × प्रमापित दर

Idle Time Variance=Abnormal Idle Timc × Standard Rate

(ङ) **श्रम मिश्रण विचरण** (Labour Mix Variance)—यह सामग्री मिश्रण विचरण की ही भाँति होता है तथा श्रम कुशलता विचरण का एक भाग होता है। यह विचरण यह प्रदर्शित करता है कि श्रम लागत विचरण का कितना भाग श्रम मिश्रण के कारण से है। इसे निम्न प्रकार से ज्ञात किया जाता है :

(i) यदि श्रम के प्रमापित मिश्रण में कोई अन्तर नहीं होता है एवं वास्तविक समय प्रमापित समय के बराबर ही है तो विचरण ज्ञात करने का सूत्र निम्नलिखित होगा :

श्रम मिश्रण विचरण=प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत—वास्तविक मिश्रण की प्रमापित लागत

Labour Mix Variance=
St. Cost of St. Composition−St. Cost of Actual Composition

(ii) यदि श्रम के प्रमापित मिश्रण को किसी विशिष्ट प्रकार के श्रमिकों की कमी के कारण संशोधित अथवा परिवर्तित किया गया है तथा व्यतीत किया गया कुल समय कुल संशोधित प्रमापित समय के बराबर है तो विचरण ज्ञात करने का सूत्र निम्नलिखित होगा :

श्रम मिश्रण विचरण=संशोधित प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत
−वास्तविक मिश्रण की प्रमापित लागत

Labour Mix Variance=
St. Cost of Revised St. Composition−St. Cost of Actual Composition.

(iii) यदि श्रम का कुल वास्तविक समय कुल प्रमापित समय से भिन्न है तो सूत्र निम्नलिखित होता :

श्रम मिश्रण विचरण=(वास्तविक श्रम मिश्रण का कुल समय / प्रमापित मिश्रण का कुल समय × प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत)—वास्तविक मिश्रण की प्रमापित लागत

Labour Mix Variance=
(Total Time of Actual Labour Composition / Total Time of St. Labour Composition × St. Cost of St. Composition)−St. Cost of Actual Composition.

(iv) यदि प्रमाप में संशोधन किया गया है तथा कुल वास्तविक श्रम समय कुल प्रमापित श्रम समय से भिन्न है तो निम्न सूत्र का प्रयोग किया जा सकता है :

श्रम मिश्रण विचरण=वास्तविक श्रम मिश्रण का कुल समय / संशोधिक प्रमापित श्रम मिश्रण का कुल समय
×संशोधित प्रमापित मिश्रण की प्रमापित लागत
—वास्तविक मिश्रण की प्रमापित लागत

Labour Mix Variance=
(Total Time of Actual Labour Composition / Total Time of Revised St. Labour Composition × St. Cost of Revised St. Composition)
−St. Cost of Actual Composition.

Illustration 25·8. Using the following information, calculate labour variances :—

Gross direct wages=Rs. 3,000
Standard hours produced=1,600
Standard rate per hour=Rs. 1.50

Actual hours paid 1,500 hours out of which hours not worked (Abnormal idle time) are 50.

Solution

(a) **Labour Cost Variance :**

St. Cost of Labour – Actual Cost of Labour

or St. Hours × St. Rate – Actual Hours × Actual Rate

1,600 × Rs. 1·50 – 1,500 × Rs 2 = Rs. 600 Adverse

$$\left(\text{Actual Rate} = \frac{\text{Gross Direct Wages}}{\text{Actual Time}} = \text{Rs.} \frac{3,000}{1,500 \text{ Hours}} = \text{Rs. 2 per hour} \right)$$

(b) **Labour Rate of Pay Variance :**

Actual Time (St. Rate – Actual rate)

= 1,500 Hours (Rs. 1·50 – Rs. 2) = Rs. 750 Adverse

(c) **Labour Efficiency Variance :**

St. Rate (St. Time – Actual Time)

Rs 1·50 (1,600 Hours – 1,450 Hours) = 225 Favourable

(Actual Time = Actual Hours Paid – Idle Hours i e. 1,500 – 50 = 1,450 Hours)

(d) **Idle Time Variance :**

Abnormal Idle Time × St. Rate

50 Hours × Rs 1·50 = Rs 75 Adverse

Verification

Labour Cost Variance = Rate of Pay Variance + Efficiency Variance + Idle Time Variance

Rs. 600 Adverse = – Rs 750 + Rs. 215 – Rs. 75 = Rs. 600 Adverse.

Illustration 25 9. From the following data, calculate labour variances :—

The budgeted labour force for producing product A is :

20 Semi skilled workers @ 75 p. per hour for 50 hours

10 Skilled workers @ Rs. 1.25 per hour for 50 hours

The actual labour force employed for producing A is :

22 Semi-skilled workers @ 80 p. per hour for 50 hours

8 Skilled workers @ Rs. 1·20 per hour for 50 hours

Solution

(a) **Labour Cost Variance :**

Standard Cost of Labour – Actual Cost of Labour

Standard Cost of Labour :

20 Semi-skilled workers @ 75 P for 50 hours =	Rs.	750
10 Skilled workers @ Rs 1·25 for 50 hours =	Rs.	625
	Rs.	1,375

Actual Cost of Labour :

22 Semi-skilled workers @ 80 p. for 50 hours	=Rs.	880
8 Skilled workers @ Rs. 1·20 for 50 hours	=Rs.	480
	=Rs.	1,360

Labour Cost Variance = Rs. 1,375 – Rs. 1,360 = Rs. 15 Favourable

(b) **Rate of Pay Variance:**

Actual Time (St. Rate—Actual Rate)

Semi-skilled Workers : 22×50 hours (75 p.—80 p.) Rs. =55 Unfav

Skilled Workers : 8×50 hours (Rs. 1 25—Rs.1·20) =Rs. 20 Fav.

Total Rate of Pay Variance =Rs. 35 Unfav.

(c) **Labour Efficiency Variance :**

St. Rate (St. Time—Aetual Time)

Semi-skilled Workers : 75 p. (20×50 hours—22×50 hours) =Rs. 75 Unfav.

Skilled Workers : Rs. 1,25 (10×50 hours—8×50 hours) =Rs. 125 Fav.

Total Labour Efficiency Variance =Rs. 50 Fav.

(d) **Labour Mix Variance :**

Standard Cost of Standard Mix—Standard Cost of Actual Mix

Standard Cost of Standard Mix :

20 Semi-skilled workers @ 75 p. for 50 hours	=Rs. 750
10 Skilled workers @ Rs. 1 25 for 50 hours	=Rs 625
	Rs. 1,375

Standard Cost of Actual Mix :

22 Semi-skilled workers @ 75 p. for 50 hours	Rs. 825
8 skilled workers @ Rs. 1·25 for 50 hours	Rs. 500
	Rs. 1,325

∴ Labour Mix Variance=Rs. 1,375—Rs. 1,325=Rs. 50 Fav.

Verification :

Labour Cost Variance = Rate of Pay Variance + Efficiency Variance
Rs. 15 Fav. =—Rs. 35+Rs. 50=Rs. 15 Fav.

Illustration 25·10. Calculate variance from the following data :—

	Standard	Actual
Number of men employed	100	90
Output in units	5,000	4,800
Number of working days in a month	20	18
Average wages per man per month	Rs. 200	Rs. 198

Solution

First, we calculate standard rate, actual rate, standard time and actual time which are not directly given in the question.

Standard wages per man per month =Rs, 200

Standard working days in a month =Rs. 20

∴ Standard rate per day =Rs. $\frac{200}{20}$ =Rs. 10

Actual wages per man per month =Rs. 198

Actual working days in a month =18

∵ Actual rate per day $=\text{Rs.}\ \frac{198}{18}$ Rs. 11

Standard man days for an output of 5,000 units=100×20
=2,000 man days

∴ Standard man days for the actual output of 4,800 units $\frac{2,000}{5,000}$ ×4,800=1,920 man days

Actual man days=men×working days=90×18=1,620 man days

(a) **Rate of Pay Variance**
Actual Time (St. Rate−Actual Rate)
1,620 man days (Rs. 10−Rs. 11)=Rs. 1,620 Unfav.

(b) **Labour Efficiency Variance**
St. Rate (St. Time—Actual Time)
Rs. 10 (1,920 man days—1,620 man days)=Rs. 3,000 Fav.

(c) **Labour Cost Variance**=Rate of Pay Variance+Efficiency Variance=−Rs. 1,620+Rs. 3,000=Rs. 1,380 Fav.

or Labour Cost Variance=St. Cost of Labour−Actual Cost of Labour
For 5,000 units st. cost of labour=100 workers @ Rs. 200=Rs. 20,000

∴ For the actual output of 4,800 units, st. cost of labour=$\frac{20,000}{5,000}$ ×4,800=Rs. 19,200

Actual Cost of Labour=90 workers @ Rs. 198=Rs. 17,820
∴ Labour Cost Variance=19,200−Rs. 17,820=Rs. 1,380 Fav.

Illustration 25·11. From the following data, calculate labour mix variance of gang composition variance.

Standard Labour

100 Skilled workers @ Rs. 300 per month

200 Semi-skilled workers @ Rs. 200 per month

Actual Labour

110 Skilled workers @ Rs. 350 per month

340 Semi-skilled workers @ Rs. 225 per month

Due to shortage of skilled workers, it was decided to reduce the number of skilled workers by 10% and increase that of semi-skilled workers @ 5%.

Solution

Revised Standard Mix

$$\text{Skilled Workers}=100-\frac{10}{100}\times100=\ 90$$

$$\text{Semi-skilled Workers}=200+\frac{5}{100}\times200=210$$

300

Actual Mix
Skilled Workers = 110
Semi-skilled Workers = 340

450

In this case, total number of standard workers differs from total number of actual workers. So, the following formula for the calculation of labour mix variance will apply.

$$\left(\frac{\text{Total Number of Actual Labour Mix}}{\text{Total Number of Revised St. Labour Mix}} \times \text{St. Cost of Revised St. Labour Mix}\right) - \text{St. Cost of Actual Composition} = \frac{450}{300} \times 69,000 - 1,01,000$$

=Rs. 1,03,500—Rs. 1,01,000=Rs. 2,500 Fav.

(Standard Cost of Revised St. Mix :

Skilled Workers 90 @ Rs. 300	=Rs. 27,000
Semi-skilled Workers 210 @ Rs. 200	=Rs. 42,000
	Rs. 69,000

Standard Cost of Actual Mix

Skilled Workers 110 @ Rs. 300	=Rs. 33,000
Semi-skilled Workers 340 @ Rs. 200	=Rs. 68,000
	Rs. 1,01,000)

उपरिव्यय विचरण (Overhead Variance)

उपरिव्यय लागत विचरण से आशय वास्तविक उत्पादन के सम्बन्ध में प्रमापित उपरिव्यय लागत एवं वास्तविक उपरिव्यय लागत के अन्तर से है। दूसरे शब्दों में उपरिव्यय लागत विचरण उपरिव्ययों का अधि-संविलियन ही है। इसकी गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जा सकती है—

उपरिव्यय लागत विचरण=वास्तविक उत्पादन × प्रमापित उपरिव्यय दर प्रति इकाई—वास्तविक उपरिव्यय

उपरिव्यय को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है :

(i) परिवर्ती उपरिव्यय विचरण (Variable Overhead Variance)

(ii) स्थायी उपरिव्यय विचरण (Fixed Overhead Variance)

परिवर्ती उपरिव्यय विचरण—यह वास्तविक उत्पादन के लिए प्रमापित परिवर्ती उपरिव्यय लागत एवं वास्तविक परिवर्ती उपरिव्यय लागत का अन्तर होता हैं। इसे व्यय विचरण (Expenditure Veriance) भी कहते हैं। इसे निम्न प्रकार से व्यक्त किया जाता है :

परिवर्ती उपरिव्यय विचरण=वास्तविक उत्पादन × प्रमापित परिवर्ती उपरिव्यय दर—वास्तविक परिवर्ती उपरिव्यय

Actual Output × St. Variable Overhead Rate—Actual Variable Overheads.

Illustration 25·12.

Standard Output for the year	2,000 units
Actual Output for the year	2,500 units
Standard Variable Overheads	Rs. 8,000
Actual Variable Overheads	Rs. 9,700

Calculate variable overhead expenditure variance.

Solution

St. Variable Overhead Rate per unit = Rs. $\frac{8,000}{2,000}$ = Rs. 4

Variable Overhead Expenditure Variance :

Actual Output × St. Variable Overhead Rate—Actual Overheads

=2,500 units × Rs. 4—Rs. 9,700

=Rs. 10,000—Rs. 9,700=Rs. 300 Favourable.

स्थायी उपरिव्यय विचरण (Fixed Overhead Variance)—यह कुल उपरिव्यय लागत विचरण का वह भाग है जो प्राप्त वास्तविक उत्पादन के लिए स्थायी उपरिव्यय लागत प्रमापित लागत एवं वास्तविक स्थायी उपरिव्यय लागत के अन्तर के कारण होता है । इस विचरण को निम्नलिखित सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है :

स्थायी उपरिव्यय विचरण=वास्तविक उत्पादन × प्रमापित स्थायी उपरिव्यय दर—वास्तविक स्थायी उपरिव्यय

Actual Output × St. Fixed Overhead Rate—Actual fixed Overheads.

यह विचरण निम्न प्रकार से पुन: वर्गीकृत किया जा सकता है :

(1) **व्यय विचरण** (Expenditure Variance)—यह स्थायी उपरिव्यय विचरणों का वह भाग है जो बजटीय स्थायी उपरिव्ययों तथा वास्तविक स्थायी उपरिव्यय में अन्तर के कारण से होता है । इसे निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है :

व्यय विचरण=बजटीय स्थायी उपरिव्यय—वास्तविक स्थायी उपरिव्यय

Expenditure Variance=Budgeted Fixed Overheads—Actual Fixed Overheads.

(2) **परिमाण विचरण** (Volume Variance)—यह स्थायी उपरिव्यय का वह भाग है जो वास्तविक उत्पादन के लिए स्थायी उपरिव्ययों की प्रमापित लागत एवं प्रमापित उत्पादन के लिए स्थायी उपरिव्यय लागत के अन्तर के कारण होता है यह विचरण एक विशिष्ट अवधि में स्थायी उपरिव्ययों के अधि-संविलयन अथवा न्यून-संविलयन को दर्शाता है । यदि वास्तविक उत्पादन प्रमापित उत्पादन से अधिक है तो स्थायी उपरिव्ययों की अधिक वसूली प्राप्त होगी तथा परिमाण विचरण अनुकूल होगा तथा यदि वास्तविक उत्पादन प्रमापित उत्पादन की मात्रा से कम है

तो परिमाण विचरण प्रतिकूल होगा। ऐसा होने का कारण यह है कि स्थायी उपरिव्यय उत्पादन में परिवर्तन के साथ-साथ परिवर्तित नहीं होते है। इस विचरण को निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जा सकता है :

परिमाण विचरण = वास्तविक उत्पादन × प्रमापित दर — बजटीय स्थायी उपरिव्यय

Volume Variance = Actual Output × St. Rate — Budgeted Fixed Overheads.

परिमाण विचरण को पुनः निम्न प्रकार से विश्लेषित किया जा सकता है :

(I) **क्षमता विचरण** (Capacity Variance)—यह परिमाण विचरण का वह भाग है जो प्रमापित क्षमता से अधिक अथवा कम क्षमता पर कार्य करने के कारण से होता है। दूसरे शब्दों में, यह विचरण प्लांट एवं मशीनरी के अधि अथवा न्यून उपयोग के परिणामस्वरूप होता है तथा इसके मुख्य कारण व्यर्थ समय, हड़तालें, तालाबंदी, मशीन का टूट जाना व खराबी आदि, पॉवर फेल हो जाना, सामग्री अथवा श्रमिकों की कमी, श्रम अनुपस्थिति, अधिसमय, शिफ्टों में परिवर्तन आदि हैं। संक्षेप में, यह विचरण प्रमापित कार्य घंटों से अधिक अथवा कम घंटे कार्य करने के परिणामस्वरूप होता है। इसे इस प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है :

क्षमता विचरण = प्रमापित दर (संशोधित बजटीय घंटे—बजट घंटे)

Or Capacity Variance = St. Rate (Revised Budgeted Hours—Budgeted Hours)

(उपरोक्त सूत्र में घंटों के स्थान पर उत्पादन इकाईयों का भी प्रयोग किया जा सकता हैं)

(ii) **कैलेंडर विचरण** (Calender Variance)—यह परिमाण विचरण का वह भाग है जो एक बजट अवधि के कार्य दिवसों की संख्या एव उसी अवधि के वास्तविक कार्य दिवसों के अन्तर के कारण होता है। यदि वास्तविक कार्य दिवस प्रमापित कार्य दिवसों से अधिक है तो विचरण अनुकूल होगा तथा यदि वास्तविक कार्य दिवस प्रमापित कार्य दिवसों से कम है तो विचरण प्रतिकूल होगा। इसकी गणना निम्न प्रकार से की जा सकतीं है :

कैलेडर विचरण = अधिक अथवा कम कार्य दिवसों के कारण उत्पादन मे कमी अथधा बढ़ोतरी × प्रमापित दर प्रति इकाई

Calendar Variance =
Increase or decrease in production due to more or less working days × St. Rate per unit

(iii) **कुशलता विचरण** (Efficiency Variance)—यह परिणाम विचरण का वह भाग है जो बजटीय उत्पादन कुशलता एव प्राप्त की गई वास्तविक उत्पादन कुशलता के अन्तर के कारण मे होता है। यह विचरण श्रमिकों की कुशलता से सम्बन्धित होता है तथा इसकी गणना निम्न प्रकार से की जाती है :

कुशलता विचरण=प्रमापित दर (वास्तविक उत्पादन इकाईयों में—प्रमापित उत्पादन इकाईयों में)

Efficiency Variance=
Standard Rate (Actual Production—Standard Production)
(in units) (in units)

यहाँ प्रमापित उत्पादन से आशय उस बजटीय उत्पादन से है जिसे क्षमता अथवा कैलेंडर विचरण के कारण कमी अथवा बढ़ौतरी के लिए समायोजित किया गया है।

उदाहरण के लिए मान लो मासिक बजटीय उत्पादन 10,000 इकाईयां है तथा 5% क्षमता बढ जाती है एवं फक्टरी में 25 दिन के स्थान पर मास में 27 दिन कार्य होता है। प्रमापित उत्पादन इस स्थिति में 11,340 इकाईयां होगा जिसकी गणना निम्न प्रकार से की जायेगी :

बजटीय उत्पादन 10,000 इकाईयाँ

उत्पादन में वद्धि 5% क्षमता वृद्धि के कारण

$$10{,}000 \times \frac{5}{100} = 500 \text{ इकाईयाँ}$$

25 दिन कार्य के स्थान पर 27 दिन कार्य करने अर्थात 2 अतिरिक्त दिन कार्य करने से उत्पादन में हुई वृद्धि (5% क्षमता वृद्धि के पश्चात्)

$$\frac{10{\cdot}500}{25} = 2 \times 840 \text{ इकाईया}$$

कुल प्रमापित उत्पादन 10,000+500+840=11340 इकाईयाँ

इसी उदाहरण में यदि वास्तविक उत्पादन 10,600 इकाईयाँ हैं तथा प्रमापित स्थायी उपरिव्यय दर 2 रु० प्रति इकाई है तो कुशलता विचरण निम्न प्रकार से ज्ञात किया जाएगा।

Standard Rate (Actual Production—Standard Production)

Rs. 2 (10,600 इकाईयाँ—11,340 इकाईयाँ)=1480 रु०

(Unfavourabie) प्रतिकुल

कुल उपरिव्यय लागत विचरण को निम्न प्रकार से विश्लेपित किया जा सकता है।

Illustration 25·13. From the following data, calculate overhead variances.

	Budget	Actual
Output	15,000 units	16,000 units
Number of Working Days	25	27
Fixed Overheads	Rs. 30,000	Rs. 30,500
Variable Overheads	Rs. 45,000	Rs. 47,000

There was an increase of 5% in capacity.

Solution

(1) **Total Overheads Cost Variance :**

Actual Units × St. Rate—Actual Overhead Cost

16,000 units (Rs. 2+Rs. 3)—Rs. 30,500+Rs. 47,000

=Rs. 80,000—Rs, 77,500=Rs. 2,500 Favourable

$$\text{St. Rate} = \frac{\text{Standard Overheads}}{\text{Standard Output}}$$

$$\therefore \text{ St. Rate—Fixed : Rs. } \frac{30,000}{15,000} = \text{Rs. } 2$$

$$\text{—Variable : Rs. } \frac{45.000}{15,000} = \text{Rs. } 3$$

Actual Overhead Cost=Fixed Overheads+Variable Overheads
=Rs. 30,500+Rs. 47,000=Rs. 77,500

(2) **Variable Overheads Expenditure Variance :**

Actual Units×St. Rate—Actual Variable Overheads Cost

16,000×Rs. 3—Rs. 47,000=Rs. 1,000 Favourable

(3) **Fixed Overheads Variance ;**

Actual units×St. Rate (Fixed Overheads)—Actual Fixed Overheads Cost

16,000×Rs. 2—Rs. 30,500=Rs. 1,500 Favourable

(4) **Volume Variance ;**

Actual Units×St. Rate—Budgeted Fixed Overheads

16,000×Rs. 2—Rs. 30,000=Rs. 2,000 Favourable

(5) **Expenditure Variance :**

Budgeted Fixed Overheads—Actual Fixed Overheads

=Rs. 30,000—Rs. 30,500=Rs. 500 Unfavourable

(6) **Capacity Variance :**

St. Rate (Revised Budgeted Units—Budgeted Units)

Revised Budgeted Units=Budgeted Units+Increase in Capacity

$$=15,000 + \frac{5}{100} \times 15,000 = 15,750 \text{ Units}$$

∴ Capacity Variance=Rs. 2 (15,750 Units—15,000 Units)
=Rs. 2 (750 Units)=Rs. 1,500 Favourable

(7) **Calendar Variance :**

Increase or decrease in production due to more or less working days×St. Rate per unit

Within 25 days, st. production with increased capacity =15,750 units

∴ Within 2 days (27—25), production will be increased by $= \frac{15,750 \times 2}{25}$
=1,260 Units

∴ Calendar Variance=1,260 units×Rs. 2=Rs. 2,520 Favourable

(8) **Efficiency Variance :**

St. Rate (Actual Production—St. Production)

Standard Production :

Budgeted Production	=15,000 units
Production increased due to increase in capacity	= 750 units
Production increased due to 2 more working days	= 1,260 units
	17,010 units

∴ Efficiency Variance=Rs. 2 (16,000 units—17,000 units)
=Rs. 2 (—1,010 units)=Rs. 2,020 Unfav.

Overhead variances are presented in the form of a table so that verification may be done.

Illustration 25·14. From the following data, calculate overhead head variances :—

	Bunget	Actual
Overheads	Rs. 3,75,000	Rs. 3,77,000
Output per man hour in units	2	1·9
Number of Working days	25	27
Man hours per day	5,000	5,500

Solution

Variances relate to fixed overhead variances, because overheads are to be treated as fixed when question is silent about their nature whether fixed or vari-

able We proceed to find out standard output, standard rate and actual output which are not given in the question.

Standard working days = 25

Standard man hours per day =5,000

Standard Output per man hour = 2

∴ **Standard Output**=25×5,000×2=2,50,000 units

Standard Fixed Overheads =Rs. 3,75,000

∴, **Standard Rate per unit**=Rs. $\frac{3,75,000}{2,50,000}\left(\frac{\text{Standard Overheads}}{\text{Standard Output}}\right)$

=Rs. 1·50

Actual working days = 27

Actual man hours per day =5,500

Actual outpur per man hour = 1·9

∴ **Actual Output**=27×5,500×1·9=2,82,150 units

(1) **Fixed Overheads Variance :**

Actual Output×St. Rate—Actual Overheads

2,82,150×1·50–Rs. 3,77,500

=Rs. 4,23,225—Rs. 3,77,500=Rs. 45,725 Favourable

(2) **Expenditure Variance :**

Budgeted Overheads—Actual Overheads

Rs. 3,75,000—Rs. 3,77,500=Rs. 2,500 Unfavourable

(3) **Volume Variance :**

Actual Output×St. Rate—Budgeted Overheads

2,82,150 units×Rs, 1·50—Rs. 3,75,000

=Rs. 4,23,225—Rs. 3,75,000=Rs. 48,225 Favourable

(4) **Capacity Variance :**

St. Rate (Revised Budgeted Units—Budgeted Units)

Revised Budgeted Units :

Standard Working days = 25

Revised man hours due to increase in capacity =5,500

St. Output per max hour = 2

∴ Revised Budgeted Units=25×5,500×2=2,75,000 units

∴ Capacity Variance=Rs. 1·50 (2,75,000 units—2,50,000 units)

=Rs. 1·50 (25,000 units)=Rs. 37,500 Favourable

(5) **Calendar Variance :**

Within 25 days, revised budgeted production=2,75,000 units

Within 2 more working days, production will increase=$\frac{2,75,000}{25}$×2

=22,000 units

∴ Calendar Variance=22,000 units×Rs. 1·50=Rs. 33,000 Favourable

(6) **Efficiency Variance :**

St. Rate (Actual Production—Standard Production)

Standard Production : *i.e.* number of units which should have been produced if there had been no increase or decrease in efficiency

Budgeted Output		2,50,000 units
Production increased due to increase in capacity	=	25,C00 units
Production increased due to 2 more working days	=	22,000 units
Standard Output		2,97,000

Efficiency Variance Rs. 1·50 (2,82,150 units—2,97,000 units)
=Rs. 1·50 (– 14,850 units)=Rs. 22,275 Unfav.

Efficiency variance can also be calculated as follows :—

Actual working days	= 27
Actual man hours per day	= 5,500
∴ Actual man hours=27×5,500	=1,48,500
Standard Output per man hour	=2 units
Actual output per man hour	=1·9 units
∴ Loss of output or inefficiency per man hour	=2–1·9=1 unit

∴ Total loss of output due to inefficiency :
Actual man hours×loss of output per hour
=1,48,500 man hours×·1 unit=14,850 units
∴ Efficiency Variance=–14,850×St. Rate
=–14,850×Rs. 1·50=Rs. 22,275 Unfav.

Verification

Fixed Overheads Variance = Volume Variance+Expenditure Variance
Rs. 45,725 Favourable=Rs. 48,225 (Favourable)—Rs. 2,500 Unfavourable
Rs, 45,725 Favourable=Rs. 45,725 Favourable

Volume Variance=Capacity Variance+Calendar Variance + Efficiency Variance
Rs. 48,225 (Favourabie)=Rs. 37,500 (Favourable)+Rs. 33,000 (Favourable) –Rs. 22,275 Unfav.
=Rs. 48,225 Favourable=Rs. 48,225 Favourable.

विक्रय विचरण (Sales Variance)—विचरणों का विश्लेषण करते समय वास्तविक लाभराशि एवं प्रमापित लाभराशि के अन्तर का विश्लेषण करना भी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। विक्रय विचरण का विश्लेषण करना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है क्योंकि लाभ विचरण (Profit Variance) का विश्लेषण इसके बिना पूर्ण नहीं कहा जा सकता है। अतः लागत विचरणों (सामग्री, श्रम एवं उपरिव्यय लागत विचरण) का विश्लेषण करने के साथ-साथ विक्रय विचरणों का भी विश्लेषण किया जाना चाहिए। विक्रय विचरणों को निम्न प्रकार से विश्लेषित किया जा सकता है :

(1) विक्रय प्राप्ति विचरण (Sales Value Variance)

(2) विक्रय मूल्य विचरण (Sales Price Variance)

(3) विक्रय परिणाम विचरण (Sales Volume Variance)

(4) विक्रय मिश्रण विचरण (Sales Mix Variance)

1. **विक्रय प्राप्ति विचरण** (Sales Value Variance)—यह एक अवधि के दौरान विक्रय की प्रमापित प्राप्तियों एवं वास्तयिक प्राप्तियों का अन्तर होता है। इसे निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है :

विक्रय प्राप्ति विचरण=वास्तविक विक्रय प्राप्ति—प्रमापित विक्रय प्राप्ति

Sales Value Variance=Actual Value of Sales—Standard Value of Sales.

विक्रय प्राप्ति विचरण निम्नलिखित कारणों से उत्पन्न होना होता है :

(1) जब वास्तविक विक्रय मूल्य प्रमापित मूल्य से अधिक अथवा कम है। इसे विक्रय मूल्य विचरण द्वारा व्यक्त किया जाता है।

(2) जब वास्तविक विक्रय मात्रा प्रमापित विक्रय मात्रा से कम अथवा अधिक है। इसे विक्रय परिमाण विचरण द्वारा व्यक्त किया जाता हैं।

(3) जब विभिन्न उत्पानों का वास्तिक विक्रय मिश्रण प्रमापित मिश्रण से भिन्न है। इसे विक्रय मिश्रण विचरण द्वारा व्यक्त किया जाता है।

2. **विक्रय मूल्य विचरण** (Sales Price Variance)—यह विक्रय प्राप्ति विचरण का वह भाग है जो वास्तविक विक्रय मूल्य तथा प्रमापित विक्रय मे अन्तर के कारण होता है। इनकी कणना निम्न प्रकार से की जाती है :

विक्रय मूल्य विचरण=वास्तविक विक्रय मात्रा (वास्तविक मूल्य—प्रमापित मूल्य)

Sales Price Variance=Actual Quantity Sold (Actual Price—St. Price)

(3) **विक्रय परिमाण विचरण** (Sales Volume Variance)—यह विक्रय प्राप्ति विचरण का वह भाग है जो विक्रय का वास्तविक मात्रा तथा प्रमापित विक्रय मात्रा में अन्तर के कारण होता है। इसकी गणना निम्नलिखित सूत्र द्वारा की जा सकती है :

विक्रय परिमाण विचरण=प्रमापित मूल्य (वास्तबिक विक्रय मात्रा—प्रमापित विक्रय मात्रा)

Sales Volume Variance=St. Price (Actual Quantity of Sales —St. Quantity of Sales)

(4) **विक्रय मिश्रण विचरण** (Sales Mix Variance)—यह विक्रय परिमाण विचरण का ही एक भाग है तथा विक्रय की गई वस्तुओं के वास्तविक अनुपात तथा प्रमापित अनुपात मे अन्तर के कारण से होता है। यह निम्न प्रकार से ज्ञात किया जा सकता है :

Sales Mix Variance=St. Value of Actual Mix—St. Value of Revised St. Mix.

Illustration 25·15. The budgeted and actual sales for a period in respect of two products are given below :—

Product	Budget Quantity	Price Rs.	Actual Quantity	Price Rs.
A	1,000	20	1,300	21
B	2,000	15	2,300	14
	3,000		3,600	

Calculate the sales variances.

Solution

(a) **Sales Value Variance**

Estimated cost per bicycle

	Rs.
Materials	100
Labour	75
Factory overheads	25
Total Estimated Cost per unit	200

WORK-IN-PROCESS ACCOUNT

	Rs.		Rs.
To Materials (Actual)	2,18,400	By Finished Goods A/c (Estimated cost of 2,000 bicycles @ Rs 200)	4,00,000
To Wages (Actual)	1,51,410	By Work-in-Progress Inventory c/d (on the basis of estimated cost)	16,000
To Factory overheads (Actual)	55,620	By Cost of Variance A/c	9,430
	4,25,430		4,25,430
To Work-in Progress Inventory b/d	16,000	By Work-in-Progress Inventory (Actual) b/d	16,430
To Cost of Variance A/c	430		
	16,430		16,430
To Work-in-Progress Inward b/d	16,430		

Estimated cost of work-in-progress is calculated as follows :—

	Rs.
Materials—100 units at Rs. 100	10,000
Wages—60% complete, so 60% of 100 units × 60 units at Rs. 75	4,500
Factory Overheads—60% complete, so 60 units at Rs. 25	1,500
Total	16,000

Actual Cost of Work-in-Progress

	Rs.
Materials—Actual cost of 2,100 units Rs. 2.18,400, so cost of 100 units	10,400
Wages—Actual cost of 2,060 units Rs. 1,51,410, so cost of 60 units	4,410
Factory Overheads—Actual cost of 2,060 units Rs. 55,620, so cost of 60 units	1,620
Total	16,430

FINISHED GOODS ACCOUNT

	Rs.		Rs.
To Work-in-Progress A/c	4,00,000	By Cost of Sales A/c (Estimated cost of 18,000 units @ Rs 200	3,60,000
		By Finished Goods Inventory c/d (Estimated cost of 200 units @ Rs. 200)	40,000
	4,00,000		4.00,000
To Finished Goods Inventory b/d	40,000	By Finished Goods Inventory c/d Actual cost of 200 units	40,900
To Cost of Variance A/c	900		
	40,900		40,900

Actual Cost of Finished Goods Inventory

	Rs.
Materials—Actual cost of 2,100 units Rs. 2,18,400, so cost of 200 units	28,000
Wages—Actual cost of 2,060 units Rs. 1,51,410, so cost of 200 units	14,700
Factory Overheads—Actual cost of 2,060 units Rs. 55,620, so cost of 200 units	5,400
	40,900

COST OF SALES ACCOUNT

	Rs.		Rs.
To Finished Goods A/c (Estimated Cost)	3,60,000	By Balance c/d	3,68,100
To Cost of Variance A/c	8,100		
	3,68,100		3,68,100
To Balance b/d	3,68,100		

COST OF VARIANCE ACCOUNT

	Rs.		
To Work-in-Progress A/c	9,430	By Work-in-Progress A/c Inventory	430
		By Finished Goods A/c Inventory	900
		By Cost of Sales A/c (Balancing figure)	8,100
	9,430		9,430

Calculation of Cost of Variance

	Estimated Cost	Actual Cost	Variance
	Rs.	Rs.	Rs.
Materials	2,10,000 (2,100 @ Rs. 100)	2,18,400	8,400 Unfav.
Wages	1,54,500 (2,060 @ Rs. 75)	1,51,410	3,090 Fav.
Factory Overheads	51,500 (2,060 @ Rs. 23)	55,620	4,120 Unfav.
	4,16,000	4,25,430	9,430 Unfav.

Statement of Disposal of Variances

Variances have been appropriated to Work-in-Progress Inventory, Finished Goods Inventory and Cost of Sales on the quantity basis *i.e.* in the ratio of 100 : 200 : 1,800 in case of materials and in the ratio of 60 : 200 : 1,800 in case of labour and overheads taking into account 60% of labour and overhead for Work-in-Progress Inventory.

Item	Variance	Work-in-Progress Inventory	Finished Goods Stock	Cost of Sales	Ratio
	Rs.	Rs.	Rs.	Rs.	
Material	8,400 Unfav.	400 Unfav	800 Unfav.	7,700 Unfav	100 : 200 : 1800
Labour	3,090 Fav.	90 Fav.	300 Fav.	2,700 Fav.	60 : 200 : 1800
Factory Overhead	4,120 Unfav.	120 Unfav	400 Unfav.	3,600 Unfav.	60 : 200 : 1800
Total	9 430 Unfav.	430 Unfav.	900 Unfav.	8,100 Unfav.	

प्रश्न (Questions)

1. वास्तविक लागतों, अनुमानित लागतों व प्रमापित लागतों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

   Differentiate between actual costs, estimated costs, and standard costs.

2. प्रमापित लागतों की परिभाषा दीजिए। प्रमापों का निर्धारण किस स्तर पर किया जाना चाहिए ? प्रमापित लागत विधि को स्थापित करने की विधि बताइये।

   Define standard costs. At what level should the standard be set ? Do standard costs represent a separate type of cost system ?

3. प्रमापित लागतों के लाभ व हानियों की चर्चा करते हुए यह स्पष्ट कीजिए कि किन परिस्थितियों मे इन्हें अपनाया जा सकता है। किन परिस्थितियों मे इसका प्रयोग हानिकारक हो सकता है ?

   Discuss the advantages and disadvantages of standard costs and conditions under which they may be adopted. Also indicate the circumstances in which their use may be misleading.

4. प्रमापित लागत विधि में 'विचरण' का क्या महत्व है ? निम्नलिखित विचरणों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक बताइये :

   (क) सामग्री मिश्रण विचरण (ख) श्रम भुगतान दर विचरण (ग) कैलेंडर विचरण (घ) परिमाण विचरण (ङ) उत्पादन विचरण (च) कुशलता विचरण (छ) विक्रय परिमाण विचरण।

   What is the significance of the term 'variance' in standard costing ? Define and explain the following variances :—

   (*a*) Materials Mixture Variance ;
   (*b*) Labour Rate of Pay Variance ;
   (*c*) Calendar Variance ;
   (*d*) Volume Variance ;
   (*e*) Yield Variance ;
   (*f*) Efficiency Variance ; and
   (*g*) Sales Volume Variance.

5. प्रमापित लागत विधि के अन्तर्गत किन्हीं 6 विचरणों का वर्णन कीजिए जिन में दो सामग्री, श्रम तथा उपरिव्ययों, प्रत्येक में से हों।

In a system of standard costing, enunciate and explain any six variances, two each under materials, labour and overheads.

6. आदर्श परिमाप तथा अनुमानित परिमाप में क्या अन्तर है? प्रमापित लागतों के निर्धारण में सामग्री, श्रम तथा उपरिव्ययों के मुख्य विभाजनों में प्रयुक्त मुख्य आधारों का वर्णन कीजिए।

What is the difference between ideal standard and expected standard? Give the main basis used in building up standard costs within the divisions of materials, labour and overheads.

7. "प्रमापित लागतें उत्पादन क्रियाओं के उचित प्रबन्धकीय नियन्त्रण के लिए श्रेष्ठ साधन हैं।" उपरोक्त कथन की विवेचना करते हुए प्रमापित लागत की परिभाषा दीजिए।

"Standard costs today are basic for a proper managerial control of manufacturing operations". Define standard cost and explain the above statement.

8. (क) 'आदर्श परिमाप' एवं 'अनुमनित प्रमाप' में अन्तर बताइये ?

(ख) बजटरी नियन्त्रण एवं प्रमापित लागत विधि में अन्तर बताइये ?

(*a*) What is the difference between ideal standard and expected standard ?
(*b*) Distinguish between Budgetary Control and Standard Costing.

9. अन्तर स्पष्ट कीजिए—

(क) बजटरी नियन्त्रण एवं प्रमापित लागत विधि ;

(ख) प्रमापित लागत एवं प्रमापित लागत विधि ;

(ग) प्रमापित लागत विधि एवं अनुमानित लागत विधि

(घ) मूल प्रमाप एवं चालू प्रमाप।

Distinguish between :

(*a*) Budgetary Control and Standard Costing ;
(*b*) Standard Cost and Standard Costing ;
(*c*) Standard Costing and Estimating Costing ; and
(*d*) Basic Standard and Current Standard.

10. प्रमापित लागतों को विचरण करने की विधि का सामग्री, श्रम तथा उपरिव्यय लागतों सम्बन्धी विभागों के अन्तर्गत वर्णन कीजिए।

Describe briefly the procedure of establishing standard costs within the divisions of material, labour and overhead costs. (*I.C.W.A.—Inter*)

11. "मूलभूत विचरण प्राप्ति (मूल्य) तथा उपभोग विचरण होते हैं।" इस कथन की सामग्री तथा उपरिव्ययों के सन्दर्भ में विवेचना कीजिए।

"The basic variances are acquisition (price) and usage variances." Discuss this statement in relation to material, labour and overheads,

12. एक औद्योगिक संस्थान में ऐतिहासिक लागत के सम्बन्ध में लागत निर्धारण पद्धति प्रयोग की जाती है। इसमें प्रमापित लागत निर्धारण बिधि के प्रयोग हेतु एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

An industrial concern has a costing system based on historical costs. Draft a report making out a case for introduction of Standard Costing System.

13. निम्नलिखित विचरण किस प्रकार निर्धारित एवं उपचारित किये जाते है :

(i) सामग्री उपभोग विचरण

(ii) श्रम मिश्रण विचरण

(iii) श्रम मजदूरी-दर विचरण

(iv) उपरिव्यय कुशलता विचरण

How are the undermentioned variances calculated and disposed of:

(*i*) Material Usage Variance, (*ii*) Labour Mix Variance, (*iii*) Labour) Wage—rate variance and (*iv*) Overheads Efficiency Variance.

14. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन विचरणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए एवं प्रमापित लागत विधि के अन्तर्गत उनके उपचारों का वर्णन कीजिए।

(क) सामग्री परिमाण विचरण

(ख) सामग्री मूल्य विचरण

(ग) श्रम समय विचरण

(घ) उपरिव्यय उत्पादन कुशलता विचरण

Discuss briefly the causes of the variances under any three of the following heads in Standard Costing and their disposal :

(*a*) Material Quantity Variance ;

(*b*) Material Price Variance ;

(*c*) Labour Time Variance ;

(*d*) Overhead Production Efficiency Variance. (*C.A.—Final*)

15. "विचरणों द्वारा रिपोर्टें (प्रतिवेदन) तथा कागजी कार्यवाही बढ़ती है" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? आप अतिरिक्त कार्य को किस प्रकार उचित ठहरायेंगे।

"Variances multiply reports and increase paper work". Do you agree with this statement ? How do you justify the additional work ?

16. विक्रय विचरणों तथा उनके प्रभावों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on Sales Variance and its implications.
(*I.C.W.A.—Inter June, 1976*)

17. उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइये।

(क) परिमाण विचरण (ख) कुशलता विचरण (ग) क्षमता विचरण

Explain with suitable examples :—

(*a*) Volume Variance, (*b*) Efficiency Variance, (*c*) Capacity Variance.

PROBLEMS

25.1. A furniture manufacturer uses Sunmica tops for tables. From the following information, find out Price Variance, Usage Variance and Joint Variance :—

Standard quantity of Sunmica per table	4 sq. ft.
Standard price per sq. ft. of Sunmica	Rs. 5·00
Actual production of tables	1,000
Sunmica actually used	4,300 sq. ft.
Actual purchase price of sunmica per sq. ft.	Rs. 5·50

Who is responsible for the above variances ?

Ans [Price Variance Rs. 2,150 unfavourable ; Usage Variance Rs. 1,500 unfavourable ; Joint Variance Rs. 3,650 unfavourable.]

25·2. Given that the cost standards for materials consumption are 40 kgs. at Rs. 10 per kg. compute the variances when actuals are :

(*a*) 48 kgs. at Rs. 10 per kg.

(*b*) 40 kgs. at Rs. 12 per kg.

(*c*) 48 kgs. at Rs. 12 per kg.

(*d*) 36 kgs. for a total cost of Rs. 360.

Ans. [(*a*) MCV=80 A MUV=80 A MPV=0

(*b*) MCV=80 A MUV=0 MPV=80 A

(*c*) MCV=176 A MUV=80 A MPV=96 A

(*d*) MCV=40 F MUV=40 F MPV=0

25·3. From the following information calculate the Materials Mixture Variance :—

Materials	Standard Quantity	Actual Quantity	Standard Price per unit	Actual Price per unit
A	100	150	Rs. 5	Rs. 5·50
B	200	250	Rs. 6	Rs. 6·00
C	300	400	Rs. 4	Rs. 3·50

Due to shortage of B, it was decided to reduce consumption of B by 5% and increase that of A by 10%.

Ans. [Rs. 3·33 favourable].

25·4. From the following information, compute (*a*) Mix (*b*) Price and (*c*) Usage Variance :—

	STANDARD			ACTUAL		
	Quantity Kilos	Unit Price Rs.	Total Rs	Quantity Kilos	Unit Price Rs.	Total Rs.
Material A	10	2·00	20·00	5	3·00	15·00
Material B	20	3·00	60·00	10	6·00	60·00
Material C	20	6·00	120·00	15	5·00	75·00
Total	50	4·00	200·00	30	5·00	150·00

Ans. [(*a*) Rs. 10 unfavourable ; (*b*) Rs. 20 unfavourable ; (*c*) Rs. 70 favourable.

25·5. Compute Price, Usage and Mix variances from the data given below :—

	Standard			Actual		
	Quantity kgms	Unit price Rs.	Total Rs	Quantity kgms	Unit price Rs	Total Rs
Material A	6	1·50	9 00	5	2 40	12 00
Material B	2	3·50	7 00	1	6·00	6 00
Total	8	2·00	16·00	6	3·00	18 00

Ans. [Price variance=Rs. 7 Unfav : Usage Variance=Rs 5 Fav and Mix Variance=Re. 1 Fav.]

25·6. From the data given below compute Mix., Price and Usage variance :

	Standard			Actual		
	Quantity Kg.	Unit price	Total	Quantity Kg.	Unit price	Total
Material A	4	Rs. 1·00	Rs. 4·00	2	Rs. 3 50	Rs. 7 00
Material B	2	2 00	4·00	1	2·00	2·00
Material C	2	4·00	8 00	3	3·00	9·00
Total	8	2 00	16·00	6	3 00	18·00

Ans. [Mix Variance=Rs. 4 Adverse ; Price Variance=Rs 2 Adverse; Usage Variance=Nil].

25·7. A manufacturing concern which has adopted standard costing furnishes the following information :

Standard :

Materials for 70 kg. Finished Products	100 Kg.
Price of materials	Re. 1 per Kg.

Actual ;

Output	2,10,000 Kg.
Material used	2,80,000 Kg.
Cost of materials	Rs. 2,52,000

Calculate :

(*a*) Material Usage Variance

(*b*) Material Price Variance

(*c*) Material Cost Variance

(*C.A. Inter*)

Ans. [Material Usage Variance—Rs. 20,000 Fav. ; Material Price Variance Rs. 28,000 Fav. ; Material Cost Variance Rs. 48,000 Fav.].

25·8. From the following particulars find out the following variances :—

(*a*) Material price variance.

(*b*) Materials usage variance.

(*c*) Materials cost variance.

Quantity of material purchased	3000 units
Value of material purchased	Rs. 9,000
Standard quantity of material required per tonne of finished product	25 units

Standard rate of material	Rs. 2 per unit
Opening Stock of material	Nil
Closing Stock of material	500 units
Finished production during the year	80 tonnes.

Also explain the possible causes of these variances.

(B. Com. Hons , Delhi 1977)

Ans. [Materials Price Variance=Rs. 2,500 Adverse ; Materials usage, variance=Rs. 1,000 Adverse; Materials cost variance=Rs. 3,500 adverse)

Hint :—Actual usage=Opening stock+purchases—closing stock=Nil+3,000—500=2,500 units

Actual price of materials per unit $= \frac{\text{Value of material purchased}}{\text{Quantity of material purchased}}$

$= \text{Rs. } \frac{9,000}{3\,000} = \text{Rs. } 3$ per unit.

25·9. The standard cost of a chemical mixture is as under :—

4 tons of materials X at Rs. 20 per ton.
6 tons of material Y at Rs. 30 per ton.
Standard yield is 90% of input.

Actual cost for a period is as under :

4·5 tons of material X at Rs. 15 per ton.
5·5 tons of material Y at Rs. 34 per ton.
Actual yield is 9·1 tons-

Compute : (*a*) Materials price variance.

(*b*) Materials usage variance,

(*c*) Materials mix variance and

(*d*) Materials yield variance.

Ans. [(*a*) Re. 0·50 favourable ; (*b*) Rs. 7·89 favourable ; (*c*) Rs. 5 00 favourable ; (*d*) Rs. 2·89 favourable].

25·10. In a factory section there are 80 workers and the average rate o wages per worker is Re. 0·50 per hour. Standard working hours per week are 45 and the standard performance is 6 units per hour.

During the four weeks in February, wages paid for 40 workers was Rs. 0·50 per hour, for 15 workers Re. 0·60 per hour, and 25 workers Re. 0·40 per hour.

The section did not work for 4 hours due to break down of machinery.

Work out the labour rate variance for the Section for the 4 weeks.

Ans. [Labour rate variance=Rs. 180 favourable]

Hint :—Standard wages for 80 workers @ 50 P. per hour for 4 weeks of 45 hours each $= 80 \times 4 \times 45 \times \frac{50}{100} = \text{Rs. } 7,200$

Actual wages :
40 workers for 4 weeks of 45 hours each @ 50 P.

per hour $= 40 \times 4 \times 45 \times \frac{50}{100} = \text{Rs. } 3,600$

15 workers for 4 weeks of 45 hours each @ 60 p.

per hour $= 15 \times 4 \times 45 \times \frac{60}{100} = \text{Rs. } 1,620$

25 workers for 4 weeks of 45 hours each @ 40 p.

per hour $=25\times4\times45\times\frac{40}{100}$ = Rs. 1,800

Rs. 7,020

Note :—Wages for 4 hours not worked due to break-down of machinery will be paid.

25.11. Calculate variances from the standard for a particular month as disclosed from the following figures :

	Standard	In a particular month
Number of workers employed	600	550
Average wages per worker per month	Rs. 250	Rs. 264
Number of working days in a month	25	24
Output in units	30,000	28,000

Ans. [Rate of pay Variance=Rs. 13.200 Adverse ; Efficiency Variance=Rs. 8,000 favourable ; Labour Cost Variance=Rs. 5,200 Adverse].

Hint :—Standard time for standard output of 30,000 units=600×25 man days.

∴ Standard time for actual output of 28,000 units.

$\frac{600\times25}{30,000}\times28,000=14,000$ man days.

25.12. A contract job is scheduled to be completed in 20 weeks with a labour complement of 100 skilled operatives, 40 semi-skilled operatives and 60 unskilled operatives. The standard weekly wages of each type of operatives are—skilled Rs. 60 semi-skilled Rs 36 and unskilled Rs. 24 The work is actually completed in 32 weeks with a labour force of 80 skilled, 50 semi-skilled and 70 unskilled operatives and the actual weekly wages rates average Rs. 65 for skilled, Rs. 40 for semi-skilled and Rs. 20 for unskilled labour. Analyse the variances in the labour cost due to various reasons.

Ans. [Rate of Pay Variance—Rs 10,240 adverse ; Labour Efficiency Variance—Rs. 1,440 favourable ; Labour Cost Variance Rs. 8,800 adverse].

25.13 Calculate overhead variances from the following data :—

	Standard	Actual
Fixed Overheads	Rs. 8,000	Rs 8,500
Variable Overheads	Rs. 12,000	Rs 11,200
Output in units	4,000	3,800

Ans. [Variable Overhead Variance—Rs. 200 Fav. ; Fixed Overhead Variance—Rs 900 Unfav. ; Volume Variance=Rs. 400 Unfav ; Expenditure Variance = Rs. 500 Unfav.].

25.14. From the following data, calculate :

(*a*) Efficiency Variance (*b*) capacity variance, (*c*) calendar variance, (*d*) volume variance and (*e*) expenditure variance.

Item	Budgeted	Actual
No. of working days	20	22
Man hours per day	8,000	8,400
Output per man hour in units	1·0	·9
Overheads (Rs.)	1,60,000	1,68,000

Ans. (*a*) Rs. 18,480 Unfav. ; (*b*) Rs. 8,000 Fav. (*c*) Rs. 16,800 Fav. (*d*) Rs. 6,320 Fav. and (*e*) Rs. 8,000 Unfav.

25·15. From the following data calculate :

(*a*) Sales Price variance, (*b*) sales volume variance and (*c*) sales mix variance.

Product	Standard		Actual	
	Units	Price per unit	Units	Price per unit
A	1,500	Rs. 30	2,000	Rs. 29
B	1,000	Rs. 50	700	Rs. 50

Ans. (*a*) Rs. 2,000 Unfav. (*b*) Nil and (*c*) Rs. 7,600 Unfav.

25·16. The following table shows the budgeted and actual sales for a certain period. Compute (*a*) price, (*b*) volume and (*c*) mix variance of sales.

Product	Unit	Budget Price per unit	Budget Total	Unit	Actual Price per unit	Total
		Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
A	3,000	30	90,000	3,500	35	1,22,500
B	2,000	20	40,000	2,400	25	60,000
C	1,000	10	10,000	500	5	2,500
	6,000		1,40,000	6,400		1,85,000

Ans. [(*a*) Rs. 27,000 Fav. (*b*) Rs. 18,000 Fav., (*c*) Rs. 8,666·67 Fav.]

25·17. The budgeted and actual sales of a concern manufacturing and marketing a single product are furnished below :—

Sales as Budgeted			Actual Sales		
Quantity	Price per Unit	Amount	Quantity	Price per Unit	Amount
10,000 units	Rs. 3	Rs. 30,000	5,000 units	Rs. 3	Rs. 15,000
			8,000 units	Rs. 2·50	Rs. 20,000

Ascertain :—

(*i*) Sale Price Variance, and
(*ii*) Sale Volume Variance.

Ans. [(*i*) Rs. 4,000 Unfav., (*ii*) Rs. 9,000 Fav.]

25·18. From the following particulars, calculate :

(*a*) Total sales margin variance.
(*b*) Sales margin variance due to selling price.
(*c*) Sales margin variance due to volume.

Produ	Standard			Actual		
	Quantity	Cost per unit	Price per unit	Quantity	Cost per unit	Price per unit
X	3,000 units	Rs. 10	Rs. 12	3,200 units	Rs. 10·50	Rs. 13
Y	2,000 units	Rs. 15	Rs. 18	1,600 units	Rs. 14·00	Rs. 17

Ans. (*a*) Rs. 800 Fav. ; (*b*) Rs. 1,600 Fav. ; (*c*) Rs 800 Unfav.

25·19. Calculate the variance in the following cases and add your comments :

	Standard	Actual
Materials	400 lbs. at Rs. 2 per lb.	420 lbs. at Rs. 2·10 per lb.
Wages :		
Trained labour	80 hrs. at Rs. 1·50 per hr.	70 hrs. at Rs. 1·50 per hr.
Untrained labour	600 ars. at Re. 0·90 per hr.	620 hrs. at Re. 0 90 per hr.
Overheads	700 hrs. at Re. 0·95 per hr.	720 hrs. at Re. 0·90 per hr.

Ans. [Materials Price Variance—Rs. 42 Adverse ; Materials Usage Variance—Rs. 40 Adverse ; Materials Cost Variance=Rs. 82 Adverse ; Labour Efficiency Variance—Trained Labour=Rs. 15 Favourable, Untrained Labaur Rs. 18 Adverse ; Total Lrbour Cost Variance=Rs. 3 Adverse ; Overhead Cost Variance=Rs. 17 Favourable].

25·20. In a factory the standard units of production for the year were fixed at 1,20,000 units and estimated overhead expenditures were estimated to be :—

Fixed	Rs. 12,000
Variable	Rs. 6,000
Semi-variable	Rs. 1,800

Actual production during April of the year was 8,000 units. Each month has 20 working days.

During the month in question there was one statutory holiday. The actual overheads amounted to ;—

Fixed overhead	Rs. 1,190
Variable	Rs. 480
Semi-variable	Rs. 192

Semi-variable charges are considered to include 60 per cent expenses of fixed nature and 40 per cent of variable character.

Find out the expenditure, volume and calendar variance.

(C A. Inter)

Ans. [Expenditure variance—Fixed Overheads Rs. 215·20 Adverse and Variable Overheads Rs. 108·80 Adverse ; Volume variance Rs. 218 Adverse and Calendar Variauce Rs. 54·50 Adverse].

26

लागत अंकेक्षरण (COST AUDIT)

परिभाषा : अंकेक्षण शब्द का तात्पर्य लेखा पुस्तकों की शुद्धता की स्थापना हेतु किये गये लेखा पुस्तकों व वाउचरों के निरीक्षण से है। इन्स्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउन्टस्, इंगलैंड द्वारा लागत अंकेक्षण की परिभाषा निम्न प्रकार से की गई है :—

"लागत अंकेक्षण का तात्पर्य लागत लेखों तथा लागत लेखांकन योजना के क्रियान्वयन की जाँच करने से है।"

कॉस्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेन्ट्स ऑफ इण्डिया द्वारा लागत अंकेक्षण की परिभाषा के अनुसार "यह लागतों की कुशलता का बारीक एवं विस्तारपूर्व किया जाने वाला अध्ययन है जो वस्तुओं की निर्माणाधीन अवधि के दौरान किया जाता है न कि उसका समयोपरान्त किया गया विवेचन है......"। वित्तीय अंकेक्षण स्वयं में अधूरा अंकेक्षण होता है। लागत अंकेक्षण मुख्यत: एक निरोधात्मक उपाय है, प्रवन्धकीय नीति एवं निर्णय के लिए पथ प्रदर्शक है तथा निष्पादन का सूचक यंत्र (Barometre) हैं। लागत अंकेक्षण के उद्देश्य निम्न है :—

(1) यह जांच करना कि लागत लेखे सही प्रकार से तथा उद्योग में प्रचलित लागत निर्धारण विधि के मान्य सिद्धान्तों के अनुरूप ही बनाये गये हैं।

(2) यह सुनिश्चित करना कि लागत लेखांकन सम्बन्धी दिनचर्या का उसी रूप में पालन किया गया है जैसा कि व्यापार के सम्बन्ध में निर्धारित किया गया है -

(3) गलतियों को निकालना तथा छल-कपट की रोकथाम एवं सभी सम्भव अनियमितताओं को रोकना आदि।

लागत अंकेक्षण के विभिन्न आयाम (Different Aspects of Cost Audit)

लागत अंकेक्षण के दो विभिन्न आयाम हैं :—

(1) स्वामित्व सम्बन्धी अंकेक्षण (Proprietory Audit)

(2) कुशलता सम्वन्धी अंकेक्षण (Efficiency Audit)

(1) **स्वामित्व सम्बन्धी अंकेक्षण** : इस अंकेक्षण की परिभाषा अनुसार यह अंकेक्षण प्रबन्ध के उन विभागों तथा योजनाओं का अंकेक्षण है जिनका कम्पनी के वित्त तथा व्ययों पर प्रत्यक्ष प्रभाव होता है। इस अंकेक्षण के अन्तगत लागत अंकेक्षक द्वारा सलाहकार का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है तथा उसे यह निर्णय करना पड़ता है कि :—

---

(1) "Cost Audit is the verification of cost accounts and a check on the adherence to the cost accounting plan." —*I.C.M.A. England*

(क) क्या नियोजित व्ययों द्वारा अधिकतम परिणाम प्राप्त किये जा सकते हैं ?

(ख) क्या नियोजित व्ययों से अधिकतभ सम्भव परिणाम पाने के लिए उसके आकार एवं स्रोतों का सही उपयोग किया गया है।

(ग) क्या पूंजीगत एवं सामान्य दैनिक कार्यो हेतु किए जाने वाले व्यय से होने वाली प्राप्ति को किसी अन्य वैकल्पिक कार्य योजना द्वारा बढ़ाया जा सकता है।

(2) **कुशलता सम्बन्धी अंकेक्षण** : यह अंकेक्षण कार्य निष्पादन की समीक्षा सम्बन्धी अंकेक्षण है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या योजना को कुशलता-पूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से चलाया जा रहा है। इसे लाभदायकता अंकेक्षण (Profitability audit) भी कहते हैं। कुशलता अंकेक्षण द्वारा इस आर्थिक सिद्धान्त के प्रतिपादन को सुनिश्चित किया जाता है कि "साधन हमेशा सर्वाधिक लाभदायक स्रोतों की तरफ जाते है।" यह योजना के अध्ययन प्रारम्भ होता है वास्तविक निष्पादन की बजटीय निष्पादन से तुलना एवं विचरणों के कारणों के अध्ययन को समावेशित करता है। कुशलता अंकेक्षण का मुख्य कार्य यह है कि पूंजी अथवा अन्य क्षेत्रों में नियोजित प्रत्येक रुपया अधिकतम प्राप्ति (Return) देता है तथा उसे कम्पनी के विभिन्न कार्यों तथा विभागों में इस प्रकार नियोजित किया गया है कि अधिकतम प्राप्ति हो सके।

नियुक्त अधिकारी (Appointing Authorities)

लागत अंकेक्षण की नियुक्ति निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा की जा सकती है :—

(i) आन्तरिक अधिकारी (Internal Authorities) जैसे संस्थान के प्रबन्धक आदि।

(ii) बाह्य अधिकारी (External Authorities) जैसे

(क) सरकार के लिए अंकेक्षण की दशा में सरकार;

(ख) ग्राहक के लिए अंकेक्षण की दशा में ग्राहक;

(ग) व्यापारिक संघ अथवा श्रम न्यायालय के लिए अंकेक्षण की दशा में क्रमश: संघ व न्यायालय।

उपरोक्त से यह स्पष्ट है कि लागत अंकेक्षण निम्न हेतु कराया जाता है (अथवा लागत अंकेक्षण के निम्नलिखित प्रकार है) :—

(i) **प्रबन्धकों की सहायतार्थ लागत अंकेक्षण** (Cost Audit to Assist Management) :—इस प्रकार के लागत अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रबन्धकों को

महत्वपूर्ण प्रबन्धकीय निर्णय लेने के लिए समस्त सम्बन्धित, उचित एवं सत्य जानकारी उपलब्ध कराना है। इस अंकेक्षण द्वारा प्रबन्धको को लागत लेखो की शुद्धता की जानकारी मिलती है। इस प्रकार के अंकेक्षण मे लागत अंकेक्षक द्वारा उत्पादन लागत को कम करने के उपाय बनाए जाते है तथा लागत लेखाकन योजना मे सुधार किए जाने की ओर भी प्रबन्धकों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

(ii) **सरकार के लिए लागत अंकेक्षण** (Cost Audit on behalf of Government :—जिन स्थितियों में ऐसा किया जाना आवश्यक है, सरकार द्वारा लागत अंकेक्षकों की नियुक्ति की जा सकती है।

(क) ताकि कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233 बी के अन्तर्गत लागत अंकेक्षण कराया जा सके अथवा (ख) कुछ निश्चित औद्योगिक इकाईयों के लिए सहीं लागत का निर्धारण किया जा सके उन्हें संरक्षण अथवा बित्तीय सहायता दी जा सके।

(ग) निजी संस्थाओं को दिये गये लागत जोड़ ठेकों (Cost Plus Contracts)—की स्थिति मे वास्तविक लागत का निर्धारण किया जा सके।

(घ) उत्पादन की कुछ निश्चित मदों के लिए उचित मूल्य निर्धारित किए जा सकें।

(iii) **किसी ग्राहक के लिए लागत अंकेक्षण** (Cost on behalf of a Customer) .—यदि किसी ग्राहक द्वारा औद्योगिक संस्था को 'लागत जोड, आधार पर ठेका दिया जाता है तो वह ग्राहक की लागत लेखों का अंकेक्षण करवा सकता है। लेकिन इस स्थिति में ग्राहकों केवल उस ठेके से सम्बन्धित लागत लेखों का ही अंकेक्षण करवाने की अनुमति दी जा सकती है इस प्रकार के अंकेक्षण का उद्देश्य सही लागत ज्ञात करना होता है ताकि वह उस आधार पर ठेका मूल्य का भुगतान कर सके।

(iv) **व्यापारिक संघ के लिए लागत अंकेक्षण** (Cost Audit on behalf of Trade Association)—कभी-कभी व्यापारिक संघों द्वारा भी निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सदस्य संस्थाओं का लागत अंकेक्षण कराया जाता है :—

(क) ताकि सदस्य संस्थाओं की तुलनात्मक लाभदायकता का निर्धारण किया जा सके।

(ख) सदस्यों में गलाकाट प्रतिस्पर्धा समाप्त करने के लिए न्यूनतम मूल्यों का निर्धारण किया जा सके।

(ग) अत्यधिक लाभ कमाने से सदस्यों को रोकने के लिए वस्तुओं अथवा सेवाओं का मूल्य निश्चित किया जा सके :

(v) **श्रम न्यायालयों द्वारा लागत अंकेक्षण** (Cost Audit on behalf of Tribunals) :—कभी-कभी श्रम न्यायालयों द्वारा मजदूरी, बोनस, लाभ में हिस्सेदारी सम्बन्धी श्रम विवादों को हल करने के लिए भी लागत अंकेक्षण करवाया जाता है। । इसी प्रकार आयकर न्यायालयों (Income Tax Tribunals) द्वारा भी सही लाभ का निर्धारण करने के लिए लागत अंकेक्षण करवाया जा सकता है।

(vi) **विधान के अन्तर्गत लागत अंकेक्षण** (Cost Audit under Statute)—केन्द्रीय सरकार कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233 (B) के अन्तर्गत कुछ निश्चित श्रेणियों की कम्पनियों को सामग्री, श्रम व अन्य व्ययों के सम्बन्ध में उचित हिसाब किताब रखने का आदेश दे सकती है। यह आदेश उन कम्पनियों को दिया जा सकता है जिनमें कम्पनी अधिनियम की धारा 209 के अन्तर्गत लागत खातों का अनिवार्य रूप से अंकेक्षण का उद्देश्य लागत व मूल्यों में समन्वय स्थापित करना होता है।

लागत अंकेक्षण के उद्देश्य (Objectives of Cost Audit)

लागत अंकेक्षण के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :—

(1) **व्यापार की सुरक्षा** (Protection of the business)—यह निम्न प्रकार से लागत के निर्धारण एवं नियन्त्रण से सम्बन्धित है :—

(क) अशुद्धियों की खोज करना तथा यह सुनिश्चित करना कि लागत रिकॉर्ड सही रखे गये है।

(ख) रिकॉर्ड की शुद्धता की जांच ताकि लागत लेखों का सत्यापन किया जा सके कि वह स्वीकृत लागत लेखों सम्बन्धी सिद्धान्तों के आधार पर तैयार किये गये है।

(ग) यह सुनिश्चित करना कि कार्य विधियां एवं दैनिक कार्यवाहियां, प्रबन्धकों द्वारा निर्धारित प्रकार से एकरूपता ढंग से बनाये गये है।

(2) **प्रभावी समीक्षा** (Constructive Appraisal) अंकेक्षण मुख्यत: प्रबन्धकों के रवैये, नियुक्ति अधिकारियों की तथा अंकेक्षण के कार्यक्षेत्र पर निर्भर करता है। अंकेक्षण प्राय: अंशधारियों के सलाहकार के रूप में भी कार्य करता है :—

उसके कार्य निम्नलिखित से सम्बन्धित होते है :—

(क) क्या विद्यमान कार्यपद्धति तथा प्रतिवेदनों एवं वापसियों का प्रत्यार्पण सही है अथवा व्यर्थ है। परिवर्तनों को आधुनिक लागत निर्धारण तकनीकों के अनुरूप बनाया जा सकता है तथा व्यर्थ विस्तार को कम किया जा सकता है।

(ख) **क्या** विद्यमान कार्यपद्धति प्रबन्धकों द्वारा निर्णय लेने हेतु प्रभावशाली **है अथवा नहीं।**

(ग) क्या अनुमानित व्ययों से अधिकतम प्राप्तियाँ प्राप्त की जा सकती है ?

(घ) क्या नियोजित पूंजी की मात्रा सही है ? यदि नहीं तो क्या इसे श्रेष्टतर किया जा सकता है ?

(3) **पूर्व अंकेक्षण** (Pre-audit) इसके अन्तर्गत अंकेक्षक यह देखता है कि क्या व्ययों को पहले ही बजट अनुमानों में सम्मिलित किया जा चुका है तथा कि कुल संभावित व्यय बजट प्रावधानों तथा वित्तीय दृढ़ता के सिद्धान्तों से अधिक तो नही हो रहे हैं ? यह कार्य वित्तीय सलाहकार को सौंपा जाता है ताकि व्यय (सरकारी संस्थानों की दशा में) उपलब्ध वित सीमा से अधिक न होने पाये ।

लागत अंकेक्षण के लाभ (Advantages of Cost Audit)

(1) **सत्यता की जाँच** (Establishment of accuracy of Cost Accounts) लागत अंकेक्षण द्वारा लागत लेखों की सत्यता का निर्धारण हो जाता है तथा अशुद्धियों व छल कपटों की रोकथाम में सहायता मिलती है । इससे लागत लेखांकन विधियों व तकनीकों में सुधार करने का अवसर भी प्राप्त होता है ताकि प्रबन्धकों को सही एव उचित जानकारी समयानुसार उपलब्ध हो सके।

(2) **निर्णय लेने में सहायता** (Help Mangement in taking decisions)—इससे प्रबन्धकों को महत्वपूर्ण निर्णय (जैसे उत्पादन किया जाय या क्रय आदि) लेने के विश्वसनीय, सही, उचित व सत्य जानकारी प्राप्त होती है ।

(3) **उत्पादन लागत घटाने में सहायता** (Helps , in reducing Cost of Productson) : लागत अंकेक्षण से सभी प्रकार के होने वाले क्षयों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मिल जाती है जिससे परिहार्य (Avoidable) क्षयों को रोकने एवं उत्पादन लागत घटाने में सहायता मिलती हैं ।

(4) **तुलना करने में सहायता** (Helps in making comparison) लागत लेखों के अंकेक्षण द्वारा विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध होते है जिससे अन्त: व्यापारिक लागतों के तुलनात्मक अध्ययन में सहायता मिलती है ।

(5) **अपवाद द्वारा प्रबन्ध सम्भव** (Management by exception becomes possible) लागत अंकेक्षण द्वारा कुशल एवं अकुशल क्रियाओं को पृथक करने तथा अकुशल क्रियाओं के लिए व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित करने में सहायता मिलती है ।

(6) **विचरणों** के **विश्लेषण में सहायता** (Analysis of Variances is faciliated) :—लागत अंकेक्षण द्वारा विचरणों का विश्लेषण करने में सहायता मिलती है क्योंकि अनुमानित अथवा प्रमापित उत्पादन व विक्रय तथा वास्तविक

उत्पादन व विक्रय की तुलना कर ली जाती है। अतः लागत अंकेक्षण के साथ ही प्रमापित लागत विधि व बजटरी नियन्त्रण को अपनाया जा सकता है।

(7) **वित्तीय अंकेक्षक को सहायता** (Assistance of the financial Auditor)—वित्तीय अंकेक्षण को भी लागत अंकेक्षण कराये जाने पर सहायता प्राप्त होती है। उदाहरणतः अन्तिम स्टॉक, अर्द्ध-निर्मित स्टॉक, निर्माणाधीन कार्य आदि के मूल्यांकन के लिए लागत अंकेक्षण द्वारा दिये गये आंकड़ों को वित्तीय लेखों की सहायता के लिए प्रयोग किया जा सकता है इससे वित्तीय अंकेक्षण का कार्य अत्यन्त सरल हो जाता है।

(8) **सार्वजनिक प्राधिकरणों में उपयोगी** (Useful in Public undertakings) :—सार्वाजनिक प्राधिकरणों के लिए लागत अंकेक्षण अत्यधिक उपयोगी होता हैं। लागत अंकेक्षण से अ-कुशलता के सम्बन्ध में जानकारी मिलती है जिससे इन संस्थाओं में उत्पादन लागत पर नियन्त्रण करने में भी सहायता मिलती है।

(9) **औद्योगिक सम्बन्ध सुधारने में सहायता** (Helps in improving Industrial Relations) :—लागत अंकेक्षण कराये जाने पर श्रमिकों को वास्तविक लाभ आदि के वारे में सही जानकारी प्राप्त होती है तथा वह मजदूरी, बोनस, लाभ मे हिस्सा प्राप्त करने के लिए प्राप्त विश्वसनीय आंकड़ों के आधार पर प्रबन्धकों से बातचीत कर सकते हैं। इन आँकड़ों के उपलब्ध न होने की स्थिति में व्यर्थ के विवाद खड़े हो जाते है।

(10) लागत अंकेक्षण से **कर्मचारियों पर** नैतिक प्रभाव पडता हैं जिस कारण से कुशलता में वृद्धि सम्भव हो पाती है।

(11) सरकार तथा अन्य व्यापार संगठनों द्वारा भी लागत अंकेक्षणों की मांग की जा सकती है ताकि अधिकतम मूल्य निर्धारित किये जा सके तथा अत्यधिक लाभ वनाने की प्रवृति को रोका जा सके। सरकार द्वारा लागत अंकेक्षण सार्वजनिक क्षेत्र की दृष्टि से भी करवाया जा सकता है।

अंकेक्षण की तकनीकें (Auditing Techniqus)

अंकेक्षण द्वारा लागत निर्धारण पद्धति की जाँच करते समय विभिन्न तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। कुछ मुख्य तकनीकें निम्नलिखित हैं :—

1. **प्रमाणन** (Vouching) :—प्रमाणन से तात्पर्य लेखा बहियों में की जाने वाली प्रविष्टयों के सम्बन्ध में सत्यता की जांच करना तथा यथासम्भव रूप से यह सुनिश्चित करना हैं कि कोई भी प्रविष्टि पुस्तकों में लिखने से रह नहीं गई है। किसी प्रविष्टि को पुस्तकों द्वारा प्रमाणित करने के लिए अंकेक्षण को समस्त सम्ब-

न्धित दस्तावेजों, प्रमाणों जैसे प्रमाणकों (Vouchers), रसीदों, बीजकों, कार्यवाहियों, अनुबन्धों तथा पत्रव्यवहार आदि की जांच करनी होती है।

2. **जाँच सम्बन्धी निशान** (Check Marks and Ticks) :—कार्य की पूर्णता पर अंकेक्षक द्वारा जाँच सम्बन्धी निशान जैसे पेन्सिल या पेन से सही (√) आदि निशान लगाये जाने चाहिये।

3. **संक्षिप्त जांच** (Test Checks) :—इसका उपयोग वहां किया जाता हैं जहां व्यवहारों की संख्या अत्याधिक हो तथा अंकेक्षण जाँच बहुत कम हो, इस अवस्था में सांख्यिकी तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। शत प्रतिशत जांच की कोई आवश्यकता नही होती।

4. **अंकेक्षण टिप्पणियां तथा प्रश्नावली** (Audit Notes and Questionnaire) :—अंकेक्षक द्वारा अंकेक्षण के दौरान पायी जाने वाली सभी गलतियों, अशुद्धियो, कमियों आदि के सम्बन्ध में सावधानीपूर्वक तथा सही रूप मे टिप्पणियां लिखी जानी चाहिये। इससे उसे वार्षिक खातों के सम्बन्ध में अपना प्रतिवेदन तैयार करने में आसानी होगी। अंकेक्षक द्वारा विभिन्न विभागाध्यक्षों को निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने के लिए प्रश्नावलियां भेजी जानी चाहिये :—

(i) क्या सभी आगम वस्तुओं के सम्बन्ध में सामग्री प्राप्ति पत्रक प्राप्त किये जाते हैं ?

(2) क्या सामग्री प्राप्ति पत्रकों से बिनकार्डों में दैनिक प्रविष्टियां की जाती है ?

(3) क्या सामग्री माँग पत्रों के सम्बन्ध में प्रेषणाधिकार की जाँच की जाँच की जाती है ?

(4) क्या बिन से निकाली गयी सामग्री को दैनिक रूप से बिनकार्ड में लिखा जाता है ?

(5) क्या भंडारगृह नाम पत्रक सभी सामग्रियों, जो भंडारगृह को वापिस भेजी जाती हैं, के सम्बन्ध में प्राप्त किये जाते हैं ?

(6) क्या उन्हें उसी समय बिनकार्ड में प्रविष्ट किया जाता है ?

(7) क्या भंडार में प्राप्ति सम्बन्धी सभी नियमों का पालन किया जाता है ?

(8) क्या सभी ज्ञात हानियों, चाहे वह किसी कारण से हों, की रिपोर्ट की जाती है ?

(9) क्या अग्निशामक यंत्रों की नियमित जाँच की जाती है ?

(10) क्या मापतोल की मशीनें नियमित रखी जाती हैं ?

(11) क्या सामग्री की हानि के सम्बन्ध में निरीक्षक का ध्यान दिलाया जाता है ?

(12) क्या आपके पास प्रबन्धकों के लिए कुछ सुझाव हैं?

5. **अंकेक्षक प्रतिवेददन** (Audit Report) :—अंकेक्षण पूरा करने पर अंकेक्षक द्वारा लागत पद्धति की सत्यता अथवा अशुद्धता के सम्बन्ध में एक प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिए ताकि प्रबन्धक उससे अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

लागत अंकेक्षण कार्यक्रम (Cost Audit Programme)—लागत अंकेक्षण के लिए कोई प्रमापित कार्यक्रम, जिसे प्रत्येक स्थिति में प्रयोग किया जा सके, नहीं बनाया जा सकता है। व्यापार की प्रकृति एवं आकार के अनुसार अंकेक्षण कार्थक्रम भी प्रभावित होगा। लागत अंकेक्षक द्वारा प्रत्येक संस्थान के लिए आवश्यकतानुरूप ही अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करना चाहिए। लागत अंकेक्षण कार्यक्रम में निम्न बातों को सम्मिलित किया जाना चाहिए :—

(i) लागत के विभिन्न तत्वों का कुल लागत पर प्रभाव।

(ii) वास्तविक एवं बजटीय उत्पादन व विक्रय की तुलना।

(iii) विचरणों का विश्लेषण।

(iv) यदि एक से अधिक उत्पादन विकल्पों का प्रयोग किया जाता हैं तो प्राथमिकताओं का निर्धारण।

(v) प्रबन्धकों को प्रबन्धकीय निर्णय के लिए प्रस्तुत विवरणों की सम्पूर्ण जांच करना।

(vi) लागत पद्धतियों व विधियों, जिन्हें प्रतिस्थापित किया गया है, की विवेचना।

(vii) लागत अंकेक्षण करते हुए समस्त कठिनाईयों पर विचार विमर्श करना।

(viii) सभी असामान्य घटकों (Abnormal factors) को पृथक किया जाना।

(ix) लागत खातों में दर्शाये गये लाभ/हानि का बित्तीय खातों में दर्शाये गये लाभ/हानि से मिलान।

(x) वित्तीय अंकेक्षण की विधि का पालन जैसे प्रमाणन, निरीक्षण, टेस्ट चैकिंग (Test Checking), अंकेक्षण पत्रक (Audit notes) व प्रश्नावलियों (Questionnaires) का बनाया जाना आदि।

उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए लागत अंकेक्षण सम्बन्धी विस्तृत कार्य क्रम तैयार किया जा सकता है। अंकेक्षण के सम्बन्ध में अपनायी जाने वाली

विधि तथा कार्यप्रणाली को अंकेक्षण पुस्तिका (Audit Manual) में लिख दिया जाना चाहिए ताकि उसमें अंकेक्षण सम्बन्धी सभी क्षेत्रों का समावेश किया जा सके जैसा कि नीचे बताया गया है :—

माल सूची (Inventoay)

लागत अंकेक्षण द्वारा निम्नलिखित तथ्यो की जांच की जाएगी :—

(क) क्या माल सूची उत्पादन कार्यक्रम के अनुसार उचित है अथवा अत्यधिक विस्तृत है ?

(ख) क्या संग्रहण विधि सर्वाधिक मितव्ययी है ?

(ग) कि माँल सूची के मुल्याँकन में संग्रहण लागत (Storage Cost) एवं रखने.की लागत (Carrying Cost) सम्मिलित की गई है ?

(घ) क्वा प्राप्ति व निर्गम पद्धति के कारण उत्पादन में रूकावट आंती है ?

(ङ) क्या इससे लिपिकीय कार्य बढ़ तो नही गया है ?

(च) क्या उत्पादन की आवश्यकताओं के अनुसार माल-सूची लागत में कमी की जा सकती है ?

(छ) क्या भण्डार खाता बही में वर्णित माल-सूची की मात्रा एवँ भौतिक रूप से गणता की गई मात्रा समान ही हैं ?

(ज) क्या सामग्री आदि पर नकदी की ही भाँति ध्यान दिया जाता है ?

(झ) क्या सामग्री आदि के निर्गम की प्रमापित अथवा निर्धारित पद्धति का पालन किया जा रहा है ?

(ञ) क्या उपभोग भंडार होने वाला व्यय तक ही सीमित है ? यदि नहीं, क्या ?

(ii) प्रारम्भिक एवं अन्तिम स्टॉक

(Opening and Closing Stock)

(1) लागत अंकेक्षण द्वारा निम्न लिखित तथ्यों की जाँच की जाएगी :—

(क) कि प्रारम्भिक स्टॉक वर्ष के दौरान होने वाले उत्पादन के अनुपात में अत्यधिक नही है।

(ख) कि विभिन्न उपकार्यों के अन्तर्गत वर्णित स्टॉक की उत्पादन स्थल से वास्तविक भौतिक जाँच की गई हैं तथा यह जांच सही है।

(ग) कि इस स्टॉक के सम्बन्ध में फोरमैन का उत्तरदायित्व स्पष्ट हैं एवँ उसके द्वारा इस स्टॉक का उचित हिसाव किताब रखा गया है।

(2) अन्तिम स्टॉक का मूल्याँकन तथा उसे व्यापारिक एवं लाभ हानि खाते व स्थिति विवरण मे दिखाया जाना महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में लागत अंकेक्षण द्वारा निम्न जांच पड़ताल की जाएगी :

(क) कि भौतिक रूप से की गई जाँच सही ढंग से की गई है।

(ख) मूल्यांकन उत्पादन की वास्तविक लागत तथा मूल्याँकन पद्धति के अनुसार सहीं है।

(ग) कि अन्तिम स्टॉक उत्पादन स्तर के अनुरूप ही है एवं अत्यधिक नहीं है।

(घ) कि अप्रचलित स्टॉक की मात्रा व मूल्य असामान्य रूप से अधिक नहीं हैं। लागत अंकेक्षण लम्बे समय से अप्रचलित वस्तुओं के विक्रय का सुझाव भी दे सकता है ताकि उनमें लगाई पूँजी को वापिस प्राप्त किया जा सके।

(iii) उत्पादन स्थलों के लिए भण्डार निर्गम विधि
(Stores Issue Procedure in Production Shops)

(1) लागत अंकेक्षण द्वारा यह देखा जाएगा :

(क) कि सामग्री भण्डारगृह से उत्पादन स्थल के लिए निकासी वैज्ञानिक ढंग से की जाती है अथवा निर्धारित पद्धति के अनुसार की जाती है।

(ख) कि उत्पादन स्थलों पर पड़ी सामग्री के नष्ट, क्षय अथवा टूट-फूट होने की सम्भावना नही है।

(ग) कि उत्पादन स्थलों पर बच गई अतिरिक्त सामग्री अथवा अवशेषों को तुरन्त ही भण्डार गृह में लौटा दिया जाता है तथा इसके लिए सम्बन्धित कार्यो, उपकार्यों को आवश्यक क्रैडिट दिया जाता है। यदि अतिरिक्त सामग्रीं अन्य उपकार्यों को स्थानान्तरित की जाती है तो उचित अन्तरण वाउचर भरा जाता है तथा इस की प्रतिलिपियां लेखा, भण्डारगृह आदि विभागों को भेजी जाती है।

(iv) निर्माणाधीन कार्य
(Work-in-Progress)

(1) लागत अंकेक्षक द्वारा यह देखा जाएगा

(क) कि निर्माणाधीन कार्य की भौतिक जॉच (Physical Verification) की जा चुकी है तथा इसका लेखा पुस्तकों शेष से मिलान कर लिया गया है।

(ख) कि निर्माणाधीन कार्य का मूल्याँकन सही ढंग से किया गया है तथा ऐसा करते हुए उत्पादन चरण (Stage of Production) से सम्वन्धित कार्यो व उपकार्यों की पूर्णता को ध्यान में रखा गया है।

(ग) कि प्रारम्भिक व अन्तिम निर्माणाधीन कार्य के सम्बन्ध में अधि-मूल्यॉकन अथवा न्यून-मूल्याँकन नहीं किया गया ताकि शुद्ध लाभ राशि पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़ सके।

(घ) कि निर्मित माल के अनुपात में निर्माँणाधीन कार्य अति अधिक नही है।

(v) श्रम
(Labour)

(1) आजकल श्रम के उचित उपयोग एवं उत्पादकता में वृद्धि की तरफ विशेष ध्यान दिया जाने लगा है। इसलिए श्रम की निष्पादन कुशलता का निर्धारण करना अत्यन्त आवश्यक होता हैं ताकि श्रम उत्पादकता में क्रमिक रूप से सुधार किया जा सके। विकसित देशों के उद्योगों में वैसे ही भारतीय उद्योगों की अपेक्षा बहुत कम श्रमिक लगे होते हैं। श्रम उत्पादकता बढ़ाने के लिए यह ज्ञात किया जाना चाहिए चाहिए कि अकुशलता किन कारणों से है। तथा उसे कैसे दूर किया जा सकता है। इससे न केवल उत्पादकता में ही वृद्धि होगी अपितु श्रम लागत में भी कमी होती है।

(क) कि श्रम लागत विभिन्न उपकार्य पत्रकों के हिसाब से वितरित की गई है।

(vi) क्षमता उद्योग
(Capacity Utilisation)

(1) लागत अंकेक्षक द्वारा यह देखा जाएगा :

(क) कि उत्पादन अथवा वितरण के लिए यातायात सुविधाओं की व्यर्थ क्षमता (Idle Capacity) अत्यधिक नहीं है।

(ख) कि उत्पादन परिणाम एवं उपयोग किए गये मशीन घंटों के अनुपात में अत्यधिक अन्तर नहीं है।

(vii) उपरिव्यय एवं अप्रत्यक्ष व्यय
(Overheads and Indirect Expenditure)

(1) लागत अंकेक्षक निम्नलिखित बातों को प्रमापित करेगा :

(क) कि अप्रत्यक्ष व्ययों का वितरण गत्पादन, विक्रय व वितरण में सही एवं उचित ढंग से किया गया है।

(ख) कि उत्पादन मात्रा के अनुपात से उपरिव्यय अत्यधिक नहीं है।

(ग) कि वास्तविक अप्रत्यक्ष व्यय बजट की तुलना में अति अधिक नहीं हैं एव सभी विचरणों को परिभाषित एवं लेखांकित किया जा चुका है।

(घ) उत्पादन एवं विक्रय पर उपरिव्यय की दर का लागत अंकेक्षक द्वारा प्रमाणन किया जाएगा।

(ङ) अंकेक्षक यह भी देखेगा कि निर्मित एवं अनिर्मित उत्पादों में उपरि-व्ययों का वितरण मान्य सिद्धान्तों के अनुसार ही किया गया है।

वित्तीय अंकेक्षण एवं लागत अंकेक्षण में अन्तर (Difference between Financial Audit and Cost Audit) :—विधि अंकेक्षण का उद्देश्य वित्तीय खातों की शुद्धता की जांच करना है जबकि लागत अंकेक्षण का उद्देश्य लागत खातों की शुद्धता की जाँच करना है। वित्तीय अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य लागत खातों की जांच करना तथा यह प्रतिवेदन (Report) देना है कि स्थिति विवरण व लाभ हानि खाते को सही ढंग से बनाया गया है तथा वह संस्था की गतिविधियों का सत्य एवं उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं। खातों की जाँच करते हुए अशुद्धियों एवं छल-कपटों की खोज-बीन व रोक-थाम (Detention and Prevention of errors and frauds) करना भी वित्तीय अंकेक्षण का उद्देश्य होता हैं। इसके विपरीत लागत अंकेक्षण लागत खातों की जांच एवं लागत लेखांकन योजना के क्रियान्वयन से सम्बन्धित होता है। लागत अंकेक्षण द्वारा प्रत्येक उपकार्य, कार्य, क्रिया, प्रक्रिया, उत्पाद, इकाई आदि की लागत की शुद्धता की जांच की जाती है ताकि प्राप्त जानकारी से प्रबन्धकों को 'उत्पादन अथवा क्रय' सम्बन्धी प्रबन्धकीय निर्णय लेने में सहायता प्राप्त हो। लागत अंकेक्षक यह पता लगाता है कि लागत क्या होनी चाहिए जबकि वित्तींय अंकेक्षण का इस बात से कोई प्रयोजन नहीं होता कि लागत क्या होनी चाहिए। वित्तीय अंकेक्षक का कार्य अशुद्धियों व छल-कपटों का पता लगाना व उनकी रोक-थाम के उपाय प्रबन्धकों को बताना ही होता है ताकि लेखांकन की श्रेष्ठ पद्धति स्थापित की जा सके।

लागत खाताबही लेखाँकन पद्धति में, लागत अंकेक्षक के उत्तरदायित्व को वित्तीय अंकेक्षक के उत्तरदायित्व से पृथक किया जा सकता है क्योंकि इस पद्धति के अन्तर्गत लागत खाते एवं वित्तीय खाते पृथक-पृथक ही रखे जाते हैं। एकीकृत खाता पद्धति में लागत अंकेक्षक व वित्तीय अंकेक्षक के उत्तरदायित्व को पृथक नहीं किया जा सकता है क्योंकि दोनों ही प्रकार के खातों (लागत एवं वित्तीय) को एक हीं खाता पुस्तकों में रखा जाता है तथा दोनों प्रकार के अंकेक्षण एक ही व्यक्ति द्वारा किये जाते हैं।

भारत में लागत अंकेक्षण (Cost Audit in India)—विवियन बोस जाच समिति द्वारा भारत को प्रस्तुत प्रतिवेदन में उत्पादक संस्थाओं द्वारा की जाने वाली धाँधलियों पर प्रकाश डाला गया एवं यह कहा गया कि कम्पनी अधिनियम 1956 की धाराओं 224 से 227 के अन्तर्गत किया जाने वाला वित्तीय अंकेक्षण इन संस्थाओं की वास्तविक कुशलता के निर्धारण के लिए अपर्याप्त है। अत: कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233 (B) के अन्तर्गत सरकार को लागत अंकेक्षण सम्बन्धी आदेश देने का अधिकार प्रदान किया गया। सरकार द्वारा लागत अंकेक्षण सम्बन्धी आदेश उन उत्पादक संस्थाओं को दिया जा सकता है जिनके लिए धारा 209 (I) (d) के

अन्तर्गत लागत लेखे रखना अनिवार्य है। धारा 233 (B) एवं 209 (1) (d) को यहाँ उद्धृत किया गया है :

धारा 233 (B)—(1) केन्द्रीय सरकार की राय में जहाँ किसी कम्पनी के लिए धारा 209 (1) (d) में अन्तर्गत लागत सम्बन्धी लेखे व पुस्तकें रखना आवश्यक है, केन्द्रीय सरकार, आदेश जारी करके, कम्पनी से अपने लागत लेखों की किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा जो कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउटेंटस अधिनियम 1959 के अन्तर्गत लागत लेखापाल अथवा चार्टड एकाउटेंटस अधिनियम 1949 के अन्तर्गत चार्टड एकाउटेंट है अथवा निर्धारित योग्यताएँ रखता है, निर्धारित विधि के अनुसार लागत अंकेक्षण करने के लिए कह सकती है।[1]

(2) इस धारा के अन्तर्गत अंकेक्षक की नियुक्ति कम्पनी की साधारण सभा द्वारा तथा धारा 244 के अन्तर्गत की जाती है जैसा कि उस धारा के अन्तर्गत की जाने वाली नियुक्ति की दशा में किया जाता है।

(3) इस धारा के अन्तर्गत किया जाने वाला अंकेक्षण अंकेक्षक धारा 224 के अन्तर्गत किए जाने वाले अंकेक्षण से भिन्न होता है।

(4) अंकेक्षक के अधिकार एवं कर्त्तव्य वही होंगे जो धारा 227 (1) के अन्तर्गत अंकेक्षण के सम्बन्ध में प्राप्य होते हैं तथा ऐसा अंकेक्षक अपना प्रतिवेदन कम्पनी विधि बोर्ड को उस रूप तथा ऐसे समय के भीतर करेगा जैसा निर्धारित किया गया है तथा प्रतिवेदन की एक प्रति कम्पनी को भी प्रेषित करेगा।

लागत अंकेक्षण (प्रतिवेदन) नियम, 1970 की धारा 2 के अन्तर्गत एक चार्टड एकाउन्टेन्ट् जो चार्टड एकाउन्टेन्ट अधिनियम 1949 के अन्तर्गत वांछित योग्यतायें रखता है. कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 233(B) (1) के अन्तर्गत अंकेक्षक बनाया जा सकता है।

"वह चार्टड एकाउन्टेन्ट होना चाहिए तथा इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउन्टेन्ट का 10 वर्ष से सदस्य होना चाहिए तथा इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रेक्टिस कर रहा हो तथा उसने इस इन्स्टीट्यूट की प्रबन्ध लेखांकन की भाग प्रथम परीक्षा पास कर ली हो।"

1. "233-B. (1) Where in the opinion of the Central Government it is necessary so to do in relation to any company required under clause (d) of sub section (1) of seetion 209 to include in its books of accounts the particulars referred to therein the Central Government may, by order, direct that an audit of cost accounts of the company shall ,e conducted in such manner as may be specified in the order by an auditor who shall be either a cost accountant within the meaning of the Cost and Works Accountants Act, 1959 or any such Chartered Accountant within the meaning of the Chartered Accountants Act, 1949 other person as possesses the prescribed qualifications."